श्रावण कृष्ण पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 23 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 333, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

न्यूट्रान तारे के जेट की तस्वीर कैमरे में कैद 16

सिंघम के प्रदर्शन के 13 साल सिंघम अगेन की शूटिंग पूरी 15

मोदी ने कहा- विपक्ष ने स्वार्थ के लिए संसद का दुरुपयोग किया, कांग्रेस बोली- प्रधानमंत्री ने 10 साल तक देश का गला घोंटा

संसद सत्र के पहले ही दिन ठनी

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद के पहले दिन ही लोकसभा में भाजपा और विपक्षी दलों के बीच गहमागहमी देखने को मिली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर नकारात्मक राजनीति करने और अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए संसद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया तथा कहा कि संसद किसी दल के लिए नहीं बल्कि देश के लिए है। इस पर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए कहा कि मानसून सत्र की शुरुआत के मौके पर विपक्ष को लेकर अशोभनीय टिप्पणी की गई है, जबकि उन्होंने 10 साल तक देश का गला घोंटा और आवाज दबाई जिसकी सजा जनता ने हालिया लोकसभा चुनाव में उन्हें दी।

संसद सत्र की शुरुआत से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मंगलवार को पेश होने वाला केंद्रीय बजट अगले पांच वर्षों में सरकार की यात्रा की दिशा तय करेगा और 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने की नींव रखेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि संसद के पिछले सत्र के दौरान लोकसभा में विपक्ष ने ढाई घंटे तक देश के प्रधानमंत्री का गला घोंटने का प्रयास किया। मोदी ने कहा कि लोगों ने लोकसभा चुनाव में अपना फैसला दे दिया है और अब सभी राजनीतिक दलों को अगले पांच साल देश के लिए मिलकर लड़ना होगा। वहीं कांग्रेस ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को मोदी सरकार शब्द के इस्तेमाल से भी बचना चाहिए और खुद को लोकतांत्रिक साबित करना चाहिए। संसद के मानसून सत्र से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए पवन खेड़ा ने कहा जिस व्यक्ति ने 10 साल तक देश का गला घोंटा और आवाज़ दबाई, वो आज प्रतिपक्ष के आवाज उठाने पर रुदन करता हुआ बेहद कमजोर दिख रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिपक्ष पर अशोभनीय टिप्पणी के साथ आज मानसून सत्र की शुरुआत की।

राष्ट्रगान के सम्मान में खड़े प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री राजनाथ व अमित शाह।

बिहार को विशेष दर्जे की मांग, सरकार ने नकारा

नयी दिल्ली। संसद के दोनों सदनों में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का मुद्दा उठाये जाने के बीच सरकार ने 2012 में तैयार एक अंतर-मंत्रालयी समूह की रिपोर्ट का हवाला देते हुए सोमवार को कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का कोई मामला नहीं बनता है। वहीं राज्यसभा में विशेष दर्जा और पैकेज की मांग उठाई।

पेपर लीक मामले में रिकॉर्ड न बनाए जाएं : अखिलेश

नई दिल्ली। लोकसभा में प्रश्न काल में सपा के अखिलेश यादव ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले पर कहा कि सरकार क्या पेपर लीक मामले में रिकॉर्ड बनाएगी। यादव ने कहा कि अनेक परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं, पेपर लीक मामले में रिकॉर्ड न बनाये जाएं। नीट पेपर लीक मामले को लेकर पूरे देश के विद्यार्थी आंदोलित हैं।

नीट मुद्दे को लेकर राहुल और धर्मेंद्र प्रधान आमने-सामने

नई दिल्ली। लोकसभा में सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान नीट मुद्दे पर बोलने की अनुमति न दिए जाने का विरोध करते हुए विपक्षी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया। प्रश्न काल की कार्यवाही के दौरान सदन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अपनी जगह पर खड़े होकर नीट पेपर लीक का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान अपने को छोड़कर इससे जुड़े प्रत्येक व्यक्ति पर आरोप लगा रहे हैं। परीक्षाओं को लेकर क्या चल रहा है, उसे मंत्री महोदय समझ नहीं रहे हैं। नौकरियों और प्रवेश परीक्षाओं के पेपर लीक होने से लाखों विद्यार्थी प्रभावित हो रहे हैं। विद्यार्थी बहुत चिंतित हैं कि यह क्या हो रहा है। विद्यार्थी मान बैठे हैं कि देश में परीक्षा प्रणाली में धोखाधड़ी होती है। इस पर प्रधान ने कहा कि उन्हें ओडिशा के उनके निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं ने चुनकर यहां भेजा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंत्री बनाया है। उन्हें किसी से प्रमाण-पत्र नहीं चाहिये। इसके बाद गांधी सहित अन्य विपक्षी सदस्य कुछ कहना चाहते थे, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अनुमति नहीं दी।

- **शिक्षा मंत्री बोले- कोर्ट में है मामला, जो निर्देश होगा हम उसे मानेंगे**

आर्थिक सर्वेक्षण में जीडीपी ग्रोथ 7.0% रहने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद के मानसून सत्र के पहले दिन लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव को मजबूत और वैश्विक उठापटक को झेलने में सक्षम बताते हुए आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 की तस्वीर पेश की। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7 प्रतिशत तक रहने का अनुमान है। वहीं भारत में बढ़ते कार्यबल की रोजगार की जरूरत पूरी करने के लिए गैर कृषि क्षेत्र में 2030 तक प्रति वर्ष 78.5 लाख नौकरियों के अवसर बनाने की जरूरत है।

सीतारमण ने कहा कि आर्थिक दृष्टि के लिहाज से जोखिम काफी हद तक संतुलित हैं और बाजार में उम्मीदें काफी ज्यादा हैं। अनेक तरह की विदेशी चुनौतियों के बावजूद वित्त वर्ष 2022-23 में हासिल की गई भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास की तेज गति वित्त वर्ष 2023-24 में भी बरकरार रही। वृहद आर्थिक स्थिरता पर फोकस करने से यह सुनिश्चित हुआ कि विदेशी चुनौतियों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर न्यूनतम प्रभाव पड़ा। वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत रही, वित्त वर्ष 2023-24 की चार तिमाहियों में से तीन तिमाहियों में विकास दर आठ प्रतिशत से अधिक रही।

- **सर्वेक्षण में दिखी अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर, वित्त मंत्री आज पेश करेंगी बजट 78.5 लाख नौकरियों की जरूरत**

आर्थिक समीक्षा अर्थव्यवस्था की ताकत को दिखाती है : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि संसद में पेश किया गया आर्थिक सर्वेक्षण अर्थव्यवस्था की मौजूदा ताकत को रेखांकित करता है और सरकार द्वारा लाए गए विभिन्न सुधारों के परिणामों को भी प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा यह आगे के विकास और प्रगति के क्षेत्रों की भी पहचान करता है क्योंकि हम विकसित भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रह हैं।

एक नजर

अखिलेश कुमार संयुक्त निर्वाचन आयुक्त बने

लखनऊ। राज्य सरकार ने सोमवार को तीन आईएएस अफसरों के तबादले कर दिये। विशेष सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण डॉ अखिलेश कुमार मिश्र को राज्य निर्वाचन आयोग में संयुक्त निर्वाचन आयुक्त बनाया गया है। रीजनल फूड कंट्रोलर मुरादाबाद मनोज कुमार के पद पर तैनात रहे मनोज कुमार को अपर आयुक्त बरेली मंडल बनाया गया है। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार को रीजनल फूड कंट्रोलर मुरादाबाद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। शासन के सूत्रों ने बताया कि पंचायतों के उप चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग में संयुक्त निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति की गई है। अभी तक यह पद खाली चल रहा था।

मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ी

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को कथित आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 जुलाई तक बढ़ा दी। सिसोदिया को उनकी पूर्व में दी गई न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर अदालत में पेश किया गया था, उस दौरान ही विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने यह आदेश पारित किया। अदालत ने 30 अप्रैल को जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

निपाह : संपर्क में आए 350 लोगों में संक्रमण का खतरा

कोझिकोड। दुर्लभ संक्रमण से जान गंवाने वाले 14 वर्षीय लड़के के संपर्क में आने के कारण निपाह वायरस से संक्रमित होने के खतरे का सामना करने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 350 हो गई है, जिनमें से 101 से भी ज्यादा लोग उच्च जोखिम की श्रेणी में हैं। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने सोमवार को यह जानकारी दी। केरल का स्वास्थ्य विभाग 13 लोगों के परीक्षण के परिणामों की प्रतीक्षा कर रहा है, जिनके नमूने परीक्षण के लिए कोझिकोड मेडिकल कॉलेज की विषाणु विज्ञान प्रयोगशाला और तिरुवनंतपुरम के एडवांस्ड वायरोलॉजी इंस्टीट्यूट में भेजे गए थे।

आईएनएस ब्रह्मपुत्र में आग, नाविक लापता

मुंबई। पोतगाह में नौसेना के बहुउद्देशीय युद्धपोत आईएनएस ब्रह्मपुत्र में आग लगने के बाद एक नाविक लापता है। एक आधिकारिक ने जानकारी दी कि भारतीय नौसेना के बहुउद्देशीय युद्धपोत आईएनएस ब्रह्मपुत्र में 21 जुलाई की शाम उस समय आग लग गई थी, जब नौसेना के मुंबई स्थित पोतगाह में उसकी मरम्मत की जा रही थी। इसमें कहा गया जहाज के चालक दल ने अग्निशमनकर्मियों की मदद से 22 जुलाई सुबह तक आग पर काबू पा लिया।

कांवड़ मार्गों पर नाम प्रदर्शित करने के आदेश पर रोक

सुप्रीम कोर्ट ने उप्र, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकार को नोटिस किया जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने भाजपा शासित उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों द्वारा जारी उन निर्देशों पर सोमवार को अंतरिम रोक लगा दी, जिनमें कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित भोजनालयों को अपने मालिकों, कर्मचारियों के नाम और अन्य विवरण प्रदर्शित करने के लिए कहा गया है। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकारों के इन निर्देशों का उद्देश्य धार्मिक भेदभाव को बढ़ावा देना है।

न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकारों को नोटिस जारी किया और उनसे निर्देश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जवाब देने को कहा। मध्य प्रदेश में उज्जैन नगर निगम ने भी दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों के बाहर नाम और मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने का शनिवार को निर्देश दिया था। पीठ ने राज्य सरकारों को नोटिस जारी करने के साथ ही कहा कि भोजनालयों के लिए यह प्रदर्शित करना आवश्यक किया जा सकता है कि वे किस प्रकार का भोजन परोस रहे हैं, जैसे कि वे शाकाहारी हैं या मांसाहारी। पीठ ने इस मामले पर आगे की सुनवाई शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी।

सिंघवी ने कहा- परोक्ष रूप से आदेश पारित किया गया

पीठ ने सुनवाई की शुरुआत में महुआ मोइत्रा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से पूछा कि क्या इस मामले में कोई औपचारिक आदेश पारित किया गया है। सिंघवी ने कहा कि भोजनालयों के मालिकों के नाम प्रदर्शित करने के संबंध में एक परोक्ष आदेश पारित किया गया है। सिंघवी ने कहा कि भोजनालयों के मालिकों के नाम प्रदर्शित करने संबंधी उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड का आदेश पहचान के आधार पर बहिष्कार है और यह संविधान के खिलाफ है। एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता चंदर उदय सिंह ने कहा कि राज्य के अधिकारी दावा कर रहे हैं कि आदेश का अनुपालन स्वैच्छिक है, लेकिन इसे बलपूर्वक लागू किया जा रहा है।

नीट-यूजी: कोर्ट ने टीम बनाकर प्रश्न के सही उत्तर पर रिपोर्ट सौंपने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने विवादों में घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 से जुड़ी याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई शुरू की और आईआईटी-दिल्ली के निदेशक से तीन विशेषज्ञों की एक टीम गठित करने को कहा, जो इस परीक्षा में पूछे गए एक विशेष प्रश्न पर विचार करेगी और मंगलवार दोपहर तक सही उत्तर पर एक रिपोर्ट पेश करेगी।

शीर्ष अदालत ने कुछ अभ्यर्थियों की उस दलील पर गौर किया कि परमाणु और उसकी विशेषताओं से संबंधित एक प्रश्न के दो सही उत्तर थे और परीक्षार्थियों के एक समूह, जिन्होंने दो सही उत्तरों में से एक विशेष उत्तर दिया था, उन्हें चार अंक दिए गए। याचिकाकर्ताओं ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष दलील दी कि इसका सफल उम्मीदवारों की अंतिम मेधा सूची पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।

व्यापक स्तर पर पेपर लीक का रिकॉर्ड नहीं

पीठ ने नीट-यूजी 2024 को रद करने का अनुरोध कर रहे याचिकाकर्ताओं से यह दर्शाने को कहा कि परीक्षा आयोजित करने में व्यवस्थागत विफलता हुई थी। पीठ ने कहा कि अब तक रिकॉर्ड में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है, जो यह दर्शाए कि प्रश्नपत्र लीक व्यापक स्तर पर हुआ था। उसने कहा कि पटना और हजारीबाग में कुछ गलत कृत्यों के उदाहरण हैं, लेकिन वे व्यवस्थागत विफलता को दर्शाने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

पूर्व सैनिक ने परिवार के छह सदस्यों की हत्या की

अंबाला, एजेंसी

हरियाणा में अंबाला जिले के नारायणगढ़ में एक पूर्व सैनिक ने भूमि विवाद के चलते अपनी मां और भतीजे-भतीजी समेत अपने परिवार के छह सदस्यों की कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि घटना रविवार रात नारायणगढ के रटोर गांव में हुई।

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने शवों को जलाने की भी कोशिश की। हमले में गंभीर रूप से घायल हुई पूर्व सैनिक की भतीजी की बाद में पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सेवानिवृत्त जवान भूषण कुमार ने परिवार के सदस्यों की कथित तौर पर कुल्हाड़ी से हत्या कर दी और अपने पिता को भी घायल कर दिया। वारदात के समय पीड़ित सो रहे थे। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दो भाइयों के बीच कथित भूमि विवाद के कारण यह घटना हुई। मृतकों की पहचान कुमार की मां सरूपी देवी (65), भाई हरीश कुमार (35), हरीश की पत्नी सोनिया (32) और उनके तीन बच्चों - सात वर्षीय परी, पांच वर्षीय यशिका और छह माह के मयंक के रूप में हुई है।

- **वारदात को अंजाम देने के बाद शवों को जलाने की भी कोशिश**

1500 करोड़ से रेलवे बना रहा ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मुरादाबाद-गाजियाबाद रेलखंड को स्मार्ट बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। 110 किलोमीटर के इस रेलखंड में हर किलोमीटर पर एक सिग्नल लगाया जाएगा। जिससे ट्रैक पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाने में आसानी हो जाएगी। इससे ट्रेनों की गति और समय पालन में भी सुधार होगा।

जिसके लिए रेलवे ने जगह-जगह नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य पूरा कर लिया है। 1500 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट के तैयार होने पर मुरादाबाद से गाजियाबाद व रोजा तक ऑटोमेटिक सेक्शन तैयार हो जाएगा। फिलहाल पहले चरण में मुरादाबाद- गाजियाबाद रेलखंड के बीच गाजियाबाद-हापुड़ के बीच कार्य शुरू हो चुका है।

- **ट्रैक पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाने में होगी आसानी, हर एक किलोमीटर पर खुद लगेगा सिग्नल**

मुरादाबाद-गाजियाबाद रेलखंड पर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग का काम शुरू हो गया है। इस वित्तीय वर्ष में यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा। अगले वर्ष मुरादाबाद-बरेली- शाहजहांपुर सेक्शन में काम कराया जाएगा।

– **आदित्य गुप्ता**, सीनियर डीसीएम

विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष बने सपा के लाल बिहारी

लखनऊ। विधान परिषद में सपा सदस्य लाल बिहारी यादव को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। सदन में सपा सदस्यों की संख्या 10 होने के बाद सपा को यह पद मिला। सपा प्रमुख अखिलेश की ओर से विधान परिषद के सभापति को नेता प्रतिपक्ष पद के लिए लाल बिहारी, मुख्य सचेतक के लिए किरनपाल कश्यप, सचेतक के लिए आशुतोष सिन्हा, उप नेता पद के लिए मोहम्मद जासमीन अंसारी का नाम पेश किया गया। इसके बाद परिषद की ओर से इनको नियुक्त किये जाने के आदेश जारी हुए।

मिलक थाना क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर हादसा

जनरथ व निजी बस भिड़ीं चार की मौत, 50 घायल

हादसे के बाद हाईवे से क्षतिग्रस्त बसें हटवाती पुलिस। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/मिलक

अमृत विचार: मिलक थाना क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर सोमवार तड़के रोडवेज की जनरथ बस और निजी वॉल्वो बस की भिड़ंत हो गई। हादसे में बस चालक और तीन यात्रियों की मौत हो गई जबकि 50 यात्री घायल हो गए। पांच बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जान गंवाने वालों में मेरठ,बरेली और श्रावस्ती के रहने वाले लोग हैं। इनके अलावा घायलों में श्रावस्ती, सीतापुर, बहराइच और दिल्ली के यात्री शामिल हैं।

बताया जाता है कि रविवार को गुरु पूर्णिमा पर जिला श्रावस्ती के लोग निजी वॉल्वो बस से शांतिकुंज ,हरिद्वार गए थे। रविवार तड़के साढ़े चार बजे बरेली की ओर से आ रही रोडवेज की जनरथ बस और वॉल्वो मिलक में हाईवे पर एक पेट्रोल पंप के सामने आमने- सामने टकरा गईं। दोनों बसों में 100 से ज्यादा यात्री सवार थे। हादसे के बाद बसों के यात्रियों में चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। पुलिस और लोगों ने किसी तरह बसों में फंसे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में मेरठ जिला के सरधना थाना क्षेत्र के गांव छुर्र निवासी रोडवेज बस चालक कवींद्र सिंह (55), यात्री जगदीश की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने घायल यात्रियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में भर्ती कराने के बाद श्रावस्ती के गांव सुजानडीह निवासी हरिराम विश्कर्मा और बरेली के थाना मीरगंज निवासी राम मनोहर पुत्र स्वामी देवल ने भी दम तोड़ दिया। उधर, हादसे की सूचना के बाद जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। सीओ आरएस परिहार व पुलिस कर्मियों ने हाईवे से मलबा हटवाकर वाहनों का संचालन शुरू कराया।

- **घायलों में पांच बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही**
- **मरने वालों में मेरठ, बरेली और श्रावस्ती के रहने वाले**

कवायद

प्रदेश की ग्राम पंचायतें जल्द शहरों की तरह होंगी विकसित, जीपीएस से होगी मैपिंग

मास्टर प्लान से होगा ग्राम पंचायतों का विकास

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश की ग्राम पंचायतें जल्द शहरों की तरह मास्टर प्लान के अनुसार विकसित होंगी। इसकी शुरुआत पंचायती राज विभाग पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर लखनऊ की ग्राम पंचायत बक्कास और गौतमबुद्ध नगर की कलौंदा से करने जा रहा है।

नई व्यवस्था को ग्राम पंचायत स्पेशल डेवलपमेंट प्लान (जीपीएसडीपी) नाम दिया है। इसमें गांवों का जीपीएस से सर्वे करके सड़क, पंचायत भवन, तालाब, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र आदि सरकारी निर्माण के लिए जगह आरक्षित की जाएगी, मैपिंग करके डिजिटल नक्शा बनाया जाएगा। इसी आधार पर निर्माण व अन्य कार्य कराये जाएंगे। इसे लागू करने का मकसद आगे होने वाले निर्माण बेहतर प्लान बनाकर करना है।

- **पायलट प्रोजेक्ट में लखनऊ की बक्कास और गौतमबुद्ध नगर की कलौंदा चयनित**

पायलट प्रोजेक्ट में दो ग्राम पंचायत चयनित की है। जहां ग्राम पंचायत स्पेशल डेवलपमेंट प्लान के तहत कार्य होंगे। इसके बाद अन्य ग्राम पंचायतों में लागू करेंगे। मकसद गांवों का बेहतर तरह से नियोजित विकास करना है।

– **अटल कुमार राय**, निदेशक, पंचायती राज विभाग

रुकेगा अवैध निर्माण, गुम भूमि की होगी जानकारी:

मास्टर प्लान से जहां गांव का नियोजित विकास होगा वहीं अवैध निर्माण व भूमि पर कब्जा पर लगाम लगेगी। जीपीएस से जो डिजिटल मानचित्र बनेगा उसमें गाटा समेत भूमि का पूरा ब्योरा दिखेगा। यदि तालाब, चरागाह या ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा है तो मैप में दिखने पर कार्रवाई करके खाली कराई जाएगी। बहुत सी ऐसी भूमि ग्राम पंचायतों के अभिलेखों में दर्ज हैं, जबकि हकीकत में गुम हैं।

5 वर्ष के लिए प्लान, पंचायतों का हो चुका सर्वे

केंद्र सरकार के निर्देश पर पूर्व में पायलट प्रोजेक्ट में चयनित दोनों ग्राम पंचायतों का सर्वे और परीक्षण संबंधित कार्य हो गए हैं। यहां मास्टर प्लान भी बन गया है। अब विकास कराया कराया जाएगा। ग्राम पंचायत स्पेशल डेवलपमेंट प्लान 5-5 वर्ष के लिए बनेगा। लेकिन, शुरुआत में 1 वर्ष के लिए बनाया जाएगा। इसमें पुरानी व्यवस्था के तहत अब तक गांव के विकास के लिए बनाई जाने वाली ग्राम पंचायत डेवलपमेंट योजना (जीपीडीपी) को भी जोड़ा जाएगा।

स्पोर्ट्स कॉलेज के छात्रों ने प्रदर्शन कर मांगीं सुविधाएं

एथलेटिक्स खिलाड़ी को सिपाही ने मारा डंडा, छात्रों ने घेरा थाना

संवाददाता सैफई, इटावा

अमृत विचार। मेजर ध्यान चंद स्पोर्ट्स कॉलेज में संचालित आठ खेलों के 480 बच्चों को बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं। न ही सरकार द्वारा दी जाने वाली खेल किट मिल पा रही है। बिजली और गंदगी से जूझ रहे बच्चे छात्रावास में जैसे-तैसे रहने को मजबूर हैं।

सोमवार को छात्र हॉस्टल के बाहर निकल कर सैफई गोल चक्कर के पास धरना प्रदर्शन के लिए पहुंच गए। इस बीच सड़क पर जाम लगने की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। छात्रों को समझाने का प्रयास किया। थाने के सिपाही ने एथलेटिक्स के नेशनल खिलाड़ी राहुल यादव कक्षा 12 के डंडा मार दिया। जिससे बड़ी संख्या में छात्र थाने के अंदर पहुंचकर हंगामा करने लगे।

मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज की प्रभारी प्रधानाचार्य एसडीएम दीपशिखा सिंह, सीओ शैलेंद्र प्रताप थाने पहुंचे। करीब दो घंटे तक छात्रों को समझने का प्रयास किया। सिपाही द्वारा माफी मांगने

थाना सैफई के सामने प्रदर्शन करते स्पोर्ट्स कॉलेज के छात्र। अमृत विचार

● हास्टल में बिजली और पानी की समस्या

एवं बुनियादी समस्याओं से निजात दिलाने की बात पर छात्र अड़े रहे।

छात्रों ने आरोप लगाया कि चार साल ने उन्हें कोई खेल किट नहीं मिली है। छात्रावास में बिजली नहीं मिलती वे ठीक से सो नहीं पाते। सरकार से जो बजट मिलता है वो छात्रों पर खर्च नहीं किया जाता। यहां का कर्मचारी सारा बजट खा जाता है। इस कर्मचारी को यहां से तत्काल हटाया जाना चाहिए। कॉलेज प्रशासन छात्रों को अपनी समस्या रखने के लिए बाहर नहीं निकलने देते। आज छात्र अपनी बात रखने के लिए निकलकर बाहर आए तो पुलिस ने लाठी मारी। छात्रों को चार दिन से पानी तक नहीं मिल रहा है।

प्रभारी प्रधानाचार्य एसडीएम दीपशिखा का कहना है कि जबसे हमें यहां चार्ज दिया गया है कॉलेज की व्यवस्था सुधारी गई है। कुछ बच्चों ने पानी की टोटी तोड़ दी थी जिसकी वजह से पानी की समस्या हुई है। बच्चों को गुमराह कर दिया गया था जिस कारण बच्चों ने हंगामा किया। बाद में सभी को समझा दिया और हॉस्टल चले गए।

9 पंचायतों में निर्विरोध निर्वाचन की संभावना

संवाददाता महेवा, इटावा

अमृत विचार। महेवा की 10 ग्राम पंचायतों में रिक्त 10 ग्राम पंचायत सदस्यों के उपचुनाव में 11 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। इनमें से 09 सदस्यों के निर्विरोध निर्वाचित होने की उम्मीद है। एक जगह चुनाव की स्थिति बन सकती है। वहीं निवाड़ी कला से क्षेत्र पंचायत सदस्य पद पर कुल 3 तथा राहतपुर की प्रधानी के लिए कुल 4 पर्चे भरे गए।

चुनाव अधिकारी महेवा /जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रदीप तिवारी की मौजूदगी में तथा पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त नायब तहसीलदार सैफई अलख शुक्ला की निगरानी में सहायक निर्वाचन अधिकारी /सहायक विकास अधिकारी कृषि भरथना दिलीप कुमार ने सोमवार की सुबह 10 बजे से नामांकन जमा करना शुरू किए। राहतपुर ग्राम प्रधान पद के लिए मां बेटे क्रमशः राजेश्वरी देवी एवं उमेंद्र सिंह का पर्चा दाखिल हुआ। वह दिवंगत प्रधान जगदीश चंद्र के बेटे व पत्नी हैं, जिनके निधन के चलते सीट रिक्त है।

दूसरे पक्ष से तत्कालीन रनर रहे प्रत्याशी सुमित नारायण एवं महेंद्र प्रताप सिंह ने पर्चे दाखिल किए। वह आपस में पिता पुत्र हैं।निवाड़ीकला क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए शांति देवी पत्नी भारत सिंह, शकुंतला पत्नी राधेश्याम, रजनी निवासी भूरे सिंह ने नामांकन दाखिल किए।10 रिक्त ग्राम पंचायत सदस्यसें में बिजौली से बसंत लाल, नगला कले से अरुण कुमार, बहेड़ा से सुरजन सिंह पाल, उझियानी से सतेंद्र कुमार, कीरतपुर से सुशील कुमार, धौरखा से प्रेम चंद्र, असदपुर से प्रेमशंकर, निवाड़ी कला से रामवरन, टड़वा इस्माइलपुर से मोहित का नामांकन दाखिल हुआ। जिनका निर्विरोध चुना जाना लगभग तय है क्योंकि इन गांवो से एक-एक ही नामांकन हुआ। सुरक्षा व्यवस्था में थाना प्रभारी बकेवर राकेश कुमार शर्मा, चौकी प्रभारी महेवा जगदीश सिंह भाटी, चौकी प्रभारी अहेरीपुर दयानंद पटेल मय फोर्स मोजूद रहे।

महादेव को अर्पित किए श्रद्धा के पुष्प, जयकारे लगा मांगी मन्नत

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

अमृत विचार। श्रावण मास के पहले सोमवार का दिन श्रद्धालुओं के लिए आस्था का पर्व रहा । क्षेत्र के सभी शिवालयों में भगवान भोले नाथ की पूजा अर्चना को श्रद्धालु उमड़ पड़े । नगर के रामेश्वर शिवालय, बिलैया मठ शिवालय, खटखटा बाबा मंदिर पर स्थित शिवालय केस्थ गांव में स्थित शिव मंदिर के अलावा कई गांव में स्थित शिव मंदिरों के स्थानों पर सुबह से ही मन्दिर गुलजार दिखे। श्रद्धालुओं ने ब्रत रखकर देवालय शिवालयों में महामृत्युंजय मंत्र के साथ ऊं नमः शिवाय का जप करते हुए भगवान शिवजी का अभिषेक किया।

वन खंडेश्वर में उमड़ा भक्तों का सैलाब : बकेवर। यमुना नदी किनारे बीहड़ांचल में स्थित हमीरपुरा बाबा मंदिर पर शिवभक्त बीहड़ों की कंटीली पथरीली कच्ची फिसलन भरी डगर से गुजरकर श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए पहुंचे। वनखंडेश्वर धाम परसौली पर शिव

शिवजी की पूजा-अर्चना करतीं महिलाएं। अमृत विचार

● कांवड़ियों ने सबसे पहले जल चढ़ाया, शाम तक जलाभिषेक

भक्तों ने पहुंचकर भगवान शिव की बेल धतूरा चढ़ाकर व गंगाजल से पूजा अर्चना की। कस्बा बकेवर में नेशनल हाईवे पर भी वनखंडेश्वर मंदिर पर शिव भक्तों का सैलाब उमड़ा। इस मौके पर सपा नेता ज्वाला कठेरिया के नेतृत्व भगवान शिव का भव्य श्रृंगार किया गया। औरैया रोड पर परमहंस मंदिर पर भी आस्था का सैलाब उमड़ा। इटावा रोड पर गोपाल मंदिर पर भी दिन भर भक्तों का तांता लगा रहा। कस्बा लखना में बंदर वाली बगिया में प्राचीन शिव मंदिर पर दिन भर भक्तों का तांता लगा रहा। बाईपास तिराहे पर बने मकनू मंदिर, ठाकुरान मुहाल स्थित डाकघर वाले शिव मंदिर, स्टेट बैंक के पास शिव मंदिर पर भक्त पूजा अर्चना करने पहुंचे। मातन मुहाल स्थित शिव मंदिर पर भी शिव भक्तों ने बेल धतुरा, आक के फूल चढ़ाकर भोलेशंकर का पूजन-अर्चन किया।

आत्मदाह के प्रयास में प्रापर्टी डीलरों पर रिपोर्ट

इटावा। थाना सिविल लाइन में शहर किनारे थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र में गांव गोरापुरा में रहने वाले राघवेंद्र सिंह ने प्रापर्टी डीलर इसी थाना क्षेत्र में अशोक नगर पीएससी कॉलोनी में रहने वाले मुकेश यादव तथा इसके साथ यही व्यवसाय करने वाले संजीव कुमार, राजू यादव, प्रेम किशन पाल उर्फ़ बाबी, अवधेश व मनोज यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इन लोगों ने पिता माखन लाल तथा ताऊ श्रीकृष्ण से जमीन खरीदी उसी के लेनदेन व एग्रीमेंट के लिए 18 जुलाई शाम चार बजे कचहरी बुलाया। लेनदेन को लेकर पिता ने विरोध किया तो यह सभी नामजद हमलावर होकर गाली-गलौज करने लगे। इससे पिता ने क्षुब्ध होकर आत्मदाह करने के लिए शरीर पर डीजल उड़ेल कर आग ली। आग बुझाए जाने तक उनके हाथ पैर बुरी तरह जल गए जिससे जिला अस्पताल से उसी दिन सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, वहां उनका अभी इलाज चल रहा है। इन सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

किसान की हत्या करने के दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। बसरेहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव अकबरपुर में शनिवार की रात को एक किसान की हत्या के बाद उसने शव को वैदपुरा थाना क्षेत्र में फेंके जाने के मामले में पुलिस ने हत्या के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त ईंट को भी बरामद कर लिया।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि गांव अकबरपुर में किसान शिशुपाल शाक्य की हत्या कर दी गई थी। मृतक की पत्नी ऊषा देवी हाल निवासी ओमपुरम कॉलोनी थाना फ्रेंड्स कॉलोनी ने बसरेहर पर सूचना दी कि 20 जुलाई को उसके पति शिशुपाल की ब्रजपाल पुत्र रामसिंह व शिवम उर्फ लालू पुत्र बालक राम ने ग्राम अकबरपुर स्थित खेत पर ले जाकर हत्या

● हत्या में प्रयुक्त ईंट बरामद जेल भेजे गए आरोपी

कर दी। मामला दर्ज होने के बाद बसरेहर थाना पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। बसगंवा पुल से रम्पुरा नहर पटरी से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में पकड़े गए लोगों ने अपने नाम ब्रजपाल पुत्र रामसिंह व शिवम उर्फ लालू पुत्र बालकराम निवासी ग्राम अकबरपुर बताए। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त ईंट को भी बरामद कर लिया।

एसएसपी ने बताया की 20 जुलाई को शिशुपाल की शराब पीने के दौरान 50 रुपये के विवाद में चचेरे भाइयों ने ईट से कुचल कर हत्या कर दी थी। शव वैदपुरा थाना के ग्राम छितौनी पास फेंक दिया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

इंटर्न डॉक्टर्स की अनिश्चितकालीन हड़ताल

संवाददाता सैफई, इटावा

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश में इंटर्न डॉक्टरों का मासिक वेतन अन्य राज्यों की तुलना में बहुत कम है। उनका मासिक वेतन बढ़ाया जाना चाहिए। इसी को लेकर उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के इंटर्न डॉक्टरों ने अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इस दौरान अस्पताल में उनके द्वारा दी जाने वाली सेवाएं ठप रहेंगी।

सैफई अस्पताल के इंटर्न डॉक्टरों ने बताया की उनका मासिक वेतन मात्र 12000 रुपये है जो की अन्य राज्यों की तुलना में बहुत कम है। यही वेतन कर्नाटक में 32000, असम में 30000, दिल्ली में 26300, तमिलनाडु में 25750 और केंद्रीय विश्विद्यालयों में लगभग 26000 प्रतिमाह है। उत्तर प्रदेश में मिलने वाला यह वेतन इस महंगाई के समय में ज़रूरत के अनुसार बहुत ही कम है। सरकार इस पर

सैफई आयुर्विज्ञान विवि में प्रदर्शन करते इंटर्न डॉक्टर। अमृत विचार

● बोले-सरकार से आश्वासन न मिलने तक ठप रहेंगे सारे काम

कोई ध्यान नही दे रही है। जबकि उत्तर प्रदेश के मेडिकल कॉलेज अन्य राज्यों की तुलना में बहुत व्यस्त रहते है, ऐसे में इंटर्न डॉक्टरों को अपनी पढ़ाई के साथ साथ अन्य आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

डॉक्टरों की मांग है की इनका वेतन बढ़ाकर कम से कम 30,000 रुपये प्रतिमाह किया जाए। उनका कहना है कि जब तक सरकार की तरफ से कोई आश्वासन नही दिया जाता तब तक हड़ताल जारी रहेगी। डॉक्टरों ने एकेडमिक ब्लॉक से ट्रामा सेंटर तक कैंडल मार्च निकाला और वेतन बढ़ाये जाने के लिए एडमिन ब्लॉक के सामने नारेबाजी की। इस मौके पर सभी इंटर्न डॉक्टर और यू जी छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

विनोद दीक्षित के निधन पर शोक

इटावा। चौधरी शंकर दयाल दीक्षित स्मारक संस्थान के संस्थापक सदस्य विनोद दीक्षित निवासी राहतपुरा का सोमवार को निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार यमुना घाट पर किया गया। रविवार की रात लखनऊ में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। उनके दिवंगत होने की खबर मिलते ही उनके राहत पुर स्थित पैतृक आवास पर शोकाकुल लोगों का तांता लग गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में पहुंचकर लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

शोक प्रकट करने वालों में भाविप की ओर से केके त्रिपाठी, आचार्य महेश तिवारी, सुधीर मिश्र, वीरू मिश्रा, मुकेश शुक्ला, राकेश चंद्र, विष्णु नारायन शोरावाल, राम मनोहर दीक्षित, राम कुमार दुबे, राजेश वाजपेई, गोविंद वाजपेई, कुलदीप गुप्ता संटू, केके वाजपेई, नवल शुक्ला आदि शामिल रहे।

सार-संक्षेप

पौधे हमारे जीवन को बनाते हैं खुशहाल

जसवंतनगर। वन महोत्सव के अंतर्गत क्षेत्र पंचायत कार्यालय में पौधरोपण किया गया। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अनुज मोंटी यादव और बीडीओ श्वेता सिंह की उपस्थिति में पौधा लगाने हेतु ज्यादा से ज्यादा लोगों को शामिल होने का आह्वान किया गया। अनुज मोंटी ने कहा कि पौधे हमारे जीवन में अमूल्य धरोहर हैं और उनकी महत्ता किसी से छिपी नहीं है। इसीलिए सभी अबकी बार एक पेड़ मां के नाम से पौधा रोपित कर उनकी देखभाल करें। उन्होंने कहा कि हमें पौधे लगाकर अपनी आने वाली पीढ़ी को एक वरदान देने है। श्वेता सिंह ने पौधों से मानव और उनके जीवन को होने वाले लाभों के बारे में बताया।

पौधारोपण करते मोंटी यादव एवं बीडीओ श्वेता सिंह ।

महिला महाविद्यालय में आज बांटे जाएंगे स्मार्टफोन

इटावा। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत 23 जुलाई को नि :शुल्क स्मार्टफोन और टैबलेट वितरित किए जाएंगे। प्राचार्य डॉ. श्यामपाल सिंह ने बताया कि शासन की ओर से इस संबंध में स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध करा दिए गए हैं। सभी लाभार्थियों को ससमय महाविद्यालय उपस्थित होकर इसे प्राप्त कर सकते हैं।

दो इंस्पेक्टर, 13 एसआई सहित 83 की नई तैनाती

इटावा। एसएसपी संजय वर्मा ने पुलिस अमले में बाहर से आए दो इंस्पेक्टर, 13 सव इंस्पेक्टरों सहित थानों में तैनात 25 दीवान 43 सिपाही कुल 83 पुलिसकर्मियों को इधर से उधर करके नई तैनाती की है। पुलिस लाइन से इंस्पेक्टर देवीशंकर को जन शिकयत प्रकोष्ठ प्रभारी, इंस्पेक्टर विजय कुमार पांडेय को डब्लू सीएसओ प्रभारी, एसआई विवेक को हवाई पट्टी सैफई चौकी प्रभारी, एसआई विमल कुमार को न्याय सुरक्षा चौकी प्रभारी, एसआई विजय पाल को चौबिया, अवधेश कुमार को जसवंतनगर, कामता प्रसाद को बढ़पुरा, एसआई रामओतार यादव को भरथना, एसआई शिवपूजन सिंह को बलरई, एसआई महेश कुमार को जसवंतनगर, बढ़पुरा से एसआई मुन्ना लाल को ऊसराहार, बलरई पीएल से एसआई राकेश सिंह यादव को फ्रेंड्स कॉलोनी, भरथना पीएल से एसआई महेंद्र कुमार को कोतवाली सदर, भरेह से एसआई भगवान सिंह को बलरई तथा इस थाना के एसआई विजय शंकर द्विवेदी को चकरनगर तैनात किया गया है। इनके अलावा विभिन्न थानों व अन्य प्रकोष्ठों से 25 दीवान तथा 43 सिपाही इधर से उधर किए गए हैं।

युवती ने फांसी लगाकर जान दी

बकेवर, इटावा। बकेवर थाना क्षेत्र के गांव आने पुरा में किसी बात से नाराज होकर एक युवती ने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है। उक्त गांव निवासी अवधेश पाल की 18 वर्षीय पुत्री प्रतीक्षा पाल ने किसी बात से नाराज होकर अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। परिवार के लोगों ने देखा तो उसका शव फंदे पर लटका मिला। परिवार के लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया।

युवक की छत से गिरकर मौत

इटावा। इकदिल थाना क्षेत्र के गांव मानिकपुर मोहन निवासी हरिश्चंद (38) पुत्र सोवरन सिंह रविवार की शाम को बिजली न होने के कारण सोने के लिए छत पर चला गया। तभी किसी तरह से वह छत से नीचे गिर पडा। मृतक के भाई कमल बाबू ने बताया कि वह रात को छत पर सोने के लिए गए थे। माना जा रहा है कि रात को लघुशंका करने के लिए वह उठे तभी किसी तरह से उसका पैर फिसल गया और नीचे गिर गए। उन्हें अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

प्रो. जादौन की पुण्यतिथि पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश

इटावा। केके महाविद्यालय में रसायन विज्ञान के विभागाध्यक्ष रहे समाजसेवी प्रो. जादौन सिंह कुशवाह को 21वीं पुण्यतिथि पर उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया। स्मृति को अक्षुण्य बनाए रखने के लिए पौधे लगाए गए और प्रो. जादोन सिंह की समाज के लिए की गई सेवाओं को याद किया गया। उनकी पुण्यतिथि पर उनके पैतृक गांव सोंडरा में विविध कार्यक्रम आयोजित किये गए। सेवानिवृत्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मंडल प्रो. रिपुदमन सिंह की अध्यक्षता में एक सभा का आयोजन किया गया। इसमें प्रो. जादौन सिंह कुशवाह को याद करते हुए डॉ. रिपुदमन सिंह ने कहा कि प्रो. साहब सदैव शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए सजग रहे और उन्होंने समाज में शिक्षा की अलख जगाने के निमित्त हर संभव प्रयास किया। प्रो. जादौन सिंह की स्मृति में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर ने रसायन विज्ञान में परास्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले के मेधावी अध्येता के लिए स्वर्ण पदक देने की घोषणा की है। मधुसूदन सिंह, शिवराखन सिंह, राजदमन सिंह, राकेश सिंह, राजेश शर्मा, सुधीर सिंह, बलवंत सिंह मौजूद रहे।

पौधरोपण करते पूर्व क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. रिपुदमन सिंह व अन्य।

शिक्षणेत्तर गतिविधियां कराती हैं कर्तव्य का बोध

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। सेंट मैरी इंटर कॉलेज के प्रांगण में अलंकरण एवं नए सत्र के पाठ्येत्तर क्रियाकलापों की शुरुआत के लिए समारोह का आयोजन किया गया। स्वागत भाषण स्टाफ सेक्रेटरी टॉमी जोसेफ ने दिया। विद्यालय के बच्चों ने समूह गान और प्राइमरी सेक्शन के बच्चों ने ग्रुप डांस की भव्य प्रस्तुति दी।

प्रिंसिपल फादर शीजू जॉर्ज ने सभी सदनों के चुने हुए स्कूल कैप्टन एवं वाइस कैप्टन को शपथ ग्रहण कराई। मुख्य अतिथि एसपी क्राइम सुबोध गौतम ने सभी चुने गए कैप्टन को विभिन्न हाउस के बैज

सेंट मैरी स्कूल में शैक्षिक कार्यक्रम का उद्घाटन करते एसपी क्राइम सुबोध गौतम।

● सेंटमेरी में अलंकरण समारोह के साथ नए सत्र की शुरुआत

और फ्लैग सौंपे। स्कूल कैप्टन को मुख्य अतिथि, मदर टेरेसा हाउस को फादर मार्टिन, सेंट एंथोनी हाउस को मैनेजर फादर बिंसन, सेंट फ्रांसिस हाउस को वायस प्रिंसिपल हायर सेक्शन फादर बिबिन और सैंट अल्फोंसा हाउस को हेडमिस्ट्रेस के जी सेक्शन सिस्टर नवीना द्वारा प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि इस प्रकार की शिक्षणेत्तर गतिविधियां बच्चों को हमेशा अपने कर्तव्य का बोध कराती हैं। ये बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के साथ उनके व्यक्तित्व का निर्माण भी करती हैं। इसलिए बच्चों को हमेशा अनुशासन और अपने शरीर को स्वस्थ्य बनाए रखने के लिए इन गतिविधियों में अपनी सहभागिता करते रहनी चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकगण टॉमी जोसेफ, जेकब चाको व अबू थॉमस का सहयोग रहा। मैनेजर फादर बिंसन, वाइस प्रिंसिपल फादर बिबिन व हेड मिस्ट्रेस सिस्टर नवीना मौजूद रहे।

एसबीआई महाप्रबंधक ने रोपे पौधे

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय इटावा में लखनऊ मंडल के महाप्रबंधक नेटवर्क-2 एमएलवीएस प्रकाश ने निरीक्षण किया। इटावा शाखा में कामकाज को देखा। स्टेट बैंक परिसर में मे श्री प्रकाश ने पौधारोपण करते हुऐ कहा कि वृक्ष सिर्फ पर्यावरण के लिए ही जरूरी नहीं हैं, बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी उपयोगी है। इसीलिए सभी को पौधा रोपण करना चाहिए। महाप्रबंधक को इटावा क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय प्रबंधक मिथिलेश कुमार, मुख्य प्रबंधक प्रशासन सुनील प्रधान,

स्टेट बैंक परिसर में पौधरोपण करते महाप्रबंधक नेटवर्क एमएलवीएस प्रकाश।

मुख्य प्रबंधक नवनीत सिंह राठौर, गणेश शंकर, अमित सिंह कुशवाह, सेवानिवृत उपप्रबंधक प्रतिमा शंकर दीक्षित, प्रबंधक अजय प्रताप सिंह सेंगर ने बुके देकरस्वागत किया ।

शिक्षामित्रों ने सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। शिक्षामित्रों ने समान कार्य के लिए समान वेतन की मांग को लेकर बीआरसी पर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। ज्ञापन में शिक्षामित्रों ने अपनी समस्याओं को उठाया है और उनके निदान की मांग की है। जसवंतनगर, महेवा, बढपुरा सहित सभी ब्लाकों में ज्ञापन दिए गए।

सोमवार को बीआरसी बकेवर पर आदर्श समायोजित शिक्षक वेलफ़ेयर एसोसिएशन ब्लाक महेवा के अंतर्गत खंड शिक्षा अधिकारी महेवा को मांगो का ज्ञापन दिया। खंड शिक्षा अधिकारी के ज्ञापन लेने न पहुंचने पर ज्ञापन कार्यालय प्रभारी आशुतोष पांडेय को दिया गया। शिक्षामित्र संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष सुरजन सिंह यादव ने कहा कि

25 जुलाई 2017 के सुपीर्म कोर्ट के निर्णय के बाद शिक्षामित्रों

● समान कार्य पर समान वेतन की मांग उठाई

के समक्ष उनके परिवार के भरण पोषण का संकट खड़ा हो गया है। इन्ही परिस्थितियो के चलते लगभग आठ हजार शिक्षामित्रों की आकस्मिक मृत्यु हो चुकी है। मांगों में अध्यादेश के माध्यम से शिक्षामित्रों को पुनः सहायक अध्यापक पद पर पदस्थापित किया जाए। प्रकिया पुर्ण होने तक समान कार्य का 12 माह का समान वेतन व समान सुविधाएं दी जाएं। महिला शिक्षा मित्रो को उनकी ससुराल के जनपद के विधालय में स्थानान्तरण पाने का अवसर प्रदान किया जाए व अन्य मांगें पूरी की जाएं। ज्ञापन देने वालों में महामंत्री सर्वेश कुमार, जिलाउपाध्यक्ष असित यादव, वृतेन्द्र सिंह, अवधेश कुमार, राजवीर सिंह, पंकज तिवारी, सूरज प्रसाद कठेरिया आदि शामिल रहे।

समाधान दिवस ज्यादातर शिकायतें जमीन को कब्जा मुक्त कराने के संबंध में आईं

63 शिकायतें आईं, निस्तारण किसी का नहीं

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

अमृत विचार। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें जनता की समस्याएं सुनीं गईं। यहां मॉडल तहसील में समाधान दिवस पर कुल 63 शिकायतें आईं लेकिन एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं किया जा सका। ज्यादातर शिकायतें जमीनों को कब्जा मुक्त कराने को लेकर थीं।

छिमारा रोड की रहने वाली वसुधा वर्मा ने अपने मकान के सामने स्थित सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करके बनाई गई दुकान को हटाने की फरियाद की। कोठी केस्थ मोहल्ले के ऋषिकान्त ने कोठी केस्थ की सड़क पर भीषण जलभराव को लेकर, गांव बनकटी बुजुर्ग के रामप्रताप सिंह ने क्रय की गई भूमि पर अवैध कब्जे, नगला सलहदी के रहने वाले रामवीर सिंह ने विपक्षी द्वारा जबरन कब्जा करने व जान से मारने की धमकी के संबंध में सुनाई गई।

जोनई गाँव की रहने वाली श्याम किशोरी निजी भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर, गाँव बलरई के राजबहादुर आदि लोगों ने अपनी भूमि को कब्जा मुक्त कराने के संबंध में शिकायत दी।जिनमें से किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं किया जा सका। जिसके लिए पांच सदस्यीय टीम गठित कर स्थलीय निरीक्षण के बाद इन शिकायतों को समयबद्ध व गुणवत्ता के साथ निस्तारित किये जाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकानी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण समें लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने पुलिस विभाग से सम्बन्धित फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर उनके निराकरण हेतु थानाध्यक्षों को निर्देशित किया। शिकायतों को प्राथमिकता एवं गम्भीरता से सुनें। उनका समय से निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर एसडीएम कुमार सत्यम जीत, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ गीतराम, तहसीलदार दिलीप कुमार मौजूद रहे।

चकरनगर में 48 शिकायतें आईं, 6 का निस्तारण

चकरनगर। यहां सम्पूर्ण समाधान दिवस मे कुल 48 शिकायते आईं। इनमें से एसडीएम ने मौक़े पर ही 6 शिकायतों का निस्तारण किया। एडीएम के न आने पर पुलिस विभाग के आलावा अन्य अधिकारी भी कम दिखाई दिए। एसडीएम ब्रम्हानंद कठेरिया नेअधिकारियो को निर्देशित किया कि सभी लोग समय से अपनी अपनी शिकायतों का मौक़े पर जाकर निस्तारण करें। श्री कठेरिया ने कहा कि कोई बहाना बाजी नहीं चलेगी कि नेटवर्क प्रॉब्लम के कारण बात नहीं हो सकी, शिकायतकर्ता उतने समय नेटवर्क मे न हो दुबारा बात करके ही निस्तारण करे क्योंकि ये निस्तारण जिलाधिकारी, मुख्यमंत्री भी देखते है इसलिए फर्जी निस्तारण न किया जाए। इस मौक़े पर तहसीलदार विष्णु दत्त मिश्रा, नायब तहसीलदार, सप्लाई इंस्पेक्टर, सहित थाना प्रभारी चकरनगर संतोष कुशवाहा मौजूद रहे।

आज का मौसम

बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

37.4° अधिकतम तापमान	28.6° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05 : 29	सूर्यास्त 07 : 01

एक नजर

पिटाई से क्षुब्ध किशोर 5 दिन से लापता

फतेहपुर। किशनपुर क्षेत्र के रहियापुर मजरे रामपुर गांव में दबंगों की पिटाई से क्षुब्ध किशोर 5 दिन से लापता है। असोथर के सरकंडी मजरे बगहा गांव निवासी झल्लर निषाद ने बताया कि 14 वर्षीय बेटा नारायन अपने मामा के गांव रहियापुर मजरे रामपुर आया था। जहां 16 तारीख को गांव के ही जुग्गा निषाद ,देवका निषाद ,रमई निषाद ने उसे मारा पीटा। इसके बाद से वह लापता है।

सेवानिवृत कर्मचारियों के बनेंगे हेल्थ कार्ड

संवाददाता फतेहपुर

- पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते, योजना से संबद्ध सभी अस्पतालों में मिलेगा इलाज

अमृत विचार। अब राजकीय सेवानिवृत कर्मचारियों का कैशलेस हेल्थ कार्ड बनाने के बाद इन्हें आयुष्मान से संबंधित सभी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। सेवानिवृत कर्मचारी और उनके आश्रितों को एक साल में पांच लाख तक इलाज की सुविधा दी जाएगी।

शासन के मंशानुरूप राज्य सरकार के अधीन सभी सेवानिवृत कर्मचारी और उनके आश्रितों का कैशलेस कार्ड बनाने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारी की है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. इस्तियाक अहमद ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत सरकारी कर्मचारियों तथा पेंशनर्स और उनके आश्रितों का आयुष्मान कार्ड बनना है। योजना के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से लाभार्थियों को आसानी से कार्ड उपलब्ध हो रहे हैं। आयुष्मान भारत जिला क्रियान्वयन इकाई के सभी सदस्य अभियान में उपस्थित रहेंगे और शेष बचे हुए सभी सेवानिवृत्ति कार्मिकों के कैशलैस स्वास्थ्य कार्ड बनवाने में सहयोग करेंगे। कैशलेस कार्ड बनवाने के लिए सेवानिवृत कर्मचारी अपना व सभी अश्रितो का आधार, आधार से लिंक मोबाइल नंबर और सभी आश्रितों का फोटो लेकर आएं।

एसजीपीजीआई जैसे संस्थानों में भी सुविधा

एसीएमओ ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत आबद्ध समस्त निजी व राजकीय चिकित्सालयों के अतिरिक्त लखनऊ स्थित एसजीपीजीआई जैसे संस्थानों में भी सुविधा मिल रही है। किसी भी तरह की सहायता के लिए योजना के टोल फ्री नंबर 1800 1800 4444 को डायल कर सकते हैं।

राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना की मुख्य विशेषताएं

- यह योजना यूपी राज्य सरकार के कर्मचारियों, सेवानिवृत्त राज्य सरकार के कर्मचारियों और उनके आश्रितों को कैशलेस उपचार सुविधा प्रदान करती है।
- आयुष्मान भारत योजना में आबद्ध निजी और सरकारी अस्पतालों में कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
- कैशलेस इलाज आयुष्मान भारत के तहत सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में प्रत्येक लाभार्थी परिवार को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये प्रति परिवार उपलब्ध है।
- लाभार्थी परिवारों को उप्र के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों, संस्थाओं एवं अन्य शासकीय चिकित्सालयों में बिना किसी वित्तीय सीमा के कैशलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी।
- सभी राज्य सरकार के कर्मचारी, सेवानिवृत्त राज्य सरकार के कर्मचारी और उनके आश्रित योजना के तहत कैशलेस उपचार के लिए पात्र हैं।
- सभी राज्य सरकार के कर्मचारियों, सेवानिवृत्त राज्य सरकार के कर्मचारियों व उनके आश्रितों को एक राज्य स्वास्थ्य कार्ड दिया जाएगा।

'समय से करें शिकायतों का निस्तारण'

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

फरियादियों की शिकायतें सुनती डीएम एवं अन्य। अमृत विचार

अमृत विचार। संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील बिंदकी के सोहन लाल द्विवेदी राजकीय बालिका इंटर कालेज परिसर में जिलाधिकारी सी. इंदुमती की अध्यक्षता व विधायक जहानाबाद राजेंद्र सिंह पटेल, पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह की उपस्थिति में हुआ।

जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का मौके पर जाकर नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक, समय से निस्तारण करें। कोई भी शिकायत लंबित न रहें। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में आवश्यकतानुसार राजस्व व पुलिस बल की सयुंक्त टीम मौके पर जाकर उसका नियमानुसार निस्तारण कराया जाये। साथ ही निस्तारण की कार्यवाही की वीडियोग्राफी भी कराई जाये। उन्होंने राजस्व निरीक्षक को निर्देशित किया अपने-अपने क्षेत्र की ग्राम समाज/आरक्षित भूमि को चिन्हित कर यथा स्थिति की रिपोर्ट से अवगत कराएं। पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को शिकायतों का समय से निस्तारण के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील बिंदकी में 305 शिकायतें आईं। 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी बिंदकी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, तहसीलदार बिंदकी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

10 एमवीए के ट्रांसफार्मर ने छीन ली आधे शहर की बिजली

तीसरे दिन भी नहीं दुरुस्त हो पाई बिजली व्यवस्था, बिजली गिरने से मुराइनटोला पावर हाउस का फुंक गया था ट्रांसफार्मर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

पावर हाउस में रखा गया नया ट्रांसफार्मर।

- पेयजल के लिए भी लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा

अमृत विचार। शहर के मुराइनटोला पावर हाउस में बिजली गिरने से धड़ाम हुआ 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर तीसरे दिन आ जाने के बाद भी बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। करीब छह फीडरों से जुड़े आधे शहर के हजारों उपभोक्ता उमस भरी गर्मी में जहां उनका दिन का चैन और रात की नींद हराम हो गई वहीं पेयजल के लिए भी लोगों को इधर उधर भटकना पड़ रहा। उधर विभाग का दावा रहा कि ट्रांसफार्मर लग चुका है, प्रक्रिया पूरी की जा रही है। सम्भावना है कि सोमवार की रात 12 बजे तक बिजली आपूर्ति पहले जैसी समुचित मिलने लगेगी।

बिजली गिरने से मुराइन टोला स्थित पावर हाउस का 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर फुंकने के तीसरे दिन ट्रांसफार्मर तो आ गया लेकिन उसको लगाने की प्रक्रिया में वैकल्पिक के रूप में प्रति फीडर दो-दो घंटे की दी जाने वाली आपूर्ति भी ठप कर दी गई। जिससे सभी फीडरों से जुड़े उपभोक्ता उमस भरी गर्मी में सुबह नौ बजे से रात तक उबलने को मजबूर हुए। विभाग के एसडीओ ने बताया कि ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है, उसमे तेल डाल कर रीचार्ज किया जा रहा है। देर रात तक बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। प्रयास में टीम लगी है।

बकेवर में बिजली कटौती से भीषण गर्मी में जनजीवन हो गया अस्तव्यस्त

फतेहपुर। प्रदेश मुखिया के आदेश के बाद भी विद्युत आपूर्ति का कोई पुरुसाहाल नहीं है। बकेवर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बदहाल है। संविदा कार्मिको की मनमानी की वजह से हमेशा बिजली ट्रिप होती रहती है। सबसे ज्यादा रात में विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है। पिछले एक सप्ताह से बिजली की सप्लाई कुछ ज्यादा ही उपभोक्ताओं को परेशान कर रही है। रात रात भर बिजली आपूर्ति गायब हो जाती है। इस सम्बन्ध में एक संविदा कर्मी ने बताया कि रात में ड्यूटी कर रहे संविदा कर्मी ने शराब पी रखी थी जिस समय बिजली ने ट्रिप मारा था वह नशे में सोया था और पूरी रात आपूर्ति ठप्प रही। ऐसा ही कमोवेश अन्य ड्यूटी करने वालो का भी जो रात में ड्यूटी के समय नशे में कर्मियों के रहने की चर्चा हैं। यही वजह है कि बकेवर कस्बा क्षेत्र वासियों को 24 घंटे में आठ घंटे भी बिजली नहीं मिलती है। जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटा विद्युत आपूर्ति करने के निर्देश दिए है इसके बाद भी संविदा कार्मिको की लापरवाही के कारण विद्युत आपूर्ति में बाधा है। न के बराबर हो रही विद्युत आपूर्ति खासकर रात- रात भर विद्युत आपूर्ति न होने से क्षेत्रीय विद्युत उपभोक्ताओं ने नशेबाज विद्युत कार्मिको का मेडिकल परीक्षण कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। उपभोक्ताओं ने रात में विद्युत आपूर्ति को जनहित में बहाल कराए जाने की मांग जिलाधिकारी सी इंदुमती व अधिशाषी अभियंता विद्युत वितरण खंड से की है। उपभोक्ताओं का कहना है कि रात में बिजली न आने से छात्र -छात्राओं की पढाई नही हो पा रही है। चल रही भीषण गर्मी में बिजली आपूर्ति न होने से लोगों को रात रात भर जागना पड रहा है जिससे लोगों में अवसाद की स्थिति बनती जा रही है।

अधीक्षण अभियंता विद्युत से मिलेगा भाजपा किसान मोर्चा

भीषण उमस भरी गर्मी में लोगों के पंखा, कूलर न चलने की वजह से बच्चे, युवा, बूढ़े लोग बीमार हो रहे हैं। किसानों को धान रोपाई के लिए सिंचाई हेतु विद्युत न मिलने समर सेबुल बंद हैं। जिससे किसान की धान रोपाई प्रभावित हो रही है। भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह ने बताया कि मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल 23 जुलाई को अधीक्षण अभियंता विद्युत को ज्ञापन सौपेगा। उसके बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो किसान मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल ऊर्जा मंत्री व मुख्यमंत्री से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया जाएगा।

बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने एसएसओ को पीटा

फतेहपुर। उमस भरी गर्मी में ताबड़तोड़ हो रही बिजली कटौती से परेशान उपभोक्ताओं का सब्र जवाब देने लगा है, जिसका खामियाजा पावर हाउस में तैनात संविदा कर्मियों को भुगतना पड़ रहा है, आयदिन गाली गलौज मारपीट की घटनाएं आम हो गई हैं। मामला हथगाम थाना क्षेत्र के पलिया बुजर्ग उपकेंद्र का है, जहां कटौती से परेशान उपभोक्ताओं ने उपकेंद्र में धावा बोल एसएसओ को धुन दिया। पुलिस ने एसएसओ की तहरीर पर एक नामजद सहित सात अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। चकीवा सरांय सांबा थाना हथगाम निवासी हेमचंद्र पलिया बिजली उपकेंद्र में एसएसओ (परिचालक) के पद पर तैनात है। बताया कि वह रात में ड्यूटी पर था। 11 केवी पफीडर छिवलहा के सियाड़ी निवासी अनूप सिंह अपने सात- आठ साथियों के साथ पावर हाउस पहुंच छिवलहा फीडर चालू करने के लिए कहा, जिस पर उसने बताया कि ओवरलोड के कारण सभी फीडर एक -एक घंटा की रोस्टिंग करके चलाने के लिए अधिकारियों ने बोला गया है। छिवलहा फीडर की सप्लाई 10 मिनट बाद चालू कर दी जाएगी, जिस पर नाराज होकर अनूप सिंह गाली गलौज करने लगे और विरोध करने पर साथियों के साथ मारा पीटा और जबरन सभी फीडर बंद करा दिया। थाना प्रभारी वृंदावन राय ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है।

न मिल रही बिजली, नहरों को पानी भी नहीं मिल रहा: सांसद

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

लोकसभा अपनी बात रखते जिले के सांसद।

अमृत विचार। फतेहपुर लोकसभा सीट पर हाल में समाजवादी पार्टी के टिकट पर निर्वाचित पूर्व मंत्री नरेश उत्तम पटेल ने सोमवार को लोकसभा में शून्य काल के दौरान इस जनपद को सूखाग्रस्त जनपद घोषित करने की मांग उठाई हैं। उन्होंने कहा कि फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र में कम वर्षा होने के कारण सूखे की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कहा कि विद्युत आपूर्ति नहीं हो रही है, नहरे में पानी नहीं पहुंच रहा है। किसानों को फसलों का भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने सरकार से मांग किया कि लोकसभा क्षेत्र में जहां छह विधानसभाएं हैं और 13 ब्लॉक हैं, वहीं नहरे है लेकिन बिजली की आपूर्ति नहीं हो रही है।

सांसद ने कहा कि पूर्व में जब प्रदेश में अखिलेश यादव की सरकार थी उस समय किसानों को पूरी बिजली मिलती थी। इस समय विद्युत आपूर्ति न होने की वजह से किसानो की धान की फसल, गन्ने आदि की फसल को भारी नुकसान हो रहा हैं।

नलकूपों की धार खत्म फिर भी सिंचाई में प्रथम

संवाददाता, औंग फतेहपुर

बेमकसद साबित हो रहा राजकीय नलकूप।

अमृत विचार। किसानों के लिए फ्री सिंचाई योजना के अन्तर्गत राजकीय नलकूप और नहरों से निःशुल्क पानी मिलने की व्यवस्था है। एक रिटायर सिंचाई कर्मी ने बताया है कि जब किसानों को सिंचाई के पैसे देने पड़ते थे तो इस विभाग में ज्यादा घपला नहीं था लेकिन जब से सिंचाई फ्री हुई है तो सौ फीसदी भ्रष्टाचार इस विभाग में व्याप्त हो गया है। जिसे तब से अब की तुलना में गहराई से देखने का बाद ही समझा जा सकता है। कहीं से भी सिंचाई का कोई भी राजकीय नलकूप और उसके सिंचाई अभिलेख में सरकार के इस महत्वाकांक्षी योजना की सत्यानाशी देखी जा सकती है।

रिटायर कर्मी ने बताया है कि जब किसानों को सिंचाई का पैसा देना पड़ता था तो किसी भी ऑपरेटर की हिम्मत नहीं पड़ती थी कि वो फर्जी सिंचाई दर्ज कर दे क्योंकि वसूली के दैरान किसान के नाम यदि फर्जी सिंचाई की वसूली आती थी तो वो किसान ऑपरेटर को खोजता था।

फ्री योजना में बड़े पैमाने पर बजट का बंटाधार

रिटायर सिंचाई कर्मी ने खुलासा करते हुए बताया है कि जब किसानों को सींच का पैसा देना पड़ता था। तब नलकूप चलते थे लेकिन जब से फ्री योजना आई तब से नलकूप न के बराबर चलते हैं और पूरा सरकारी बजट विभाग के बड़े अधिकारी डकार जाते हैं। चूंकि फर्जी सींच दर्ज होने के कारण सरकार की नजर में इनका सीआर उत्तम बना रहता है। जिससे अधिकारी नलकूप चलाने की जरूरत नहीं समझते हैं।

आसानी से पकड़ा जा सकता है फर्जीवाड़ा

कर्मी ने बताया कि जमाबंदी में 80 प्रतिशत फर्जी किसानों के नाम सिंचाई दर्ज की जाती है, उनके नाम दर्ज खेत का रकबा भी फर्जी होता है। यहां तक कि इन किसानों को कभी पानी ही नहीं मिलता है। गत रबी फसल की यदि राजकीय नलकूपों की जमाबंदी में दर्ज किसानों से सत्यापन हो जाए तो फर्जीवाड़े का खुलासा हो जाएगा।

प्रगति रिपोर्ट 80 फीसदी फर्जी बताई गई

जनपद के नलकूप उपखण्ड प्रथम, द्वितीय, तृतीय या चतुर्थ के सत्तर से अस्सी फीसदी सिंचाई के फर्जी आंकड़े सरकार को भेजे जाते हैं। उदाहरण के लिए उपखण्ड प्रथम के 1 बीजी बड़ाहार, 2 बीजी रानीपुर, 243 बीजी बोधीखेड़ा, 231 बीजी अमौरा, 178 बीजी नन्दौली, 119 बीजी मौहार, 182 बीजी सुमेरपुर, 143बीजी मदोकीपुर की सरकार को भेजी गई सिंचाई प्रगति रिपोर्ट करीब अस्सी फीसदी फर्जी बताई गई है।

बम-बम भोले | मंदिरों में उमड़ी भीड़, शिवभक्तों में दिखा जोश और उत्साह, शहर के ताम्बेश्वर मंदिर में भक्तों ने लाइन में लग कर किया जलाभिषेक

सावन का पहला सोमवार, शिवालयों में सुबह से भक्तों की कतार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

जलाभिषेक के लिए लाइन में खड़े भक्त। अमृत विचार

शिवलिंग में जलाभिषेक करते भक्त। अमृत विचार

अमृत विचार। सावन मास के पहले सोमवार पर दोआबा के शिवालयों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। सुबह से ही श्रद्धालु बड़ी संख्या में शिवालयों में भगवान भोले शंकर का जलाभिषेक किया। श्रद्धालु लाइनों में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते भी नजर आए। सावन का पवित्र महीना भगवान भोले शंकर का माना जाता है। इसलिए इस मास में भगवान भोले शंकर की पूजा अर्चना और रुद्राभिषेक का विशेष महत्व है।

इस बार सावन मास में शुक्रादित्य योग, बुधादित्य योग, नवपंचम योग, गजकेसरी योग, कुबेर योग और शशि योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है। जिससे श्रावण मास का महत्व कई गुना बढ़ गया है। वहीं श्रावण मास को लेकर शहर स्थित प्राचीन और पौराणिक ताम्बेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भगवान भोले के भक्त उन्हें जो वस्तुएं प्रिय हैं गंगाजल, बेलपत्र, दूध और शहद आदि से उनका अभिषेक कर रहे हैं। इसके अलावा जिले के अन्य शिवालयों में भी भोर पहर से भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया। जलाभिषेक करते हुए हर हर महादेव के जयकारों से मंदिर गुंजायमान रहे। लोगों की ऐसी आस्था और विश्वास है कि यहां आने और पूजा अर्चना करने से उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। वहीं सावन के पहले सोमवार के मौके पर गंगा घाट से गंगाजल लेकर कावड़िए पहुंचे।

थवईश्वर में रहा भक्तों का रेला

- बहुआ क्षेत्र के थवईश्वर मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ जुटी। पुलिस प्रशासन को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी। महिला एवं पुरुषों की अलग अलग लाइनें लगवाई गईं। जिससे बारी-बारी से भक्तों ने मंदिर पहुंच कर भोले शिवशंकर की आराधना की। वहीं मेला परिसर में लगे मेले में लोगों ने अपने जरुरत की सामानों की खरीदारी भी की। इस शिवालय में दूर -दूर से भक्त पहुंच कर पूजा अर्चना करते हैं और अपने घर परिवार की सुख समृद्धि के लिए बाबा भोलेनाथ से अर्जी लगाई। वहीं माझिल गांव स्थित महादेव मंदिर में भी भक्त पूजा के लिए लाइन में लगे रहे।

मंदिरों में भी उमड़ी आस्था

जाफरगंज क्षेत्र के अर्गलेश्वर, सिद्धेश्वर धाम लालपुर दरौटा, गहरूखेड़ा स्थित भरथरीश्वर शिव मंदिरों में भक्तों ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। हथगाम के मनकामेश्वर मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं का मंदिर में जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना निरंतर चलती दिखी।

भक्तों में दिख रहा गजब का उत्साह

- सावन माह के पहले सोमवार को भक्तों में पूजा -अर्चना को लेकर गजब का उत्साह रहा। भोर से ही भक्तों की भीड़ मंदिरों की ओर निकल पड़ी। शिवलिंग पर बेल पत्र आदि चढ़ाकर भक्तों ने विधिवत पूजा -अर्चना की। शहर समेत ग्रामीणांचलों के शिवमंदिरों में भोर पहर से हवन-पूजन का सिलसिला चलता रहा। पूरे दिन शिव मंदिर जयकारों व घंटा घड़ियालों की आवाज से गुंजायमान रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस जवान मुस्तैद रहे।

सार-संक्षेप

गंगा घाट में गंगा आरती करते भक्त। अमृत विचार

ओमघाट में हुई गंगा आरती, भक्तों ने किया दीपदान

फतेहपुर। गंगा बचाओ सेवा समिति एव नमामि गंगे द्वारा ओमघाट में गंगा आरती की गई। गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिंपल द्वारा आयोजित गंगा आरती में भक्तों ने दीपदान किया। उद्योगपति एवं व्यापार मंडल आगरा के सन्तोष गुप्ता मामा ने कहा कि गंगा नदी को गंदा न करें। गायत्री परिवार के आरपी दीक्षित ने कहा कि हम सबको अविरल गंगा निर्मल गंगा का संकल्प लेना होगा। आचार्य अखिलेश तिवारी ने गंगा भक्तों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया गया। आचार्य राम तिवारी, गायत्री परिवार के राजदीश यादव,राम स्वरूप गुप्ता, सन्तोष गुप्ता ,रविंद्र सिंह सतीश द्विवेदी संतु रस्तोगी आशा त्रिपाठी प्रतिमा यादव, विजय लक्ष्मी श्रद्धा सिंह, सुरेंद्र पाठक वीरेंद्र साहू कमलेश, मनोज सोनी,आशीष अग्रहरी, गोविंद कुमार , ओम गुप्ता अनुज गुप्ता अनिल कुमार मौजूद रहे।

सावन के हर सोमवार डायवर्जन रहेगा लागू

फतेहपुर। पहले सावन की पूर्व संध्या से लेकर 19 अगस्त तक जिले में भारी वाहनों का रूट डायवर्जन किया गया है। बांदा मार्ग पर डायवर्जन सोमवार की पूर्व संध्या पर तीन बजे से लागू होगा। तीसरे दिन भोर चार बजे तक रहेगा। डायवर्जन के तहत नउवा बाग से जेल रोड मोड़, जयरामनगर, राधनागर, बहुआ, ललौली के रास्ते बांदा की ओर जाने वाले भारी वाहन कैंची मोड़, बिंदकी, चौडगरा, जोनिहा चौराहा से होकर ललौली के रास्ते गंतव्य को जाएंगे। उधर, बांदा से दतौली, बहुआ, राधानगर, जयरामनगर, नउवाबाग होकर आने वाले भारी वाहन दतौली, बहुआ, बंधवा तिराहा, जोनिहा चौराहा, बिंदकी, चौडगरा, कैचीं मोड़ के रास्ते गंतव्य को जाएगें। कानपुर से वाराणसी मार्ग पर जाने वाले भारी वाहन को लखनऊ बाईपास से डायवर्ट कर सातमील तिराहा, लालगंज, रायबरेली, प्रतापगढ़, जौनपुर, मडियाहू से होकर वाराणसी पहुंचेगे। इस मार्ग पर डायवर्जन 21 जुलाई सुबह 10 बजे से 23 जुलाई 11 बजे तक रहेगा। भिटौरा बाईपास से ओमघाट तक सभी भारी वाहन प्रतिबंधित रहेगें।

नपा ने सजवाए स्वतंत्रता सेनानियों के स्मारक

फतेहपुर। नगर पालिका परिषद द्वारा महान स्वतंत्रता सेनानी ठाकुर दरियाव सिंह स्मारक खागा एवं ठाकुर दरियाव सिंह मूर्ति ज्वालागंज में साफ सफाई एवं सजावट कराई गई। साथ ही वृक्षारोपण का भी कार्यक्रम कराया गया। दोनों जगह नगर पंचायत खागा एवं नगर पालिका परिषद फतेहपुर के सौजन्य से यह संपूर्ण कार्य कराया गया। वहीं अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला महामंत्री ठाकुर रवि कुमार सिंह द्वारा महान स्वतंत्रता सेनानी ठाकुर दरियाव सिंह के बारे में विस्तृत जीवन परिचय बताया गया एवं फतेहपुर जनपद को स्वाधीन करने में उनके महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में भी विस्तार से बताया गया| जिला कार्यक्रम प्रबंधक संजय सिंह एवं नगर पालिका परिषद के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राकेश कुमार गौड़ ने कार्यक्रम कराया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद फतेहपुर के स्वास्थ्य लिपिक मोहम्मद हबीब एवं अखिल भारतीय मजदूर महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष धीरज कुमार आदि मौजूद रहे।

मांगो को लेकर ग्राम प्रधानों ने किया प्रदर्शन

फतेहपुर। सरकारी योजनाओं के कार्यो के दौरान आने वाली समस्याओं का निस्तारण अधिकारियों द्वारा न किये जाने पर भाजपा प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष शशि भूषण सिंह उर्फ सुशील सिंह व अखिल भारतीय प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष नदीम उद्दीन पप्पू के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों ने जिलाधिकारी के जरिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर समस्याओं के निस्तारण की मांग की। भाजपा प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष शशि भूषण सिंह उर्फ सुशील सिंह व अखिल भारतीय प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष नदीम उद्दीन पप्पू के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्राम प्रधानों ने प्रदर्शन क्रिया। कुसुम देवी, अंजू देवी, पंकज कुमार, राम लखन, धर्मेंद्र कुमार यादव, गोरेलाल, राजेश कुमार, रश्मि सोनी, अभिलाषा यादव, छोटेलाल, विद्या देवी, बृजेश कुमार, उर्मिला देवी, शिव बालक प्रजापति, सरल सिंह, संजीत सिंह यादव, हेमलता पटेल आदि ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

यादव महासभा ने बैठक कर समाज की एकजुटता पर दिया जोर

फतेहपुर। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की एक आवश्यक बैठक सैनिक गेस्ट हाउस में आयोजित हुई। जिसमें समाज की एकजुटता पर जहां जोर दिया गया वहीं बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का आहवान किया गया। बैठक में गाजीपुर जनपद के जिलाध्यक्ष ने भी हिस्सा लिया। जिनका समाज के लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया।मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष जगनायक सिंह यादव ने शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष चौधरी राजेश यादव ने करते हुए मुख्य अतिथि के अलावा गाजीपुर जनपद के जिलाध्यक्ष सुजीत यादव का यहां आने पर माला पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि जगनायक सिंह यादव ने कहा कि समाज को एकजुट होने की जरूरत है। जिलाध्यक्ष चौधरी राजेश यादव, डॉ अमित पाल, विनय यादव, अश्विनी यादव, संजय यादव, फूल सिंह मौर्य, निधान सिंह यादव, रवि भूषण फौजी, निर्मल सिंह यादव, जगदीश मौर्य एडवोकेट, रावेन्द्र यादव, प्रधान कबीरपुर बबलू यादव, दिनेश विश्वकर्मा, देवेंद्र पासवान रहे।

दिवंगत शिक्षामित्रों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा 25 को

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ अपने दिवंगत साथियों की याद में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए 25 जुलाई को दोपहर 02 .30 बजे नहर कालोनी परिसर में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर रहा है। संगठन के जिलाध्यक्ष सुशील तिवारी ने बताया कि 25 जुलाई 2017 को समायोजन रद्द हो जाने के पश्चात अब तक बहुत साथी दुनिया से अलविदा हो गए। जिस कारण उनकी आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि सभा का आयोजन होना है उसके बाद सभी शिक्षामित्र कैंडल मार्च करते हुए शाम पांच बजे नहर कालोनी से सरदार पटेल की प्रतिमा तक जाएंगे। ।

व्यापार मंडल की मासिक बैठक आज

फतेहपुर। जिला उद्योग व्यापार मंडल (पंजी .) की मासिक बैठक शहर के हरिहरगंज स्थित होटल शांतिगंगा में आयोजित होगी। जिसमें जिला नगर एवं कस्बे के समस्त व्यापारी बंधु व पदाधिकारियों के साथ-साथ जिला बस एसोसिएशन के पदाधिकारी समय से उपस्थित हों। यह जानकारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश दुबे ने दी।

सुरक्षा जवान भर्ती कैंप में 17 युवाओं का चयन

फतेहपुर। मुख्य विकास अधिकारी व जिला सेवायोजन अधिकारी के सहयोग से शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से सोमवार को विकास खंड तेलियानी में सुरक्षा जवान भर्ती कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें 32 बेरोजगार युवाओं ने पंजीयन कराया। जिसमें मापदंड के बाद जीडीएक्स ग्रुप के भर्ती अधिकारी रामकिशन सिंह ने 17 युवाओं का चयन किया।

एक नजर

गालीगलौज कर ग्रामीण को हसिया मारा

कायमगंज। क्षेत्र के गांव ज्योना निवासी पवन ने कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकद्मे में कहा है वह 14 जुलाई दोपहर गांव के ही तिराहे के पास बरगद के पेड़ के समीप बैठा था। तभी गांव के शैलेष, सतेंद्र, आतोष, करन गाली गलौज करने लगे। जब पवन ने विरोध किया तो आरोपितों ने लाठी डंडो व हसिया मार कर घायल कर दिया। पवन की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

घर में घुसकर की मारपीट रिपोर्ट दर्ज

कायमगंज। तराई क्षेत्र के गांव अहमदगंज निवासी सनी ने कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकद्मे में कहा है घर में घुसकर गांव के अनूप, शिवान्धम, शिवांग, अनिल ने लाठी डंडो से मारपीट कर घायल दिया।

पांचाल घाट पुल पर ट्रक की टक्कर से बीमा एजेंट घायल

फर्रुखाबाद। जनपद कानपुर निवासी निजी कंपनी का बीमा प्रतिनिधि काम से फर्रुखाबाद आया हुआ था। इटावा बरेली नेशनल हाईवे पर पांचाल घाट पुल पर पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक युवक के पैर पर गिर गई और उसका पैर टूट गया। साथियों ने एंबुलेंस से लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जनपद कानपुर के थाना क्षेत्र व कस्बा नौबस्ता निवासी अमन शुक्ला (28) एक निजी कंपनी में बीमा प्रतिनिधि है। सोमवार को कंपनी के काम से फर्रुखाबाद बाइक से आए थे। जब पांचाल घाट पुल से गुजर रहे थे तभी पीछे से ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर अमन शुक्ला के पैर पर ही गिर गई और उनका दायां पैर टूट गया। सूचना पर पहुंचे फर्रुखाबाद निवासी परिजन व उनके मित्र उन्हें लेकर जिला अस्पताल लोहिया आए।

सबमर्सिबल का प्लग लगा रहे किशोर को लगा करंट

फर्रुखाबाद। थाना कमालगंज क्षेत्र निवासी किशोर घर में सबमर्सिबल का प्लग लगा रहा था। उसी दौरान उसे बिजली का जोरदार झटका लग गया, जिससे वह बेहोश हो गया। किशोर के बाबा एंबुलेंस से लेकर जिला अस्पताल लोहिया आए। थाना कमालगंज क्षेत्र के मोहल्ला इंद्रा नगर निवासी नीरज का 15 वर्षीय पुत्र सुमित सोमवार शाम को घर में समर का प्लग लगा रहा था।उसी दौरान उसे बिजली का करंट लग गया। जिससे सुमित बेहोश हो गया। उसके बेहोश होते ही घर में चीख पुकार मच गई। मां रीता और ससुर भगवान दास, भाई नीतेश एंबुलेंस से लेकर सीएचसी कमालगंज पहुंचे।हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल लोहिया रेफर कर दिया गया।जहां अब किशोर का उपचार जारी है। युवक को होश नहीं आया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। ईएमओ डॉ अभिषेक चतुर्वेदी ने बताया कि उपचार किया जा रहा है।

वरासत में गलत रिपोर्ट पर कानूनगो व लेखपाल सस्पेंड

सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तल्ख नजर आए जिलाधिकारी, फरियादी लेकर आए 188 शिकायतें मात्र 14 का हुआ निस्तारण

संवाददाता,कायमगंज फर्रुखाबाद

अमृत विचार। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी तल्ख लहजे में नजर आए। उन्होंने वरासत में गलत रिपोर्ट लगाने पर कानूनगो व लेखपाल को निलंबित करने निर्देश दिए है। सम्पूर्ण समाधान दिवस 188 शिकायतों में 14 का निस्तारण हुआ।

सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी डा. वीके सिंह व एसपी आलोक प्रियदर्शी की मौजूदगी मं हुआ। समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने साफ कहा कि शिकायकर्ता को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। 7 दिन के अंदर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किया जाए, जिस विभाग की शिकायत है। उस विभाग से संबंधित अधिकारी मानीटरिंग भी करे। उन्होंने कहा यदि कोई शिकायकर्ता फर्जी शिकायत कर रहा है और जांच में सहयोग नहीं कर रहा है तो निस्तारण के लिए टीम बनाए और दोनो पक्षों को सुने। उन्होंने निर्देश दिए कि निस्तारण में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। जमीन से संबंधित शिकायतों की सूची बनाकर न्यायालय में बिचाराधीन मामलों को अलग सूची में दर्ज करें। जबकि न्यायालय रहित शिकायतों का जल्द निस्तारण करे। फरियादियों में कुबेरपुर निवासी अमान वरासत के संबंध में शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी ने मौके पर कानूनगो व लेखपाल को बुलाया। सभी अभिलेख चेक किए। जहां गलत रिपोर्ट पाई जाने पर कानूनगो जगदीप सिंह व गिर्द के लेखपाल निखिल मिश्रा को निलंबित कर दिए। बिजली विभाग की समस्याए ज्यादा आने पर उन्होंने एक्सईएन विद्युत संजीव कुमार को बुलाया और निर्देशित किया कि वह शमसाबाद, नवाबगंज, कंपिल, कायमगंज कैंप लगाए। 15 दिन के अंदर समस्या का निस्तारण करें। कंपिल क्षेत्र के गांव पहाड़पुर निवासी गौरक्षक दानवीर सिंह ने हल्का इचार्ज गौवंश तश्करों से सांठ गांठ कर मोटी रकम लेकर छोड़ देते है। उन्होंने कार्रवाई मांग की। रायपुर के मोहममद वकील ने कहा कि उनकी जमीन पर कुछ लोगो ने कब्जा कर लिया है। कंपिल के बिल्सड़ी निवासी ओमशिव चतुर्वेदी ने फरियाद कि एक ही व्यक्ति के दो नामों पर तीन शस्त्र लाईसेंस फर्जी आईडी बनाकर लिए गए है। इस पर एसपी ने सीओ को जांच के आदेश दिए। कंपिल क्षेत्र के गांव जिनौल निवासी रघुवीर सिंह ने फरियाद कि क्षेत्रीय लेखपाल 10 हजार रुपए पैमाइस के नाम पर रिश्वत मांगी। किसान नेताओं ने शमसाबाद सीएचसी अधीक्षक को हटाने की मांग की। इस दौरान 188 शिकायती पत्र आए जिसमें 18 का निस्तारण किया गया। इस मौके पर सीडीओ अरविंद्र कुमार मिश्रा, एसडीएम रविंद्र सिंह, तहसीलदार विक्रम सिंह जाहर, सीओ जय सिंह परिहार, सीएमओ समेत जिले के अधिकारी व उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।

समाधान दिवस में फरियाद सुनते जिलाधिकारी, एसपी व अन्य। अमृत विचार

तहसील में विरोध दर्ज कराती महिलाएं। अमृत विचार

हेल्थ डेस्क पर लोगों के स्वास्थ्य का हुआ परीक्षण

समाधान दिवस के दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से हैल्थ डेस्क लगाई गई जिसमें लोगो के स्वास्थ का परीक्षण किया गया और दवाईया वितरित की गई। वही गर्मी को देखते हुए ओआरएस का वितरण किया गया।

सदभावना पार्क में उगी घास, मांगा स्पष्टीकरण

कायमगंज। समाधान दिवस के बाद जिलाधिकारी, एसपी प्रशासनिक अमले के साथ बाईपास स्थित सदभावना पार्क पहुंचे। जहां वृक्षारोपण किया। वहां बड़ी बड़ी घास देख कर डीएम बीडीओ से नाराज हुए। उन्होंने संबंधित सचिव से स्पष्टीकरण मांगा है।

जिलाधिकारी को शुकरुल्लापुर प्राथमिक विद्यालय में खामियां मिलीं

फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी डॉ वीकेसिंह ने प्राथमिक विद्यालय शकुरुल्लापुर का औचक निरीक्षण किया ।निरीक्षण में विद्यालय में पंजीकृत 58 बच्चों के सापेक्ष 12 बच्चे उपस्थिति पाये गये। जबकि उपास्थित पंजिका में 22 बच्चे उपस्थिति दर्शाये गये थे ।शिक्षा का स्तर निम्न पाया गया। मिड डे मील शेड्यूल के अनुसार व गुडवत्ता पूर्ण नही था ।विद्यालय में केवल प्रधानाध्यापिका बीना राठौर उपस्थिति पाई गई। सहायक अध्यापिका प्रसूति अवकाश पर पाई गई।

जिलाधिकारी व एसपी ने कावड़ यात्रा की तैयारियों का किया निरीक्षण

फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी डॉ वीकेसिंह व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने संयुक्त रूप से ढाई घाट पर कांवड़ यात्रा व गंगा स्नान की तैयारियों का निरीक्षण किया । जिलाधिकारी ने घाट पर बेरिकेडिंग कराने, प्रकाश की व्यवस्था करने व चेतावनी बोर्ड लगाने के लिये निर्देशित किया ।घाट पर दुकान लगाये दुकानदारों को साफ सफाई रखने व खाद्य पदार्थों को ढक कर रखने के लिये निर्देशित किया ।थानाध्यक्ष शमसाबाद को सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया गया।

पंडा बाग में शिवलिंग पर दूध चढ़ाते भक्त। अमृत विचार

सुबह से ही महिलाएं लाइन में लगी नजर आईं। अमृत विचार

सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में भक्तों की भीड़

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। सावन के पहले सोमवार को शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगो से सुवह से ही भोले भंडारी को भांग धतूरा,बेल पत्र चढ़ाकर पूजा अर्चना शुरू कर दी। बैसे तो प्रत्येक शिवालय में अवढरदानी के भक्तो की भीड़ लगी रही। लेकिन सर्वाधिक भीड़ पंडा बाग स्थिति पांडेश्वर नाथ मंदिर पर रही। इस मंदिर का इतिहास महाभारतकाल से जुड़े होने के कारण यहां दूरदराज से शिव भक्त आकर पूजा अर्चना करते है।

बताते चले कि फर्रुखाबाद में सर्वाधिक शिवालय होने की बजह से इसे अपरा काशी भी कहा जाता है। पंडित अशोक शास्त्री बताते हैं कि महाभारत काल में पांडवों ने सर्वाधिक अज्ञातवास के दिन फर्रुखाबाद में ही बिताए थे ।वह जिस स्थान पर रहे उसे आज भी पांडा बाग के नाम से जाना जाता है। पांडवों के अज्ञातवास के दौरान उनकी मां कुंती भी उनके साथ आई थी ।कुंती की पूजा अर्चना के लिए पांडवों ने यहां शिवलिंग की स्थापना कराई थी ।जिसे पांडेश्वर नाथ के नाम से जाना जाता है ।इस पांडेश्वर नाथ मंदिर पर वैसे तो हर दिन मेला लगा रहता है ।लेकिन सावन मास में भक्तों की भीड़ उमडती है जिसकी वजह से पुलिस को यातायात व्यवस्था सुचारू रखने में पसीने आते रहते है। सावन के पहले सोमवार के दिन शहर के शिवालियों में भक्तों की भारी भीड़ रही। इसी तरह से लगभग साल 200 साल पुराने मंदिर पुठरी में कावड़ियों ने गंगाजल ले जाकर भगवान शंकर को अर्पित किया। बताते चले की थाना मोहम्मदाबाद के गांव पुठरी में बने इस मंदिर पर एक माह तक मेला लगता है। इसी तरह से गंगा तक पांचाल घाट पर सभी शिवालियों पर भक्तों की भारी भीड़ रही। पूरे दिन ओम नमः शिवाय का मंत्र गूंजता रहा ।आवास विकास स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर आज शिव पुराण का आयोजन किया गया। यहां भारी संख्या में भक्तों ने आकर शिव पुराण का श्रवण किया तथा नर्मदेश्वर महादेव की पूजा अर्चना की ।इस मंदिर पर व्यवस्था संभालने के लिए पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार, विजय कटियार अनिल सिंह भदोरिया, मृदुल कटियार, आरबी सिंह ने पूरा सहयोग किया। बढ़पुर स्थित देवी मंदिर पर भी भक्तों की भारी भीड़ रही ।आज पूरे दिन भोले भंडारी के भक्त सड़कों पर नंगे पैर निकलकर भोले के जय जयकार करते हुए मंदिरों में पहुंचे और उन्होंने पूजा अर्चना की। पूरे दिन शिवालयो में चले हवन यज्ञ की वजह से जिले का वातावरण शिव मय हो गया और भारी संख्या में भक्तों ने भोलेनाथ को जल अर्पित करके मनोती मांगी।

सार-संक्षेप

बैंक के साथ धोखाधड़ी करने पर मां व बेटों पर रिपोर्ट दर्ज

कायमगंज। रायपुर के आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज कराए गए मुकद्मे में कहा है 11 अप्रैल 2019 को कंपिल क्षेत्र के गांव नगला धनी निवासी रघुनंदन, दयाशंकर व उसकी मां विद्यावती को केसीसी पर 1 लाख 58 हजार ऋण दिया था। प्रबंधक का कहना है कि जब उनके प्रपत्रों का निरीक्षण किया गया तो पता चला कि उक्त आरोपितों ने जानबूझ कर बंधक भूमि को निर्मला देवी नगला धनी के हक में विक्रय कर दिया जिसमें बैंक के साथ धोखाधड़ी की गई है।

परचून की दुकान से 86 हजार रुपये चोरी

फर्रुखाबाद। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बनखडीया जेएनवी रोड पर स्थित एक किराना की दुकान की गोलक तोड़कर उसमें रखे करीब 86 हजार रूपये पार कर दिए ।पीछे के दरवाजे पर बक्से से करीब 80 हजार निकाल और दुकान की गोलक में 6 हाजार पार कर उड़न छू हो गए ।सुबह दुकान मालिक ने देखा तो उसके होश उड़ गए ।वनखड़िया जेएनवी रोड निवासी रामनिवास शाक्य की किराना की दुकान है। सुबह जब दुकान खोलने के लिए उठे तो उन्होंने देखा कि उनकी गोलक बाहर पड़ी हुई है। गोलक में रखे रुपए भी गायब है। तो उन्हें शक हुआ आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस में मौके पर जाकर सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिसमें चोर चोरी करता हुआ सीसीटीवी में कैद हो गया। पुलिस जांच में जुटगई है।

बाइक के सामने कुत्ता आ जाने से दंपति समेत 4 घायल

फर्रुखाबाद। थानां कमालगंज क्षेत्र में बाइक के सामने कुत्ता आ जाने पर दम्पति समेत चार लोग घायल हो गए। याकूतगंज ससुराल से वापस जा रहे बाइक सवार जब थाना कमालगंज क्षेत्र से निकल रहे थे। तभी बाइक के सामने कुत्ता आ गया। उसे बचाने के चक्कर में बाइक का अनियंत्रित होकर गिर गई। दंपति और उनके दो बच्चों घायल हो गए। पड़ोसी जिला कन्नौज के थाना गुरसहायगंज के निबिया जलालपुर निवासी पवन कुमार अपनी पत्नी मान देवी पुत्र जितेश और आर्यन के साथ फर्रुखाबाद के याकूतगंज के पास स्थित अपनी ससुराल आए थे ।पत्नी और बच्चों के साथ वापस जा रहे थे ।जब थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्रान तुड़ा नगला पहुंचे, तभी बाइक के सामने कुत्ता आ गया ।जिससे बाइक अनियंत्रित होकर फिसल कर गिर गई ।स्थानीय लोगों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया ।जहां से लोहिया अस्पताल भेज दिया गया।

शिक्षामित्रों ने खण्ड शिक्षाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

फर्रुखाबाद । आदर्श समायोजित शिक्षक, शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन ने खंड शिक्षाधिकारी राजेपुर को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। सोमवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र पहुंचे शिक्षामित्रों ने बीईओ अनूप कुमार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक ऑनलाइन हाजिरी का विरोध जारी रहेगा। शिक्षामित्रों ने कहा कि अध्यादेश के माध्यम से शिक्षामित्रों को पुन: सहायक अध्यापक पद पर पदस्थापित किया जाए। महिला शिक्षामित्रों को उनकी ससुराल के जनपद के विद्यालयों में स्थानांतरण पाने का अवसर प्रदान करें। जिले के अंतर्गत शिक्षामित्रों को उनके मूल विद्यालय, निकटतम विद्यालय में वापस होने का अवसर दिया जाए। कैशलेस चिकित्सा की सुविधा मिले। आकस्मिक अवकाश 11 के स्थान पर 14 किए जाएं। इसके साथ ही अन्य मांगें भी रखीं। जिलाध्यक्ष अनुराग पांडेय, आर्यंद्र विक्रम सिंह, राहुल मिश्र, विजय सिंह, राजेश कुमार, संजय मिश्र, दिव्या वर्मा, ब्रजमोहन, अजय पाल, जय शंकर मिश्र, गुलजार अहमद और रामवीर आदि मौजूद रहे।

हॉस्टल में बीटेक छात्र का फंदे से लटकता मिला शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

अमृत विचार। अकबरपुर क्षेत्र के बारा स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज के हॉस्टल में हमीरपुर के रहने वाले बीटेक द्वितीय वर्ष के छात्र का शव फंदे पर लटकते मिला। कॉलेज प्रबंधन ने उसे फंदे से उतारकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

हमीरपुर जनपद के गुजर्रा ककरऊ गांव का रहने वाला पुष्पेंद्र कार (20) अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के बारा गांव के पास प्रभात इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक मैकेनिकल द्वितीय वर्ष का छात्र था। वह इंजीनियरिंग कालेज के हॉस्टल के कमरा नंबर 209 में रहता था। रविवार को ही वह अपने गांव से कॉलेज लौटा था और देर शाम उसने हॉस्टल के कमरे में फंदा लगा लिया। छात्रों ने खिड़की से उसे फंदे पर लटकता देखा तो शोर मचाया।

जानकारी मिलने पर कालेज के एडमिन अफसर हरेंद्र गुप्ता और चीफ प्रॉक्टर योगेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे। छात्रों की मदद से पुष्पेंद्र को फंदे से उतारकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इमरजेंसी डॉ. निशांत पाठक ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद कालेज प्रबंधन स्पष्ट जानकारी देने से कतरा रहा है।

अकबरपुर कोतवाल सतीश कुमार सिंह ने बताया कि छात्र के परिजनों को सूचना भेजने के साथ छानबीन की जा रही है। आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा और रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

पुष्पेंद्र कुमार।

- कॉलेज प्रबंधन ने फंदे से उतारकर जिला अस्पताल पहुंचाया
- हमीरपुर का रहने वाला था छात्र रविवार को घर से लौटा था

इमरजेंसी में 2 घंटे खाली रही डेस्क, मरीज परेशान

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। जिला अस्पताल लोहिया की व्यवस्थाएं बदहाल है, यह तो किसी से छुपा नहीं है। इमरजेंसी सेवाओं के प्रति भी स्टाफ गंभीर नहीं है। जिसकी बजह रविवार को देखने को मिली। इमरजेंसी में भर्ती होने वाले मरीजों के जिस कंप्यूटर ऑपरेटर डेस्क पर पर्चा बनाए जाते हैं। ब्लड बैंक के निजी अस्पताल के मरीजों की फीस जमा होती है। 24 घंटे चालू रहने वाली ऐसी डेस्क पर कर्मचारी दोपहर में गायब हो गया। जिससे कई मरीजों को परेशानी हुई।

जिला अस्पताल लोहिया के इमरजेंसी में मरीजों को भर्ती करने से पहले ऑनलाइन पर्चा बनवाना जरूरी है। यह व्यवस्था ई हॉस्पिटल के अंतर्गत काफी समय से जारी है। इसके लिए अलग से कंप्यूटर कक्ष बना है जहां पर राउंड द क्लॉक कर्मचारी की नियुक्त होती है।

स्वास्थ्य | प्रदेश के 27 जिलों में 10 अगस्त से फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जाएगा

फाइलेरिया अभियान की सफ़लता के लिए दिया प्रशिक्षण

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। फाइलेरिया रोग की भयावह स्थिति को जानना हो तो जिस व्यक्ति को यह रोग हो गया है उससे जाकर जानकारी करो कि कितना तकलीफ़ देह होता है यह रोग। इसी रोग के उन्मूलन की लिए प्रदेश के 27 जिलों में 10 अगस्त से फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसी को लेकर सीएचसी बरोन में सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया।

जिला मलेरिया अधिकारी नौसाद अली ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत घर घर जाकर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जायेगी। मेरी जनसामान्य से अपील है कि स्वास्थ्य कर्मियों के सामने ही दवा खाएं अगर कोई परेशानी होती है तो रैपिड रिस्पांस टीम द्वारा फौरन आपका इलाज किया जायेगा।

परिचय सुपरवाइजर को प्रशिक्षण देते अधिकारी। अमृत विचार

डीएमओ ने कहा कि हाईड्रोसील हो जाना, हाथी पांव हो जाना, महिलाओ के स्तन में सूजन आ जाना यह सब फ़ाईलेरिया रोग के लक्षण हैं, फ़ाईलेरिया रोग मच्छरों द्वारा फैलता है । खासकर क्यूलैक्स मादा मच्छर के जरिए । जब यह मच्छर किसी फाइलेरिया रोग से ग्रसित व्यक्ति को काटता है तो वह संक्रमित हो जाता है फिर यह मच्छर रात के समय किसी स्वस्थ्य व्यक्ति को काट लेता है तो फाइलेरिया रोग के परजीवी रक्त के जरिए उसके शरीर में प्रवेश कर उसे भी फाइलेरिया रोग से ग्रसित कर देते हैं। इस बीमारी का कारगर इलाज नहीं है। इसकी रोकथाम इसका समाधान है। फाइलेरिया के लक्षण नहीं दिखने पर भी इस दवा का सेवन करना जरूरी है। डीएमओ ने बताया कि फ़ाईलेरिया रोग प्रबंधन के लिए पहली बार 1 वर्ष से ऊपर और 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को एल्वेंडाजोल की आधी टैबलेट खिलाई जा रही है 1 2 वर्ष से ऊपर तथा 5 वर्ष से छोटे बच्चों को डी.ई.सी. की 1 टैबलेट और एल्वेंडाजोल की 1 टैबलेट एवं 5 वर्ष से ऊपर और 15 वर्ष से छोटे बच्चों को डी.ई.सी. की 2 टैबलेट व एल्वेंडाजोल की 1 टैबलेट तथा 15 वर्ष से ऊपर सभी व्यक्तियो को डी.ई.सी. की 3 टेबलेट व एल्वेंडाजोल की 1 टैबलेट खिलाई जायेगी । डी.ई.सी. एवं अलबेन्डाजोल की टैबलेट को खाली पेट नहीं खाना चाहिए। यह दवाएं खाना खाने के बाद खानी है ऐसे व्यक्ति जो अधिक बीमार हो, गर्भवती एवं दो वर्ष से कम आयु के बच्चों को फाइलेरिया की दवा नहीं खिलाई जाएगी। सीएचसी बरोन के एमओसी डॉ अनुनय कुटार, पाथ संस्था से डॉ अरुण मौजूद रहे।

फाइलेरिया के लक्षण

- **सामान्यत:** तो इसके कोई लक्षण स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देते हैं।
- बुखार, बदन में खुजली तथा पुरुषों के जननांग और उसके आस-पास दर्द और सूजन की समस्या दिखाई देती है।
- पैरों व हाथों में सूजन, हाथी पाँव और हाइड्रोसिल के रूप में भी यह समस्या सामने आती है।

फाइलेरिया से बचाव

- मच्छरो से बचने के लिए मच्छर दानी का प्रयोग करें
- घर के आस-पास कूडे को इकट्ठा न होने दें, कूडेदान का प्रयोग करे
- आसपास पानी न जमा होने दे
- गन्दे पानी में केरोसिन भी डाल दे
- चोट या घाव वाले स्थान को हमेशा साफ़ रखे
- पूरी बाजू का कपड़ा पहने

इनकमिंग मशीन खराब होने से गुल रही 200 गांव की बिजली

फर्रुखाबाद। भटासा फीडर की इंकमिंगमशीन शराब हो जाने से 200 गावो की विजली गुल रही।

भटासा फीडर से त्यौरखास, बरखेड़ा, अहियापुर, किंदर नगला, पदम् नगला, दारापुर, भौरुआ, रशीदाबाद, रशीदपुर, करनपुर, सुजातपुर व बरखेड़ा समेत करीब 200 गांवों को बिजली आपूर्ति की जाती है। सोमवार सुबह करीब पांच बजे भटासा फीडर की इनकमिंग मशीन खराब हो गई। इससे 200 गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। जानकारी मिलने पर जेई वसीम रजा मौके पर पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों को लगाकर इनकमिंग मशीन को ठीक करवाना शुरू किया। सायं करीब छह बजे तक इनकमिंग मशीन में काम चल रहा था। पूरे दिन बिजली न आने से ग्रामीणों को भीषण गर्मी में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हैंडपंपों पर लोग पानी भरने को मजबूर हुए।

प्रवेश प्रारम्भ | प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

सावन के पहले सोमवार पर हर-हर महादेव से गूंजे शिवालय

शिव मंदिरों में उमड़े आस्थावान, जलाभिषेक का क्रम रहा जारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

सावन के पहले सोमवार पर बाबा गौरीशंकर मंदिर में जल अभिषेक करते श्रद्धालु।

सीताराम धाम में प्रसाद वितरित करते भाजपा नेता देवेन्द्र देव।

श्री राम मंदिर में भोलेनाथ का अभिषेक करते श्रद्धालु।

अमृत विचार। सावन महीने के पहले सोमवार को शहर के शिवालयों में हर-हर महादेव, जय ओम शिवकारा की गूंज सुनाई दी। सुबह से ही श्रद्धालुओं की मंदिरों में खासी भीड़ रही। वहीं शिव मंदिरों के साथ अन्य मंदिरों पर भी दिनभर भक्तों को तांता लगा रहा है। सिद्धपीठ बाबा गौरीशंकर में आस्थावनों की भारी भीड़ उमड़ी। अन्य शिवमंदिरों में भी भोलेबाबा का दूध, जल से अभिषेक किया गया। पुष्प, बेल पत्र, आक, धतूरे से सजाकर महाआरती की गई।

शहर के सिद्धपीठ बाबा गौरी शंकर मंदिर, बाबा विश्वनाथ मंदिर, आनंदेश्वर समेत अन्य शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। इस दौरान मंदिरों ने शिव का महाभिषेक भी किया गया। महामृत्युंजय के जाप शुरू हुए तथा रुद्राभिषेक का भी क्रम चला।

वहीं सावन मास में एक महीने तक प्रत्येक शिव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का क्रम चलेगा। पहले सोमवार को बाबा गौरीशंकर मंदिर में दर्शन करने के लिए सुबह 5 बजे से ही लगी लंबी-लंबी लाइन लग गईं तो दोपहर तीन बजे तक लगी रहीं। मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इसके अलावा सावन महीने के पहले सोमवार को कई लोगों ने घर पर ही भगवान शिव की पूजन का बंदोबस्त किया। आस्थावानों ने व्रत रखकर शिव की पूजा अर्चना की। शिव के प्रिय बेल पत्र, धतूरा, भांग, शमी आदि के साथ ही फूल प्रसाद से आराधना की। पंडित हरिओम दुबे ने कहा कि सावन महीने में भगवान शिव की पूजा से मनवांछित फल प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि इस महीने में भगवान भोले शंकर को दूध, दही, घी, मक्खन, गंगाजल, वेल पत्र, आक, धतूरा आदि चढ़ाना चाहिए, क्योंकि इस माह में भगवान भोले नाथ की सच्चे मन से आराधना की जाए, तो उसे मनवांछित फल प्राप्त होता है। वहीं सावन महीने में बेल पत्रों व पुष्पों की मांग बढ़ गई है।

- **पुष्प, बेलपत्र, आक, धतूरा और भांग से की पूजा-अर्चना महाआरती में उमड़ी भीड़**

गुरसहायगंज में भी आस्था का रेला, रुद्राभिषेक

गुरसहायगंज। सोमवार को कस्बा के रेलवे रोड चौराहा स्थित श्रीराम मंदिर, सर्विस रोड स्थित सती माता मंदिर, पावर हाउस स्थित गंगेश्वर नाथ मंदिर, चकोर रोड स्थित पशुपतिनाथ मंदिर, रामगंज स्थित शिव मंदिर, तिराहा स्थित संतोषी माता मंदिर, अफसरी स्थित काली देवी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की उपासना की। नगर के रेलवे स्टेशन स्थित प्राचीन शिव मंदिर वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता, पालिकाध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने पूजा वंदना एवं जलाभिषेक किया। इस दौरान मनोज गुप्ता, नवल किशोर गुप्ता, दीपक सिंह, गंगा सिंह कुशवाह, रानू गुप्ता सहित तमाम श्रद्धालु रहे।

भोर पहर से ही मंदिरों में जुटने लगी भीड़

तिर्वा, कन्नौज। सावन के पहले सोमवार को लेकर शिवभक्तों ने सुबह से ही दौलेश्वर समेत अन्य शिव मंदिरों में जाकर विधिविधान के साथ पूजा अर्चना कर मनौती मांगी। शिव मंदिरों में सोमवार को मेला का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में आए शिवभक्तों ने विधिविधान के साथ पूजा अर्चना की। सुबह तीन बजे से दौलेश्वर मंदिर में शिवभक्तों का आना शुरू हो गया। कई शिवभक्तों ने गंगा स्नान करने के बाद मंदिर आकर शिव का जलाभिषेक कर पूजा सामग्री अर्पित की। सुरक्षा के लिए तहसीलदार अवनीश कुमार, एसडीएम अशोक कुमार, कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह, सीओ डा. प्रियंका बाजपेयी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

छिबरामऊ स्थित शिवमंदिर में पूजा अर्चना करते भक्त। अमृत विचार

शिवजी का दूध, दही, गंगाजल से किया अभिषेक

छिबरामऊ। सावन माह के प्रथम सोमवार पर भक्तों ने नगर के शिव मंदिरों पर जाकर शिवलिंग पर दूध, दही व गंगाजल से अभिषेक करके सोमवार के व्रत की कथा की। वहीं सोमवार का व्रत भी रखा। पंडित बनारसीदास शास्त्री ने बताया की सावन के महीने में रखे गए सोमवार के व्रत वर्ष भर के व्रतों का फल प्रदान करता है। सावन का महीना भगवान शिव का माह माना गया है। इस माह में भगवान शिव की अपने भक्तों पर विशेष कृपा बनी रहती है। इस महीने में भगवान शिव के पावन शिवलिंग पर गंगाजल, दूध व दही से अभिषेक करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं। इसके अलावा शिव जी को भांग, धतूरा, बेलपत्र, मदार आदि अर्पित करें।

कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण की कथा शुरू

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- **18 पुराणों में से एक है श्री शिव पुराण: आचार्य रमाकांत**

अमृत विचार। शिव महापुराण में उल्लेख है कि जब भगवान शिव की पत्नी माता सती अपमानित होकर अपने पिता दक्ष के यज्ञ कुंड में कूदकर सती हो गई थी। तो शोक में भगवान शंकर उनका शरीर लेकर विभिन्न स्थानों में घूमते रहे।

यह बात सोमवार को शिव महापुराण के प्रथम दिवस पर वृंदावन से आए कथा व्यास आचार्य रमाकांत महाराज ने कही। उन्होंने बताया मणिकर्णिका घाट के पास ही माता सती का सिर टूट कर गिर पड़ा। सती जी से लगाव के कारण उस स्थान को शिव जी ने इसको अपना निवास स्थान बना लिया तथा शिवगण भी अपने भगवान के साथ वही रहने लगे। उसी समय से इस स्थान का नाम गोरी मुख हुआ। अपनी पूजा करवा कर काशी वासियों को भगवान शंकर वरदान देने लगे, लेकिन देवदास राजा की रानी को एक पुत्र होने का वरदान नहीं मिला। इस बात से नाराज होकर राजा ने निकुंभ के स्थान को नष्ट करवा दिया। निकुम्भ ने इस बात पर श्राप दिया कि काशी जनशून्य हो जाए। तब राजा ने गोमती गंगा के संगम पर विराट नाम की एक नई नगरी बसाई और वहीं रहने लगे। प्रदीप गुप्ता, संदीप गुप्ता, दिलीप गुप्ता, जयदीप गुप्ता, सोनी गुप्ता, अनुष्का गुप्ता, निधि गुप्ता, राधा, देवकी, सोनी, आरती सहित महिला पुरूष भक्तों ने सोमवार सुबह सिर पर कलश रखकर नगर के मुख्य मार्गों पर यात्रा निकाली और नगर के देवालयों में पूजा अर्चना की। इसके बाद कलश यात्रा वापस कथा स्थल पर पहुंची। जहां कथा व्यास ने हवन पूजन के बाद कथा का शुभारंभ किया और भक्तों को प्रथम दिवस की कथा सुनाई।

नगर में कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

मोहर्रम जालिम व मजलूम के बीच फर्क बताने का महीना

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

- **सौरिख पहुंचे आल इंडिया पर्सनल बोर्ड के सचिव यासूब अब्बास का हुआ स्वागत**

अमृत विचार। लखनऊ से आए मौलाना जनाब यासूब अब्बास आल इंडिया पर्सनल वोर्ड के सचिव का एक्सप्रेस वे सौरिख कट पर मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष अली अब्बास के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने स्वागत किया उसके बाद मौलाना अली अब्बास के घर पहुंचे और उन्होंने वहां इमामबाड़े पर मजलिस को खिताब फरमाया उन्होंने कहा कि मोहर्रम ग़म का महीना होने के साथ साथ ज़ालिम और मजलूम में फर्क बताने का महीना भी है। मोहर्रम में दो महीने आठ दिन शिया समुदाय के साथ साथ हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई व हर मज़हब के लोग हजरत इमाम हुसैन की शहादत का ग़म मनाते हैं। इससे साबित होता है कि इमाम हुसैन किसी एक विशेष धर्म के नहीं बल्कि पूरी इंसानियत के रहबर हैं। यही मोहर्रम, इमाम हुसैन और इस्लाम का पैग़ाम है। इस मौके पर मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष अली अब्बास, तौसीफ यूसुफ, इंतजार अली, बिलाल अली, गुलाम साबिर, मेहराज खान, शिब्बू गांधी, शमशुल प्रधान, हैदर अब्बास, जफर अब्बास, शोएब अब्बास, शमशुल हसन, जावेद अनवर, अनवार हैदर, तेहजूबुल हसन, कदीर अली रहे।

अब वरिष्ठ नागरिक भी खेलेंगे और पढ़ेंगे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **एनाग्राम फाउंडेशन ने की संसाधन केंद्र की शुरुआत**

अमृत विचार। रिटायरमेंट के बाद वरिष्ठ नागरिकों को कई बार उपेक्षा व अनदेखी का सामना करना पड़ता है तो कई बार अकेलापन भी भारी पड़ता है। ऐसे में समाज के इस वर्ग के लिए एनाग्राम फाउंडेशन ने महत्वपूर्ण पहल करते हुए संसाधन केंद्र की शुरुआत की है। यहां पर आकर बुजुर्ग अपनी क्षमता व रुचि के हिसाब से खेलने के साथ ही पढ़ भी सकेंगे। अभी छोटे से दायरे में हुई इस शुरुआत के बीच पुस्तकालय की स्थापना की गई है। संस्थापक सौरभ चौहान का कहना है कि यहां आकर बुजुर्ग अपने अकेलेपन से लड़ने के साथ कुछ सार्थक कर सकेंगे।

संसाधन केंद्र की शुरुआत रविवार को देर शाम इंद्रपाल सिंह चौहान व श्रीमती शशि चौहान ने संयुक्त रूप से की। इससे पहले अषाढ़ी पर्व पर सत्यनारायण भगवान की कथा व प्रसाद वितरण किया गया। शुभारंभ के मौके पर डॉ. सौरभ ने कहा कि केंद्र का उद्देश्य है वरिष्ठ नागरिकों के लिए विभिन्न सवाएं व अवसर उपलब्ध कराना है। बताया कि एक शोध के अनुसार अगले 25 वर्षों में वरिष्ठ नागरिकों संख्या दोगुनी से भी ज्यादा यानी कुल जनसंख्या का 20 प्रतिशत हो जाएगी। ऐसे में इस वर्ग के लिए सेवाएं व संसाधन विकसित करना सरकार के साथ समाज की भी जिम्मेदारी है। इसी मंशा से फाउंडेशन की स्थापना की गई है। यहां पर पुस्तकालय के साथ ही खेलों का भी प्रावधान किया गया है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए केंद्र की सदस्यता निशुल्क है। केंद्र की सुविधाओं का लाभ कक्षा पांच तक के बच्चे उठा सकेंगे लेकिन उनको यहां अपने दादा-दादी या नाना-नानी के साथ आना होगा। शुभारंभ के मौके पर वरिष्ठ नागरिक समिति के जिलाध्यक्ष स्मरजित अग्निहोत्री, वरिष्ठ अधिवक्ता बिजेंद्र सिंह तोमर, रिटायर्ड बैंक मैनेजर उमाकांत पाठक, प्रफुल्ल केलकर, जेएन तिवारी, केके मिश्रा, रुकमंगल सिंह आदि समेत कई वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे।

संसाधन केंद्र का शुभारंभ करते आईपीएस चौहान, शशि चौहान व डॉ. सौरभ चौहान।

सार-संक्षेप

जमीन बंटवारे को लेकर युवक से मारपीट, घायल

सौरिख, कन्नौज। जमीन बंटवारे के विवाद को लेकर दबंगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल ने थाने पहुंचकर प्रार्थना पत्र देकर दबंगों पर कार्रवाई की मांग की। थाना क्षेत्र के नगला धरमाई निवासी कैलाश पुत्र ओमप्रकाश ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि सोमवार सुबह लगभग आठ बजे जमीन बंटवारे के विवाद को लेकर गांव के ही दबंग लोग आए और गाली देने लगे। जब गाली देने से मना किया तो आरोपी लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। शोर सुनकर बचाने पहुंचे लोगों को आता देख दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। पुलिस ने घायल की तहरीर पर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी।

भूजल सप्ताह में छात्र-छात्राओं को जल संरक्षण की दिलाई शपथ

छिबरामऊ, कन्नौज। सोमवार को नेहरू महाविद्यालय में भूजल सप्ताह के आयोजन में छात्र छात्राओं को भूजल के महत्व के बारे में बताया गया तथा मानव शृंखला बनाकर जल संरक्षण का संदेश देकर शपथ दिलाई गई। प्राचार्य डॉक्टर जयवीर सिंह ने बताया कि 16 से 22 जुलाई के मध्य 'जल संरक्षण का करो प्रयास जल ही है जीवन की आस' थीम के साथ भूजल सप्ताह का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं को जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाई तथा भविष्य में जल संकट पर चिंता व्यक्त की। असिस्टेंट प्रोफेसर राघवेंद्र प्रताप सिंह ने जल संरक्षण के बारे में विस्तृत ढंग से समझाया तथा जल संरक्षण के तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि विश्व के कई देश जल संकट से जूझ रहे हैं और आने वाले समय में जल संकट से युद्ध जैसे हालात बन सकते हैं।

छात्र-छात्राओं को शपथ दिलवाते प्राचार्य।

सुबह कड़ी धूप, फिर बारिश से बढ़ी उमस

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

48 घंटे में कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना

- **अधिकतम तापमान 35.2 व न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस**

अमृत विचार। सावन के पहले सोमवार को शहर में सुबह से ही कड़ी धूप निकली लेकिन दोपहर बाद कुछ देर तेज बारिश हुई। इसके बाद फिर से निकली धूप ने उमस बढ़ा दी। मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अगले 48 घंटे में कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना जताई है।

अषाढ़ का महीना बीत चुका है। अषाढ़ी पर बारिश जरूर होती है लेकिन रविवार को पूरा दिन सूखा निकल गया। सोमवार सुबह से दोपहर करीब साढ़े 12 बजे तक तेज धूप निकली और चल रही पूर्वी हवाओं ने उमस में खासी बढ़ोतरी कर दी। इसके बाद बदल छाए रहे। दोपहर करीब तीन बजे के बाद पौन घंटे शहर में तेज बारिश हुई। बारिश के बाद फिर से धूप निकल आई। इसके बाद उमस बढ़ गई। उमस बढ़ने से लोग खासे परेशान दिखे। इसके बाद उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हो गए। कूलर पंखों की भी हवाएं बेजान सी लगने लगी। शरीर से निकलने वाला पसीना बंद नही हो रही था। कई लोगो ने गर्मी से बचने के लिए ठंडे पानी से नहाया। लेकिन कुछ ही देर बाद बदन से फिर पसीना निकलने लगा। तमाम लोग खुले मे जाकर बैठ गए। लेकिन हवाओं ने उनका साथ नही दिया। कुछ देर बाद फिर से हल्की धूप निकली रही। मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि 48 घंटे में कहीं कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। जो किसान धान की रुपाई कर चुके है बारिश न होने पर खेत में सिंचाई करते रहे। मिट्टी को सूखने न दें। जिन किसानों को धान की रुपाई करनी है वो जिक्सन (भूमि सुधारक दवा) का इस्तेमाल जरुर करे। प्रति बीघा में 15 किलो के हिसाब से जिक्सन का प्रयोग करे। जिक्सन का प्रयोग करने से पानी का बचाव होता है। सोमवार को अधिकतम तापमान 35.2 व न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी करें पौधरोपण

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज

- **कृषि विज्ञान केन्द्र में मनाया गया विश्व वन दिवस**
- **75 कृषकों को 750 पौधों का वितरण किया गया**

अमृत विचार। कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी कन्नौज में वृहद पौधरोपण व विश्व वन दिवस मनाया गया। इसमें केंद्र के अध्यक्ष डॉ. वीके कनौजिया ने बताया कि पर्यावरण को बचाने के लिए सभी लोग पौधरोपण अवश्य करें।

उद्यान वैज्ञानिक डॉ. अमर सिंह ने ग्राम बहेंलियनपुरवा व सियरमऊ में बृहद पौधरोपण का आयोज किया जिसमें 50 सहजन, 50 अमरूद, 10 गोल्ड मोहर 80 पॉपुलर के पौधों का रोपण कराया गया। 75 कृषकों को 750 फलदार व शोभाकारी पौधों को वितरित किया गया। केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ. अरविन्द कुमार ने पौधरोपण से पूर्व मिट्टी परीक्षण की सलाह दी। गृह वैज्ञानिक डॉ. डॉक्टर पूनम सिंह ने कहा कि फलदार पौधों के रोपण से पोषण आवश्यकता पूरी की जा सकती है। जबकि प्रसार वैज्ञानिक डॉ सुशील कुमार ने उचित आकर के गड्ढा खोदने की सलाह दी।

किसानों के साथ पौधरोपण करते डॉ. वीके कनौजिया।

जताया आक्रोश | बड़ी संख्या में व्यापारी विद्युत वितरण खंड कार्यालय पहुंचे, अधिशासी अभियंता से मिले

व्यापारियों ने बिजली विभाग के खिलाफ खोला मोर्चा

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

अमृत विचार। बिजली विभाग की कारगुजारियों से तंग आकर व्यापारियों ने विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और समस्या हल नहीं होने पर बाजार बंदी की चेतावनी दी है।

किराना एसोसिएशन एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारी बड़ी संख्या में सोमवार की दोपहर पूर्वी बाईपास स्थित विद्युत वितरण खंड कार्यालय पहुंचे और अधिशासी अभियंता राजीव कुमार भारती को व्यापारियों के उत्पीड़न की जानकारी दी। किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि नवीन मंडी के पास उनका गेस्ट हाउस है। यहां पांच किलोवाट का कनेक्शन है जिसका बिल हर माह लगभग 4 से 5 हजार आता है। इस माह अचानक 32 किलोवाट उपभोग दिखाकर 47614 रुपये का बिल आया। बिल के संशोधन के लिए शिकायत करने पर कोई सुनवाई नहीं हुई। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने कहा कि यहां का व्यापारी हर तरीके से सरकार का सहयोग करता है लेकिन बदले में उसे उत्पीड़न मिलता है। उन्होंने समस्या का समाधान नहीं होने पर बाजार बन्दी की चेतावनी दी। इस पर अधिशासी अभियंता ने मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान संरक्षक आनंद गुप्ता सेठ जी, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता, चंद्रभान गुप्ता मुन्ना, बृजेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण वर्मा, नरेश गुप्ता गोल्डी, प्रभाकर गुप्ता, गणेश, विमलेश गुप्ता, अनुपम वर्मा, व युवा नगर अध्यक्ष सोमू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

- **समस्या हल न होने पर बाजार बंदी की दी चेतावनी**
- **अधिशासी अभियंता ने जांच कराने का आश्वासन दिया**

अधिशासी अभियंता से मिलते किराना कमेटी व व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

तिर्वा में बिजली समस्या को लेकर एसडीओ को ज्ञापन देते सपाई।

बिजली कटौती से नाराज सपाइयों ने दिया ज्ञापन

तिर्वा, कन्नौज। थाना इंदरगढ़ के उमर्दा, शाहनगर, गूरा, मुगरा, सरसई, कुढिना, सुखी उमर्दा समेत आस-पास के गांव में बिजली की कटौती से फसलें सूख रही हैं। इससे परेशान किसान सपा नेता रवि यादव के नेतृत्व में एसडीओ को ज्ञापन देने पहुंचे और मांग की कि बिजली व्यवस्था सही कराई जाए। सपा नेता रवि यादव ने बताया कि किसानों को फसल सिंचाई के लिए बिजली का सहारा है। रजबहा है उसमें तीन साल से सफाई नहीं हुई, साथ ही सूखे पड़े हुए हैं। इस मौके पर अवनीश यादव, छोटे सिंह, राजेश राजपूत, सुदीप यादव, सर्वेश कुमार, वेदराम, सोवरनलाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सूचित हो कि मैं **वीरपाल सिंह पुत्र बहादुर सिंह, निवासी-ग्राम-विश्रामपुर, पोस्ट व थाना-कागारोल, जिला-आगरा उ0प्र0** मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश पुत्री का नाम प्रतीग्या व जन्म तिथि 01-01-2008 अंकित हो गया है जबकि मेरी पुत्री के हाईस्कूल प्रमाण-पत्र में उसका नाम प्रतिभा कुमारी व जन्मथि 09-07-2008 अंकित है। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम प्रतिभा कुमारी है, एवम् उसकी वास्तविक जन्मतिथि 09-07-2008 है। अतः मेरी पुत्री के आधार कार्ड पर उसका सही नाम प्रतिभा कुमारी व जन्मथि 09-07-2008 अंकित किया जाय।

सूचना
यह कि मेरे भाई मनोज उर्फ रूकसार पुत्र अख्यतार अली का चाल चलन सही न होने के कारण उससे संबध विच्छेद कर लिए हैं। उसके किसी भी कार्य की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। वह अपने कार्यो का स्वयं जिम्मेदार होगा। **– इस्माद अली पुत्र अख्यतार अली नि. फकिरपुरा, मौ. बहोसी, थाना इंदरगढ़, कन्नौज।**

सूचना
सूचित हो कि मैं **मरियम रफी पुत्री मो. रफी** Mohd Rafi 542/के. बी. 21 **गेट नंबर 2 किशोर बिहार कालोनी कैम्पबेल रोड** की हूँ। मेरे आंधार कार्ड, स्कूल की मार्कशीट व अन्य दस्तावेजों में पिता का नाम त्रुटिवश मलिक मो. रफी (Malik Mohd Rafi) व रफी मलिक (Rafi Malik) दर्ज हो गया है जोकि गलत है। यह कि मेरे जन्म प्रमाण पत्र पर पिता का नाम मो0 रफी (Mohd Rafi) दर्ज है जोकि सत्य व सही है। मेरे पिता का नाम त्रुटिवश मलिक मो. रफी (Malik Mohd Rafi) मार्कशीट में दर्ज हो गया है। उसको मो0 रफी (Mohd Rafi) किया जाय।

सूचना
सूचित हो कि मै **राधिका सिंह पत्नी स्व0 किरन शंकर सिंह, निवासी-213 महाजनीटोला अयोध्या थाना शिवाली नगर जनपद अयोध्या**, मेरे एक पुत्री व चार पुत्र है जिनमें से तीसरे नम्बर के पुत्रवधू श्री मती दुर्गेन्द्र पत्नी वैभव सिंह, निवासी- 18 हरदासपुर थाना हंसवर अम्बेडकनगर से काफी मानसिक रूप से हैरान व परेशान रहती हूँ इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य से मैं व मेरी पुत्री व मेरे अन्य पुत्रों से कोई वास्ता व सरोकार नही है न होगा।

सूचना
मेरा गाटा संख्या (39मि0) स्थित ग्राम बालापुर रतनपुर के बैनामे का मूल दस्तावेज 5 जुलाई 2024 को बालापुर से तुलसीपुर जाते समय रास्ते में वानपुर चौराहे के पास कहीं गिर कर खो गया है। **– उग्रसेन यादव पुत्र घिराऊ ग्राम निश्चलपुर (चैनपुर) कोतवाली –जरवा जिला– बलरामपुर**

सूचना
सूचित हो कि मै छोटेलाल पुत्र घरसू, निवासी- मो0 मिर्जापुर पॉ0 मल्लावां तह0- बिलग्राम जिला हरदोई का हूँ। मेरे पुत्र स्व0 नारेन्द्र की मृत्यु हो चुकी है जिसकी पत्नी श्रीमती सुमीना है जिनके द्वारा अपनी दूसरी शादी मनोहर पुत्र राजेन्द्र गौतम, निवासी- ग्राम नसीबपुर, पो0- बरखौरा थाना मल्लावां जनपद हरदोई के साथ एक सप्ताह पूर्व कर ली गयी है। जो अपने पति के साथ रही रही है। उक्त मीना की शादी पहले मेरे पुत्र नारेन्द्र के साथ हुयी थीं जिनसे दो बच्चे पुत्र सुमित व पुत्री नैन्सी है जो कि नाबालिग है। मेरी बहू मीना के द्वारा द्वारा विवाह कर लेने के बाद से मैं अपनी चल – अचल सम्पत्ति से मीना को बेदखल कर दिया है। उक्त मीना के द्वारा किये जाने वाले कार्यो से मेरा कोई भी वास्ता नही रह गया है उक्त बच्चे सुमित व नैन्सी नाबालिग है जिसका स्वयं संरक्षक है जिनसे मीना का कोई वास्ता नही रहेगा।

सूचना
मैं शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मेरे चार पुत्र व एक पुत्री है किंतु मेरा सबसे बड़ा लड़का धर्मेंद्र जो नशा करना मारपीट झगड़ा लड़ाई के साथ अनैतिक कार्य लगातार करता रहता है हमारी सेवा व देखभाल भी नहीं करता है तथा परिवार से उसका कोई लेना-देना नहीं है। जिसके चलते मैं अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं उसके द्वारा किए करावे से मेरा आज से कोई लेना देना नहीं है। **– श्रीपाल सरोज पुत्र रामदयाल रायपुर फुलवारी जनपद अमेठी**

सूचना
सूचित हो कि मैने अपना नाम FATIMA QIDWAI से बदलकर FATIMA ARSHAD रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। D/O-ARSHAD ALI QIDWAI, Add: 266/736 BAGIYA, HABIB BEG BHADEWAN RAJENDRA NAGAR, LUCKNOW-226004

कानपुर-गाजियाबाद राजमार्ग पर दरार, सर्विस लेन धंसी

संवाददाता, कन्नौज/छिबरामऊ

अमृत विचार। कानपुर-गाजियाबाद ग्रीनफील्ड नेशनल हाईवे व सर्विस रोड पर दरार आ गई है जबकि कई जगह सर्विस रोड धंसना शुरु हो गया। ये हाल तब है जब नेशनल हाईवे को चालू हुए महज एक से डेढ़ साल का समय ही गुजर पाया है। छिबरामऊ क्षेत्र में हाईवे पर आई दरार की मरम्मत कर दी गई। सर्विस लेन की ओर अभी तक ध्यान नहीं दिया गया। वर्ष 2023 के जुलाई में ही शासन की ओर से कानपुर-गाजियाबाद ग्रीनफील्ड नेशनल हाईवे का शुभारंभ हुआ था।

केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लखनऊ में नबीगंज से मित्रसेनपुर तक नेशनल हाईवे का शुभारंभ किया था। शहर से गुजरे हाईवे पर बहादुरपुर उज्जैना के सामने हरदोई मोड़ हाईवे कट के सर्विस लेन पर करीब 10 मीटर तक दरारें आ गई हैं। जगह-जगह सर्विस रोड भी धंस गई है। दरारें आने की वजह से कई जगहों पर गड्ढे भी हो गए हैं। फिलहाल इसके चलते अभी तक कोई हादसा तो नहीं हुआ। इतना जरूर रहा की सड़क निर्माता कंपनी की पोल खुल गई। एनएचएआई विभाग की ओर से अभी तक सर्विस रोड की मरम्मत का काम नहीं कराया गया। सर्विस रोड के धंसने से बारिश होने पर जलभराव हो जाता है।

नेशनल हाईवे पर सर्विस रोड पर दरार आने से धंसी सड़क। छिबरामऊ कांशीराम कालोनी के सामने नेशनल हाईवे पर आई दरार।

- छिबरामऊ क्षेत्र में हाईवे की मुख्य सड़क पर 20 मीटर लंबी दरार

वहीं, छिबरामऊ तहसील क्षेत्र में शुक्रवार को हुई बारिश हाईवे नहीं झेल सका। कस्बे से गुजरे कानपुर गाजियाबाद नेशनल हाईवे पर काशीराम कॉलोनी के सामने हाईवे की मुख्य सड़क पर करीब 20 मीटर लंबी दरारें आ गई। इलाके में हाईवे पर आई दरार को लेकर चर्चाएं तेज हो गई कि हाईवे को शुरु हुए अभी दो साल तक नहीं बीत पाएं और दरारे पड़ना शुरू हो गई। शनिवार को दोपहर को निर्माणाधीन कंपनी द्वारा दरारों की मरम्मत कराकर सांकेतिक कूप व बैरिकेड लगा दिए गए थे।

अंबेडकर प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

अमृत विचार। अंबेडकर पार्क की जमीन पर लगाई गई अंबेडकर प्रतिमा को अराजक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। जानकारी होते ही ग्रामीण आक्रोशित हो गए। सूचना पर एएसपी, एसडीएम, तिर्वा समेत कई थानों की पुलिस ने पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

थाना क्षेत्र के नादेमऊ चौकी के कांकरकुई गांव में 17 जुलाई को अंबेडकर पार्क की जमीन पर गांव निवासी सूरज जाटव पुत्र प्रेम किशोर ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की स्थापना कराई थी। रविवार रात को अराजक तत्वों ने हाथ तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। सोमवार सुबह जानकारी होते ही सैकड़ों लोग घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए। सूचना मिलते ही एएसपी डॉ. संसार सिंह, एसडीएम तिर्वा अशोक कुमार, सीओ ओमकार नाथ शर्मा, प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह, प्रभारी निरीक्षक तिर्वा जितेंद्र कुमार सिंह, थानाध्यक्ष इंदरगढ़ पारुल चौधरी, प्रभारी सीओ थाना तालग्राम कपूर कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गया और मामले की जांच शुरू कर दी। अधिकारियों का कहना है कि अंबेडकर की प्रतिमा लगाने की परमिशन नहीं दी गई हैं।

घटनास्थल पर ग्रामीणों से बात करते अधिकारी। अमृत विचार

- घटना से ग्रामीणों में आक्रोश अधिकारी पहुंचे

घूस लेने पर समाज कल्याण विभाग का कर्मचारी गिरफ्तार

समाज कल्याण मंत्री ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट, विभाग से हटाने के बाद तहसील सदर में था संबद्ध

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। कोतवाली पुलिस ने छात्रवृत्ति दिलाने के नाम पर डीएलएड के छात्र से रिश्वत लेने के आरोप में समाज कल्याण विभाग के कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया। छात्रवृत्ति न आने पर छात्र ने समाज कल्याण मंत्री से शिकायत की थी। मंत्री ने कोतवाली में संबंधित कर्मचारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद तत्कालीन विभागीय अधिकारी ने आरोपी को हटा दिया था और वर्तमान में वह तहसील सदर में संबद्ध था। आरोपी कर्मचारी के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की जा रही है।

एसपी अमित कुमार आनंद ने कार्यालय में मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 19 जुलाई 2024 को समाज कल्याण मंत्री व विधायक असीम अरुण ने सदर कोतवाली में तहरीर दी थी कि डीएलएड छात्र ममतांजय कुमार निवासी तिर्वागंज, जनपद कन्नौज ने उनको जानकारी दी कि हृदेश कुमार पुत्र राकेश कुमार निवासी ग्राम बखाइया थाना सैफई जनपद इटावा हाल तैनाती सुपरवाइजर समाज कल्याण विभाग जनपद कन्नौज ने छात्रवृत्ति दिलाने के संबंध में रिश्वत मांगी थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच में पाया कि ममतांजय का छात्रवृत्ति फार्म निरस्त हो गया था। इसकी जानकारी करने विभागीय कार्यालय गया तो सुपरवाइजर हृदेश ने छात्र से छात्रवृत्ति दिलाने के लिये रिश्वत मांगी। मार्च 2024 में फोन पे के माध्यम से 8250 रुपये उसे दिये गये। जाँच में पुष्टि होने पर कोतवाली कन्नौज में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आरोपी कर्मचारी पर रिपोर्ट दर्ज की गई। सोमवार को आरोपी ह्र को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने में कोतवाली सदर के दरोगा अजब सिंह, सिपाही विवेक कुमार शामिल रहे।

पुलिस कार्यालय में घटना का खुलासा करते एसपी, सीओ व आरोपी कर्मचारी।

तत्कालीन समाज कल्याण अधिकारी ने हटा दिया था

- **कन्नौज।** मामला सामने आने पर तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को कार्यालय से हटा दिया था। वर्तमान में वह तहसील सदर से संबद्ध था।

फार्म निरस्त होने पर संपर्क में आया कर्मचारी

- **कन्नौज।** तिर्वा कस्बा निवासी ममतांजय डीएलएड का छात्र है। उसने छात्रवृत्ति के लिये फार्म भरा था। फार्म निरस्त होने के बाद जब वह विभाग के कार्यालय पहुंचा तो वहां संबंधित कर्मचारी से मुलाकात हुई। कर्मचारी ने छात्रवृत्ति दिलाने के नाम पर घूस ली लेकिन काम नहीं होने पर पीड़ित ने मंत्री से शिकायत कर दी।

अन्य मोबाइल नंबरों से मांगे थे रुपये

कन्नौज। छात्र ने मंत्री को बताया कि छात्रवृत्ति न आने के बाद भी आरोपी अन्य मोबाइल नंबरों से कॉल कर रुपये की मांग कर रहा था। मंत्री ने अपने पत्र में लिखा था कि उक्त कर्मचारी ने इसी तरह से अन्य छात्रों से भी रिश्वत ली होगी। इसकी गंभीरता से जांच कराना जरूरी है। छात्र ने भलाई बुराई होने के खौफ से रिपोर्ट दर्ज कराने से इंकार कर दिया था। इसी लिये मंत्री को रिपोर्ट दर्ज करानी पड़ी।

> कन्नौज के आदर्शवादी युवाओं का धन्यवाद। ऐसे लोग जो साक्ष्यों के साथ शिकायत करेंगे वो भ्रष्टाचार को समाप्त करने में बड़ा योगदान देंगे। हम मिल कर इस बीमारी को दूर करेंगे। समाज कल्याण विभाग से संबंधित भ्रष्टाचार की शिकायत हो तो उनके मोबाइल नंबर 9793741114 पर या कमांड सेंटर 1077 पर बतायें।
>
> –असीम अरुण, समाज कल्याण राज्य मंत्री

43 साल बाद उस्मानपुर को मिलेगा योजनाओं का लाभ

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। 43 साल बाद छिबरामऊ तहसील क्षेत्र के उस्मानपुर गांव के बाशिदों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। जिला प्रशासन की ओर से उस्मानपुर गांव के भू अभिलेख तैयार कर लिए गए। सोमवार को जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय भोजपुर में ग्रामीणों को संबंधित कागज सौंपे।

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने भू-अभिलेखों का वितरण करते हुए कहा कि उस्मानपुर ग्रामवासी भी अब सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ प्राप्त कर सकेंगे। 1990 के अग्निकांड में 35 ग्रामों के भू-अभिलेख जल गए थे, जिससे किसान सरकार की लाभकारी योजनाओं से वंचित हो रहे थे। शेष ग्रामो के भू-अभिलेख तैयार किये जा रहे हैं, जल्द ही किसानों को उपलब्ध करा दिये जायेंगे। इस दौरान तहसीलदार अभिनव वर्मा, अनीस सिद्दकी, एसीओ दिनेश कुमार शर्मा, ग्राम प्रधान ज्योति, पूर्व प्रधान सुरेश चन्द्र आदि मौजूद रहे।

- 1990 के दौरान अग्निकांड में जल गए थे 35 गांवों के अभिलेख
- जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को सौंपे भू अभिलेख

नवचयनित लेखपालों को पदीय दायित्व समझाए

कन्नौज। कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में आयोजित बैठक में नवचयनित लेखपालों के साथ जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने बैठक की। उनको पदीय दायित्व समझाने के साथ छह दिवसीय प्रशिक्षण के बारे में जानकारी भी दी गई। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने नवचयनित लेखपालों के पदीय दायित्वो को निर्वहन किये जाने की नसीहत दी। इसके अलावा जानकारी दी कि राजस्व विभाग के मुख्य विषयों पर चार दिवसीय लघु प्रशिक्षण जनपद स्तर पर एवं 26 व 27 जुलाई को (सर्वेक्षण/पैमाइश) राजा टोडरमल सर्वेक्षण एवं भूलेख प्रशिक्षण संस्थान हरदोई में दिया जायेगा। प्रशिक्षण को गम्भीरता से लेगें तो बहुत ही जल्द सभी कार्य सीख पायेगें। इस दौरान एडीएम आशीष कुमार सिंह, एसडीएम न्यायिक सदर नवनीता राय सहित संबंधित अधिकारी व नवचयनित लेखपाल उपस्थित रहे।

तीन लोगों पर जेवरात चोरी की रिपोर्ट दर्ज

गुरसहायगंज। गांव के तीन लोग जबरन घर में घुस आए और महिला का मुंह दबाकर घर में रखे जेवरात चोरी कर ले गये। ग्राम सलेमपुर दरबरपुर निवासी रामलली ने बताया कि गांव के रामआसरे, मुकेश, रवी 21 जुलाई की रात लगभग 01 बजे उसके घर में घुस आए। इसके बाद घर में रखी नगदी व जेवरात चोरी कर ली। इतना ही नहीं रामआसरे जाटव ने सोते समय उसका मुंह दवा लिया और जान से मारदेने की धमकी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

ग्राम पंचायत खल्लारूप की सीट रिक्त, अन्य निर्विरोध निर्वाचित

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

अमृत विचार। विकास खंड क्षेत्र में रिक्त चल रहे एक क्षेत्र पंचायत सदस्य और पांच ग्राम पंचायत सदस्य पद के उपचुनाव में एक ग्राम पंचायत सीट छोड़ बाकी सभी के प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए।

विकासखंड क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि विकासखंड क्षेत्र में रिक्त चल रही ग्राम पंचायत कुंदेपुर उर्फ नंदलालपुर वार्ड संख्या 34 में क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए और ग्राम पंचायत लड़ैता, सिंहपुर, रतनपुर, मुडिया व खल्ला रूपमंगदपुर में ग्राम पंचायत सदस्य पद के उपचुनाव के नामांकन की अंतिम तिथि 22 जुलाई दिन सोमवार थी। इस दिन तक ग्राम पंचायत खल्लारूप मंगतपुर के अलावा अन्य सभी पर एक-एक प्रत्याशी का नामांकन होने के चलते सभी निर्विरोध निर्वाचित हुए। खल्लारूप मंगदपुर के प्रत्याशी के नामांकन पत्र में कमी को दूर करने में देरी हो गई और समय तक नामांकन जमा न होने के कारण सीट रिक्त रह गई। रिटर्निंग ऑफिसर ने बताया कि अगली प्रक्रिया में रिक्त रह गई ग्राम पंचायत खल्लारूप मंगदपुर की सीट के लिए उपचुनाव कराया जाएगा। खबर लिखे जाने तक निर्विरोध हुए प्रत्याशियों के नाम की घोषणा नहीं की जा सकी थी।

- रिक्त चल रहे क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए हुआ उपचुनाव

सुसाइड नोट पर सौतेली मां व पिता पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, तालग्राम, कन्नौज

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के ग्राम भोजापुर में किशोरी ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली थी। मृतका के पास से मिले सुसाइड नोट के आधार पर मामा ने पिता व सौतेली मां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम भोजापुर में शुक्रवार की शाम संजीव कुमार वर्मा की पुत्री निकेता राजपूत (17) ने घर के अंदर कमरे में साड़ी से आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने पिता की सूचना पर पोस्टमार्टम कराया था। पोस्टमार्टम के दौरान कर्मचारियों को सुसाइड नोट मिला था। इसमें सौतेली मां धनदेवी व पिता संजीव कुमार द्वारा उत्पीड़न करने व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए आत्महत्या करने की बात लिखी थी। मृतका के मामा औरैया थाना सहार के ग्राम तिलकपुर निवासी गिरजेश कुमार ने थाना पुलिस को तहरीर दी थी। सोमवार को एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर पुलिस ने सौतेली मां और पिता के खिलाफ पुत्री का उत्पीड़न करने व आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने की रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी थानाध्यक्ष व प्रशिक्षु सीओ कपूर कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

- 19 जुलाई को किशोरी ने की थी आत्महत्या

उधारी के रुपये मांगने पर पीटा

कन्नौज। सदर कोतवाली क्षेत्र में उधारी के रुपये मांगने पर ग्रामीण को पीट दिया। तीन सगे भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव जसौली निवासी इस्तफा पुत्रदिलशाद खां ने गांव के ही निवासी अय्यास खां, बैगन खां, शाहिद खां पुत्रगण शईद खां के खिलाफ दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि 20 जुलाईको 3:30 बजे वह अपने घर के दरबाजे पर बैठा था। उसी समय उधारी के पैसे मागने को लेकर उक्त लोगों ने दरबाजे पर आ कर गाली गलौज की। मना करने पर लात, घूसे से पिटाई कर दी। यह नहीं जाते समय जान से मारदेने की धमकी दी है। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज होने के बाद जांच शुरू की है।

तकनीकी जांच के बाद ही छूटेगा सीज वाहन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। पुलिस व परिवहन विभाग की ओर से सीज कर बंद किये गये वाहनों को अब थाना कोतवाली या विभाग से छुड़ानी सरल नहीं होगा। परिवहन विभाग की नई व्यवस्था के तहत सीज बंद वाहन को छोड़ने से पहले टेक्निकल आरआई से जांच कराई जायेगी। वाहन चलने की स्थिति में न हुआ तो उसे कंडम घोषित किया जायेगा।

सहायक परिवहन अधिकारी कार्यालय के आरआई टेक्निकल जितेंद्र सिंह ने बताया कि लगातार हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए योगी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। इसके तहत डग्गामार, अवैध व अनफिट वाहनों को चेक करने के निर्देश दिये हैं। इसके तहत कई वाहनों को सीज कर थाना कोतवाली में खड़ा कराया गया है। इन वाहनों को छोड़ने के लिये विभाग ने नया नियम लागू कर दिया है। पहले न्यायालय या आरटीओ या अन्य जिम्मेदार का आदेश लाने के बाद वाहन को छोड़ दिया जाता था। अब यह नहीं होगा। वाहन छुड़ाने के लिये सबसे पहले वाहन स्वामी को परिवहन विभाग के आरआई टेक्निकल से जांच करानी होगी। जांच में वाहन चलने की स्थिति में नहीं होगा तो उसे छोड़ने की अनुमति नहीं दी जायेगी। यदि वाहन चलने के योग्य है और उसके कागजात पूरे नहीं हैं तो वाहन स्वामी को नोटिस दिया जायेगा। इस के बाद वाहन स्वामी के सामने आने पर विभागीय अधिकारी कागजात पूरे करायेंगे। इस में इंश्योरेंस, परमिट व फिटनेस आदि शामिल हैं। यही नहीं विभाग की ओर से एक हलफनामा लिखित में लिया जायेगा। इस के बाद वाहन को मुक्त करने की अनुमति दी जायेगी।

चेकिंग के दौरान वाहन किसी भी दशा में चलने के योग्य नहीं पाया जाता है तो उसे कंडन घोषित कर दिया जायेगा। इस के बाद उसे कटवाने की इजाजत दी जायेगी। उन्होंने बताया कि इस के पीछे सरकार की मंशा है कि चलने के योग्य वाहन न होने में किसी भी हालत में न चले। ऐसे ही वाहनों के चलने से दुर्घटनाएं हो रही हैं।

- परिवहन विभाग ने बदले नियम कानून
- कंडम वाहन को अब नहीं मुक्त किया जाएगा

पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। कोतवाली पुलिस ने तालग्राम थाने में गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे आरोपी को पाल चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय में पेश कर उसे जेल भेजा गया है।

क्षेत्राधिकारी नगर कन्नौज कमलेश कुमार के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर पुलिस ने थाना तालग्राम में दर्ज गैंगेस्टर एक्ट के मामले में वांछित आरोपी सुलेमान पुत्र फूल मोहम्मद उर्फ फूल चन्द्र निवासी नीरज कोल्ड के सामने कस्बा व थाना तालग्राम जनपद कन्नौज को सोमवार को समय 10.20 बजे पाल चौराहे कोतवाली कन्नौज से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया। आरोपी बांछित गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश शर्मा, दरोगा सुभाष चन्द्र, हेड कांसटेबल शिवशंकर शुक्ला, सिपाही हरिओम को सफलता मिली।

गिरफ्त में गैंगस्टर एक्ट का आरोपी

- तालग्राम थाने में था वांछित, पुलिस ने पाल चौराहे से गिरफ्तार किया

दी जानकारी | आयुर्वेद में सहजन को 300 रोगों के उपचार में उपयोग किया जाता है

घर-घर हो सहजन के पौधे का रोपण : डॉ. पूनम

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज

अमृत विचार। सहजन तेजी से बढ़ने वाला एक सदाबहार पौधा है। इसके निरंतर सेवन से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। ये महिलाओं व बच्चों में कुपोषण को नियंत्रित करने के लिए बहुत ही उपयोगी पौधा है। सहजन की फली, फूल, पत्तियां, जड़, तना व बीज सभी का उपयोग खाने या औषधि के रूप में किया जाता है। इसलिए इसे 'नेचर की फार्मेसी' कहा जाता है।

कृषि विज्ञान केंद्र की महिला वैज्ञानिक डॉ. पूनम सिंह बताती हैं कि सहजन औषधीय महत्व का पौधा है। आयुर्वेद में सहजन को पूरे 300 रोगों के उपचार के लिए उपयोग किया जाता है। सहजन में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, पोटेशियम, आयरन, मैग्नीशियम, जिंक विटामिन ए, सी, ई और बी कॉम्प्लेक्स प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। सहजन का पौधा लगभग 10 मीटर ऊंचा, पत्तियां हरी-भरी और फलियां लंबी होती हैं। सहजन किसी भी प्रकार की भूमि या घर के आसपास किचन गार्डन में लगाया जा सकता है। सहजन की पीकेएम-1 किस्म रोपाई के आठ महीने बाद फलियां देने लगती है। इसकी फलियां देशी किस्म की तुलना में अधिक स्वादिष्ट व पौष्टिक होती हैं। सहजन की फली से सब्जी, अचार, सांभर, चाय, सूप, पत्तियों से भुजिया, पराठा, काढ़ा, फूल से सब्जी, रायता, आदि बना कर सेवन किया जा सकता है। प्रतिदिन प्रति व्यक्ति 05 ग्राम सहजन की पत्ती या पाउडर का सेवन गुनगुने पानी से नियमित किया जा सकता है।

- महिलाओं व बच्चों में कुपोषण को नियंत्रित करने के लिए उपयोगी पौधा

पौधे की यह हैं खासियतें

एक अध्ययन के अनुसार सहजन की ताजी पत्तियों के सेवन से संतरे से सात गुना अधिक विटामिन सी, गाजर से चार गुना अधिक विटामिन ए, बादाम से तीन गुना अधिक विटामिन ई, दूध से तीन गुना अधिक कैल्शियम, अंडे से दो गुना अधिक प्रोटीन, पालक से तीन गुना अधिक आयरन व केले से तीन गुना अधिक पोटेशियम प्राप्त होता है। यह पेड़ एंटीबायोटिक, एनाल्जेसिक, एंटीऑक्सिडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीकैंसर, एंटीडायबिटिक, एंटीवायरल, एंटीफंगल और एंटीएजिंग के रूप में काम करता है।

सहजन के सेवन के लाभ-

- यह एनीमिया के खतरे को कम करता है।
- हड्डियों को मजबूत व घुटने के दर्द में राहत देता है।
- रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करता है।
- लीवर और किडनी को डिटॉक्सीफाई करता है।
- रक्त शुद्ध करता है, चर्म रोगों को दूर करता है।
- आपके शुगर लेवल को नियंत्रित रखता है।
- थायराइड फंक्शन में सुधार करता है।

सोशल मीडिया पर फायरिंग का वीडियो डालना पड़ा महंगा

संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। सोमवार को शोसल मीडिया पर अस्लहे से फारिंग करने की वीडियो वायरल हुआ है। लोग इसे देख कर खुस हो रहे हैं। कुछ लोग इसे ठठिया थाना क्षेत्र का बता रहे हैं।

क्योंकि जिस समय यह दोनों युवक तमंचे से फायरिंग कर रहे थे उसी समय किसी ने चुपके से वीडियो बना लिया। अब इसे वायरल कर दिया गया है। पुलिस के सामने वीडियो पहुंच चुका है तो पुलिस इसकी छानबीन में जुट गई है।

अब पुलिस इन युवकों की तलाश कर रही है कि ये युवक कौन है। जब कि अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वीडियो में युवक के हाथ में तमंचा है और वह फायरिंग कर रहा है।

- तमंचे से फायरिंग कर रहे युवक का वीडियो सामने आने पर पुलिस कर रही जांच

असलहे से फायरिंग करते युवक।

सार-संक्षेप

बहन के सहयोग से किशोरी को ले गया युवक

गुरसहायगंज, कन्नौज। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि गांव का पुनीत कुशवाहा अपनी बहन संगीता के सहयोग से उसकी 17 वर्षीय पुत्री को 20 जुलाई की रात लगभग 01 बजे वहला फुसला कर अपने साथ ले गया। पुत्री घर में रखे 01 लाख 70 हजार रुपये नकद व जेवरात भी ले गई। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर खोजबीन शुरु कर दी है।

तीन के खिलाफ किशोरी को भगाने की रिपोर्ट

गुरसहायगंज, कन्नौज। ग्राम निवासी युवक ने बताया कि गांव का रवि अपने साथियों प्रिंश, शोभाराम, दानी के सहयोग से 19 जुलाई की रात लगभग 11 बजे उसकी नाबालिग बहन को फुसला कर अपने साथ ले गया।

किशोरी को बरामद कर युवक को दबोचा

तालग्राम, कन्नौज। गांव से 24 जून को किशोरी घर से गायब हो गई थी। किशोरी के पिता ने जनपद फर्रुखाबाद के थाना कमालगंज निवासी शैलेंद्र पुत्र लोकनाथ के खिलाफ बेटी को बहला फुसलाकर कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उपनिरीक्षक राजनरायन सिंह ने सूचना पर एक्सप्रेस-वे के निकवा अंडरपास से किशोरी को बरामद कर आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया।

अचानक तबीयत बिगड़ने से वृद्ध की मौत

छिबरामऊ, कन्नौज। कोतवाली क्षेत्र ग्राम खुबरियापुर निवासी 60 वर्षीय हरिशंकर कठेरिया पुत्र मिही लाल खेती-बाड़ी की मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। परिजनों ने बताया कि सोमवार की सुबह अचानक उनकी तबीयत खराब होने लगी। आनन फानन निजी चिकित्सालय ले गए। यहां कुछ देर प्राथमिक उपचार के बाद सौ शैय्या अस्पताल भेज दिया गया। यहां इमरजेंसी वार्ड में मौजूद चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

समाधान दिवस में आईं 111 शिकायतें, 17 निस्तारित, अधिकारी बोले-समस्या के समाधान के उपरांत संबंधित को अवगत भी कराएं

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी व एसपी चारू निगम ने बिधूना तहसील में सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में बड़ी संख्या में आए फरियादियों की समस्याओं को सुनीं। आवेदन पत्र लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रार्थना पत्र में अंकित समस्या का संज्ञान लेकर टीम के साथ स्थलीय जांच करते हुए समाधान कर संबंधित को अवगत भी कराएं। इस अवसर पर 111 शिकायती आवेदन आए जिसमें से 17 आवेदन पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया।

इस अवसर पर धर्मेन्द्र सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी मलिक पुर ने बताया कि मलिकपुर से रुरुगंज जाने - आने के लिए ग्राम पन्डपुर से पुर्वा-पीताराम तक की सड़क खराब है। इसके कारण आम नागरिकों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस पर डीएम ने खंड विकास अधिकारी अछल्दा को निर्देश दिए की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करें।

संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते जिलाधिकारी, एसपी। अमृत विचार

संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते एडीएम राम औतार शर्मा। अमृत विचार

रमेश चंद्र पुत्र राम भरोसे निवासी आर्यनगर बेला रोड बाईपास बिधूना ने आवेदन देते हुए अवगत कराया कि प्रार्थी का विद्युत मीटर का बिल मीटर रीडर द्वारा गलत निकाला गया है। उन्होंने बिल संशोधन की मांग की। डीएम ने अधिशासी अभियंता विद्युत (नगरीय) को निर्देशित किया की समस्या का तत्काल निस्तारण कराएं। विपिन कुमार पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी वार्ड नंबर 09 नवीन बस्ती पूर्वी बिधूना ने आवेदन देते हुए अवगत कराया कि सरकारी भूमि पर भू माफिया राज कुमार पालीवाल द्वारा कब्जा कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बिधूना को निर्देश दिए कि नियमानुसार नपती आदि कर आवश्यक कार्यवाही कर कब्जा हटवाएं। रन्नो देवी पत्नी साहब सिंह पूर्वाकले ने आवेदन देते हुए अवगत कराया कि वर्ष 2023 में अधिक वर्षा के कारण प्रार्थनी का कच्चा मकान गिर गया था जिसकी जांच कर लेखपाल/ कानूनगो ने जिला प्रशासन को अवगत करा दिया था जिससे प्रार्थनी को 4 हजार रूपये की धनराशि खाते में आवंटित कर दी गई थी परंतु उसके पश्चात अभी तक अन्य कोई राशि /आवास आवंटन नहीं किया गया है।कृपया आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें। जिस पर डीएम ने तहसीलदार बिधूना को निर्देश दिए की जांच कर नियमानुसार समस्या का निस्तारण कराए। दोनो अधिकारियों ने आवेदन लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी आवेदन प्राप्त हुए हैं। उनका स्वयं संज्ञान लेकर नियमानुसार समस्या का निस्तारण समय से कराना सुनिश्चित करें। डीएम व एसपी ने संपूर्ण समाधान दिवस की समाप्ति के बाद तहसील परिसर में पौधरोपण किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुनील कुमार वर्मा, वनाधिकारी राकेश सिंह ,एसडीएम बिधूना हरिश्चंद्र, जिला विकास अधिकारी करुणापति मिश्र, तहसीलदार बिधूना रणवीर सिंह सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी आदि मौजूद रहे।

अजीतमल में एसडीएम ने सुनीं जनशिकायतें

अजीतमल। तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर उपजिलाधिकारी राम औतार शर्मा व क्षेत्राधिकारी राममोहन शर्मा ने शिकायतों को सुना एवं अधीनस्थों को शीघ्र निस्तारण के आदेश दिए। सोमवार को तहसील अजीतमल में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम रामौतार ने अधिनस्थों को शिकायतो के निस्तारण के लिए कड़े दिशा निर्देश दिए। समाधान दिवस में आईं कुल 84 शिकायतों में 11 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसीलदार जीतेश वर्मा, बीडीओ अतुल यादव, अयाना थाना इंचार्ज विनोद कुमार, एसडीओ राहुल कुमार, सहित समस्त विभागो के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे ।

सार-संक्षेप

अधीनस्थों को निर्देश देते जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

नगरीय क्षेत्र में आमजन के लिए खुलें पार्क

औरैया। जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय वृक्षारोपण समिति की आयोजित बैठक में उपवन योजना अंतर्गत क्षेत्र में पार्क एवं ओपन स्पेस के माध्यम से हरित क्षेत्र को बढ़ाये जाने हेतु भूमि चिन्हांकन, प्रस्ताव, आगणन निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधितों को दिए। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्र में आमजन को खुले पार्क, शुद्ध हवा एवं घूमने के लिए स्थल तैयार होंगे जिससे आमजन वहां घूम कर अच्छे वातावरण में अपने स्वास्थ्य को सही रख सकता है। एडीएम महेंद्र पाल सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी राकेश सिंह, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद /नगर पंचायत सहित संबंधित अधिकारी आदि मौजूद रहे।

छह ससुरालियों पर दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट

अयाना। दिबियापुर थाना क्षेत्र के बट्टहा निवासी प्रमोद कुमार ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि उसने बेटी अनामिका की शादी 26 अप्रैल 2022 को सिखरना निवासी प्रमोद सिंह के साथ की थी। शादी के बाद से ससुराली जन बेटी को पांच लाख रुपए दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। मांग पूरी न होने पर छह माह की गर्भवती बेटी के साथ उसके पति प्रमोद सिंह, ससुर शिवमंगल, सास रीता, ननद बीनू, जेठ सुरजीत, जेठानी शीला ने मारपीट कर दी। इसके बाद ससुराली जनों ने बेटी का गर्भपात करवा दिया। इससे बेटी की तबियत बिगड़ जाने से मौत हो गई। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांचकर कार्रवाई की जाएगी।

पिता-पुत्र को मारपीट कर घायल किया

फफूंद। थाना क्षेत्र के गांव देविन पुरवा निवासी राहुल राजपूत पुत्र विनोद कुमार ने बताया कि वह और उसके पिता मजदूरी करने के लिए गांव लक्ष्मणपुर गए थे। पिता बात कर रहे थे तभी चरन सिंह पुत्र सूरज पाल, विष्णु पुत्र सज्जन सिंह, पिंटू उर्फ पंकज सिंह पुत्र रामप्रकाश, कल्लू पुत्र दान सिंह निवासीगण लक्ष्मणपुर आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसे और उसके पिता को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर के आधार पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

अयाना। थाना पुलिस ने सोमवार सुबह कटघरा चौराहा से पंकज निषाद को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि आरोपी व उसके दो साथियों पर गांव के युवक ने नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी को जेल भेज दिया गया है। शेष आरोपियों को गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

ट्रांसफार्मर से तेल चोरी, दी तहरीर

अछल्दा। नेविल गंज में सुबह बिजली न आने पर कस्बे वासियों ने इसकी सूचना विभाग के कर्मचारियों को दी। मौके पर पहुंचे बिजली कर्मचारियों ने ट्रांसफार्मर को चेक किया तो 250 केवीए में तेल चोरी होना पाया गया। इसकी जानकारी विद्युत विभाग के अधिकारियों को दी गई। अधिकारियों ने पहुंचकर जांच की। अधिकारियों ने तेल चोरी की तहरीर थाने में दी है।

बाइक की टक्कर से वृद्ध का पैर टूटा

अछल्दा। थाना क्षेत्र के छुटका मंढा निवासी रघुनाथ सिंह पुत्र स्व. रघुवीर सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया बीते 7 जून को शाम 4 बजे करीब प्रार्थी अपनी मां प्रेमा देवी पत्नी रघुवीर सिंह के साथ चिन्ता नगला रोड से होकर अपनी साइकिल से अछल्दा बाजार करने आ रहा था। नहर बाजार चौराहा पर बिधूना की तरफ से आई बाइक के चालक जिब्रइल अली पुत्र उम्मेद अली निवासी रामपुर कुंअर, थाना फफूंद, जनपद औरैया ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। इससे प्रार्थी की मां का पैर टूट गया है। थाना प्रभारी विनेश कुमार ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

आनंद विहार एक्सप्रेस में चेन पुलिंग

अछल्दा। दिल्ली- हावड़ा रेल मार्ग पर कानपुर से इटावा की ओर जा रही आनंदविहार एक्सप्रेस में सोमवार शाम 5 बजकर 05 मिंट पर यात्री ने चेन पुलिंग कर दी। ट्रेन स्टेशन के आगे वैशोली गांव के सामने रुकी। पांच मिनट बाद लोको पायलट ने होस पाइप जोड़ कर ट्रेन को 5 बजकर 12 मिनट पर रवाना किया गया।

लापता युवक का नहीं लगा सुराग

इकदिल। थाना क्षेत्र के गांव कांकरपुर के रहने वाले ईश्वर प्रसाद ने बताया कि उनका 23 वर्षीय बेटा विष्णु त्रिपाठी जो दिमाग से कुछ कमजोर है 18 जुलाई की रात साढ़े आठ बजे घर से बिना बताए कहीं चला गया। देर रात तक जब विष्णु घर वापस नहीं लौटा तो घरवालों ने आस-पास क्षेत्र और रिश्तेदारी में उसकी खोजबीन की लेकिन कहीं कोई पता नहीं चला। पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

तीनों प्रत्याशियों का निर्विरोध निर्वाचन लगभग तय

ताखा, इटावा। ताखा की तीन ग्राम पंचायतों में पंचायत सदस्यों के रिक्त चार पदो पर नामांकन दाखिल किए गए हैं। सभी वार्डों से एक-एक प्रत्याशी का नामांकन होने से सभी जगह प्रत्याशियों के निर्विरोध निर्वाचित होने की संभावना है। विकास खंड ताखा की 42 ग्राम पंचायतों में तीन ग्राम पंचायतें अभी ऐसी थीं जंहा ग्राम पंचायत सदस्यों के एक से लेकर दो पद तक रिक्त चल रहे थे। निर्वाचन आयोग के निर्देशन में सोमवार को ब्लाक मुख्यालय पर रिक्त पदों के लिए नामांकन दाखिल किए गए। समथर ग्राम पंचायत में रिक्त पद पर जिलेदार ने नामांकन दाखिल किया है, कौआ ग्राम पंचायत के वार्ड संख्या 7 से संजीव कुमार एवं वार्ड संख्या 3 से धीरज यादव ने नामांकन किया है। मोहरी ग्राम पंचायत के रिक्त पद पर नबाब सिंह ने अपना नामांकन दाखिल किया है।

खंड विकास अधिकारी ताखा राजकुमार शर्मा ने बताया तीन ग्राम पंचायतों में रिक्त चार पदों के लिए नामांकन दाखिल किए गए हैं। सभी वार्डों से एक-एक प्रत्याशी ने ही नामांकन किया है। इसलिए चुनाव की संभावना समाप्त हो गई है।

एक नजर

उधार चाऊमीन न देने पर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

फफूंद। थाना क्षेत्र के गांव ममरेजपुर आल निवासी कप्तान सिंह पुत्र रामनरेश ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बीते 17 जुलाई को शाम को अपनी चाऊमीन का ठेला पाता गेट पर लगाए था। तभी रोलेन्स पुत्र राजू निवासी कासिम नगर आया और उधार चाऊमीन मांगने लगा। मना किया तो गालियां देने लगा। विरोध करने पर सिर पर ईंट से प्रहार कर दिया। जिससे वह घायल अवस्था में जमीन पर गिर गया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

घर के बंटवारे को लेकर मारपीट, पीएचसी में भर्ती

फफूंद। थाना क्षेत्र के गांव नौली निवासी रमेश चन्द्र राठौर पुत्र भजनलाल राठौर ने थाने में दी तहरीर में बताया कि घर के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। बीती 16 जुलाई को सुबह 9 बजे गांव के कोमल, धर्मेन्द्र पुत्रगण जयनारायण, अनुरुद्ध पुत्र हाकिम, जयनारायण पुत्र डगरू प्रसाद आए और गाली गलौज करने लगे। मना किया तो उक्त लोगों ने लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। बचाने आए श्याम सिंह, सुरेश, रमेश के साथ भी मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। घायलों को पीएचसीमें में भर्ती कराया गया है।

दो दिन से लापता युवक मामा के घर मिला

फफूंद। थाना क्षेत्र के गांव भाऊपुर निवासी मिथलेश का 20 वर्षीय पुत्र अमोल 20 जुलाई को घर से गायब हो गया था।परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन पता नहीं चला तो पिता ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई।सोमवार को पुलिस ने युवक को उसके मामा विजय निवासी रामपुर थाना शिवली के यहां पाया जिस पर पुलिस उसे थाने ले आई और परिजनों के सुपुर्द कर दिया।थाना अध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया की किसी बात पर युवक नाराज होकर घर से चला गया था और एक दिन इधर उधर घूमने के बाद मामा के घर पहुंच गया था।

12 घंटे के अंतराल में लड़कियां बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता अजीतमल, औरैया

- सोमवार को कोतवाली में दर्ज किया गया था मामला

अमृत विचार। एक नाबालिक सहित 19 वर्षीय युवती के लापता होने पर पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए 12 घंटे के अंतराल में दोनों लड़कियों सहित आरोपी युवकों को गिरफ्तार कर लिया।

बाबरपुर कस्बे के एक पिता ने अपनी बेटी सहित, पड़ोसी की बेटी के लापता होने पर सोमवार की शामअजीतमल कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र दिया प्रार्थना पत्र के आधार पर 21 जुलाई को उसकी नाबालिक बेटी व पड़ोसी की बेटी के गायब होने के संबंध में तहरीर के आधार पर पुलिस ने नामजद दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। कस्बे से एक साथ दो लड़कियों के गायब हो जाने पर पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए पूछताछ के दौरान सुराग मिलने पर 12 घंटे की अंतराल में दोनों लड़कियों को बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह ने बताया कि रविवार की शाम बाबरपुर कस्बे से दो लड़कियों के गायब होने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने लड़कियों को बरामद कर आरोपी समीर पुत्र सानिया उर्फ शान मोहम्मद निवासी इस्लामनगर बाबरपुर, वसीम पुत्र स्माइल निवासी जगन्नाथपुर को गिरफ्तार किया गया है।

एयर गन का छर्रा लगने से युवक की मौत

संवाददाता बिधूना, औरैया

अमृत विचार। कोतवाली बिधूना के मोहल्ला कुरपुरा निवासी युवक की एयर गन का छर्रा लगने से सैफई में उपचार के दौरान मौत हो गई। कुरपुरा निवासी गजेन्द्र शाक्य (30) पुत्र बालकराम शाक्य अपने चचेरे भाई आकाश पुत्र बसंतलाल के दोस्त गौरव जाटव निवासी सराय प्रथम बिधूना तथा नीशू निवासी मोहल्ला आदर्श नगर बिधूना इंस्टाग्राम रील बनाने के लिए एयर गन मांगकर शूटिंग के लिए लाये थे।

शूटिंग सोमवार को तहसील बिधूना के पीछे स्थित मैदान में होनी थी। गजेंद्र शाक्य घर के बाहर नल से नहा रहा था। उसी दौरान चचेरे भाई ने गन से एक्शन लिया ही था तभी एयर गन से छर्रा निकलकर गजेन्द्र की गर्दन पर जा लगा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजन गजेन्द्र को सीएचसी बिधूना ले गए। जहां चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज सैफई रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटनास्थल पर जांच करते सीओ अशोक कुमार। अमृत विचार

- इंस्टाग्राम पर रील बनाने के चक्कर में हुई घटना

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र सिंह व सीओ अशोक कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। सीओ ने कहा परिजनों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

सफाईकर्मी के न आने से पसर रही गंदगी

बकेवर, इटावा। महेवा विकासखंड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत इंद्रोसी के मजरा चटोरपुर में महीनो से सफाई कर्मी के न आने के कारण गांव में गंदगी के जगह-जगह ढेर लगे हैं। नालियों की सफाई न होने से गलियों में गंदा पानी भरा है। लोगों को निकलने में भारी दिक्कत का सामना करना पड रहा जिम्मेदार अधिकारी मौन धारण करके संचारी रोग अभियान को पलीता लगा रहे हैं। ग्रामीण रघुवीर सिंह यादव, बलवीर सिंह यादव, पन्नालाल यादव, रामनाथ सिंह, नवाब सिंह, सुरजन सिंह ने बताया कि ग्राम चटोरपुर में तैनात सफाईकर्मी के महीनों से न आने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

गीता शाक्य ने की रेल लाइन बनवाने की मांग

संवाददाता बिधूना, औरैया

अमृत विचार। सालों पहले औरैया में रेलवे लाइन होने का सपना दिखाया गया था। इसके लिए केंद्र सरकार ने सर्वे भी कराया था। सोमवार को एक बार फिर से राज्यसभा में गूंजा। राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य ने इस बार जनहित में पुनः कन्नौज से बिधूना होते हुए जालौन तक व बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर हमीरपुर से इटावा तक रेल लाइन बिछाने की मांग की है।

सोमवार को राज्यसभा के सदन में राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य ने कहा की रेल भारत विकास का इंजन है। रेल आधारित विकास ने कई क्षेत्रों में अहम योगदान दिया है। लेकिन औरैया के लोग कई सालों से रेल आधारित विकास की प्रतीक्षा कर रहे हैं। यहां रेल संभावना को लेकर कई बार सर्वे हुआ और लाखों रुपये खर्च हुआ। इसके पश्चात भी औरैया के लोगों को रेल सुविधा नहीं मिली। उप सभापति हरिवंश ने राज्य सभा सदस्य गीता शाक्य का इस जनहित से जुड़ी समस्या को सदन में उठाये जाने पर धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

राज्य सभा में मुद्दा उठातीं सांसद गीता शाक्य। अमृत विचार

- राज्यसभा सदस्य ने सदन में उठाया मुद्दा

..तो औरैया जंक्शन बनता

फफूंद से कोंच जालौन रेलमार्ग और इटावा से बिंदकी रोड का सर्वे हुआ था। फफूंद कोच के सर्वे में औरैया स्टेशन को जंक्शन बनाने की रिपोर्ट प्रेषित की गई थी।

ये स्टेशन थे प्रस्तावित

बिंदकी रोड, फतेहपुर से इटावा तक रेलवे सर्वे में इस रेलमार्ग पर बाबरपुर, अजीतमल, औरैया, सिकंदरा, राजपुर, सट्टी, भोगनीपुर, मूसानगर, घाटमपुर, जहानाबाद तथा बिंदकी रोड रेलवे स्टेशन प्रस्तावित थे। सर्वे करने वाले इंजीनियरों ने मंडी औरैया के समीप इस लाइन को एक-दूसरे से जोड़ने का खाका खींचा था। इससे औरैया को जंक्शन का दर्जा मिलता।

धर्म-अध्यात्म | सावन के पहले सोमवार को शिवालयों पर उमड़ी आस्था, भक्तों ने व्रत रखकर की पूजा-अर्चना

शिव शंकर को जिसने पूजा उसका ही उद्धार हुआ...

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। सावन माह के पहले सोमवार को जिले के शिवालयों पर सुबह से ही हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयकारों के साथ भक्तजनों का सैलाब पहुंचने लगा। श्रद्धालुओं ने शिवालयों पर पहुंचकर जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक कर पुष्प, बेलपत्र, धतूरा, मिष्ठान व फल आदि चढ़ाकर शिवजी की स्तुति की।

सावन की शुरुआत इस बार सोमवार से हुई तो पहला सोमवार खास बन गया। शहर के महाकालेश्वर देवकली मंदिर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने महाकालेश्वर के दर्शन के उपरांत मंदिर परिसर में लगे मेले में खरीदारी की। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जिला एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा। जिले के विभिन्न कस्बों एवं ग्रामीणांचलों से भी शिवालयों पर अनुष्ठान व पूजा-अर्चना आदि किए जाने के समाचार हैं। दुर्गम बीहड में स्थित महाकालेश्वर देवकली मंदिर पर सुबह से ही भक्तगणों का हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयकारों के साथ पहुंचना प्रारंभ हो गया। शिव भक्तों ने महाकालेश्वर पर फल, फूल, मिष्ठान के अलावा बेलपत्र, धतूरा आदि चढ़ाते हुए जलाभिषेक एवं दुग्ध अभिषेक किया। देवकली मंदिर परिसर में लगे मेले का भी महिलाओं, पुरुषों, युवाओं एवं बच्चों ने लुफ्त उठाया एवं खरीदारी की। महिलाओं ने श्रृंगार एवं साज-सज्जा का सामान व पुरुषों ने आवश्यक गृहस्थी का सामान तथा बच्चों ने खिलौने आदि खरीदे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। इसी तरह से जिले के विभिन्न कस्बों दिबियापुर, सहायल, सहार, कंचौसी, बेला, बिधूना, एरवाकटरा, कुदरकोट, रुरुगंज, नेविलगंज, अछल्दा, फफूंद, अटसू, अजीतमल, बाबरपुर मुरादगंज व अयाना के अलावा ग्रामीणांचलों में भी शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना हुई।

महाकालेश्वर देवकली मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु। अमृत विचार

मनकामेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्त। अमृत विचार

जल व बेलपत्र अर्पित कर मांगी सुख-शांति

अछल्दा, औरैया। ग्रामीण क्षेत्रों में मंदिरों में पहले सावन सोमवार पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। शिव मंदिरों में सुबह से जल अर्पित करने वाले श्रद्धालुओं को तांता लगा रहा। गांव ग्वारी में प्रसिद्ध मनकामेश्वर महाराज मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का पूजन अर्चन किया।

कस्बा के सराय बाजार पंच मुखी मंदिर में शिवजी का जलाभिषेक के बाद श्रद्धालुओं ने अभिषेक पूजन किया। मंदिर के पुजारी ने शिव शंकर का श्रंगार भांग से किया। मंदिर को आकर्षक विद्युत झालर और फूलों से सजाया गया था। हनुमान मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया।

दहेज हत्या में पति, देवर और देवरानी पर रिपोर्ट

अछल्दा, औरैया। पुराना अछल्दा में अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुरालियों ने बेटी की हत्या कर शव को जला दिया। थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के सती राम औतार पुत्र हरि राम ने अपनी पुत्री की शादी 30 मई 2021 को पुराना अछल्दा निवासी संगीत कुमार पुत्र जागेश्वर दयाल के साथ की थी। उनका आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही बेटी सुमन को पति संगीत, देवर कल्लू, देवरानी संगीता ने आए दिन अतिरिक्त दहेज में तीन लाख रुपये की मांग को लेकर परेशान करते थे। 17 जुलाई को करीब शाम 4 बजे दामाद ने फोन कर बताया कि सुमन की मृत्यु हो गई है।

मौके पर अपने परिवार के साथ पहुंचे तो देखा कि बेटी हत्या कर दी गई। ससुराली जन ने मुझे धमकाकर बेटी का शव जला दिया है। थाना प्रभारी विनेश कुमार ने बताया मामला दर्ज हो चुका है। जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

फंदे पर लटका मिला प्रधान पति का शव

संवाददाता अछल्दा, औरैया

- ट्रैक्टर बेचकर व सोने के आभूषण गिरवी रखकर ईंट-भट्ठे में किया था शेयर
- शशि ने कई बार मांगे पैसे बेइज्जती कर भगा देते थे आरोपी

अमृत विचार। थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत बघईपुर के मजरा रजपुरा निवासी प्रधान पति शशि प्रताप (35) की रविवार शाम को आवास पर संदिग्ध परिस्थितियों में शव फांसी पर लटका मिला था। थाना प्रभारी विनेश कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

शशि प्रताप।

मृतक की पत्नी नेहा ने थाना में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि शशि प्रताप ने चाचा बृजेंद्र कुमार पुत्र बलवंत सिंह व लोकेंद्र प्रताप उर्फ ओम, हेम प्रताप उर्फ लला पुत्रगण बृजेन्द्र प्रताप सिंह के साथ श्रीबाला जी ईंट उद्योग चिमकुनी में पार्टनर होने के लिए नामजद लोगों को अपना ट्रैक्टर बेचकर तथा सोने के आभूषण को गिरवी रखकर 11 लाख रुपये दे दिए। जब करीब 2 माह तक भट्ठा में हिस्सेदारी नहीं मिली तब शशि प्रताप ने अपने रुपये मांगे लेकिन इन लोगों ने मना कर दिया।

21 जुलाई को शशि प्रताप दोबारा रुपये मांगने गए तो इन लोगों ने बेइज्जत कर पुनः भगा दिया। वापस आकर घर पर शशि प्रताप ने पूरी जानकारी घर वालों को दी। शाम को घर पर कोई नहीं था। तभी शशि प्रताप का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला। मृतक की पत्नी ग्राम प्रधान नेहा ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। थाना प्रभारी विनेश कुमार ने बताया मामले में तहरीर मिल चुकी है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

शीलं प्रधानं पुरुषे तद् यस्येह प्रणश्यति।
न तस्य जीवितेनार्थो न धनेन न बन्धुभिः॥

शील ही मनुष्य का प्रमुख गुण है। जिस व्यक्ति का शील नष्ट हो जाता है-धन ,जीवन और रिश्तेदार उसके किसी काम के नहीं रहते, अर्थात् उसका जीवन व्यर्थ हो जाता है।

संपादकीय

वित्तीय क्षेत्र का भविष्य

आम बजट से एक दिन पहले संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण में अनुमान जताया गया है वित्त वर्ष 2024 में देश की अर्थव्यवस्था 8.2 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आर्थिक सर्वेक्षण में बैंकों के घटते नॉन-परफॉर्मिंग एसेट और आम आदमी को राहत पहुंचाने के लिए एलपीजी, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कटौती का जिक्र किया । सर्वेक्षण में महंगाई को काबू करने के लिए सरकार के उठाए गए कदमों की सराहना की गई है। वैश्विक श्रम बाजार में व्यवधानों और चौथी औद्योगिक क्रांति के प्रभावों के बीच प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 में भारत के कार्यबल के लिए आने वाले महत्वपूर्ण बदलावों को स्वीकार किया गया है। स्वीकारना होगा कि देश में पर्याप्त रोजगार सृजन की तत्काल आवश्यकता है। इसके लिए देखभाल अर्थव्यवस्था और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों को बढ़ावा देकर रोजगार सृजन में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने की जरूरत है। पिछले दो वर्षों से खाद्य मुद्रास्फीति एक वैश्विक घटना बनी हुई है। खराब मॉनसून की वजह से फसलों और खाने-पीने की चीजों की कीमतों पर प्रतिकूल असर पड़ा है।

कुछ खाद्य पदार्थों की महंगाई दर ऊंची है। हालांकि मुख्य महंगाई दर काफी हद तक काबू में है। प्रमुख महंगाई दर 4 फीसदी के नीचे है। गौरतलब है कि खुदरा मुद्रास्फीति जून में 5.08 प्रतिशत थी जबकि खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 9.36 प्रतिशत थी। मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं के कारण रिजर्व बैंक ने फरवरी, 2023 से नीतिगत दर में बदलाव नहीं किया है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद मूल्य स्थिरता सुनिश्चित की गई। भारत की नीतियां चुनौतियों से कुशलतापूर्वक निपट पाईं। कहा जा सकता है कि निवेश में जो तेजी आई है वह सिर्फ पब्लिक सेक्टर (सरकार) में पूंजीगत खर्च से नहीं आई है बल्कि राज्य और केंद्र सरकारें, दोनों मिलकर भी पूंजीगत उत्पादन बढ़ा रही हैं। साथ ही प्राइवेट सेक्टर में भी पूंजीगत खर्च रिकवर हुआ है और लगातार बढ़ोतरी हो रही है। वित्तीय क्षेत्र महत्वपूर्ण बदलाव से गुजर रहा है, इसलिए इसे वैश्विक या स्थानीय स्तर पर उत्पन्न होने वाली संभावित कमजोरियों के लिए तैयार रहना चाहिए। मानसून के सामान्य रहने की उम्मीद और आयात कीमतों में नरमी से आरबीआई के मुद्रास्फीति अनुमानों को बल मिलता है। मुख्य आर्थिक सलाहकार अनंत नागेश्वरन ने भी कहा है कि 7 फीसदी की इकोनॉमिक ग्रोथ रेट का लक्ष्य हासिल करना संभव है लेकिन यह इस पर निर्भर करेगा कि मानसून की बारिश कैसी होती है। भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि तथा इसका प्रभाव आरबीआई की मौद्रिक नीति के रुख को प्रभावित कर सकता है। इसके बावजूद भारत के वित्तीय क्षेत्र का परिदृश्य उज्ज्वल है। वास्तव में भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत तथा स्थिर स्थिति में है, जो भू-राजनीतिक चुनौतियों से निपटने में उसकी जुझारू क्षमता को दर्शाता है।

शोध पत्रों की अनुसंधान शैली पर उठते तकनीकी सवाल

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

आपत्ति के बाद से जर्नल से पेपर को रीट्रेक्ट करने या वापिस ले लेने की घटनाएं अनेक वर्ष से बढ़ी हैं। साइंस एडवांसेज के उक्त अध्ययन को खारिज करने से इसे संदर्भ हेतु सुरक्षित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा।

मेडिकल रिसर्च एंड एक्सपेरिमेंटल साइंस से ताल्लुक रखने वाली सामग्री को बिना जांच के प्रकाशित करना दुष्परिणाम लाता है। विदेश से प्रकाशित ख्यात और बहु-प्रसारित साइंटिफिक पत्रिकाओं में स्वास्थ्य प्रबंधन शोध या मेडिकल रिसर्च से संबधित रिपोर्ट, पेपर, पत्र को भारतीयों ने या विदेश में कार्यरत भारतीय मूल के शोध कर्मियों ने बेशक संयुक्त रूप से लिखा हो, परन्तु ऐसे प्रत्येक सर्वसुलभ प्रकाशित (ओपन एक्सेस) पेपर और रिपोर्ट को तीखी निगाह से देखने की आदत मीडिया कर्मियों को होनी चाहिए। भारत के संदर्भ में समझे बिना इसे इस्तेमाल करना सही नहीं। मीडिया में ऐसी रिपोर्ट्स की फ्रीक्वेंसी बढ़ गई है,जिनके बारे में भारत के स्वास्थ्य अनुसंधान तंत्र को आपत्ति रही है।

भारत में बैठे विदेशों के विज्ञान प्रकाशनों के कॉरेसपोंडेंन्ट्स वर्नाक्युलर मीडिया से खबर या सामग्री उठाकर अंग्रेजी में रूपांतरण करके इसे अपनी पब्लिकेशन को कभी फीड नहीं करेंगे। वे अंग्रेजी में ही स्टोरी लिखेंगें। अंग्रेजी के कंटेंट में अगर त्रुटि है तो हिंदीकरण के बाद वह इसलिए बनी रहती है कि इसके कंटेंट के भीतर विचार, दृष्टिकोण, टिप्पणी या फैक्ट्स का पुनर्सत्यापन करने के लिए मीडिया की संबंद्ध मैकेनिज्म को जागृत करने में रुचि नहीं है। भारत के बारे में विदेश से न्यूज और साइंटिफिक मीडिया में से कंटेंट निकाल कर देश के मीडिया को जो सामग्री अरसे से फीड होती आ रही है या इसे सोद्देश्य भारत की ओर धकेला जाता रहा है उसका जस का तस भाषांतरण करने के बाद तरजीह देकर हमारे यहां नहीं छापा जाना चाहिए।

ताजा प्रसंग में हुआ यूं कि अमेरिकन एसोसिएशन फॉर द एडवांसमेंट ऑफ़ साइंस संस्था के 'साइंस एडवांसेज' जर्नल के जुलाई 2024 के अंक में 'लार्ज एंड अनईक्वल लाइफ एक्स्पेक्टेंसी डिक्लाइन्स ड्यूरिंग द कोविड-19 पैंडेमिक इन इंडिया इन 2020' शीर्षक से प्रकाशित एक रिसर्च स्टडी में कहा गया कि भारत में सन 2020 के साल में कोरोना महामारी में संक्रमण से सामान्य संख्या से 12 लाख अधिक जनों की मृत्यु हुई थी जो कि सन 2019 के

भारत का सेंट्रल रजिस्ट्री सिस्टम सक्षम है और पक्षपात रहित होकर काम करता रहा है। कोविड महामारी के दौरान पंजीकरण करने पर मृत्यु के कारणों को दर्ज करने के बारे में विवादास्पद रिपोर्ट्स मीडिया में प्रकाशित हुई थीं,जिनका नोटिस स्वास्थ्य मंत्रालय ने लिया था और दिशा-निर्देश जारी किए गए थे।

दौरान इसी संक्रमण की वजह से हुई मृत्यु से संख्यात्मक रूप से और तुलनात्मक प्रतिशत आंकड़ों की दृष्टि से कहीं अधिक है। यह मात्र डेटा साइज़ और इंटरप्रिटेशन का खेल है। भारत में जन्म और मृत्यु की रजिस्ट्री के समय मृत्यु का कारण जरूर लिखा जाता है। यह सही है कि आम जागरूकता और मेडिकल एक्सपर्ट्स को सचेत करने के लिए जनसंदेशों के व्यापक प्रसारण और शासकीय आदेशों के बावजूद देहात और दूरस्थ क्षेत्रों में सन 2019-2020 में सिधार गए अनेक लोगों का दाह संस्कार करने से पहले मृत्यु का रजिस्ट्रेशन न हुआ हो या त्रुटिपूर्ण इन्द्राज किया गया हो, लेकिन डेटा में विशाल अंतर नहीं हो सकता। डेटा एनालिसिस में त्रुटियों को दुरस्त करने का मैकेनिज्म मौजूद होता है।

भारत का सेंट्रल रजिस्ट्री सिस्टम सक्षम है और पक्षपात रहित होकर काम करता रहा है। कोविड महामारी के दौरान पंजीकरण करने पर मृत्यु के कारणों को दर्ज करने के बारे में विवादास्पद रिपोर्ट्स मीडिया में प्रकाशित हुई थीं,जिनका नोटिस स्वास्थ्य मंत्रालय ने लिया था और दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। भारत की सेन्ट्रल रजिस्ट्री और नेशनल फॅमिली हेल्थ सर्वे-5 से कोरोना संक्रमण से मरने वालों की गैर-मुकम्मल संख्या में से डेटा लेकर साइंस एडवांसेज जर्नल में प्रकाशित उक्त शोध पत्र के दस ऑथर्स ने इस्तेमाल किया और जैसे नतीजे निकाले उनसे भारत सरकार में स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के सचिव और आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने जबरदस्त आपत्ति की है। नीति आयोग में स्वास्थ्य सलाहकार डॉ. विनोद कुमार पॉल ने इस शोधपत्र के लिए रिसर्चर्स द्वारा अधूरे डेटा-सेट के इस्तेमाल को गलत बताया है। इस बारे में हिंदी प्रिंट मीडिया में तकरीबन सभी समाचार पत्रों ने 21 जुलाई 2024 के अंक में इसे एक बड़ी खबर के रूप में प्रकाशित किया। इस बारे में हिंदी भाषा के कुछेक समाचार पत्रों में खबर के टेक्स्ट को सही से गठित नहीं किया और महत्व की जानकारी भी छूट गई या उक्त शोधपत्र को पढ़ने के बाद संशोधित नहीं की गई। इस शोधपत्र के विवादित हिस्सों को लिखने वाले सभी दस ऑथर्स भारतीय हैं, लेकिन इंग्लैंड, अमरीका, फ्रांस और जर्मनी के विभिन्न संस्थानों में विभिन्न कैपेसिटीज में करते हैं। एक रिसर्च पब्लिकेशन के बारे में बहुत से एथिकल इश्यूज उत्पन्न होते हैं। समाचार कहीं से भी पहुंचे इससे बाद इसका सत्यापन करने के मैकेनिज्म का सक्रिय किया जाना लाजिमी है। जर्नल्स के बारे में ऐसा करना अधिक मुश्किल नहीं, लेकिन प्रकाशन पूर्व सावधानी का यह अहम् हिस्सा है। इसलिए यह महत्वपूर्ण हो गया है कि विदेश मूल के जर्नल्स में प्रकाशित भारत संबंधी मेडिकल रिपोर्ट्स पर अपने देश के उच्च मेडिकल साइंटिस्ट्स की राय पहले जान ली जाए।

उक्त अध्ययन में इस्तेमालशुदा डेटा का सैंपल साइज़ अपर्याप्त बताया गया और कहा है कि कोविड संक्रमण की चपेट में आए हुए व्यक्तियों के स्वास्थ्य पर इससे दीर्घकाल के प्रभाव के रूप में जीवनावधि का दो वर्ष और छः महीना कम होने की संभावना व्यक्त की गई। प्रयुक्त किए गए डेटा से अध्ययन की आधारभूत जरूरत पूरी नहीं होती और सैंपल साइज बेहद छोटा और महत्वहीन होने के कारण देश की एक अरब 35 करोड़ जनसंख्या के लिए इसकी एप्लीकेशन (एक्स्ट्रापोलेशन) से कोई नतीजा निकालना अन-एथिकल और अवैज्ञानिक है। डेटा के एक क्रिटिकल मास का ध्यान एक रिसर्चर को इसलिए रखना होता है कि स्टेटिस्टिकल तकनीकों से एनालिसिस करते समय गड़बड़ पेश न आए। मॉडर्न और ट्रेडिशनल मेडिसिन में भारतीय स्वास्थ्य एवं आयुर्वेज्ञानिक अनुसंधान अध्ययनों के बारे में शोधपर्चों में दर्शाए गए तथ्यों की प्रकाशन-पूर्व समीक्षा विद्वज्जनों की प्रतिभा और रिसर्च में लंबे अनुभव पर निर्भर होती है? स्वास्थ्य मंत्रालय की आपत्ति के चलते 'साइंस एडवांसेज' जर्नल के उक्त लेख की संदर्भ सूची में 84 लेखों की गिनती करवाना ऑथर्स के लिए अब खास मायने नहीं रखता। उद्धृत किए गए लेखकों को अपनी प्रतिष्ठा के बारे में सोचना पड़ सकता है। पिछले दो-तीन वर्ष से विदेशी मूल के ख्यात और लर्नेड जर्नल्स में पीयर रिव्यु के कमज़ोर पड़ने की बातें नेचर जर्नल के कुछ अंकों में प्रकाशित हुई हैं। आपत्ति के बाद से जर्नल से पेपर को रीट्रेक्ट करने या वापिस ले लेने की घटनाएं अनेक वर्ष से बढ़ी हैं। साइंस एडवांसेज के उक्त अध्ययन को खारिज करने से इसे संदर्भ हेतु सुरक्षित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। यह तय है कि किसी भी प्रकार की साइंस न्यूज़ की हैंडलिंग -खासतौर से अनुसंधानिक मिजाज़ वाली, में हिंदीभाषा के प्रिंट मीडिया में दक्षता बढ़ानी होगी।

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने कोविड-19 पर जिस प्रकार से देश में रिसर्च स्टडीज को (एड-हॉक एंड इंस्टिट्यूशनल, दोनों) व्यापक समर्थन दिया और इनमें से अधिकांश को इंडियन जर्नल ऑफ़ मेडिकल रिसर्च (आईजेएमआर) के अंकों में प्रकाशित किया, उसकी पृष्ठभूमि में डॉ. बहल का यह कथन मायने रखता है 'साइंस एडवांसेज' में प्रकाशित की गई उक्त स्टडी को देख कर इस बारे चिंतन की जरूरत नहीं है। भारतीय स्टेटिस्टिकल एजेंसीज के अलावा भारत की रिसर्च एस्टाब्लिश्मेंट और जर्नल्स द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट्स में भारतीय मीडिया जनों की रुचि रूटीन के तौर पर बेहद कम है ऐसा अनुभव मैंने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् में अपने कार्यकाल में अर्जित किया। कोशिश के बावजूद मीडिया जन आईजेएमआर और अन्य भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान प्रकाशनों की ओर से सामान्यतः उदासीन ही बने रहे। इसलिए महसूस हो रहा कि विदेशी जर्नलों में प्रकाशित होने वाले भारत संबंधी शोध पर्चों की पुलिसिंग करने की भी अब जरूरत है।

प्रसंगवश

डिजिटल धोखेबाजों का शिकार बन रहे हैं सीनियर सिटीजन

डिजिटल धोखेबाजों का एक बड़ा शिकार सीनियर सिटीजन बन रहे हैं। खासकर नौकरी पेशा से निवृत्त हुए लोग। इसके कई कारण हैं। एक तो यही कि प्रायः उनके ज्यादातर आर्थिक सामाजिक दायित्व पूरे होते रहते हैं। उनके पास सरप्लस या यूं कहें कि पर्याप्त धन रहता है। शरीर भले निरंतर कमजोर जर्जर हो रहा हो,मगर मूलभूत जैविक इच्छाएं रह-रह कर उछाल मारती रहती हैं।

अकेलापन, एकरसता जीवन में तारी होने लगती है। उनमें एकालाप और सामीप्य की चाहत बलवती हो जाती है। वे नहीं चाहते कि उनकी उपेक्षा व्यक्ति और समाज करे। इसलिए कहीं से भी तनिक प्रशंसा,स्नेह और प्रेम के मीठे बोल उन्हें अपनी ओर खींच लेता है। मगर उनमें एक खामी भी आरंभ हो चुकी रहती है, याददाश्त कमजोर पड़ रही होती है। एक डिजिटल धोखेबाज के लिए ये सभी ऐसी कमजोरियां हैं,जिनके चलते वह उन्हें फांसने की जुगत करता है। एक पुलिस पद के ऊंचे ओहदे से रिटायर हुए और एक सेवानिवृत्त ब्यूरोक्रेट मित्र अभी ऐसे ही एक स्कैंडल से किसी तरह उबर पाए हैं मगर लाखों का चूना लग गया है। जनाब कंचन और कामिनी के मोह में पड़ गए। अनावृत काया ने उन्हें अपने मधुपाश में लपेट लिया।

मेरे और समवयी मित्रों के वाट्सऐप पर अनजान और अचानक ऐसी कॉल आ आती हैं,फलाने मिस, फलाने कुमारी वाली। उन्हें बिना रिसीव करके तुरंत डिलीट करने में ही भलाई है। धोखेबाज दिन-रात सक्रिय हैं और नए-नए फांसने के तरीके आविष्कृत करते रहते हैं। गुरु पूर्णिमा के अवसर को भी उन्होंने नहीं छोड़ा। अब तनिक इस वाट्सऐप संदेश को देखिए। किन्हीं मिस... सिंह का संदेश मिला जो न मेरे संपर्क सूची में हैं और न किसी समूह में। पहले संदेश पढ़िए -"मैं भाग्यशाली हूं कि आप मेरे गुरु हैं। आपने न सिर्फ ज्ञान दिया,बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाई। आपके सिखाए गए पाठ मेरे जीवन को हमेशा दिशा देते रहेंगे। आपको गुरु पूर्णिमा की ढेर सारी शुभकामनाएं! -... सिंह।" पढ़कर सुखानुभूति हुई। मगर छठी इंद्रिय सौभाग्य से सक्रिय हो गई और धन्यवाद देने से मैंने खुद को हठात रोक लिया। आशंकाएं बलवती हुईं। इन मोहतरमा की तो मुझे याद भी नहीं है। कमजोर मन ने प्रतिवाद किया, याद तो दुष्यंत को भी शकुंतला की नहीं थी। हो सकता है कोई मिस सिंह जान-पहचान की रही ही हों? और कृतज्ञता ज्ञापन का धन्यवाद भी न देना तो अशिष्टता ही होगी, मगर मन में द्वंद्व चलता रहा। आखिर तार्किकता ही जीती, इमोशन पीछे रहा।

मेरे और समवयी मित्रों के वाट्सएप पर अनजान और अचानक ऐसी कॉल आ आती हैं,फलाने मिस, फलाने कुमारी वाली। उन्हें बिना रिसीव करके तुरंत डिलीट करने में ही भलाई है। धोखेबाज दिन-रात सक्रिय हैं और नए-नए फांसने के तरीके आविष्कृत करते रहते हैं। गुरु पूर्णिमा के अवसर को भी उन्होंने नहीं छोड़ा।

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

आशंका यही है कि यह तरीका भी धोखे का वाला ही हो सकता है,जो आपके संपर्क सूची में नहीं है और आपको उसकी तनिक याद भी नहीं है काहें खतरा मोल लिया जाए। संदेश में आकर्षक फोटो है-बहुत संभव है वह क्लिकबेट हो। नाम याद रखने की भूल तो हो सकती है,मगर चेहरा भी पहचान नहीं पाया। हो सकता है याददाश्त सचमुच खेल कर रही हो।

बहरहाल इस उधेड़बुन में मैंने जवाब देना ही स्थगित कर दिया और सोचा कि इस पर अपने मित्रों की राय भी ले लूं। इधर जवाब दूं और उधर धोखेबाज अगले कदम को तैयार बैठे हों। डिजिटल फ्राड से बचने के लिए बहुत सजग रहने की आवश्यकता है,अगर आपके लिए खोने को बहुत कुछ हो। दौलत मान प्रतिष्ठा आदि। हां अगर इन सबसे आप निरे दरिद्र हैं तो फिर क्या फिक्र। धोखेबाज भी जान जाएगा कि किससे पाला पड़ गया।

संविधान की समीक्षा नहीं परीक्षा का समय

आजादी के बाद सत्ताधारी कांग्रेस ने जवाहरलाल नेहरू के बाद 'कल्चर' शब्द का मजाक उड़ाते उसे 'एग्रीकल्चर' से हीनतर समझा। आजादी का संघर्ष गांधी के लिए सांस्कृतिक मूल्य-युद्ध भी था। अंग्रेजों से केवल निर्णायक राजनीतिक युद्ध करने से आजादी के बाद विचार की आजादी को लेकर एक और युद्ध लड़ना पड़ता। कांग्रेस में कई नेता हिंदूवादी ही थे।

नेहरू जैसे लोग पश्चिम के नए आकाश को भारतीय सांस्कृतिक अस्मिता के स्पेस में लगना बनाना चाहते थे। राजनीतिक शब्दावली के अनुसार गैर प्रगतिशील गांधी हिंदुत्व की रूढ़, दकियानूस और बांझ मान्यताओं की खाल खींचने के बावजूद उस विरासत को संशोधित कर अपनी छाती से चिपकाए रखना चाहते थे। अल्पसंख्यकों के कठमुल्ला तत्वों ने भी कई सियासती खिलवाड़ें कीं। उन्हें चुप करने की रस्मअदायगी भी नहीं की गई। शाहबानो के प्रकरण में इसके बरक्स साहसी समाज सुधारकों को सहारा नहीं दिया गया। कूढ़मगज मुसलमानों की भड़काऊ गतिविधियों को शुरू से काबू नहीं किया था।

अयोध्या में राम मंदिर के नाम पर पूजागृह के ताले परिस्थितियों का जायजा लिए बगैर खुलवाए गए। मौजूदा समय संविधान की समीक्षा का नहीं,संविधान की परीक्षा का है। मुसलमान और ईसाई संकीर्ण हिंदुओं की हिट लिस्ट में हैं ही। एकल सांस्कृतिकता सांस्कृतिक बहुलतावाद से पिटती है। फासीवाद जब पनपता है तो वह अंतर्विरोधों की लहरें भी खुद उत्पन्न करता है। धुंध आक्रमणकारी के लिए ढाल और विक्टिम की पीठ के लिए तलवार

कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

कई प्रदेशों के हिंदू और मुसलमान प्रादेशिक भाषाएं बोलते हैं। राजनीतिक संबंध और प्रतिबद्धताएं क्षेत्रीय सांस्कृतिक अहसास में ढूंढते हैं।

की तरह होती है। बाबरी मस्जिद, गोधरा और 9/11 की दुर्घटनाओं के बाद मुसलमान के लिए नागरिक समझ में बदलाव आया है। पारंपरिक वेषभूषा में वह पंथनिरपेक्षों तक के संदेह के घेरे में आ जाता है। दाढ़ी का मुखौटा लगाए कई बुद्धिजीवी, संस्कृतिकर्मी और कलाकार भी लोगों को मुसलमान दिखाई पड़ते हैं। भारत-पाक विभाजन को लेकर रचे साहित्य में सआदत हसन मंटो, इस्मत चुगताई और कृश्न चंदर जैसे लेखकों ने कई वास्तविक पेचीदा स्थितियों का खुलासा किया।

बुद्धिजीवी दिखता कोई मुसलमान या मुसलमान दिखता बुद्धिजीवी पहचाना नहीं जाए, तो उसे मुस्लिम आतंकवादी कह दिया जाता है। सांप्रदायिकता का यह नया शोध पंथनिरपेक्षता की एक-एक ईंट सरका रहा है। 'सभी मुसलमान आतंकवादी नहीं हैं,लेकिन सभी आतंकवादी मुसलमान हैं' के काफिया अर्थात् पुनरावृत्ति और उलटबांसी के आधार पर हर खाली स्पेस में सांप्रदायिकता ने अपनी वेबसाइट खोल ली है। कई प्रदेशों के हिंदू और मुसलमान प्रादेशिक भाषाएं बोलते हैं। राजनीतिक संबंध और प्रतिबद्धताएं क्षेत्रीय सांस्कृतिक अहसास में ढूंढते हैं। कई कारणों से पंथनिरपेक्षता का सामासिक एका और समन्वय अभी भी हासिल नहीं हुआ है। सुन्नी, सिया, सूफी, लोहरा और खोजा वगैरह उपजातियों में बंटे मुसलमान भी पूरी तौर पर एकीकृत कहां हैं? संप्रदायवाद के चश्मे से उनके वजूद को जांचना विस्फोटक काम है। तथ्यविरोधी, अवैज्ञानिक और सामाजिक संरचना के विरुद्ध उपजाए गए गोरे अंग्रेजों के कई निर्णयों ने इंसानियत की तमीज पर कालिख पोती। उस साजिश को समझकर फायदा उठाते कट्टर हिन्दुत्व की थीसिस ने उसे सहधर्मी सहोदर स्वदेशी विचार की तरह अपना लिया। इतिहास विकृत किया जा रहा है। मुसलमान को भारतीय जीवन के हाशिए पर धकेला जा रहा है। मंत्रिपरिषद में मुसलमानों को रखना गवारा नहीं समझा जा रहा।

शौर्य के लिए पहला सैनिक मरणोपरांत सम्मान अब्दुल हमीद को मिला। 1857 के जनयुद्ध में बहादुर शाह जफर, वहाबी, समुदाया अहमदुल्लाह शाह आदि ने अंग्रेज का दमदार मुकाबिला किया। यह भी उसके उलट सोचना होगा कि गणेश शंकर विद्यार्थी और स्वामी श्रद्धानंद का जातीय समरसता की कोशिश के बावजूद कत्ल किसने किया? कांवर यात्रा राष्ट्रीय बहस के हाशिए पर नहीं डाली जा सकती। मुसलमान ही डरे हों,वाचाल नहीं हो पाते हों,साहस नहीं दिखा पाते हों,लेकिन महान हिंदू कौम ने अपने उदार साहसी योद्धाओं के कारण नई राह पर चलने का फिलवक्त हौसला दिखाया है। उदार हिंदू ही मजहब की एकता की बुनियाद हैं।

सोशल फोरम

कृष्ण चंदर का तारीखी गधा

एक मुहावरे में हिदायत दी गई है कि गधे को गुलकंद, पूड़ी-हलवा, जाफरान और मीठे चावल जैसी चीजें खिलाने से परहेज किया जाना चाहिए। यह भी कहते हैं कि गधे को खिलाए का पुण्य लगता है न पाप। यानी सफल जीवन के लिए हर भले इंसान को गधों से दूर रहना चाहिए।

अकबरनामा बताता है कि शहंशाह अकबर को जंगली गधों का शिकार करने में मजा आता था। अबू फजल बताते हैं कि बाद में अकबर को अहसास हुआ कि वह गधों का शिकार करने के लिए नहीं, इंसानियत के लिए बड़े काम करने के लिए बादशाह बना है। यकीन मानिए गधे न होते तो न अकबर का दीने-इलाही होता न के। आसिफ मुगल-ए-आजम बना पाते।

अशोक पांडे
हल्द्वानी

कुछ साल पहले आई लंदन की ब्रूक हॉस्पिटल ऑफ एनीमल्स नाम की अंतर्राष्ट्रीय संस्था ने अपनी एक रपट में चिंता जाहिर करते हुए बताया था कि 2014 से 2021 के दरम्यान भारत में गधों की तादाद में 61 प्रतिशत कमी आई। चीन में गधों की खाल की मांग का बढ़ना इसका मुख्य कारण बताया गया। मैंने जीवन भर गधों से मोहब्बत की है। गधों के बारे में सारा दुष्प्रचार इसलिए किया गया कि दुनिया उनसे जलती है। उनके सीधेपन को कमजोरी और उनकी कर्मठता तो अज्ञान बताने वाले समाज को सबसे कीमती सबक देने वाले मुल्ला नसरुद्दीन यूं ही नहीं अपने गधे के शैदाई थे। बताते हैं मुल्ला के गधे के पुरखे यूपी के बाराबंकी से ताल्लुक रखते थे।

वही बाराबंकी जहां के बैरिस्टर सैयद करामत अली शाह की कोठी पर ईंटें ढोते-ढोते कृष्ण चंदर का तारीखी गधा पढ़ा-लिखा पीर-संन्यासी बन गया था। सैयद साहब और गधा मिलकर अखबार बांचते और दिलीप कुमार निम्मी की नई पिक्चर के बारे में घंटों बहस किया करते। बैरिस्टर साहब अक्सर कहते -'अफसोस तुम गधे हो। अगर आदमी के बच्चे होते तो मैं तुम्हें अपना बेटा बना लेता।'

-फेसबुक वॉल से

जनसंख्या नियंत्रण के लिए सरकार की ठोस योजना नहीं

आबादी बढ़ने की रफ्तार पर लगाम कसने के लिए देश में बरसों से गूंज रहे "हम दो, हमारे दो" के नारे को उत्तर प्रदेश के 27 जिलों ने ताक पर रख दिया है। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य की ओर से इन सभी जिलों की प्रजनन दर सुधारने के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। यह अखबार की एक खबर है। उत्तर प्रदेश की औसत प्रजनन दर 2.4 है, यानी प्रति परिवार औसतन 2.4 बच्चों का जन्म हो रहा है। सबसे अधिक श्रावस्ती और बलरामपुर जिलों में यह औसत 3.7 का है। यहां परिवार का अर्थ सम्मिलित परिवार नहीं है।

समाचार से यह तो ज्ञात हुआ कि परिवार नियोजन के लिए सरकार चिंतित है,लेकिन मात्र चिंतित होने के परिणाम नहीं निकलेगा। नियोजित परिवार के लिए सरकार का कोई ठोस प्रयास जमीन पर दिख नहीं रहा है,अगर कुछ होगा भी तो मात्र सरकारी फाइलों में ही होगा। सही बात तो यह है कि आपातकाल में संजय गांधी द्वारा परिवार नियोजन पर जोर दिए जाने के कारण सरकारी सेवकों द्वारा की गई ज्यादतियों के कारण 1977 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस हिंदी बेल्ट से साफ हो गई थी और इंदिरा गांधी की सरकार चली गई थी। तब से आज तक किसी भी सरकार में इतना साहस नहीं दिखा कि वह परिवार

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

जनसंख्या की दृष्टि से हम विश्व में पहले नंबर पर हैं। भारत से अधिक क्षेत्रफल वाले छह देश-रूस, कनाडा, अमेरिका, चीन, ब्राजील, आस्ट्रेलिया हैं।

नियोजन हेतु सख्ती कर सके। जब सरकार के पास नियोजित परिवार करने हेतु कोई ठोस योजना ही नहीं है तो प्रमुख सचिव स्वास्थ्य इन 27 जनपदों के अधिकारियों को प्रजनन दर सुधारने के सख्त निर्देश क्यों दे रहे हैं?

क्या अधिक बच्चे पैदा करने वालों को दंडित किया जाएगा जैसे उन्हें मुफ्त के अनाज, बिजली, इलाज आदि सुविधाएं बंद कर दी जाएंगी, सरकारी कर्मचारियों की वेतन-वृद्धि, प्रोन्नति,ग्रेच्युटी आदि रोक दिए जाएंगे या दंपति की बलात नसबंदी कर दी जाएगी? या जिस क्षेत्र की प्रजनन दर बढ़ेगी,वहां के स्वास्थ्य, राजस्व, पुलिस अधिकारी निलंबित या हटा दिए जाएंगे? स्वास्थ्य सचिव ने इसे स्पष्ट नहीं किया। ऐसे अस्पष्ट निर्देश मुख्यमंत्री, मंत्री आदि का दिया जाना तो समझ में आता है,लेकिन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दिए जाने वाले आदेशों में स्पष्टता होनी चाहिए कि उन्हें परिवार को नियोजित करने के लिए क्या क्या करने हैं और न करने पर क्या दंड दिए जा सकते हैं। किसको कितने बच्चे पैदा करने चाहिए,यह तो वह दंपति ही निर्णय लेंगे,लेकिन बढ़ती जनसंख्या के कारण देश की अवरुद्ध हो रही प्रगति के लिए प्रत्येक देशवासी को इस पर विचार करना होगा और नियोजित परिवार ही जनसंख्या वृद्धि रोकने का एकमात्र उपाय है, इसलिए सरकार को इसका अनवरत प्रचार प्रसार करना होगा। कुछ लोग अज्ञानता वश या संतान को ईश्वर प्रदत्त मानते हुए परिवार नियोजन का विरोध करते हैं,ऐसे लोगों के लिए दंडात्मक व्यवस्था भी अनिवार्य है,क्योंकि "बिनु भय होय न प्रीति"।

जनसंख्या की दृष्टि से हम विश्व में पहले नंबर पर हैं। भारत से अधिक क्षेत्रफल वाले छह देश-रूस, कनाडा, अमेरिका, चीन, ब्राजील, आस्ट्रेलिया हैं। चीन के अलावा उक्त सभी पांच देशों की आबादी हमसे बहुत कम है। हमें भी अपनी आबादी पर नियंत्रण कर गरीबी, बेरोजगारी जैसी समस्याओं से निजात पानी होगा अन्यथा देश की प्रगति का कोई अर्थ नहीं होगा।

वह मर गया है, जीवित नहीं है

वह मर गया है,जीवित नहीं है मृतोऽसौ न स जीवति। महाभारत के अनुशासनपर्व को देख रहा हूं। आश्चर्य हो रहा है कि वह जमाना राजतंत्र का था, सामंती था, किंतु रचनाकार इतना निर्भय होकर इतने कठोर शब्द लिख रहा है-क्रोशन्त्यो यस्य वै राष्ट्राद्धियन्ते तरसा स्त्रियः। / क्रोशतां पतिपुत्राणां मृतोऽसौ न स जीवति। जिस राज्य में दुष्ट-जन उन रोती-बिलखती स्त्रियों का बलपूर्वक अपहरण कर लेते हैं, बलात्कार करते हैं, उन स्त्रियों के माता-पिता पति और पुत्र विवश होकर चिल्ला रहे हैं, रो रहे हैं, माथा पीट रहे हैं।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

राजा उनका रुदन सुनकर के भी नहीं सुन पा रहा, महाभारतकार कहता है कि उस राज्य का राजा जीवित नहीं है,वह मर गया है। उसे जीवित होते हुए भी मरा हुआ मान लेना चाहिए। अहं वो रक्षितेत्युक्त्वा यो न रक्षति भूमिपः।/ स संहत्य निहन्तव्यः श्वेव सोन्माद आतुरः।।

मैं आप लोगों की रक्षा करूंगा-ऐसी शपथ लेने के बाद भी जो राजा प्रजा की रक्षा नहीं करता,वह उन्माद रोग से ग्रस्त है और कुत्ते की तरह हंतव्य है।

राजधर्म के पुराने विचारकों के संवाद महाभारत में कई जगह पर हैं, वहां प्रश्न उठते हैं कि सदसत् -प्रवृत्तियों को धारण करने वाला यह समय क्या है? यह समय कौन है? जिसे जमाना अथवा युग कहा जाता है, वह क्या है? यह युग क्या है? इस प्रश्न का उत्तर देते हुए वे कहते हैं कि युग राजसत्ता का ही आभामंडल है। प्रजा राजा का शरीर है। यदि राजधर्म बिगड़ जाए तो धर्म, विद्या, आश्रम, तप, त्याग सभी नष्ट हो जाते हैं। इसीलिए राजसत्ता ही काल का कारण है।

एक नजर

नर्सिंग कॉलेजों में मानकों की होगी जांच

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में उच्च गुणवत्तायुक्त नर्सिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए नर्सिंग कॉलेजों पर शिकंजा कसता जा रहा है। कॉलेजों को बताना होगा कि उनके संस्थान में क्या मानक पूरे हो रहें हैं। नर्सिंग छात्र कहां पढ़ाई करेंगे और कहां इंटर्नशिप करेंगे। स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने आधा दर्जन बिंदुओं पर कॉलेजों से जानकारी मांगी है। स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ आलोक कुमार ने बताया कि मिशन निरामया के तहत नर्सिंग सेवाएं गुणवत्ता पूर्ण बनाई जा रही हैं।

चार कर्मी गैरहाजिर स्पष्टीकरण मांगा

अमृत विचार, लखनऊ : एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने सोमवार सुबह 11:45 बजे मुख्य अभियंता कैम्प कार्यालय, वित्त एवं लेखा, अधिष्ठान, रजिस्ट्री सेल व सम्पत्ति अनुभाग का निरीक्षण किया। मुख्य अभियंता कार्यालय में कनिष्ठ लिपिक ज्योति सिंह, लेखा अनुभाग में डाटा इंट्री ऑपरेटर रजा अली खान, अधिष्ठान में प्रवर वर्ग सहायक एजाज खान व कनिष्ठ लिपिक रितेश श्रीवास्तव पटल से गैर हाजिर मिले। उपाध्यक्ष ने नाराजगी जताते हुए संबंधित से स्पष्टीकरण तलब किया है। कार्यालय में गंदगी मिलने पर नाराजगी जताई और सुधार न होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

डॉ. सुरेश बने केजीएमयू के चिकित्सा अधीक्षक

अमृत विचार, लखनऊ : केजीएमयू में जनरल सर्जरी विभाग के डॉ. सुरेश कुमार को संस्थान का नया चिकित्सा अधीक्षक नियुक्त किया गया है। उन्हें डॉ. डी. हिमांशु की जगह तैनाती दी गई है। इससे पहले डॉ. सुरेश को जुलाई की शुरूआत में कार्यवाहक चिकित्सा अधीक्षक नियुक्त किया गया था। डॉ. सुरेश ने कहा कि केजीएमयू में प्रदेश भर से मरीज आ रहे हैं। इन मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। डॉक्टर नियमित राउंड लें। दिक्कत होने पर मरीज मुझसे कभी भी बात कर सकते हैं। मैं 24 घंटे मरीजों के लिए उपलब्ध रहूंगा।

पहली तिमाही में बढ़ गए सवा लाख दिव्यांग पेंशनर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 9,79,478 से बढ़कर 11,04,703 हो गई लाभार्थियों की संख्या

▸▸ कुष्ठावस्था के लाभार्थियों की संख्या 11,208 से बढ़कर 12,400 हुई

अमृत विचार: जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को मिल सके इसके लिए समाज कल्याण विभाग प्रचार-प्रसार कराने से लेकर सर्वे तक करा रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में इस वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में दिव्यांगों की संख्या लगभग सवा लाख प्रदेश में बढ़ गई।

समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित दिव्यांग पेंशन योजना के तहत एक हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाते हैं। पेंशन योजना का लाभ तभी मिलता है जब दिव्यांगता 40 प्रतिशत से अधिक हो। वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही (अप्रैल से जून) तक 9 लाख 79 हजार 478 को पेंशन योजना का लाभ मिला। जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 11 लाख 4 हजार 703 को लाभ मिला। दिव्यांग पेंशनरों की संख्या में 1 लाख 25 हजार 225 की बढ़ोतरी हुई। वहीं कुष्ठावस्था पिछले वित्तीय वर्ष में 11208 लाभार्थी थे जबकि इस वित्तीय वर्ष में संख्या 12 हजार 400 हो गई। विभागीय अधिकारियों की मानें तो सर्वे कराकर और प्रचार-प्रसार कर पात्रों को योजना का लाभ दिया गया। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने कहा कि सरकार की मंशा है कि जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि दिव्यांग को एक हजार रुपये प्रतिमाह और कुष्ठजनों को तीन हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाती है।

जेल में मृत्यु पर मुआवजा देने का आदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ बाराबंकी के रामधन को साढ़े तीन लाख तो बागपत के शाकिर के परिजन को दो लाख

अमृत विचार: जेल में विचाराधीन बंदी की मृत्यु पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। आदेश मिलते ही प्रदेश की राज्यपाल ने मुआवजे की संस्तुति कर दी है। एक प्रकरण बाराबंकी का है तो दूसरा प्रकरण बागपत का है।

बाराबंकी में विचाराधीन बंदी रामधन उर्फ हंटरी की जेल में 21 जून 2019 को मृत्यु हो गई थी। इस दौरान इनके परिजनों ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का रुख किया। तमाम सुनवाई के बाद आयोग ने रामधन के परिजनों को साढ़े तीन लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश प्रदेश सरकार को दिया। उधर, बागपत में विचाराधीन बंदी शाकिर की मृत्यु 26 जनवरी 2019 को हो गई थी। शाकिर के प्रकरण पर भी लंबी सुनवाई के बाद आयोग ने दो लाख रुपए देने के आदेश दिए हैं। इस आदेश के बाद राज्यपाल की संस्तुति मिलते ही शासन के संयुक्त सचिव शिवगोपाल सिंह ने महानिदेशक कारागार को पत्र लिखकर तत्काल परिजनों को मुआवजा देने को कहा है।

हर पात्र को दिया जाएगा पक्का मकान: मुख्यमंत्री

योगी ने जनता दर्शन में सुनीं तीन सौ लोगों की समस्याएं

गोरखपुर में आयोजित जनता दर्शन में युवती से शिकायती पत्र लेते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ, गोरखपुर

▸▸ जरूरतमंदों के आयुष्मान कार्ड बनवाने के दिए निर्देश

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर पात्र को पक्का मकान उपलब्ध कराया जाएगा। सभी लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री सोमवार को गोरखपुर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने तीन सौ लोगों की समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों को निस्तारण कराने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर मामले में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिनके पास पक्का आवास नहीं है, उन्हें पीएम-सीएम आवास योजना से मकान मिलेगा, जिन्हें इलाज की आवश्यकता है, उनके समुचित इलाज की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने लोगों से आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। साथ ही, अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज के लिए 'एस्टीमेट' की प्रक्रिया शीघ्रता से पूरा कर शासन में उपलब्ध कराया जाय। एस्टीमेट मिलते ही इलाज के लिए धन अवमुक्त किया जाय। उन्होंने अधिकारियों को यह निर्देश भी दिए कि सभी जरूरतमंदों के आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों को सबक सिखाया जाए।

शिव की पूजा-अर्चना की

जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों के साथ आई थीं। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों को खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया और चॉकलेट गिफ्ट करते हुए आशीर्वाद दिया। सावन के पहले सोमवार को मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में शिव की पूजा-अर्चना की।

लोहे के रेलिंग से सुरक्षित होगी श्रीकृष्ण जन्मभूमि

अमृत विचार, लखनऊ: मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि/ शाही ईदगाह परिसर का उत्तरी भाग लोहे की रेलिंग से लैश होगा। यह कार्य सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से किया जा रहा है। गृह विभाग ने इसके लिए साढ़े 66 लाख की धनराशि देने की स्वीकृति प्रदान की है।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि के उत्तरी भाग में गोविंदनगर गेट-3 से केशव मंदिर के पार्क में लोहे की रेलिंग का निर्माण लंबे समय से प्रस्तावित था। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से ऐसा निर्णय लिया गया है।

टर्मिनल पर पीएनजी प्रयोग करने वाला चौ. चरण पहला एयरपोर्ट बना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ टैपिंग पॉइंट का मुख्य एयरपोर्ट अधिकारी ने किया उद्घाटन

अमृत विचार: चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल (सीसीएसआई) एयरपोर्ट ने सोमवार को टर्मिनल 3 (टी3) पर पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) टैपिंग पॉइंट का उद्घाटन किया गया। टी3 उत्तर प्रदेश में खाना पकाने के लिए पीएनजी का उपयोग करने वाला पहला एयरपोर्ट टर्मिनल बन गया है। ग्रीन गैस लिमिटेड (जीजीएल), गेल (इंडिया) लिमिटेड और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड का एक संयुक्त उद्यम एयरपोर्ट को पाइपलाइन के माध्यम से पीएनजी की आपूर्ति करेगा, जिसे फिर टी-3 पर एफएंडबी आउटलेट्स में वितरित किया जाएगा।

इसका उद्घाटन मुख्य एयरपोर्ट अधिकारी दर्शन सिंह और ग्रीन गैस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक गिरिजा शंकर ने किया।

मंडलाधिकारी कार्यालय के लिए पौने तीन करोड़ जारी

अमृत विचार, लखनऊ : अयोध्या में नवसृजित पद पुलिस अधीक्षक (क्षेत्रीय) मंडलाधिकारी विशेष शाखा के लिए जल्द ही भव्य कार्यालय बनेगा। इसके लिए शासन ने पौने तीन करोड़ रुपए की संस्तुति कर दी है।

अभी मंडलाधिकारी वैकल्पिक व्यवस्था में अपने कार्यालय का संचालन कर रहा है। बताया जा रहा है कि शासन ने जल्द ही मंडलाधिकारी के लिए कार्यालय तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

चार नवनिर्वाचित विधायकों ने ली शपथ

अमृत विचार, लखनऊ: विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सोमवार को नवनिर्वाचित चार विधायकों को पद की शपथ दिलाई।

नवनिर्वाचित विधायकों में शाहजहांपुर की ददरौल सीट से अरविंद कुमार सिंह, लखनऊ पूर्व सीट से ओपी श्रीवास्तव, बलरामपुर की गैसड़ी सीट से राकेश कुमार यादव और सोनभद्र की दुद्धी सीट से विजय सिंह शामिल रहे। इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष ने उन्हें संविधान व विधानसभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली 2023 की प्रति भेंट की।

विधान सभा के लिए जल्द तय होगा नेता प्रतिपक्ष का नाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: विधान परिषद में सपा नेता लाल बिहारी यादव को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने के बाद अब विधानसभ में नेता प्रतिपक्ष का नाम तय होगा। 29 जुलाई से शुरू हो रहे विधानमंडल सत्र के पहले नाम तय होना है।

अभी तक सपा प्रमुख अखिलेश यादव विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष थे, पर कन्नौज से सांसद बन जाने के बाद उन्होंने इस पद से इस्तीफा दे दिया। इस कारण नेता प्रतिपक्ष का पद खाली चल रहा है। सपा प्रमुख के इस पद से इस्तीफा दिये जाने के बाद पूर्व मंत्री शिवपाल यादव को नेता प्रतिपक्ष बनाये जाने की चर्चा चल रही थी, पर विधान परिषद में लाल बिहारी यादव के नेता प्रतिपक्ष बनने से उनका नेता प्रतिपक्ष बनाया जाना मुश्किल बताया जा रहा है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि दोनों सदनों में नेता विरोधी दल एक ही बिरादरी को बनाये जाने से पार्टी बच रही है, इसलिए विधान सभा में इंद्रजीत सरोज और राम अचल राजभर में किसी एक को नेता प्रतिपक्ष बनाया जा सकता है।

परिषद में खाली था नेता प्रतिपक्ष का पद

विधान परिषद में अभी तक नेता प्रतिपक्ष का पद खाली चल रहा था। लाल बिहारी यादव परिषद में सपा दल के नेता थे, पर सदन में सपा सदस्यों की पर्याप्त संख्या नहीं थी, इसलिए नेता प्रतिपक्ष का पद रिक्त था।

धर्म दर्शन

सतोगुण प्रधान देव श्री हरि विष्णु

मनुस्मृति के अनुसार सृष्टि में सर्वप्रथम परमात्मा ईश्वर ही नर के रूप में उत्पन्न हुआ। महाभारत एवं परवर्ती साहित्य में वैदिक विष्णु की उपासना के अभिन्न अंग बन गए -वासुदेव कृष्ण और नारायण। इन पर अलग स्वतंत्र ग्रंथ रचनाएं अस्तित्व में है। पौराणिक साहित्य में विष्णु को सतोगुण प्रधान देव माना गया है। सृष्टि के संचालन और रक्षण का प्रमुख दायित्व इन्हीं का माना गया है। इसी कारण वह विभिन्न युगों में मानवीय अवतार ले दुष्टों का दमन और पृथ्वी का पालन करते हैं। पुराणों में उनको चतुर्हस्त (चार हाथों वाला) एवं शंख, गदा, चक्र एवं पद्म (कमल) धारणकर्ता कहा गया है। पीतांबर, वनमाला, किरीट, कुंडल तथा श्रीवत्स इनके प्रिय आभूषण हैं। वैकुंठ इनका निवास स्थल और पत्नी लक्ष्मी हैं। उनको छीर सागर में शेषशायी भी कहा गया है। आगम साहित्य के सिद्धांतानुसार वैकुंठ सबसे ऊंचे स्वर्ग का नाम है। कोई भी जीवात्मा ईश्वरीय कृपा के बिना, ज्ञान लाभ और मोक्ष नहीं पा सकता है और न तो उसे वैकुंठ में ईश्वर का सायुज्य ही मिल सकता है। वैष्णव मत भगवान विष्णु के उपासकों का मार्ग है। इसके अन्य लोकप्रिय नाम भागवत मत और पंचरात्र मत भी हैं। कुछ लोग नामांत में संप्रदाय शब्द का प्रयोग करते हैं। महाभारत काल में कृष्णावतार की मान्यता के साथ ही पूर्व के ही सात्वमत में पंचरात्र समाहित हो गया। सात्वमत ही भागवत मत का एक अन्य नाम है। इस मत के अनुसार हरिभजन ही परम पुनीत कर्तव्य और मुक्ति का साधन है।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

चराचर जगत के स्वामी शिव

बिंदु शक्तिः शिवो नादः शिवशक्त्यामकं जगत्। नादाधारमिदं बिंदुर्बिन्द्वाधारमिदं जगत्।। सारा चराचर जगत बिंदु व नादस्वरूप है। बिंदु शक्ति है और नाद शिव। इस तरह यह जगत शिव शक्ति स्वरूप ही है। नाद बिंदु का और बिंदु इस जगत का आधार है। यह बिंदु और नाद (शक्ति और शिव) संपूर्ण जगत के आधार रूप से स्थित हैं। बिंदु और नाद से युक्त सबकुछ शिव स्वरूप है। शिवलिंग भी बिंदु नादस्वरूप है। बिंदुरूपा देवी उमा माता हैं और नादस्वरूप भगवान शिव पिता। इन माता-पिता के पूजित होने से परमानंद की प्राप्ति होती है।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

अकार, उकार, मकार, बिंदु, नाद और ध्वनि के रूप मे लिंग के छह भेद हैं। संपूर्ण प्रणव को ध्वनिलिंग कहते हैं।/ यो हि प्रकृतिजातस्य संसारस्य महोदधेः।/ नवं नावांतरमिति प्रणवं वै विदुर्बुधाः।। प्र का अर्थ है प्रकृति से उत्पन्न संसार रूपी महासागर। प्रणव इससे पार करने के लिए 'नव' अर्थात् नाव है, इसलिए इस ओंकार को 'प्रणव' की संज्ञा देते हैं। 'प्रणव' ओंकार का जप करने वाले साधकों से कहता है कि 'प्र' अर्थात् प्रपंच नहीं है, तुम लोगों के लिए। यह प्रणव अपने सभी उपासकों को बलपूर्वक मोक्ष तक पहुंचा देता है। इस अभिप्राय से भी इसे ऋषि मुनि 'प्रणव' कहते हैं। समस्त कर्मों का नाश करके दिव्य नूतन ज्ञान देने के कारण भी यह प्रणव कहा जाता है। उन मायारहित महेश्वर को ही 'नव' अर्थात् नूतन कहते हैं। वे परमात्मा प्रकृष्ट रूप से 'नव' अर्थात् शुद्ध स्वरूप हैं, इसलिए 'प्रणव' कहलाते हैं। प्रणव साधक को नव अर्थात् नवीन (शिवस्वरूप) कर देता है। एक अक्षर रूप जो 'ॐ' है, उसे सूक्ष्म तथा 'नमः शिवाय' पांच अक्षर वाले मंत्र को स्थूल प्रणव समझना चाहिए।

भगवान शिव ने अपने शरीर पर अपने लिए श्रृंगार, आभूषण स्वरूप भस्म को धारण किया है। यह भस्म, राख या विभूति (भभूत) तीन प्रकार की बताई गई है। लोकाग्निजनित, वेदाग्नि जनित और शिवाग्निजनित। लौकिक भस्म (जली हुई लकड़ी ईंधन आदि की राख) को पूजा के पूर्व द्रव्यों व पात्रों की शुद्धि के लिए प्रयोग किया जाता है। वेदाग्निजनित जो भस्म है, उसको उन वैदिक कर्मों यज्ञ, अनुष्ठान आदि के अंत में धारण करना चाहिए। मंत्र और क्रिया से जनित जो होम कर्म है वह अग्नि में भस्म का रूप धारण करता है। उस भस्म को धारण करने से वह कर्म आत्मा में आरोपित हो जाता है। अघोर मूर्तिधारी शिव का जो अपना मंत्र है उससे अभिमंत्रित अग्नि को शिवाग्नि कहा गया है। भस्म को समय-समय पर कांति या शोभा वृद्धि के लिए धारण किए जाने का विधान है। जैसे राजा अपने राज्य में सारभूत कर(टैक्स) को ग्रहण करता है, जैसे मनुष्य विभिन्न प्रकार के अनाज को जलाकर, पकाकर उसका सार ग्रहण करते हैं, जैसे जठराग्नि नाना प्रकार के भोज्य पदार्थों को जलाकर उसके सारतत्व को ग्रहण करता है, उसी प्रकार प्रपंच कर्ता परमेश्वर शिव ने भी अपने में विद्यमान सांसारिक प्रपंच को जलाकर भस्म रूप से उसके सार तत्व को ग्रहण किया है।

भवं भास्वरं भस्मना भूषिताङ्गं। संसार के प्रपंच को दग्ध करके शिव ने उसके भस्म को अपने शरीर में लगाया है। इस प्रकार भस्म के बहाने उन्होंने जगत के सार को ही ग्रहण किया है। जन्म और मरण रूप द्वंद भगवान शिव की माया द्वारा ही दिया गया है। माया चक्र के निर्माता भगवान शिव ही हैं। वह अपनी माया के दिए हुए द्वंद्व का स्वयं ही परिमार्जन करते हैं। अतः शिव के द्वारा कल्पित हुआ द्वंद उन्हीं को समर्पित कर देना चाहिए, जो अपने जन्म और मरण रूप द्वंद्व को शिव को ही समर्पित कर देता है, वह फिर शरीर के बंधन में नहीं पड़ता है।

वर्ग पहेली-139

बाएं से दाएं

1. विवाहित स्त्रियों के लिए प्रयोग किया जाने वाला सम्मानजनक संबोधन, श्रीमती।
4. जो सुगमतापूर्वक या आसानी से पढ़ा जा सके।
6. वह कपड़ा या चादर जिसपर शिव का नाम छपा हो।
8. मोहक चाल में चलने वाला, सुंदर गति वाला, मंजुगमन।

ऊपर से नीचे

1. 1. विवाह की एक रस्म 2. उक्त रस्म में कन्या पक्ष वाले वर पक्ष वाले से गले मिलते हैं और उपहार या रुपए आदि देते हैं।
2. 1. शुक्रवार 2. शुक्राचार्य 3. शुक्रग्रह 4. कृष्ण 5. शिव 6. परशुराम मुनि 7. जमदग्नि ऋषि 8. पहाड़ का खड़ा भाग।
3. 1. झपटने की क्रिया कराना 2. किसी को बलपूर्वक झपटने में प्रवृत्त करना।
5. एक प्रकार का पेड़ जिसकी लकड़ी इमारत और सजावटी सामान बनाने के कार्य में आती है, शीशम।
7. 1. बैठक, सभा 2. अधिवेशन, सम्मेलन 3. मुलाकात, भेंट।



वर्ग पहेली-138 का हल

	1 मँ		2 खु		3 भा
4 अं	ग	दे	श		रि
	वा		5 मि	थ	क
	ना		ज़ा		
6 ख़ो		7 व	ज	ह	
जा		द			
	8 ध	न	दि	शा	

सुडोकू-52

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1	5		8					2
	4				3		9	
9				7	6			5
		9				7	2	
7		5				4		1
	2	8				6		
6			9	5				7
	7		2				6	
2					1		3	8

सुडोकू-51 का हल

1	4	8	7	3	9	6	2	5
6	3	5	4	2	1	7	8	9
9	2	7	5	8	6	4	3	1
7	1	4	3	6	2	9	5	8
2	9	6	1	5	8	3	4	7
8	5	3	9	7	4	1	6	2
4	7	2	8	1	3	5	9	6
5	6	9	2	4	7	8	1	3
3	8	1	6	9	5	2	7	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 जुलाई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 10.23 तक तत्पश्चात तृतीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 20.18 तक तत्पश्चात शतभिषा।

मेष — आज आप काफी सुखद अनुभव का आनंद लेंगे। अपने काम के प्रति निष्ठावान रहें। कारोबार में बड़ा ऑर्डर आपको मिल सकता है। सेहत को लेकर सावधान रहें। रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी होने के कारण मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं।

वृष — आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपकी काफी मदद करेंगे। व्यवसाय में आकस्मिक धन हानि झेलनी पड़ सकती है। मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। धर्म-कर्म से अरुचि हो अकती है। पिता के किसी निर्णय से आप नाराज हो सकते हैं।

मिथुन — आज मन में कई तरह के विचार एक साथ आएंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर उदासीन हो सकते हैं। मान-सम्मान में कमी आ सकती है। आपको धन की कमी महसूस होगी। लोगों से ज्यादा सलाह न लें वरना अनावश्यक भ्रमित हो जाएंगे।

कर्क — आज आपके रुके हुए कार्य गतिशील होने की संभावना है। लेपटॉप व मोबाइल आदि की स्क्रीन के सामने ज्यादा समय न बिताएं। आंखों में परेशानी और सिरदर्द की समस्या हो सकती है। जीवनसाथी की भावनाओं को समझें।

सिंह — आज आपको जॉब में पदोन्नति मिल सकती है। आपकी सलाह से लोगों को काफी लाभ मिलेगा। अचल संपत्ति की खरीदी का विचार मन में आएगा। व्यापार में प्रतिद्वंदियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा।

कन्या — आज आपकी दिनचर्या कुछ अव्यवस्थित हो सकती है। बच्चे माता-पिता के आदेश का सख्ती से पालन करें। दोपहर के बाद का समय आपके लिए बहुत सुखद रहने वाला है। आप लंबी दूरी की यात्रा कर सकते हैं। अटके हुए धन का लाभ आपको मिलेगा।

तुला — आज कृषि कार्यों से जुड़े लोगों को धन की कमी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। मन में साहसिक कार्य करने की इच्छाशक्ति जागृत होगी। अहंकारी व्यवहार के कारण स्वजन आपसे नाराज हो सकते हैं। अधिकारी वर्ग से अपना व्यवहार अच्छा रखें।

वृश्चिक — आज आपकी बातों से कुछ परिजन नाराज हो सकते हैं। दूरस्थ स्थानों की यात्रा करने के योग बन रहे हैं। प्रियजनों के साथ आप काफी अच्छा समय बिताएंगे। नया व्यवसाय आप शुरू कर सकते हैं। उच्च शिक्षा में उत्तम सफलता मिलेगी।

धनु — आज आपकी लोग काफी प्रशंसा करेंगे। घर का माहौल सुखमय रहेगा। कड़वी भाषा का प्रयोग करना उचित नहीं है। विवाहेतर संबंधों से दूरी बनाकर रखें। आपको कठोर निर्णय लेने पड़ेंगे। शाम के समय आप कहीं घूमने जा सकते हैं।

मकर — आज व्यापार में काफी व्यस्तता रहेगी। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। परिवार में सब आपसे बहुत प्रसन्न रहेंगे। किसी मांगलिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। आप जो भी काम हाथ में लेंगे उसे पूरा करके ही दम लेंगे।

कुंभ — आज दिन की शुरुआत थोड़ी उबाऊ हो सकती है। किंतु व्यवसाय में आपको अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। प्रेम संबंधों को पर्याप्त समय देंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। प्रेमी जन के साथ मतभेद दूर होंगे। गलत बातों में अपना समय बर्बाद न करें।

मीन — आज स्वार्थी लोग आपका भावनात्मक शोषण कर सकते हैं। लोगों से सोच-समझकर ही अपनी बातें शेयर करें। घरेलू खर्च को लेकर आपका बजट गड़बड़ा सकता है। सरकारी मामलों में लापरवाही न करें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- फर्ज — सुबह : 09.55
- गंगा तेरे देश में — रात : 07.00

&pictures
- बागी — सुबह : 10.46
- हमारी अधूरी कहानी — रात : 08.00

SONY PIX
- मॉन्स्टर हंटर — सुबह : 11.38
- द डार्क नाइट — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- ड्रीम गर्ल — दोपहर : 12.18
- डी ब्लॉक — रात : 08.00

colors CINEPLEX
- चिराग — सुबह : 11.19
- गब्बर इज बैक — शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पहला दोस्त दूसरे दोस्त से- यार मुझे और मेरी बीबी को तमिल सीखनी है। दूसरा दोस्त - पर तुम दोनों को आखिर तमिल सीखनी क्यों है?
पहला दोस्त- यार हम दोनों ने एक तमिल बच्चा गोद लिया है, तो हम सोच रहे हैं कि उसके बोलना सीखने से पहले हम तमिल सीख लें।

गोलू -तेरा भाई क्या कर रहा है?
गप्पू-एक दुकान खोली थी, पर अब जेल में है।
गोलू-वो क्यों?
गप्पू-वो दुकान हथोड़े से खोली थी न।

सावन के पहले सोमवार पर मंदिरों में बम भोले के जयकारे

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। सावन मास के पहले सोमवार को जिले भर के शिवालयों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया। शाम तक शिवालयों में भक्त पहुंचते रहे और उन्होंने हर-हर बम-बम के जयकारों के साथ भगवान शंकर का जलाभिषेक व दुग्ध अभिषेक कर पूजा अर्चना किया।

इस वर्ष सावन मास में कुल पांच सोमवार पड़ेगे। इन सभी सोमवार को मंदिरों व शिवालयों में भक्तों की अच्छी खासी भीड़ नजर आएगी। पहले सोमवार को शिव भक्तों का तांता शिव मंदिरों में देखने को मिला। मुख्यालय के संगमेश्वर मंदिर, पातालेश्वर मंदिर, चौरा देवी मंदिर सहित अन्य शिव मंदिरों में लोगों ने शिवलिंगों में जल व दुग्ध अभिषेक कर पूजा अर्चना की। संगमेश्वर मंदिर में मेला भी लगा।

संगमेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना करते शिव भक्त।

मनासर बाबा मंदिर में पूजा अर्चना करने जाते भक्त।

श्री शल्लेश्वर मंदिर में शिवलिंग का बेलपत्र और पुष्पों से किया गया श्रृंगार।

- भोर पहर से ही शिवालयों में पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी

कुरारा संवाददाता के अनुसार भक्तों ने बेरी के कोटेश्वर पावन धाम मंदिर में पूजा अर्चना की। शंकरपुर गांव में प्राचीन शिव मंदिर में सावन के पहले सोमवार पर आसपास गांव के भक्तों ने शिव का बेल पत्री व जल से अभिषेक किया। शंकरपुर के ग्राम प्रधान प्रियंका निषाद ने बताया कि दूरदराज जनपदों से भक्त प्राचीन शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर कावड़ चढ़ाने आते हैं।

सुमेरपुर संवाददाता के अनुसार भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का बिल्वपत्र, भांग, धतूरा, शहद, दूध, दही, गंगाजल आदि से जलाभिषेक करके सुख समृद्धि की कामना की। मनासर बाबा शिव मंदिर के दर्शन करने पहुंचे शिव भक्तों ने जलाभिषेक कर क्षेत्र में वर्षा की कामना की। यहां पर पूरे दिन भक्तों का तांता लगा रहा और भक्तों ने कन्या भोज कराया।

राठ प्रतिनिधि के अनुसार, नगर के चौपरेश्वर मंदिर में आज भगवान भोले के भक्तों की खासी भीड़ रही। इस दौरान मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात रहा।

श्री शल्लेश्वर मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

सरीला (हमीरपुर)। नगर में स्थित प्रसिद्ध प्राचीन श्री शल्लेश्वर मंदिर में तड़के चार बजे से ही भक्तों व कांवरियों का आना शुरू हो गया। बम बम भोले के जयकारों के साथ भक्तों ने जलाभिषेक किया। वहीं सैकड़ों कांवरियों व भक्तों ने लगभग 20 किलोमीटर दूर भेड़ी डांडा गांव के पास से निकली बेतवा नदी से जल भरकर महेश्वरी माता के दर्शन कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। दोपहर में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) नागेंद्र नाथ यादव ने शल्लेश्वर मंदिर पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे भी देखे। इसके बाद दर्शन कर मत्था टेका। इस मौके पर नायब तहसीलदार राममोहन कुशवाहा मौजूद रहे।

चोरी की घटना का खुलासा कराने की मांग, दिया धरना

हमीरपुर। चोरी की घटना में स्थानीय पुलिस की हीला हवाली से आहत हो पीड़ित ने परिजनों के साथ सोमवार से कलेक्ट्रेट स्थित गोल चबूतरे में धरना शुरू कर दिया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के कांशीराम कालोनी निवासी विजय निषाद ने बताया कि उसकी कालोनी में बीते 18 मई की रात्रि चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसमे उसका 5 से 6 लाख रुपये का नुकसान हुआ। पीड़ित ने घटना की सूचना सदर कोतवाली पुलिस को दी थी। लेकिन पुलिस पूछताछ न करके उनके पुत्र पर दोष मढ़ने का कार्य कर रही है। स्थानीय पुलिस की हीलाहवाली से आहत हो पीड़ित परिजनों के साथ धरना प्रदर्शन कर नामजद लोगों से पूछताछ कर घटना का खुलासा करने की मांग की है।

कलेक्ट्रेट में गोल चबूतरे पर धरने पर बैठा पीड़ित परिवार। अमृत विचार

उड़ीसा से अपहृत भाई-बहन बरामद, आरोपी गिरफ्तार

थाना मझगवां के सरगांव में अपहरणकर्ता के जीजा के घर पर मिले बच्चे

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। उड़ीसा राज्य से पांच दिन पूर्व फिरौती को लेकर अपहृत मासूम भाई बहन को थाना मझगवां के सरगांव गांव से बरामद किया गया है। साथ आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उड़ीसा से अपहरण कर लाए गए बच्चों के अपहरणकर्ता की लोकेशन मिलने पर उड़ीसा पुलिस ने मदद मांगी थी। बरामद बच्चों को फिलहाल चाइल्ड हेल्पलाइन सेंटर भेजा गया है।

पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा को उड़ीसा पुलिस ने अपहृत बच्चों की लोकेशन हमीरपुर जिले में होने की सूचना दी गई थी जिस पर क्षेत्राधिकारी राठ के नेतृत्व में सर्विलांस सहित अन्य टीमों का गठन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस पर थाना मझगवां पुलिस व सर्विलांस टीम के संयुक्त प्रयास से उड़ीसा पुलिस द्वारा साझा किए गए आवश्यक विवरण के आधार पर दोनों अपहृत नाबालिग बच्चों को सर्च अभियान चलाया गया। गौरतलब हो कि पिछले 18 जुलाई को मिनाती प्रधान पत्नी गोपबंधु प्रधान निवासी सिलानगर गजुवाका विशाखापट्टनम आंध्र प्रदेश मूल निवासी अरखापुर पुरुषोत्तम नगर थाना जंगम उड़ीसा ने थाना पुरुषोत्तम नगर में बेटी सोनाली (10) व बेटा विकास प्रधान (6) का फिरौती को लेकर अपहरण करने का मामला दर्ज कराया था। इसमें वासुदेव जल्ली पुत्र पबित्रा जल्ली निवासी मोहनपुर स्टेशन रोड थाना खल्लीकोट जिला गंजम राज्य उड़ीसा पर अपहरण का आरोप लगाया गया था। उड़ीसा पुलिस बच्चों की बरामदगी के प्रयास कर रही थी, तभी आरोपी वासुदेव जल्ली की लोकेशन जनपद के थाना मझगवां क्षेत्र में पाई गई। जिस पर उड़ीसा पुलिस ने यहां की पुलिस से मदद मांगी। विभिन्न सुरागों और तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए कड़ी मेहनत और सूझबूझ से थाना मझगवां पुलिस व सर्विलांस टीम ने सर्च अभियान चलाया। सोमवार रात करीब 12.30 बजे आरोपी वासुदेव अपने जीजा सरगांव निवासी दुलीचंद पुत्र दौलत पाल के घर में अपहृत सोनाली व उसके भाई विकास को रखे था। पुलिस ने बच्चों को बरामद कर आरोपी वासुदेव जल्ली को गिरफ्तार किया है।

बरामद नाबालिग बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन सेंटर भेजा गया है। इसकी सूचना पुलिस ने उड़ीसा पुलिस को दी है।

वहीं आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। वहीं उड़ीसा पुलिस को सूचना दी गई है। अपहृत बच्चों की बरामदगी में प्रभारी निरीक्षक नंदराम प्रजापति, हेड का. महेंद्र सिंह, सर्विलांस सेल के धर्मेन्द्र कुमार, कृष्ण कुमार गुप्ता, आशीष मिश्रा, सौरभ शर्मा आदि रहे।

पुलिस के साथ बरामद किए गए नाबालिग भाई बहन। अमृत विचार

- अपहर्ता के जिले में होने की लोकेशन मिली थी उड़ीसा पुलिस को

डीजल चोरी में चालक व खलासी को पकड़ा

मौदहा (हमीरपुर)। गल्ला मंडी थाना नौबस्ता जनपद कानपुर के राजेश वर्मा ने राजमार्ग में ग्राम छिरका के पास रविवार की रात उनका ही ट्रक चला रहे चालक नरेंद्र कुमार निवासी छिरका व हरि नाम सिंह निवासी ग्राम पैलावर, कानपुर देहात को एक व्यक्ति की मदद से अपने ही ट्रक से डीजल चोरी करते समय रंगे हाथ पकड़ लिया जिस पर राजेश समेत वहां मौजूद अन्य लोगों ने आरोपियों की अच्छी खासी धुनाई कर उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के पास से एक पिपिया में 25 लीटर चोरी किया गया डीजल, एक सटक व एक कीप बरामद की है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बीएलओ का कार्य देख रहे सैकड़ों शिक्षकों ने सौंपा इस्तीफा

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

अमृत विचार। चुनाव के दौरान बीएलओ की भूमिका निभाने वाले विभिन्न स्कूलों में तैनात सैकड़ों शिक्षकों ने बीएलओ के दायित्व से परेशान होकर सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के नाम संबोधित अपना सामूहिक इस्तीफा तहसीलदार को सौंपा। बीएलओ के पद पर कार्य कर रहे शिक्षकों के इस इस्तीफे से प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया।

गौरतलब है कि राठ विधान के विभिन्न बूथों पर बीएलओ के पद का कार्य करते आ रहे हैं। बताया कि सरकारी स्कूलों में तैनाती को लेकर उन्हें सुबह से लेकर दोपहर तक स्कूलों में शिक्षण कार्य करना है। इसके बाद फिर बीएलओ के दायित्व का कार्य भी करना होता है। जिसके चलते वह लोग परेशान हो गए हैं। शिक्षक कुंवर बहादर ने बताया कि आरटीई एक्ट 2009 व एनईपी 2020 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत शिक्षक से शिक्षण कार्य के अतिरिक्त कोई अन्य कार्य नहीं लिया जाना है। बताया कि इस संबंध में समय समय पर उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने भी ऐसे ही आदेश निर्देश निर्गत किए हैं। कहा कि शिक्षा के साथ अन्य कोई कार्य करने में शिक्षक जैसे सम्मानीय पद की गरिमा धूमिल होती है। कहा कि ऐसे कार्य करने से बच्चों को निपुण बनाने की सरकार एवं विभाग की मंशा भी प्रभावित होती है। कहा कि छात्र हित को देखते हुए सभी शिक्षक बीएलओ के दायित्व से सामूहिक इस्तीफा देते हैं। टीचरों ने तहसील पहुंच कर तहसीलदार को अपना सामूहिक इस्तीफा सौंपा। इस दौरान अरविंद कुमार, विनोद कुमार, अजीज खां, नरसिंह, भान सिंह, संजय कुमार, सुमित दीक्षित, रामबाबू साहू, श्रीकांत समेत 83 बीएलओ शिक्षक मौजूद रहे।

तहसीलदार को सामूहिक इस्तीफा सौंपते शिक्षक बीएलओ।

- प्रशासनिक अधिकारियों में मचा हड़कंप

भाकियू ने किया धरना-प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। किसानों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट स्थित गोल चबूतरे में धरना प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री को सम्बोधित 11 सूत्री मांग पत्र समाधान दिवस में जिलाधिकारी को सौंपा।

भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिलाध्यक्ष निरंजन सिंह राजपूत के नेतृत्व में सोमवार को प्रत्येक माह की भांति गोल चबूतरे में धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद सदर तहसील पहुंच जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में कहा कि देश के लोगों को पेट भरने वाले किसान खुद संकटग्रस्त हैं। महंगा खाद, बीज, बिजली, पानी, कृषि यंत्र मिलता है। देश के प्रधानमंत्री मोदी की सरकार खेती और किसानों को बर्बादी के रास्ते ले जा रही है।

किसानों का फसल कभी सूखा तो कभी बाढ़ की भेंट चढ़ जाती है। ऐसी स्थिति में किसानों का कर्ज माफ, फसलों पर एमएसपी, निःशुल्क बिजली, पानी, खाद, बीज, कृषि यंत्र कराकर खेती-किसानी को बचाने के लिए पूरे देश के किसान संगठन आगे आ हुए थे। उन्होंने किसान आंदोलनों के दौरान किसानों के ऊपर फर्जी मुकदमे लगाए गए थे। उन्हें वापस लिया जाए।

पिछले किसान आंदोलन में सात सौ किसानों की मौत हो गई थी, उनके परिजनों को सहायता के रूप में उनकी आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। प्रत्येक गांव में गौशाला खोलकर अन्ना जानवरों को बंद किया जाए सहित विभिन्न 11 सूत्री मांग शामिल है। इस दौरान श्रीराम यादव, रामदास सविता, भानु प्रताप, सोहित कुमार, पदमलाल सहित भाकियू के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

- प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा
- किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण की मांग

सार-संक्षेप

स्वाधीनता संग्राम के पुरोधा मसूरिया दीन पासी को किया याद

हमीरपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव उप्र प्रभारी अविनाश पांडे व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर स्वाधीनता संग्राम सेनानी कांग्रेस पार्टी के सदस्य एवं पूर्व सांसद मसूरिया दीन पासी बापूजी की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर दलित बस्ती नौबस्ता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष हिमांशु सैनी, सुधीर कुमार वर्मा, भूपेंद्र वर्मा, दीपक पासी, मुकेश पासी, संजय पासी, लालता पासी, अनिल वर्मा, विनोद कुमार बाबादीन पासी, अजय कुमार गुप्ता, जिला सचिव महेश सिंह राणा, उपाध्यक्ष बालेंद्र सिंह, संतोष निषाद, पूर्व प्रधान जागेश्वर, बाबू श्रीवास आदि लोग शामिल रहे।

संपूर्ण समाधान दिवस पर आईं 19 शिकायतें

सरीला(हमीरपुर)। सोमवार को तहसील के सभागार में अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) सुरेश कुमार की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन हुआ जिसमें इछौरा के टेकचंद ने दबंगों द्वारा किए गए कब्जा को हटवाने, तुरना गांव की मानकुंवर ने हदबंदी आदेश होने के बाद भी माप न करने के संबंध में, जिटकिरी की राममूर्ति ने बिजली का बिल अधिक आने के संबंध में, पतखुरी गांव निवासी महिपाल ने सर्पदंश से हुई मृत्यु के संबंध में शिकायत की है। इस दौरान 19 शिकायत दर्ज की गईं। जिसमें 5 का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम राजकुमार, क्षेत्राधिकारी आशीष कुमार यादव, तहसीलदार रविंदर सिंह पाल, नायब तहसीलदार राममोहन कुशवाहा सहित तहसील स्तरीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

ऑटो ने वृद्ध किसान को मारी टक्कर, हुई मौत

सुमेरपुर (हमीरपुर)। कस्बे के इमिलिया थोक वार्ड संख्या नौ निवासी कामता कुशवाहा ने बताया कि उसके पिता चुन्नू कुशवाहा (70) खेतों से बकरियां चराकर देर शाम करीब 8:00 बजे घर वापस आ रहे थे। तभी कस्बे से मौदहा की ओर जा रहे ऑटो ने ब्लाक के पास टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। कामता ने बताया कि ऑटो चालक से समझौता हो गया है, जिससे पिता का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया है। फैक्ट्री एरिया चौकी इंचार्ज राहुल मिश्रा ने बताया कि दोनों पक्षों का समझौता हो गया है। पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

जिला स्काउट मास्टर हुए सम्मानित

हमीरपुर। बेसिक शिक्षा विभाग के जिला स्काउट मास्टर एवं जिला गाइड कैप्टन तीन दिवसीय कार्यशाला में की जा रही गतिविधियों की समीक्षा शिक्षा निदेशक एवं प्रादेशिक संस्था भारत स्काउट और गाइड ने की। प्रादेशिक मुख्य आयुक्त पूर्व आईएएस प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा प्रभात कुमार के अनुमोदन पर शिक्षा निदेशक बेसिक ने समस्त विद्यालयों में कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क स्काउट गाइड शिक्षा प्रदान कर प्रत्येक वर्ग में एक एक दल गठन किया गया है। जिसके शिक्षक शिक्षिकाओं को जल्द स्काउट गाइड प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस कार्य में प्रदेश स्तर पर जिला स्काउट मास्टर अकबर अली को मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक, प्रादेशिक आयुक्त राजेश मिश्रा तथा आनंद सिंह रावत प्रदेश सचिव स्काउट ने सम्मानित किया। संचालन प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट हीरालाल यादव, प्रादेशिक संगठन आयुक्त गाइड कामिनी श्रीवास्तव, प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जनपदों के जिला स्काउट मास्टर एवं जिला गाइड कैप्टन उपस्थित रहे।

स्काउट मास्टर अकबर अली को सम्मानित करते अतिथि।

तीसरे दिन भी कस्बा व क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बेपटरी रही

मौदहा(हमीरपुर)। कस्बे का 10 एमबीए ट्रांसफार्मर में दो दिन पूर्व शुक्रवार की दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से क्षेत्र की बिजली व्यवस्था चरमरा गई थी। सोमवार को तीसरे दिन भी यह पूरी तरह पटरी पर नहीं आ सकी। हालांकि विभाग के अवर अभियंता के लगातार प्रयास से कई अन्य लाइनों को इचौली व सिसोलर पावर हाउस से जोड़कर क्षेत्र को बिजली आपूर्ति कराए जाने का दावा किया है। हालांकि निजी नलकूपों की बिजली कटे होने से तीसरे दिन भी धान रोपाई का कार्य बाधित रहा। वहीं जिन खेतों में धान रोपित हुआ है। वहां पानी सूखने से रोपित धान के पौध भी सूख रही है। नवागंतुक एसडीओ विमलेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि मौदहा के लिए 10 एमबीए का नया ट्रांसफार्मर दिए जाने का आदेश आगरा में बैठे उच्च अधिकारियों ने दे दिया है। मंगलवार दिन में किसी समय तक यह ट्रांसफार्मर यहां आ जाएगा। ट्रांसफार्मर बदलकर पूरी तरह आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

सूख रही धान की फसल।

समाधान दिवस में आईं 73 शिकायतें, एक का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। साहब पांच हेक्टेयर भूमि पर गांव के दबंग परिवार ने कब्जा कर रखा है। दूसरी बार समाधान दिवस पर शिकायत दर्ज कराई है, अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। सोमवार को जिला स्तरीय समाधान दिवस पर आई 73 शिकायतों में मात्र एक शिकायत का मौके पर निस्तारण हो सका। अन्य शिकायतों के संबंधित पटलों में भेज दिया गया। सुमेरपुर क्षेत्र के पौथिया गांव निवासी नीलम पत्नी अमित सचान ने डीएम राहुल पांडेय को बताया कि तीन गाटों में करीब पांच हेक्टेयर भूमि पर गांव के ही मीरा पत्नी अमर सिंह कब्जा किए हुए है। बताया कि संबंधित लेखपाल ने विपक्षियों से मिलकर गलत आख्या रिपोर्ट लगाई है। जिसमें कहा है कि उक्त भूमि विवादित है। जिसका मामला सिविल जज जू. डिवीजन के यहां लंबित है। जिसकी अग्रिम तिथि 22 जुलाई तय है। मामले में कोई स्थगन आदेश नहीं है। न ही लेखपाल ने अपनी रिपोर्ट एसडीएम के यहां संदर्भित की है। शिकायतकर्ता ने डीएम से तत्काल कब्जा दिलाए जाने की मांग की है।

समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम व एसपी। अमृत विचार

- पांच हेक्टेयर भूमि पर दबंग परिवार द्वारा अवैध कब्जे की शिकायत

रास्ता बंद होने पर लोगों ने हंगामा किया, नारेबाजी

संवाददाता,मौदहा(हमीरपुर)

अमृत विचार। समाधान दिवस में 65 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। इसमें तीन का मौके पर निस्तारण का दावा किया गया है। सबसे अधिक 30 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित रही। 15 पुलिस की व अन्य विभागों की दर्ज की ई। कस्बे की नई बस्ती ब्लॉक के पीछे रास्ता बंद होने के मामले में जबरदस्त नारेबाजी के साथ महिलाओं और पुरुषों ने प्रदर्शन उनका आरोप था कि यहां से हाल ही में स्थानांतरित हुए अधिशासी अधिकारी ने उनके रास्ते का नक्शा ही पास कर आने जाने का मार्ग बंद किया है। उसे तत्काल रोका जाए। उप जिलाधिकारी कोतवाल व नगर पालिका के अवर अभियंता ने इनका ज्ञापन लेकर इन्हें न्याय का आश्वासन दिया।

सख्ती मुख्य चिकित्सा अधिकारी की छापामार कार्रवाई से पैथोलॉजी संचालकों में मचा रहा हड़कंप

बिना रजिस्ट्रेशन व टेक्नीशियन के संचालित पैथोलॉजी सीज

संवाददाता, कुरारा(हमीरपुर)

अमृत विचार। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कस्बे में छापेमारी कर एक पैथोलॉजी सेंटर को बिना रजिस्ट्रेशन व टेक्नीशियन तथा डॉक्टर न होने पर सीज कर दिया है। सभी उपकरण सीज कर सीएचसी में रखवा दिए। इस कार्रवाई से पैथोलॉजी संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं ज्यादातर पैथोलॉजी संचालक अपनी-अपनी दुकान बंद करके ताला डालकर भाग खड़े हुए।

सोमवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. गीतम सिंह ने अपनी टीम के साथ कस्बे के बेरी तिराहे के पास कालपी हमीरपुर हाईवे के किनारे संचालित कृष्णा पैथोलॉजी में छापा मारा। छापेमारी के दौरान संचालक द्वारा अभिलेख जैसे रजिस्ट्रेशन व अन्य अभिलेख नहीं दिखा सका। मौके पर कोई डॉक्टर नहीं पाया गया और एक्सरे टेक्नीशियन भी नहीं मिला। बिना रजिस्ट्रेशन के चल रही पैथोलॉजी संचालक को पहले भी दो बार नोटिस देने के बावजूद भी पैथोलॉजी संचालक द्वारा रजिस्ट्रेशन व डॉक्टर की तैनाती न करके आम जनता के साथ खिलवाड़ किया जा रहा था। सीएमओ के आदेश पर पैथोलॉजी में रखे उपकरण सीबीसी सेल काउंटर, एक्सरे मशीन, ब्लड रोलर, माइक्रोस्कोप सीज कर सीएचसी में रखवा दिए गए हैं। सीएचसी अधीक्षक सुनील कुमार जायसवाल ने बताया कि पैथोलॉजी के ऊपर संचालक का परिवार का निवास होने के कारण दुकान सीज नहीं की गई है। पैथोलॉजी के उपकरण सीज कर सीएचसी में रखवा दिए है। कस्बे में छापेमारी की भनक लगते ही ज्यादातर पैथोलॉजी संचालक अपनी दुकान में ताला लगाकर भाग निकले। इस कार्रवाई से पैथोलॉजी संचालकों में हड़कंप मचा रहा। छापेमारी के दौरान फहीम, सुधीर साहू, श्यामू आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

कस्बे की कृष्णा पैथोलॉजी में छापेमारी करते सीएमओ। अमृत विचार

सीज किए गए उपकरण ले जाते स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ की बैठक संपन्न

हमीरपुर। विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ की बैठक सरीला तहसील में आयोजित की गई। जिसमें राठ, गोहांड व सरीला ब्लॉक के 2004 बीटीसी/वि बीटीसी शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता मान सिंह राजपूत ने की। बैठक में सभी लोगों ने पुरानी पेंशन योजना के विकल्प पत्र भरने के लिए एकरूपता की बात कही।

हर विकल्प एकत्र करने की जिम्मेदारी ब्लॉक राठ के लिए दीनदयाल वर्मा, मनमोहन सविता और गोविंद साहू को, गोहांड ब्लॉक के लिए राकेश चंद्र वर्मा, रवि प्रकाश गुप्ता और नंदराम अनुरागी तथा सरीला ब्लॉक के लिए करन सिंह, हरी सिंह वर्मा और रामेश्वर प्रसाद को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक का संचालन दीनदयाल वर्मा ने किया।

साहब! घर में कनेक्शन है नहीं पर बिल भेजे जा रहा बिजली विभाग

समाधान दिवस में ग्रामीणों ने की शिकायत, अधिकारियों ने मातहतों को दिए निर्देश

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

अमृत विचार। तहसील सभागार में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस में बिजली, पानी, रास्ते आदि की समस्याएं छाई रहीं। हस्ता गांव के अनुसूचित जाति के लोगों ने शिकायत की कि घर में बिजली के कनेक्शन न होने के बाद भी विभाग द्वारा उनको बिल भेजा जा रहा है।

संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम शिवशरणप्पा जीएन और एसपी अरुण कुमार सिंह के साथ एसडीएम प्रमोद झा ने कुल 249 समस्याएं सुनीं। मौके पर 35 प्रार्थनापत्रों का निस्तारण किया गया। विस्तारित क्षेत्र पंडित दीनदयाल नगर निवासी राजेश कुमार पुत्र नत्थू ने बताया कि गांव के दबंग लोगों ने चकरोड पर कब्जा कर लिया है, जिससे लोगों को आवाजाही में दिक्कत होती है। गोस्वामीनगर निवासी सभासद नथुनिया देवी के पति भगवान दास सोनकर ने लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए गए सोतीपुरवा-पराको संपर्क मार्ग के दो माह में ही ध्वस्त होने की जानकारी दी और जांच कराने की मांग की। हस्ता के अनुसूचित जाति के मंगुल देवी, गंगीवा, मीना देवी, छोटकू आदि लोगों ने विद्युत विभाग पर आरोप लगाया कि घरों में कोई कनेक्शन नहीं है पर इसके बाद भी विद्युत विभाग द्वारा फर्जी बिल बनाकर भेजा जा रहा है और परेशान किया जा रहा है। इसकी जांच की जाए। सरधुआ फीडर और भदेहदू फीडर के उपभोक्ताओं ने बिजली कटौती की शिकायत की। इस मौके पर सीएमओ ड. भूपेंद्र द्विवेदी, एसडीएम न्यायिक फूलचंद यादव, तहसीलदार रामसुधार राम, नायब तहसीलदार राजीव कुमार दुबे, डीओ बीएन कुशवाहा, एसओ राजापुर मनोज सिंह, सरधुआ आशुतोष तिवारी, पहाड़ी रीता सिंह आदि मौजूद रहीं।

राजापुर में संपूर्ण समाधान पर समस्याएं सुनते जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक।

● **249 शिकायतों में 35 का हुआ मौके पर निस्तारण**

शिकायतकर्ताओं के साथ भेदभाव न किया जाए

समाधान दिवस के बाद जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में निर्देश दिए तहसील दिवस व थाना दिवस में प्राप्त शिकायती पत्रों का निस्तारण पारदर्शिता के साथ किया जाए और किसी भी शिकायतकर्ता के साथ भेदभाव न किया जाए। किसी भी शिकायतकर्ता ने जांच में संदेह जताया तो पुन: सक्षम अधिकारी से जांच कराई जाए।

24 घंटे में बकरी चोरी की घटना का खुलासा

चित्रकूट। बहिलपुरवा पुलिस ने 24 घंटे में चोरी की घटना का खुलासा कर दिया। 21 जुलाई को हीरालाल पुत्र गजराज निवासी टिकारी मजरा सेमरदहा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि जामुर के जंगल से चोरों ने उसकी दो बकरी और एक बकरा चुरा लिया है। एसआई जनार्दन प्रताप सिंह ने माराचंद्रा गांव के पास जंगल से विवेचना से प्रकाश में आए आरोपियों बब्बू खां पुत्र जम्मुन खां निवासी बिलबई कोतवाली महोबा हाल पता माराचंद्रा और सब्बीर खां पुत्र हल्के खां निवासी चुरेह केसरुवा हाल पता माराचंद्रा को पकड़ा। इनसे चोरी के पशु बरामद किए गए। पुलिस टीम में एसआई अनुभव वर्मा, आरक्षी होलीकेंद्र और मोनू राय शामिल रहे।

भई संतन की भीर ...: सावन मास का पहला दिन और उस पर सोमवार। इस सुखद संयोग पर तीर्थक्षेत्र में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंदाकिनी में स्नान कर आस्थावानों ने महाराजाधिराज मत्यगजेंद्रनाथ का जलाभिषेक किया और कामदगिरि की परिक्रमा की। इस दौरान तीर्थक्षेत्र सहित जिले के सभी शिव मंदिरों में हर हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे।

नाबालिग से दुराचार का आरोपी गिरफ्तार

मऊ (चित्रकूट)। पुलिस ने नाबालिग से दुराचार के आरोपी को गिरफ्तार किया। 20 जुलाई को एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ओमप्रकाश उर्फ छोटू पुत्र कमलेश ने उसकी नाबालिग पुत्री से घर में घुसकर दुराचार किया। इससे वह गर्भवती हो गई। आरोपी के पिता ने उसकी पत्नी से गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राय ने सोमवार को आरोपी युवक को अशोक चौराहे से अभियुक्त गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में निरीक्षक अपराध अभयराज, आरक्षी राजकुमार और प्रवीण पांडेय शामिल रहे।

सार-संक्षेप

सिंचाई के पैसे के लिए जान से मारने की धमकी

चित्रकूट। अनुसूचित जाति के व्यक्ति ने एक ग्रामीण पर गालीगलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि उसने आरोपी को सिंचाई का पूरा पैसा दे दिया है, इसके बाद भी वह उससे धन की मांग कर रहा है। गनीवां चौकी अंतर्गत कंधवनिया गांव निवासी अनुसूचित जाति के राजकुमार पुत्र नत्थू ने बताया कि बीते दिनों गांव के विनय कुमार सिंह पटेल उसके मोबाइल पर काल की और गालीगलौज करते हुए सिंचाई का पैसा मांगा। धमकी दी कि अगर शाम तक पैसा न दिया तो जान से मार देगा। राजकुमार का कहना है कि वह विनय को पूरा पैसा दे चुका है। जिस पैसे की वह मांग कर रहा है, वह दूसरे व्यक्ति का है। उसने आरोप लगाया कि बीते दिनों जब वह अपनी पुत्री के साथ बाइक से निमंत्रण पर जा रहा था तो आरोपी ने उसे रोका और रिपोर्ट करने पर अंजाम बुरा होने की धमकी दी। उसने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है और पुलिस से कार्रवाई की गुहार की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

15 लीटर कच्ची शराब बरामद

मऊ (चित्रकूट)। आबकारी और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने सोमवार को बियावल गांव में दबिश दी। टीम ने 15 लीटर कच्ची शराब व 150 किग्रा लहन बरामद किया। राजकीय इंटर कालेज में छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने मऊ की फुटकर आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया।

छात्र का भाभा एटामिक रिसर्च सेंटर में चयन

अतर्रा। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग से 2023 में पासआउट छात्र वैभव सिंह का चयन भारत सरकार के प्रतिष्ठित रिसर्च संस्थान भाभा एटामिक रिसर्च सेंटर में सहायक वैज्ञानिक के पद पर हुआ है। इसके पूर्व वैभव सिंह का कालेज प्लेसमेंट पर एल्फोंस इन्फ्रास्ट्रकचर लिमिटेड में चयन हुया था। इन्होने दिल्ली मेट्रो में जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्य करते हुये अपने लक्ष्य को पा लिया। मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष ने बताया कि इस वर्ष के पासआउट छात्रों में से निशांत पांडेय, अंबरीश प्रताप सिंह, मोहम्मद जैश फारूकी एवं विकास बाबू का चयन परास्नातक कोर्स के लिए क्रमशरू आईआईटी खड़गपुर, आईआईटी कानपुर, आईआईटी रोपड़ एवं आईआईटी बीएचयू में हुआ है। मैकेनिकल इंजीनियरिंग से पासआउट कस्बा निवासी सौम्या श्रीवास्तव व श्रेया श्रीवास्तव वर्तमान में क्रमश: आईआईएससी बैंगलोर व आईआईएम नागपुर परास्नात्क कोर्स में अध्ययनरत है। निदेशक प्रो.एसपी शुक्ला ने छात्र-छात्राओं की उपलब्धियों पर खुशी जताते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

वैभव सिंह।

एक नजर

गाली-गलौज कर मारापीटा

चित्रकूट। सरधुआ थानांतर्गत भदेहदू गांव निवासी राजा पुत्र सैयद ने गांव के कुछ लोगों पर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि 20 जुलाई की शाम वह अपनी दुकान के बाहर बैठा था। इसी दौरान गांव निवासी दीपक सिंह, नगेंद्र सिंह, सूरज सिंह वहां आए और उससे गालीगलौज की। उसने मना किया तो अपने भाइयों को बुला लिया और उसको मारापीटा। मां और भाभी बचाने पहुंची तो उनके साथ भी मारपीट की। जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। उसने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शादी का झांसा देकर मारपीट का आरोपी दबोचा

मानिकपुर (चित्रकूट)। पुलिस ने शादी का झांसा देने, बंधक बनाकर मारपीट करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस पर लैपटाप और नकदी हड़पने का भी आरोप है। अपराध निरीक्षक प्रभुनाथ यादव, एसआई मुकेश सिंह परिहार ने आरोपी रामसजीवन पुत्र पटवारी निवासी डाडी चमरौडी को पकड़ा।

युवक का जंगल में मिला क्षत-विक्षत शव

बरगढ़ (चित्रकूट)। डोडिया माफी जंगल में एक युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक के शरीर पर कपड़े भी नहीं थे। बरगढ़ थाना प्रभारी को बीते दिन रेलवे से जानकारी मिली कि जंगल में रेल पटरियों के पास एक युवक का शव मिला। इसका एक पैर एड़ी से कटा था। पुलिस के अनुसार, आशंका है कि युवक किसी जानवर का शिकार हुआ है। युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी।

छेड़छाड़ का आरोप लगाया

मऊ (चित्रकूट)। थानांतर्गत एक गांव निवासी महिला ने तहरीर देकर एक युवक पर घर में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि 21 जुलाई को आरोपी उसके पति की गैरमौजूदगी में घर में घुस गया और उसके साथ अभद्रता करने लगा। उसकी बेटी के वहां पहुंचने पर वह धमकी देकर भाग गया। उसने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है। एसओ विनोद कुमार राय ने कहा कि मामले की जांच की जाएगी।

पिता ने लगाया आरोप, युवक फुसलाकर ले गया बेटी को

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

अमृत विचार। थानांतर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति ने शंकर बाजार कर्वी निवासी एक युवक पर उसकी किशोर वय पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। ग्रामीण का कहना है कि आरोपी युवक की मां ने भी यह माना है कि बेटी उसके घर में है। उसने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

ग्रामीण ने रिपोर्ट में बताया है कि 18 जुलाई को उसकी 16 वर्षीया बेटी को शंकर बाजार कर्वी निवासी अतुल कुमार बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। वह घर से बाहर था। उसकी पत्नी ने फोन से उसे जानकारी दी। जब उसने पता किया तो पता चला कि बेटी को अतुल ले गया है। उसका कहना है कि जब उसने आरोपी युवक की मां के मोबाइल पर फोन किया तो उसने कहा कि तुम्हारी बेटी मेरे घर में है। ग्रामीण ने आरोपी के खिलाफ मऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गुजरात से आए दो लोग किशोरी को लेकर भाग गए

चित्रकूट। एक ग्रामीण ने गुजरात के दो लोगों पर उसकी किशोर वय भतीजी को लेकर भाग जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसका कहना है कि दोनों युवक उसके भाई के पड़ोसी थे। सरधुआ थानांतर्गत गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसके भाई-भाभी रोजी रोजगार के लिए अंकलेश्वर (गुजरात) में रहते हैं। वहीं रहने वाले योगेश शर्मा और माला खुशबू बीते दिनों उसके घर चित्रकूट घूमने के लिए आए थे। जब उसने अपनी भतीजी से इनके संबंध में पूछा तो उसने बताया कि दोनों गुजरात में उसके घर के पास ही रहते हैं। आरोप लगाया कि इसके बाद 19 जुलाई को दोनों उसकी 17 वर्षीया भतीजी को अपने साथ लेकर भाग गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

चित्रगुप्त मंदिर के सुंदरीकरण का काम मिल-जुलकर किया जाए

कार्यालय संवाददता, चित्रकूट

अमृत विचार। कायस्थ समाज की बैठक में पुरानी बाजार स्थित चित्रगुप्त मंदिर के सुंदरीकरण पर चर्चा हुई। बैठक में समाज की एकजुटता पर जोर दिया गया।

बैठक का आयोजन चित्रगुप्त कायस्थ समाजसेवा संस्थान और अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने किया। अध्यक्षता पूर्व प्रवक्ता केशव कुमार माथुर ने की। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष विवेक कुमार श्रीवास्तव ने मंदिर का इतिहास बताया। महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सीमा निगम ने बताया कि मंदिर का जीर्णोद्धार सबके सहयोग से कराया गया है। उपाध्यक्ष प्रताप नारायण श्रीवास्तव ने कायस्थ एकता पर खुशी जाहिर की। अश्वनी श्रीवास्तव ने भी समाज की एकजुटता को आवश्यक बताया। अंजनी श्रीवास्तव ने स्वरचित गीत से लोगों को जागरूक करने की कोशिश की। नवनीत निगम ने चित्रांश एकता पर बल दिया।

इस मौके पर मिथलेश खरे, जितेंद्र श्रीवास्तव, भूपेंद्र, अमित, अशोक, किशन, आशीष कुमार, गौरव, रवि प्रकाश अमित कुमार, सुधांशु, सुशील, अशोक खरे, प्रदीप कुमार, राजकुमार, राजेंद्र खरे, सवित श्रीवास्तव, ऋतु श्रीवास्तव, अनुभा श्रीवास्तव, प्रिया निगम, सुनीता श्रीवास्तव, जितेंद्र निगम आदि मौजूद रहे। संचालन अरुण श्रीवास्तव ने किया।

कायस्थ समाज की बैठक में मौजूद लोग। अमृत विचार

● **कायस्थ समाज की बैठक में बनी रूपरेखा**

जल्द गौशाला निर्माण पूरा न हुआ तो किसान करेंगे आंदोलन

बांदा। पैलानी तहसील क्षेत्र के अलोना गांव के ग्रामीणों ने सोमवार को कलक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। डीएम को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। इसमें आरोप है कि ठेकेदार गौशाला निर्माण काफी धीमी रफ्तार से करा रहा है। पांच हजार से अधिक गौवंश अन्ना है। किसानों की पांच दिवसीय भूख हड़ताल के बाद प्रशासन ने गौशाला निर्माण शुरू कराया। चेतावनी दी कि एक माह के अंदर गौशाला निर्माण नहीं हुई तो किसान आंदोलन करने को वाध्य होगा। भूख हड़ताल करेगा। ग्राम प्रधान सुमित, शिवमंगल सिंह, श्याम रामनरेश, पवन सिंह, वीर बहादुर,सिंह, शंभू सिंह आदि मौजूद रहे।

प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वावलंबी बनें महिलाएं : शाही

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार। दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित तुलसी कृषि विज्ञान केंद्र गनींवा में सोमवार को प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण एवं वर्मी कंपोस्ट इकाई का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने महिलाओं को सीख दी कि वे केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वावलंबी बनें और परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करें।

इस दौरान विष मुक्त प्राकृतिक खेती विषय पर गोष्ठी में मंत्री ने कृषि में अत्यधिक यूरिया, डीएपी एवं रसायनों के प्रयोग के नुकसान पर चर्चा की। मोटे अनाज के प्रसंस्करण की समस्या को दूर करने के लिए हलर मशीन लगवाने का आश्वासन दिया। मंत्री ने अमरूद प्रजाति श्वेता के पौधे को रोपा। केंद्र की ममता त्रिपाठी ने श्रीअन्न के प्रसंस्करण एवं आहार महत्व के बारे में बताया। विजय गौतम ने विषमुक्त खेती के बारे में जानकारी दी। डा. राजेंद्र सिंह नेगी ने किसानों को श्रीअन्न के पोषक गुण एवं आहार प्रबंधन के बारे में बताया। मंत्री ने सात कृषकों को फलदार पौध व सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी 25 महिला कृषक उद्यमियों को प्रमाणपत्र दिए।

विषमुक्त प्राकृतिक खेती की दिशा मे अच्छा कार्य करने वाले प्रगतिशील कृषक हरिश्चंद्र पटेल इटरौर व कौशलेंद्र सिंह ग्राम अरवारा को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष भाजपा लवकुश चतुर्वेदी, सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र कमलाशंकर शुक्ला, अपर निदेशक कृषि एएन मिश्रा, अपर निदेशक प्रसार आरके सिंह मौजूद रहे। संचालन उत्तम कुमार त्रिपाठी ने किया।

प्रशिक्षणार्थी महिला को प्रमाणपत्र देते कृषि मंत्री। अमृत विचार

● **केवीके में खाद्य प्रसंस्करण इकाई का शिलान्यास**

बैठक को संबोधित करते भाजपा जिला प्रभारी रामकिशोर साहू। अमृत विचार

भाजपाई एक पौधा मां के नाम लगाकर लें सुरक्षा की जिम्मेदारी

बांदा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले एक पौधा मां के नाम अभियान की जिला प्रभारी ने समीक्षा करते हुए प्रगति जानी। कहा कि संगठन के हरेक पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि मां के नाम पर पौधा लगाए। साथ ही रोपे गए पौधे को संरक्षित करने की जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी से निभाए। भाजपा जिला कार्यालय में सोमवार को जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ जिला प्रभारी रामकिशोर साहू ने बैठक की। कहा कि संगठन के प्रत्येक पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि को एक पौधा मां के नाम लगाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि पौध लगाते हुए फोटो सरल ऐप पर अपलोड करने के बाद ही अभियान में शामिल होगा। अभियान जिला संयोजक ममता मिश्रा ने बैठक में प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं की प्रशंसा की।अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि एक पौधा मां के नाम अभियान को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा कार्यकर्ता कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाएं। जनपद को हरा भरा बनाने व प्रदूषण मुक्त करने की मुहिम में अपना योगदान दें। बैठक के बाद पदाधिकारियों के साथ आक्सीजन पार्क में जिला प्रभारी ने एक पौधा मां के नाम पर लगाया। कहा कि पर्यावरण संरक्षण, संवर्धन और प्रदूषण से बचाव के उद्देश्य से चलाया जा रहा अभियान मानव जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस मौके पर विवेकानंद गुप्ता, कल्लू सिंह राजपूत, प्रेमनारायण द्विवेदी, डा.धर्मेंद्र त्रिपाठी, सीताराम वर्मा, देवेंद्र भदौरिया, मनीष गुप्ता, उत्तम सक्सेना, पंकज रैकवार, संतू गुप्ता, आनंद स्वरूप द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

समारोह | पाल समाज के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, बड़े पदों पर बैठे लोगों से जागरुकता का आह्वान

फिजूलखर्ची को छोड़कर बच्चों की शिक्षा पर दें ध्यान

कार्यालय संवाददता, चित्रकूट

अमृत विचार। हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट परीक्षा में 80 फीसदी या उससे अधिक अंक पाने वाले पाल समाज के 27 मेधावियों को एक लाज में हुए कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने समाज के लोगों को सलाह दी कि वे फिजलूखर्ची छोड़कर अपने बच्चों की पढ़ाई लिखाई पर ध्यान दें।

कार्यक्रम का आयोजन लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर सामाजिक संगठन चित्रकूट ने किया था। इसमें मेधावियों को प्रमाणपत्र, लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर का चित्र अंकित शील्ड व पदक सेर सम्मानित किया गया। संगठन के अध्यक्ष जगमोहन पाल ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताया। कहा कि उच्च प्रशासनिक पदों पर समाज के युवाओं का अपेक्षित स्थान न होना का कारण छात्रों और अभिभावकों को समुचित जानकारी का अभाव है।

समाज के वे लोग जो बड़े पदों पर हैं जागरूकता कार्यक्रम कर इनका मार्गदर्शन करें, जिससे होनहार बच्चे प्रशासनिक पदों पर आसीन होकर समाज को गौरवांन्वित कर सके। संगठन ने अनिल स्वरूप पाल तकनीकी सहायक भारतीय अनुसंधान परिषद, लेखपालों मनोज पाल लेखपाल एवम् विमल पाल को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में धर्मेंद्र पाल, अर्चना पाल, रामनरेश पाल, रामचरन पाल, गया प्रसाद पाल, शिवगोविंद, रामपाल पाल आदि मौजूद रहे।

पाल समाज के मेधावी बच्चों के साथ मौजूद लोग। अमृत विचार

कॅरियर के प्रति रहें जागरूक : अजय पाल

दिव्यांग विश्वविद्यालय के बीएड संकाय के विभागाध्यक्ष डा. रजनीश कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को दृढ़ संकल्पित होकर पढ़ने की सलाह दी। डा. राजीव पाल दंत चिकित्सक जिला चिकित्सालय ने अभिभावकों को सलाह दी कि वे बच्चों के साथ मित्रवत् व्यवहार रखें कि वह अपनी बात शेयर करने में कोई हिचक न महसूस करें। बच्चों को बताया कि अपना भविष्य हाईस्कूल से ही तय करना होगा कि हमें डाक्टर बनना है या इंजीनियर अथवा सिविल सर्विसेज की तैयारी करना है। केंद्रीय विद्यालय में शिक्षक अजय पाल ने कहा कि करियर के बारे में दृढ़ संकल्पित रहें तो कुछ भी असंभव नहीं है। समाजसेवी चंद्रपाल एडवोकेट ने वकालत और राजनीति में भी करियर की संभावनाओं के बारे में बताया।

भारतपुर की प्रधानी के लिए सात महिलाओं का नामांकन

चित्रकूट। कर्वी ब्लाक की भारतपुर ग्राम पंचायत में प्रधान पद के लिए चुनाव होना है। यह पद अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित है। इसके अलावा कई ग्राम पंचायतों में सदस्य पद के लिए भी निर्वाचन होगा। सोमवार को नामांकन दाखिल करने का दिन था। रामपुर माफी की मीरा पत्नी पप्पू, रामबाई पत्नी धनराज, सुमन देवी पत्नी कामता, खप्टिहा की चुनिया पत्नी संतोष कुमार, भारतपुर तरांव की आरती पत्नी कौशल किशोर, मुन्नी देवी पत्नी शिव कुमार और सुमित्रा पत्नी महेश ने पर्चे दाखिल किए। सातों महिलाएं साक्षर हैं। मंगलवार को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 24 जुलाई को नाम वापस लिए जा सकेंगे। इसी दिन चुनाव चिह्नों का आवंटन होगा। मतदान छह अगस्त को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। मतगणना आठ अगस्त को सुबह आठ बजे से होगी।

संयंत्र का मुआयना करते अपर कृषि निदेशक आरके सिंह। अमृत विचार

अपर कृषि निदेशक ने किया संयंत्र का मुआयना

चित्रकूट। अपर कृषि निदेशक आरके सिंह ने सोमवार को देवबाबा बायो एनर्जी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के बीज विधायन संयंत्र का निरीक्षण किया। अपर निदेशक ने नांदिन कुर्मियान में संयंत्र का निरीक्षण किया। अपर निदेशक को एफपीओ संचालन में आने वाली समस्याओं की जानकारी दी गई। इसमें एफपीओ की जरूरतों में वर्किंग कैपिटल, गोदाम, भूसाघर, अन्नाप्रथा समाप्त करने और कोल्डस्टोरेज आदि की मांगें भी हैं। अपर निदेशक ने इनको शासन स्तर से पूरी कराए जाने का आश्वासन दिया। उप कृषि निदेशक राजकुमार, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, अमृता गुप्ता, देवबाबा एनर्जी एफपीओ के चेयरमैन लव सिंह, सुमित्रा एफपीओ मानिकपुर के चेयरमैन गुलजार सिंह, महर्षि वाल्मीकि एफपीओ रैपुरा के चेयरमैन नाथूराम सिंह, चुन्नीदेवी एफपीओ के सीईओ ओंकार सिंह मौजूद रहे।

हर-हर, बम-बम के जयघोष से गुंजायमान हुए शिवालय

भक्तों ने गंगाजल, दूध, धतूरा, पुष्प व बेलपत्र चढ़ाकर की भोले बाबा की पूजा

कार्यालय संवाददाता महोबा

अमृत विचार। श्रावण मास के प्रथम सोमवार को शहर के शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही शिव मन्दिरों में पूजा अर्चना करने के लिये श्रद्धालु नहाने के बाद पवित्र वस्त्र धारण कर हाथ में पूजा की थाली और जल लेकर शिवालयों में पहुंचे और जलाभिषेक कर पूजन किया।

रामकुण्ड धाम के उमंगेश्वर जी शिवलिंग मन्दिर में भोर पहर से ही भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया था, जो दोपहर बाद तक चलता रहा। श्रद्धालु बेलपत्र, दूध, दही, गंगाजल, धतूरे के फूल, भांग, पुष्प महादेव को अर्पण कर अपने व आपनों के लिये सुख समृद्धि और शान्ति की प्रार्थनाएं करते रहे।

शिव मन्दिरों में श्रद्धालुओं ने सुबह से ही जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। सावन का पहला सोमवार होने के कारण शहर में चारों तरफ श्रद्धालुओं का शिव मन्दिरों में आने जाने का सिलसिला जारी रहा। शिव भक्त बलखण्डेश्वर, कंठेश्वर, पठेश्वर, रामेश्वर, बड़ी चन्द्रिका देवी के पास स्थिति शिव मंदिर, द्वादश ज्योर्तिलिंग मन्दिर, शिव ताण्डव आदि शिवालयों में पहुंचकर जलाभिषेक कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर अपनी व परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करने से फल की शीघ्र प्राप्ति होती है।

उमंगेश्वर मंदिर पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। अमृत विचार

सवान के सोमवार में व्रत रखने पर मिलता है मनचाहा वर

धार्मिक आस्था और लोक मान्यतानुसार सावन सोमवार का व्रत रखने से मां गौरी और प्रभु शिव प्रसन्न होते हैं और उसकी असीम कृपा की प्राप्त होती है। वहीं जो कुंवारी कन्याएं सावन के सोमवार का व्रत रखते हुए नियमों का पालन करती हैं उन्हें मनचाहा जीवन साथी की भी प्राप्ति होती है । सावन में महादेव के साथ मां गौरी की विधि विधान के साथ पूजा करने से जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं।

अतीत में अभी तक लोक मानस में सर्व विदित है कि त्रेता युग में प्रभु श्रीराम चित्रकूट जाते समय मार्ग में महोबा के रामकुण्ड स्थान पर स्थापित शिव लिंग का पूजन अर्चना की थी और उसके बाद वहीं पर यज्ञ सम्पन्न किया। तभी से यह स्थान रामकुण्ड के नाम से विख्यात हुआ। ऐसे प्रमुख आश्रमों का उल्लेख मानस में मिलता है। रामकुण्ड तीर्थ क्षेत्र में ही सात वर्ष पूर्व उमंगेश्वर द्वादश ज्योर्तिलिंग शिवालय का निर्माण एक दंपती ने अपनी इकलौती पुत्री की सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने के बाद कराया था।

जेबकतरों ने ग्रामीण की जेब से पार किये 40 हजार रुपये

महोबा। एक ग्रामीण ग्राम मिढ़का बम्हौरी से ई-रिक्शा से शहर के खंनगा बाजार स्थित मकान निर्माण के लिए सरिया खरीदने गया था, तभी जेबकरो ने उसकी जेब में पड़े 40 हजार रुपये गायब कर दिए। जब । सूचना पर पहुंची पुलिस ने जेबकतरों की तलाश के लिए सीसी टीवी कैमरों को खंगाला।

पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के जिला छतरपुर के ग्राम मिढ़का बम्हौरी निवासी पप्पू अहिरवार अपने मकान का निर्माण करा रहा है। वह सरिया व अन्य सामान खरीदने के लिये ई-रिक्शे से पुराने बस स्टाप महोबा से शहर के खंनगा बाजार जा रहा था, तभी टप्पेबाजों ने उसकी जेब में पड़े 40 हजार रुपये पार कर दिये। ग्रामीण दुकान पहुंचा और सरिया की तौल होने के बाद उसने पैसे देने के लिए जेब में हाथ डाला तो जेब खाली देख उसके होश उड़ गए ।रुपये न मिलने पर वह पुराने बस स्टाफ पहुंचा और ई-रिक्शा और उसमें बैठे लोगों की भी तलाश की, लेकिन उनका भी कोई सुराग नहीं लगा, जिस पर वह चीखने चिल्लाने लगा। शोर शराब सुन आसपास के लोग वहां एकत्र हो गए और जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने पीड़ित से उसके साथ घटित वारदात की जानकारी करते हुए पूछताछ की।

पौधरोपण करते प्रधानाचार्य, शिक्षक व छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

पौधरोपण कर दिया स्वच्छ पर्यावरण का संदेश

संवाददाता कार्यालय, महोबा

- सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज द्वारा आयोजित किया गया पौधरोपण और गोष्ठी का कार्यक्रम

अमृत विचार। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के प्रधानाचार्य के तत्वावधान में सोमवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन कालेज के कृषि फार्म में आयोजित किया गया, जहां पर शिक्षकों के अलावा छात्र छात्राओं ने पौधरोपण कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए लगभग दौ सौ पौधों को रोपित कर पर्यावरण की सुंदरता और संतुलन का संदेश दिया गया। पौधरोपण के उपरांत एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने पौधरोपण जैसे पुनीत कार्य पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने शहर की राठ चुंगी स्थित विद्यालय के कृषि फार्म में एक पौधे को रोपित करते हुए पौधरोपण कार्यक्रम की शुरुआत की, इसके बाद आचार्यों के साथ-साथ छात्र-छात्राओं ने नीम, पीपल, आंवला, अशोक, तुलसी के अलावा तमाम फल और फूलों के करीब दो सौ पौधे रोपित किये। साथ ही उनकी देखभाल करने की शपथ भी ली गई। गोष्ठी कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि पौधरोपण करना एक पुनीत कार्य है, एक पौधा लगाना दस पुत्र के समान होता है। पौधरोपण कर उनका संरक्षण भी हमे करना चाहिए।

संगीताचार्य जगप्रसाद तिवारी ने कहा कि वृक्ष हम सबको आक्सीजन प्रदान करते हैं, कोरोनाकाल में आक्सीजन का महत्व लोगों को समझ में आया था। कहा कि पीपल, बरगद हमे अधिक आक्सीजन देते हैं, इस कारण हमारी भारतीय संस्कृति में वृक्षों का पूजन अर्चन करने की परम्परा है। कहा कि पौधरोपण कार्य में हम सबको आगे आकर सहयोग करना चाहिए। शिशु शिक्षा निकेतन इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अरुण उपाध्याय ने भी प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाए जाने पर जोर दिया। इस मौके पर आचार्य वीरसिंह बुन्देला सहित विद्यालय क तमाम शिक्षक व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

एक नजर

अवैध शराब सहित दो महिलाएं गिरफ्तार

महोबा। उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह, उपनिरीक्षक विजयशंकर पाण्डे, महिला उपनिरीक्षक शिवांगी प्रजापति, महिला कांस्टेबल उर्मी पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अभियान के तहत अभिक्युकता पायल (28) व परी (27) निवासी मोहल्ला किशोरगंज कबूतरा डेरा थाना श्रीनगर को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब सहित गिरफ्तार किया है।

बीए की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

हमीरपुर। गुजौरा गांव निवासी गया प्रसाद की पुत्री लक्ष्मी (18) बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। सोमवार को अज्ञात कारणों के चलते सुबह करीब 7 बजे अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब सुबह काफी समय के बाद भी कमरे से बाहर न निकली तो परिजनों ने देखा तो फंदे पर लटक रही थी। उप निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि युवती द्वारा आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

नैनी सेंट्रल जेल से सजायाफ्ता बंदी हुआ फरार, 4 सस्पेंड

संवाददाता, प्रयागराज

- महोबा जेल से पांच महीने पहले भेजा गया था ट्रांसफर
- सामूहिक दुष्कर्म के मामले में काट रहा था सजा

अमृत विचार: केंद्रीय कारागार नैनी में सामूहिक दुष्कर्म के मामले में सजा काट रहा बंदी शनिवार को फरार हो गया।

महोबा जिले के सिटी कोतवाली अंतर्गत पसवारा गांव का रहने वाला काली चरण नैनी सेंट्रल जेल के सर्किल नंबर दो में सजा काट रहा था। आरोपी के खिलाफ गैंगरेप का मुकदमा दर्ज था। आरोपी को 20 साल की सजा पड़ने के बाद सजा काटने के लिए 9 मार्च 2024 को महोबा जेल से नैनी सेंट्रल जेल ट्रांसफर किया गया था। जेल में उसकी ड्यूटी बाहर बाग़ कमान में लगाई गयी थी। जहां वह खेती करता था। शनिवार की सुबह कमान के साथ महिला जेल के पीछे कृषि फ़ार्म की ओर गया थे। बंदियों के साथ सुरक्षा के लिए एक हेड वार्डन बलवीर यादव व वार्डन बृजेश यादव, अभिषेक सिंह, आशुतोष चतुर्वेदी की ड्यूटी थी। सभी बंदी अपना काम कर रहे थे। कुछ देर के बाद काली चरण गर्मी का बहाना करते हुए जेल से मिलने वाली वर्दी को उतार दिया। कमान खत्म होने के बाद अंधेरा होने का फायदा उठाते हुए कृषि फार्म में ही किसी पेड़ पर चढ़ गया और बाद में मामले की जानकारी वरिष्ठ जेल अधीक्षक रंग बहादुर को दी गई। जानकारी के बाद दूसरे दिन डीसीपी यमुना नगर श्रृद्धा नरेंद्र पाण्डेय ने भी जेल पहुंचकर जानकारी की। सूत्रों के मुताबिक फरार बंदी काली चरण की गिरफ्तारी के लिए टीम बनाई गई है।

छत पर सो रही किशोरी को अगवा कर दो दबंगों ने किया दुष्कर्म

संवाददाता कार्यालय, महोबा

- हवाई फायरिंग कर एक दबंग मौके से हुआ फरार दूसरे को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

अमृत विचार। शहर कोतवाली के एक गांव में बीती रात सोते समय एक किशोरी को दो दबंग अगवा कर खंडहर में ले गए, जहां पर उसे बंधक बनाकर दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। किशोरी की तलाश करते हुए परिजन ग्रामीणों के साथ घटना स्थल पहुंचे तो वहां पर किशोरी को अचेत हालत में पड़ा देखा। ग्रामीणों की भारी भीड़ देख दबंग वहां से खिसकने का प्लान बनाने लगे और एक दबंग हवाई फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गया जबकि दूसरे को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सीओ सिटी दीपक दुबे थाना पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और अभियुक्त को पकड़कर जांच पड़ताल करते हुए दूसरे दबंग की तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम में 15 वर्षीय किशोरी अपने छोटे भाई के साथ अपने मकान की छत पर सो रही थी, तभी गांव के ही दो दबंग देव सिंह राजपूत और सोनू राजपूत किसी तरह छत पर पहुंच गए और किशोरी का मुंह दबाकर उठाकर गांव के एक खंडहर मे ले गए, जहां दोनो ने उसे बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। सुबह पांच बजे जब परिजनों ने किशोरी को छत पर सोता न देख उसके भाई से पूछा तो उसने भी पता न होने की बात कही, जिस पर परिजनों ने उसे आसपास ढूंढा पर वह नहीं मिली।

परिजन ग्रामीणों के साथ उसकी तलाश करते हुए खंडहर पर पहुंच, जहां पर बाहर खड़े देव सिंह ने तमंचा दिखाकर अंदर जाने से रोका, लेकिन ग्रामीणों नहीं माने और वह खंडहर के अंदर चले गए, जहां पर किशोरी अचेत अवस्था में जमीन पर पड़ी हुई थी, तभी देव सिंह ने मौका देखकर हवाई फायरिंग करता हुआ मौके से भाग निकला, लेकिन दूसरा आरोपी सोनू ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और अभियुक्त को हिरासत में लेकर पीड़िता और उसके परिजनों का बयान दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं सीओ सिटी का कहना है कि अभियुक्तों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और पीड़िता को जांच के लिय भेज दिया गया है।

बिना पानी के सूखा पड़ा उर्मिल बांध। अमृत विचार

उर्मिल व मझगवां बांध डेड लेवल से नीचे पहुंचे

संवाददाता कार्यालय, महोबा

- बारिश न होने से नाम मात्र की हो रही पानी की सप्लाई, बिना पानी के मची है त्राहि-त्राहि

अमृत विचार। इस साल बारिश के मौसम का एक माह बीत जाने के बाद भी कम बारिश होने के कारण भूगर्भ जलस्तर तेजी से नीचे खिसक रहा है। बारिश के मौसम में तेज धूप निकलने से बांधों और सरोवरों का पानी भी सूखने लगा है। वही उर्मिल व मझगवां डैम डेड लेवल के नीचे पहुंच गया है,जिस कारण पेयजल आपूर्ति को लेकर जल निगम के हाथ पांव फूल रहे हैं। बांध के तेजी से सूखने के कारण अब जल निगम भी बमुश्किल 20 से 25 मिनट की पानी आपूर्ति कर रहा है। लोगों का मानना है कि यदि जल्द बारिश नहीं हुई तो शहर और ग्रामीण अंचलों में पानी को लेकर त्राहि त्राहि मचने लगेगी।

शहर के अलावा श्रीनगर, सिजहरी सहित अन्य गांवों की प्यास बुझाने वाला उर्मिल बांध ने इस साल बारिश न होने के कारण जवाब दे दिया है। बांध का 80 फीसदी से ज्यादा पानी खत्म हो चुका है, अब बांध के एक हिस्से में बचे बीस फीसदी पानी की काफी दिनों से सप्लाई की जा रही है। इस बार बारिश न होने और बांध का पानी दिन प्रतिदिन खत्म होता देख शहरियों और ग्रामीणों की प्यास बुझाने वाले जल निगम के अधिकारियों में बेचैनी बढ़ गई है। हालांकि अधिकारी अभी भी पानी की कमी न होने देने का दावा कर रहे हैं, लेकिन जिस तरह से बांध का पानी तेजी से सूख रहा है, इससे पेयजल संकट सम्भावनाओं से इंकार नही किया जा सकता है।

पिछले साल पूरा बारिश का मौसम निकल जाने के बाद भी 50 फीसदी बारिश न होने से तालाब, कुएं, बांध और अन्य जलाशय खाली रह गए थे, जिसके चलते लोगों को इस साल समय से अच्छी बारिश होने की उम्मीद थी, लेकिन बुंदेलखंड में बारिश की शुरुआत 15 जून से मानी जाती है, बावजूद इसके बारिश का एक माह से अधिक समय निकल जाने के बाद भी बारिश के कोई आसार नहीं दिखाई दे रहे है। बारिश की कोई उम्मीद फिलहाल नहीं दिखाई दे रही है, जिससे पानी की सप्लाई नाम मात्र की हो रही है ।

चरखारी विधायक ने गायों को खिलाया गुड़ व हरा चारा

संवाददाता कार्यालय, महोबा

अमृत विचार। चरखारी विधायक डॉ. ब्रजभूषण राजपूत ने सोमवार को चरखारी नगर के वार्ड रूपनगर में स्थित कान्हा गौशाला का औचक निरीक्षण किया। यहां पर उन्हें गोवंशों के लिए साफ पेयजल, भूसा, हरा चारा, गुड़, अजवायन, पशु आहार, आटा आदि समुचित मात्रा में मिला। विधायक ने गोवंशों को हरा चारा, केला, गुड़, चना खिलाये एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये।

चरखारी विधायक ने निरीक्षण के दौरान गोवंशों की व्यवस्थाएं देखी इसके उपरान्त विधायक नें स्वंय कटिया मशीन चलाकर हरा चारा काटा और केला, गुड़, चना इत्यादि खिलाकर अपना सावन का प्रथम सोमवार मनाया एवं उपस्थित कर्मचारियों से कहा कि गाय, सांड़ एवं छोटे बछड़ों के लिए अलग अलग व्यवस्थाएं होनी चाहिए।

पशुओं के लिए चारा काटते चरखारी विधायक डॉ. ब्रजभूषण राजपूत।

पानी न आने से शो पीस साबित हो रहे हैंडपंप

संवाददाता कार्यालय, महोबा

अमृत विचार। गर्मी के आगाज के साथ शहर में पानी का संकट भी बढ़ जाता है और यह समस्या बारिश के मौसम तक लोगों को झेलना पड़ती है। जहां एक तरफ पाइल लाइन द्वारा की जाने वाली पेयजल आपूर्ति सुचारु रूप से नहीं हो पा रही है, वहीं अब शहर के ज्यादातर हैंडपंपों ने लोगों का साथ छोड़ते हुए पानी देना बंद कर दिया, वहीं कुछ हैंडपंपों को काफी देर तक चलाने के बाद पानी आता है तो वह भी गंदा होता है, जो पीने के लायक नहीं होता, जिससे लोगों में नाराजगी व्याप्त है।

विभाग द्वारा हैंडपंपों की मरम्मत कर उन्हें सुधाने की सुध न लेने से शहर में विभाग द्वारा पेयजल समस्या का कोई ठोस इंतजाम नहीं किया जा रहा है। शहर के बहुत से हैंडपंपों ने पानी देना बंद कर दिया है। कई हैंडपंप खराब हो गए हैं तो कई रीबोर के अभाव में शोपीस बने हुए हैं, वही हैंडपंपों की मरम्मत नहीं कराई गई, जिससे शहर वासियों को पानी की समस्या से दो चार होना पड़ रहा है। शहर के तहसील चौराहा से पुराने प्राइवेट बस स्टाप तक मात्र दो हैंडपंप लगे हुए, जिसमें से एक में काफी देर तक चलाने के बाद आधी बाल्टी पानी ही नसीब हो पाता है, वहीं दूसरे हैंडपंप को भी काफी देर तक चलाने के बाद दूषित पानी निकल रहा है। हैंडपंपों के खराब हो जाने से सबसे ज्यादा दिक्कत यहां के दुकानदारों को उठानी पड़ रही है।

देर तक हैंडपंप चलाने के बाद निकल रहा दूषित जल। अमृत विचार

- हैंडपंप को काफी देर तक चलाने के बाद निकल रहा गंदा पानी

संपूर्ण समाधान दिवस | कुलपहाड़ तहसील में अधिकारियों ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं, 62 शिकायतों में मात्र पांच हुईं निस्तारित

कागज पर नहीं बल्कि धरातल पर हो शिकायतों का निस्तारण

संवाददाता कार्यालय, महोबा

अमृत विचार। कुलपहाड़ तहसील में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश की उपस्थिति में किया गया, जिसमें अधिकारियों द्वारा फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। यहां पर 62 आयीं शिकायतों में से मात्र पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबन्धित विभागों के अधिकारियों को निष्पक्ष जांच करते हुए समय से निस्तरित करने के निर्देश दिए गए।

संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए और शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायतकर्ता से जरूर बात की जाए। शिकायत निस्तारण से यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। उन्होंने कहा कि अधिकारी आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये प्रत्येक फरियादी की छोटी या बड़ी सभी समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए । उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएं तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

कुलपहाड़ तहसील के समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याएं सुनते अधिकारी।

सदर व चरखारी तहसील में भी हुआ आयोजन

जालौन। सदर तहसील महोबा में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहम्मद मोईनुल इस्लाम की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर 82 फरियादियों ने अपनी शिकायतों से अधिकारियों को रूबरू कराया, जबकि मौके पर सिर्फ चार का ही निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों को निस्तारण के लिए संबन्धित अधिकारी को सौंपा गया। इसी प्रकार तहसील चरखारी में भी उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें आई 16 शिकायतों में दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। गौरतलब है कि पौधरोपण कार्यक्रम के चलते इस बार समाधान दिवस का आयोजन शनिवार का न होकर सोमवार को आयोजित किया गया था।

पंचायत लगाकर सुनीं किसानों की समस्याएं

संवाददाता कार्यालय, महोबा

अमृत विचार। भारतीय हलधर किसान यूनियन इकाई महोबा ने सोमवार को विकासखंड कबरई के अंतर्गत ग्राम बिलरही और डिकवाहा ग्राम में किसान पंचायत का आयोजन कर किसानों की समस्याएं सुनीं साथ ही उन्हें आगह किया कि वह अधिकारियों का किसी भी तरह दबाव न मानें। यदि कोई समस्या आती है तो यूनियन को बताएं।

भारतीय हलधर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार के साथ आधा दर्जन गाड़ियों में सवार होकर किसान पदाधिकारी ग्राम बिलरही व ग्राम डिकवाहा पहुंचे, जहां पर किसान पंचायत लगाकर किसानों की समस्याएं सुनीं। इस मौके पर डिकवाहा गांव के अलावा आसपास के ग्रामों के भी किसान पंचायत में पहुंचे। यूनियन के पदाधिकारियों ने किसानो की समस्याएं सुनीं। किसानों ने किसान सम्मान निधि के न आने की शिकायत की वही कुछ लोगों ने गोचर की जमीनों में दबंगों के कब्जे व चक रोडों पर अवैध कब्जों आदि समस्याओं से अवगत कराया। किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष ने किसानों को आश्वासन दिया है की किसानों की जो भी समस्या आएगी हम उसका निदान कराएंगे। इस मौके पर जिला सैनिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मनोज तिवारी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र तिवारी, जिला उपाध्यक्ष दिनेश अहिरवार, जिला सचिव विनीत सिंह परिहार, जिला तहसील अध्यक्ष राकेश, वीर बहादुर सिंह सहित तमाम पदाधिकारी व किसान मौजूद रहे।

किसान पंचायत में मौजूद किसान यूनियन के पदाधिकारी। अमृत विचार

- किसानों की लड़ाई हलधर किसान यूनियन जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक लड़ेगी

जिलाधिकारी के सामने 34 फरियादियों ने की शिकायत

संपूर्ण समाधान दिवस में 9 मामलों का मौके पर निस्तारण किया

संवाददाता, कालपी(जालौन)

फरियादियों की समस्यायों को निपटाते डीएम एसपी तथा अन्य। अमृत विचार

अमृत विचार। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता मे आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर 34 फरियादियों के द्वारा शिकायते प्रस्तुत की गई। जिसमें 3 प्रार्थना पत्रों को सुनकर के मौके पर निस्तारण कर दिया गया। डीएम ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि मौके पर पहुंचकर सभी मामलों का निस्तारण करें, इसमें किसी भी प्रकार की उदासीनता न बरती जाये। एसपी डॉ दुर्गेश कुमार की मौजूदगी में पुलिस से संबंधित शिकायतें सुनी गईं।

सोमवार को तहसील कालपी के सभागार में आयोजित तहसील समाधान दिवस में अधिवक्ताओं अपूर्व शरद श्रीवास्तव, रामकुमार तिवारी अतीक अहमद राजेश गुप्ता, जयवीर सिंह आदि वकीलों जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के समक्ष शिकायत करते हुए अवगत कराया कि कालपी नगर के सभी मुहल्लों में भारी संख्या में उत्पाती बंदरों के विचरण से नागरिक परेशान हैं। उन्होंने बंदरों पर नियंत्रण करने के लिये प्रशासन द्वारा कार्यवाही करने पर जोर दिया।

जमीन से संम्बंधित सर्वाधिक शिकायते फरियादियों के द्वारा प्रस्तुत किये जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने मौजूद अधिकारियो से कहा कि शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता तथा पारदर्शिता रखी जाये। तहसील समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह,, क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी, नायब तहसीलदार , नीलमणि सिंह , पूर्ति निरीक्षक याकूब हसन, खंड शिक्षाधिकारी सुनील कुमार राजपूत, लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता ब्रजेन्द्र सिंह, कालपी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक, सिरसाकलार, कदौरा, चुर्खी, आटा के थानेदार, भूमि संरक्षण अधिकारी ज्ञान प्रकाश, मंडी समिति कालपी आनंद कुमार गुप्ता, सचिव नितिन कुमार, राजस्व निरीक्षक राम राजा राजपूत, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

खड़ा ट्रक पीछे लुढ़का ट्रैक्टर चालक की मौत

बांदा। शहर कोतवाली क्षेत्र के बांधा पुरवा गांव निवासी 52 वर्षीय राजकुमार पुत्र सजीवन किसानी करता था। उसके पास तीन बीघा जमीन है। इसके अलावा वह ट्रैक्टर भी चलाता था। रविवार रात भाड़ा खाली करने के बाद ट्रैक्टर शहर के नवाब टैंक स्थित इंजीनियरिग कालेज के पास स्थित पेट्रोल पंप में खड़ा कर दिया। वह घर जाने के लिए रोड पर बने डिवाइडर पर बैठकर वाहन का इंतजार करने लगा। तभी दो दिनो से पेट्रोल पंप की ढाल पर खड़ा ट्रक अचानक तेजी से पीछे की ओर लुढ़कने लगा। डिवाइडर पर बैठा राजकुमार जब तक कुछ समझ पाता तब तक तेज गति से आया ट्रक उसके ऊपर चढ गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। पेट्रोलपंप कर्मियों ने पुलिस को सूचना दी। आसपास के लोगो का कहना है कि ट्रक के पीछे को लुढ़कने से हादसा हुआ है। जब की मृतक के भतीजे राजेश ने बताया कि ट्रक अचानक इस तरह पीछे नहीं लुढ़क सकता है। आरोप लगाया है कि किसी ने या तो उसके ब्रेक व गेयर में छेड़खानी की है। या फिर बैक करते समय हादसा हुआ है। पत्नी बिमलेश समेत परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल है।

परिवार परामर्श टीम की सदस्य व पीछे खड़े पति-पत्नी। अमृत विचार

परिवार परामर्श टीम ने 8 परिवारों में कराया समझौता

कार्यालय संवाददाता उरई

अमृत विचार। महिला परिवार परामर्श केन्द्र की टीम ने वैचारिक मतभेद की वजह से टूटने वाले परिवार के विवादों को सुना पति-पत्नी एवं अन्य परिजनो के बीच उपजे विवाद में उनकी काउंसलिंग कर समझाबुझा कर बिखरने से बचाया गया। टीम के प्रयास से 8 जोड़ों ने सुलह-समझौता कर साथ रहने को राजी हो गए।

नेहा पटेल पत्नी राहुल पटेल निवासी सुढार सालाबाद थाना जालौन का (पति-पत्नी विवाद)का समझौता कराया गया। इसी तरह से श्रीमती लक्ष्मी पत्नी रामकुमार उर्फ लाला पाल निवासी जय मां दुर्गे गेस्ट हाउस के पास बघौरा उरई के बीच काफी अरसे से पति-पत्नी में विवाद चल रहा था। टीम ने समझौता करा दिया। तीसरे प्रकरण में दीक्षा पाण्डेय पत्नी आशीष पाण्डेय निवासी ग्राम कचनार अशोकनगर (म0प्र0) के विवाद में सोमवार को समझौता हो गया। इसी तरह से साधना याज्ञिक पत्नी नरेन्द्र कुमार व रामस्वरूप पुत्र बाबू याज्ञिक (ससुर) नि0 ग्राम बरसार थाना कोटरा जनपद जालौन का (ससुर-बहू विवाद) में भी समझौता करा दिया गया। पांचवे प्रकरण में शालिनी पत्नी शिवम दुबे निवसी ग्राम हदरूख थाना कुठौन्द जनपद जालौन का भी समझौते के आधार पर निपट गया। छठवें प्रकरण में अर्चना पत्नी बृजेन्द्र कुमार निवासी ग्राम हुसेपुरा जागीर थाना रामपुरा जालौन के विवाद में समझौता करा दिया गया।

सार-संक्षेप

समस्याओं के निराकरण को शिक्षामित्रों ने सौंपा ज्ञापन

नरैनी। शिक्षामित्रों ने समस्याओं के निराकरण की मांग लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षाधिकारी को सौंपकर निराकरण की मांग की। चेतावनी दी कि समस्याओं का निराकरण न किया गया तो शिक्षा मित्र प्रदेश स्तरीय आंदोलन करेंगे। सोमवार को शिक्षा मित्रों ने बीआरसी में प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन खंड शिक्षाधिकारी को सौंपा। इसमें कहा है कि अध्यादेश के माध्यम से शिक्षा मित्रों को पुनरू सहायक अध्यापक पद पर पदस्थापित किया जाए। 12 माह का समान वेतन व समान सुविधाएं दिलाई जाएं। महिला शिक्षामित्र को उसकी ससुराल की जनपद की विद्यालयों में स्थानांतरण पाने का अवसर प्रदान किया जाए। शिक्षामित्र को उनके मूल विद्यालय और निकटतम विद्यालय में शिक्षण कार्य करने का अवसर प्रदान किया जाए। चिकित्सीय अवकाश, कैशलेस चिकित्सा की सुविधा, आयुष्मान सुविधा, महिला शिक्षा मित्रों को सीसीएल की सुविधा, आकस्मिक अवकाश 11 के स्थान पर 14 दिन किया जाए। ज्ञापन देने वालों में राजेंद्र शिवहरे, राजेंद्र पटेल, सरोज कुमारी, राधा रानी, मीरा, नीता, अंसार हुसैन, कमलेश, राजकारण, मंजू देवी सहित अन्य शिक्षा मित्र शामिल रहे।

सड़क दुर्घटनाओं में घायल तीन लोग अस्पताल में भर्ती

कालपी। जालौन में तीन अलग-अलग स्थानों में बाइकों के दुर्घटनाग्रस्त होने की वजह से तीन लोग घायल हो गए। दुर्घटना में सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम दौलतपुर निवासी सुमित कुमार अपनी पत्नी काजल को लेकर कदौरा जा रहा था, तभी कदौरा-जोल्हुपुर रोड में बरही बम्बा के पास बाइक फिसलकर गिर गई जिसमें काजल तथा सुमित दोनों लोग घायल हो गए। दोनो घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। इसी प्रकार आकाश पुत्र ब्रह्म प्रकाश निवासी मोहल्ला कागजीपुरा कालपी अपनी बाइक से जोल्हुपुर से कालपी आ रहा था, तभी अमलतास के समीप बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से आकाश घायल हो गया। चिकित्साधिकारी डॉ. शेख शहरयार ने बताया कि सभी घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद छुट्टी कर दी गई।

मेडिकल छात्र-छात्राओं को बांटे गए टैबलेट

उरई। मेडिकल कालेज उरई में मेडिकल के एक सैकड़ा छात्र छात्राओं को टैबलेट वितरित किये गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधानपरिषद के सभापति मानवेंद्र सिंह ने छात्र छात्राओं को टैबलेट बांटे। माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे, पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार, व मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ अरविंद द्विवेदी , सी एम एस डॉ प्रशांत निरंजन कार्यक्रम में मौजूद रहे।

बेतवा नदी में नहाने गए युवक की डूब कर मौत

उरई। मित्रों के साथ बेतवा नदी में नहाने गए प्रबल गुप्ता पुत्र प्रमोद गुप्ता निवासी बजरिया उरई की नदी में डूबने से मौत हो गई। बजरिया उरई निवासी प्रबल गुप्ता अपने साथी,हिमांशु शर्मा निवासी लहरिया पुरवा उरई व दानिश खान निवासी कर सानरोड उरई के साथ नदी में नहाने के लिए कहकर घर से निकाला था। नदी में स्नान करते समय प्रबल गहराई में चला गया और डूबने लगा। उसके साथी दानिश व हिमांशु डूब रहे प्रबल को बचा नही सके। प्रबल नदी के तेज बहाव में बह गया, साथियो के चिल्लाने पर नदी किनारे आस पास के लोग पहुंच गए जिन्होंने पुलिस को सूचना दी, मौके पर पहुची पुलिस ने शव को नदी से निकलवाया।

रैंकिंग में आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज जनपद में अव्वल

बांदा। माध्यमिक शिक्षा परिषद (प्रयागराज) ने प्रदेश के कॉलेजों की रैंकिग जारी की है। सूची राज्य और जिला स्तर पर जारी की गई है। इसमें मंडल मुख्यालय स्थित आदर्श बजरंग इंटर कालेज जिले में पहले और राज्य में 74वें स्थान पर रहा। जिले में कालेज का पहला स्थान आने पर प्रधानाचार्य व प्रबंधक समेत शिक्षकों ने मिठाई खिलाकर एक-दूसरे को बधाई दी। हाल ही में शासन स्तर पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (प्रयागराज) ने विद्यालयों की जनपद व राज्य स्तरीय रैंकिंग जारी की है। इसमें आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज को जिले में अव्वल रैंक हासिल हुई। प्रदेशीय रैंकिंग में 74वां स्थान प्राप्त हुआ। सोमवार को विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस उपलब्धि पर कालेज में जश्न का माहौल रहा। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य मेजर मिथलेश कुमार पांडेय ने बताया कि यह कालेज के शिक्षकों व छात्राओं के लिए गौरवपूर्ण बात है। कालेज को अग्रिम ऊंचाइयों तक ले जाना उनकी पहली प्राथमिकता है। प्रबंधक प्रशांत शर्मा ने सभी को शुभकामनाएं दीं। उप प्रधानाचार्य मंगल प्रसाद ने विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य का माल्यार्पण कर सम्मान किया। साथ ही उपस्थित शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने भी बुके, माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के उपप्रधानाचार्य मंगल प्रसाद, कप्तान सिंह, सतेन्द्र कुमार, दिनेश प्रसाद, बलराम त्रिपाठी, रमेश चंद्र, राहुल द्विवेदी, चित्रलेखा, निधि त्रिपाठी, दिव्या, मंगल सिंह, शिवओम गर्ग, तुलाराम समेत तमाम अभिभावक उपस्थित रहे।

नए एसपी ने पंचनद पर पहुंच सीमा का किया निरीक्षण

माधौगण जालौन। जनपद की भौगोलिक स्थिति को जानने लिए पुलिस अधीक्षक जालौन ने रामपुरा थाना क्षेत्र के पंचनद का स्थलीय निरीक्षण किया। जनपद जालौन में नवागंतुक पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार ने जनपद में पद भार ग्रहण करते ही सर्वप्रथम पूर्व के दस्यु प्रभावित रहे पंचनद क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति जानने के लिए स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र कुमार बाजपेई का थाना अध्यक्ष रामपुरा योगेन्द्र कुमार से पंचनद की भौगोलिक स्थिति व यहां पर यमुना में मिलने वाली नदियों व नदी के पार इटावा एवं औरैया जनपद के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं स्थानीय ग्रामीणों से संवाद कर वर्ष 1970 से 2010 तक इस बीहड पट्टी में सक्रिय रहे दस्यु दलों के बारे में जाना एवं वर्तमान में क्षेत्रीय स्थिति एवं यहां के लोगों के बारे में जानकारी प्राप्त की। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार ने बताया कि हमारा प्रयास है कि जनपद के प्रत्येक थाना क्षेत्र में पूर्व में रहे दस्यु आपराधिक घटनाओं से प्रभावित संवेदनशील क्षेत्र की स्थिति को समझने तथा वर्तमान की स्थिति के बारे में जानने के स्वयं जाकर कानून व्यवस्था को सुदृढ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अपराधियों को जनपद जालौन की सीमा में रहने के लिए जेल के अतिरिक्त कोई स्थान नहीं है कोई कितना भी शक्तिशाली प्रभावशाली क्यों ना हो उसे असामाजिक कार्य करने एवं अपराध करने का अवसर नहीं दिया जाएगा , जो व्यक्ति अपराधित गतिविधियों में संलिप्त होगा उसे कानून के आधार पर सख्त सजा दिलाई जाएगी। इस अवसर पर उपनिरीक्षक मनीष कुमार, उपनिरीक्षक रामकृष्ण चौकी प्रभारी जगम्मनपुर मौजूद रहे।

तालाब में मरी पड़ी मछलियां। अमृत विचार

तालाब में जहर डालकर मछलियों को मारने का आरोप

बांदा। बिसंडा थाना क्षेत्र के सिंहपुर अमिलिहा गांव निवासी मत्स्य पालक रामशंकर पुत्र शिव प्रसाद ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में गांव के एक पूर्व पट्टाधारक पर साजिशन तालाब में जहरीला पदार्थ डालकर मछलियों को मारने का आरोप लगाया है। मत्स्य पालक ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए गिरफ्तारी की मांग की है। एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में पट्टाधारक ने बताया कि प्रशासन ने अमिलिहा तालाब मछली पालन के लिए आवंटित किया था। पूर्व पट्टाधारक तालाब भीटा में अवैध निर्माण करके रहता था और रात में मछलियों की चोरी करके बेंचता था। शिकायत पर एसडीएम के निर्देश पर बिसंडा थानाध्यक्ष व नायब तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को ध्वस्त करा दिया। अवैध निर्माण ध्वस्त होने की खुन्नस में पूर्व पट्टाधारक ने तालाब में जहरीला पदार्थ डालकर मछलियां मार दीं। नामजद तहरीर देने के बाद भी बिसंडा थाना पुलिस आरोपी पर कार्रवाई नहीं कर रही। मत्स्य पालक ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

आर्यकन्या की कार्यवाहक प्रधानाचार्या बनीं रजनी पुरवार

कालपी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रबंधन द्वारा मौजूदा प्रधानाचार्या के खिलाफ की गई निलंबन कार्यवाही के बाद उन्हें व्यवस्था संचालन की जिम्मेदारी सौपी गयी है। विदित हो कि विगत कई वर्षो से विद्यालय प्रबंधन और प्रधानाचार्या नुजहत जहां के मध्य शीत युद्ध चल रहा था जिसमें उन्होनें प्रबन्धन को मानने से इनकार कर दिया था लेकिन जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रबंधन को वैध बताकर प्रधानाचार्या को विद्यालय के समस्त कामकाज प्रबंधन के माध्यम से ही भेजने के निर्देश दिए थे लेकिन प्रधानाचार्या ने उनकी बात भी मानने से इनकार कर दिया था और इसी के चलते विगत पांच माह से शिक्षिकाओं और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को वेतन नही मिल पा रहा था जिसके चलते गत 1 जुलाई से कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर दिया था बाद में शिक्षिकाए भी उसमे शामिल हो गई थी और इसी के चलते प्रबंधन ने प्रधानाचार्या को निलम्बित कर दिया था। शनिवार को जिला विद्यालय निरीक्षक ने कार्यवाहक प्रधानाचार्या के रूप में वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती रंजनी पुरवार को विद्यालय की व्यवस्था संचालन की जिम्मेदारी सौंपी है। सोमवार को प्रबंधन ने विद्यालय में बैठक कर उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है।

लेखपालों की सहभागिता बगैर विकास असंभव : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- अधिवेशन में लेखपालों ने एकजुटता का किया प्रदर्शन

अमृत विचार। लेखपाल संघ के एक दिवसीय 19वीं अधिवेशन में समस्याओं पर चर्चा करने के साथ ही निराकरण की रूपरेखा तय की गई। अधिवेशन का उद्घाटन संघ प्रदेशाध्यक्ष व महामंत्री ने संयुक्त रूप से किया। जिला स्तरीय अधिवेशन में जिले की चारों तहसीलों के लेखपालों ने बढ़चढ़कर भागीदारी करते हुए एकजुटता का प्रदर्शन किया। डीएम ने कहा कि लेखपालों की सहभागिया के बगैर विकास संभव नहीं है।

बबेरू रोड स्थित मैरिज हाल में सोमवार को आयोजित लेखपाल संघ के 19वें अधिवेशन का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष राममूरत यादव व प्रदेश महामंत्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर लेखपालों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए निराकरण की रूपरेखा तय की गई। मुख्य अतिथि डीएम नगेंद्र प्रताप ने कहा कि लेखपाल की सहभागिता के बिना विकास संभव नहीं है। लेखपाल विकास व प्रशासन की कड़ी है। पहले लेखपाल को पटवारी कहा जाता था। लेकिन अब यह नाम लेखपाल हो जाने से एक अच्छा सम्मान जैसा शब्द लगता है। सरकारी योजना का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाने की जिम्मेदारी भी लेखपाल पर होती है। लेखपाल परिवार का एक जिम्मेदार सदस्य होता है, उसका विकास के साथ जनहित की समस्याओं के निदान में महत्वपूर्ण योगदान रहता है। बाढ़, अग्निकांड जैसी दैवीय आपदा के कठिन समय में भी सेवा करते हैं। जिलाध्यक्ष प्रिंस शुक्ला, जिला मंत्री राजेश कुमार बुंदेला, अनिल कुमार, रवि शंकर राजपूत, राजकुमार सोनकर आदि लेखपाल मौजूद रहे।

154 शिकायतें आई, सिर्फ 12 का हो सका निस्तारण

संवाददाता, बबेरू

संपूर्ण समाधान दिवस में समस्याएं सुनते मंडलायुक्त। अमृत विचार

- 154 में मात्र 12 शिकायतों का हुआ निस्तारण

अमृत विचार। शासन के निर्देश पर तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कमिश्नर, डीआईजी व जिलाधिकारी ने जनता की फरियादें सुनीं। इस दौरान कुल 154 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें मात्र 12 शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण हुआ।आयुक्त ने कहा कि निर्धारित समय सीमा पर समस्याओं को निस्तारित किया जाए।

कस्बा स्थित तहसील सभागार में सोमवार को आयोजित जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, डीआईजी अजय कुमार सिंह और जिलाधिकारी नागेन्द्र प्रताप ने जनता की फरियादें सुनीं। इस दौरान कुल 154 शिकायतें पेश हुईं। इनमें मात्र 12 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में समाजसेवी पीसी पटेल जनसेवक तमाम किसानों के साथ डीएम पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निराकरण की मांग की। आयुक्त ने जिम्मेदारों को मौके पर जाकर शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान का निर्देश दिया।अधिकारी संबंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। डीआईजी ने कहा कि पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम आपसी विवाद, भूमि पैमाइश एवं अन्य विवादित समस्याओं का मौके पर निरीक्षण करते हुए संयुक्त रूप से जांच कर समस्याओं का निस्तारण करें। डीएम ने सभी शिकायती पत्रों को समय व गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने को कहा। इस मौके पर आयुक्त ने तहसील परिसर में पौधरोपण कर अटल वाटिका का शुभारंभ किया। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, आपूर्ति, समाजकल्याण आदि विभागों से संबंधित शिकायतों की भरमार रही। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, एसडीएम नमन मेहता, जिला विकास अधिकारी सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

अतर्रा व पैलानी में एसडीएम ने सुनीं फरियादें

अतर्रा तहसील सभागार में समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपजिलाधिकारी रावेंद्र सिंह ने फरियादियों की शिकायतों को सुना। इस दौरान पेश हुईं 88 शिकायतों में किसी भी प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। इस दौरान तहसीलदार सतीश कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी गवेंद्र पाल गौतम के अलावा विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। उधर, पैलानी तहसील में एसडीएम शशिभूषण मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 49 शिकायती पत्र पेश हुए। इनमें सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस मौके पर तहसीलदार विकास पांडेय, नयाब तहसीलदार डा .मुस्तकीम, सीईओ अजय सिंह मौजूद रहे।

एसडीएम ने सीएचसी का रात में लिया जायजा

संवाददाता, कालपी (जालौन)

- समस्त दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक रखने के दिए निर्देश

अमृत विचार। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर एसडीएम सुशील कुमार सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सीएचसी का घूम-घूमकर निरीक्षण किया तथा रोगियों का तत्परता से उपचार करने के लिये डॉक्टरों तथा कर्मचारियों को निर्देश दिये।

बीती रात करीब 9 बजे उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह अचानक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में पहुंचे।औचक के निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सिंह ने वार्ड में भर्ती मरीजों के हालचाल जाने। मौजूद डॉक्टर को मरीजों को बेहतर उपचार सेवा देने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्रयोगशाला व लैब के निरीक्षण के दौरान कहा कि जांच के लिए मरीजों को परेशान नही किया जाए। मरीजों की सीएचसी परिसर में ही जांच कराई जाए। कोल्ड चेन में वैक्सीन के रखरखाव की स्थिति को देखा। एसडीएम ने औषधि भंडारण कक्ष तथा औषधि वितरण कक्ष का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि बीमारियो की समस्त दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक रहना चाहिए। चिकित्सा अधिकारी डॉ शेख शहरयार, डॉ. गोपाल जी द्विवेदी आदि जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों के ने एसडीएम को सीएचसी में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। एसडीएम ने परिसर में स्वच्छता रखने पर भी जोर दिया।

सड़क किनारे अचेत मिले युवक की मौत

अतर्रा। थाना क्षेत्र के बल्लान गांव निवासी 45 वर्षीय सुनील पुत्र मोहन शनिवार की सुबह अहमदाबाद जाने के लिए घर से अतर्रा रेलवे स्टेशन जाने के लिए निकला था। स्टेशन के बाहर वह अचानक अचेत होकर गिर पड़ा। आसपास के लोगो ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सुनील को उठाकर उसे सीएचसी अतर्रा में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंच गए।

भूपट कुंए में गिरने से वृद्ध की मौत

संवाददाता, पैलानी

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के सिंधन कला गांव के मजरा पांडवन डेरा निवासी 70 वर्षीय रामधनी पुत्र मेंहदी गुरूवार की शाम खेत जाने की बात कह कर घर से चला गया था। काफी देर बाद जव वह वापस घर नही पहुंचा तो घरवालो ने उसकी खोजबीन बीन किया। लेकिन कुछ पता नही चला। सोमवार को गांव से दो किमी दूर चरवाहों ने भूपट कुए में शव देखा तो गांव वालो को सूचना दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुत्र छत्रपाल ने देखा तो उसके पिता का शव था। शव देखते ही वह चीख पड़ा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कुए से बाहर निकलवा कर कब्जे में ले लिया। मृतक के दो पुत्र छत्रपाल ओर अमरजीत है। अमरजीत सूरत में रह कर मजदूरी करता है। पुत्र छत्रपाल का कहना था। कि उसके पिता को आखो से कम दिखाई देता था। रात में वह समझ नही पाया कुए में गिर पड़ा । जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के छोटे पुत्र अमरजीत ने पुलिस को सूचना दी।

मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं की भीड़ (पाहुलाल देवालय में स्थापित शिवलिंग इनसेट)।

सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में हर-हर बम-बम

कार्यालय संवाददाता उरई

अमृत विचार। देश और दुनिया में उपकाशी के रूप में अपनी पहचान बनाये यमुना नदी किनारे स्थित ब्यास मंदिर समेत जनपद में सावन के पहले सोमवार को शिव मंदिरों में भक्तो का सुबह से तांता लगा रहा, हर-हर,बम-बम की गूंज सुनाई देती रही। नगर के प्रमुख शिव मन्दिर पातालेश्वर महादेव मन्दिर व तरीबुल्दा स्थित श्री ढोडेश्वर मन्दिर के अलावा पाहुलाल देवालय का अलौकिक शिवलिंग व मां वनखण्डी देवी मन्दिर स्थित विशाल शिवलिंग की श्रद्धालु पूजा अर्चना करते नजर आये। इसके अलावा प्राचीन शिव मन्दिर तिंगडेश्वर मन्दिर, श्रीलक्ष्मी नारायण मन्दिर, फालेश्वर मन्दिर, बानेश्वर मन्दिर, लुढ़कते मन्दिर, मनीगंज स्थित शिव मन्दिर, गणेश मन्दिर स्थित शिव मन्दिर, कपालेश्वर मन्दिर के अलावा अमरौधा स्थित कालेश्वर मन्दिर में श्रद्धालुओं ने गंगाजल, दूध, चन्दन, अक्षत, बेलपत्र आदि चढ़ाया।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान एचआईवी के फैलाव एवं बचाव के तरीके विस्तार से बताया गया

रेड रिबन मैराथन में प्रशांत व आंचल ने मारी बाजी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

रेड रिबन मैराथन के प्रतिभागी। अमृत विचार

अमृत विचार। कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय परिसर स्थित मेजर ध्यानचंद्र स्पोर्ट्स स्टेडियम में सोमवार को रेड रिबन मैराथन का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कृषि अधिष्ठाता डा.जीएस पंवार और जिला क्षय रोग व एड्स नियंत्रण अधिकारी डा.अजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया। रेड रिबन मैराथन पुरुष वर्ग में प्रशांत अव्वल रहे। राकेश द्वितीय व गुलशन तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार से महिला वर्ग में आंचल प्रथम, विलिकिस रजा द्वितीय व रागिनी तृतीय स्थान पर रहीं। ट्रांजेंडर टीजी वर्ग में रवि ने बाजी मारी। जबकि रोहित व रागिनी क्रमशरू दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को स्वर्ण, सिल्वर व कांस्य पदक व सांत्वना पुरस्कार में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर दिशा क्लस्टर के जिला कार्यक्रम प्रबंधक बृजेंद्र कुमार ने एचआईवी के फैलाव एवं बचाव के तरीके विस्तार से बताया। डीआईएस मुन्नालाल ने एचआईवी एवं एड्स के सेंटर के बारे में बताया।

छात्र-छात्राओं को एड्स के प्रति किया जागरूक

- युवा उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत राजा देवी इंटर कॉलेज में रेड रिवन क्विज प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला क्षय रोग व एड्स नियंत्रण अधिकारी डा .अजय कुमार व प्रधानाचार्य संजय तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा .विजय केसरवानी उपस्थित रहे। जिला क्षय रोग अधिकारी ने छात्र-छात्राओं को एड्स के कारण व बचाव और इलाज की जानकारी दी। जिला एड्स कार्यक्रम प्रबंधक बृजेंद्र कुमार ने एचआईवी के फैलाव एवं बचाव के तरीके विस्तार से बताए। डीआईएस मुन्नालाल ने जिले में संचालित एचआईवी और एड्स सेंटर पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जनपद बांदा, हमीरपुर, महोबा के सभी टीआई उपस्थित रहे।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूँदड़ा 2450-2460 आर.आर.21 2550-2600 गेहूँफारम 2600-2700 जौ 2300-2400 ज्वार 2000-4000 बाजरा 2100-2150 मकाई 2200-2400 दलहन (प्रति क्वि.) चना 6300-6400 अरहर 9000-10000 मसूर 5500-5600 मटर 3700-3800 उड़दहरा 11000-11500 उड़दकाला 8000-9000 मूँग 8000-8200 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 16300-16400 अरहर स्पेशल 13900-14000 चना दाल 8000-8100 मटर दाल4450-4550 मसूर मलका 7150-7225 मसूरदाल 7375-7425 उड़द दाल 9000-13300 उड़द धोवा10000- 13000 मूँगदाल 8100-9700 मूँग धोवा9700-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न01.10500 - 11000 सेला 3000-4000 बासमती न02. 7000-8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा1460-1500 मैदा 1420-1470 सूजी1480-1520 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1380-1420 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5600-5800 अलसी 4500-4600 अण्डी 4600-4700 तिल्ली 11000- 11500 मूँगफली दाना षिवपुरी9300- 10800 बटाली 8600-10100 सेहुआं 4000 - 4500 सरसों सरसोंकोल्हू 12200-12300 अलसी 10100-10200 अण्डी 12800-13000 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1570-1569 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2550-2600 अलसी 4900-5000 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1565- 1564 मयूर1565 1564 मंगलौरलडडू 4900-4950

सर्राफा

कानपुर

चाँदी 999 (प्रति किलो)	90900
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	95000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोनाबिस्कुट (दस ग्राम)	75000
गिन्नी (प्रति नग)	55900-56100

अधिक रिटर्न की उम्मीद में पैसा लगाना चिंताजनक

संसद में पेश 2023-24 की आर्थिक समीक्षा: खुदरा निवेशकों की भागीदारी बाजार को प्रदान करती है स्थिरता

नई दिल्ली, एजेंसी

आर्थिक समीक्षा में शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों की बढ़ती संख्या को लेकर आगाह करते हुए कहा गया है कि बाजार की वास्तविक स्थितियों को समझे बिना अधिक रिटर्न की उम्मीद कर पैसा लगाना चिंता का विषय है।

संसद में सोमवार को पेश 2023-24 की आर्थिक समीक्षा में यह भी कहा गया कि खुदरा निवेशकों की बढ़ी हुई भागीदारी पूंजी बाजार को स्थिरता प्रदान करती है। पिछले कुछ साल में भारतीय पूंजी बाजार में गतिविधियां बढ़ी हैं। लोग डिमैट खातों के माध्यम से शेयरों की प्रत्यक्ष खरीद-बिक्री कर रहे हैं या फिर परोक्ष रूप से म्यूचुअल फंड से बाजार में निवेश कर रहे हैं। इक्विटी नकदी खंड कारोबार में खुदरा निवेशकों की हिस्सेदारी 2023-24 में 35.9 प्रतिशत थी। दोनों डिपॉजिटरी के पास डीमैट खातों की संख्या वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 15.14 करोड़ हो गई, जो 2022-23 में 11.45 करोड़ थी। बाजार में निवेशकों की इस भागीदारी का असर शेयर बाजारों में नए निवेशक पंजीकरण, कुल कारोबार

● इक्विटी कारोबार में खुदरा निवेशकों की हिस्सेदारी 2023-24 में 35.9 प्रतिशत

मूल्य में उनकी हिस्सेदारी, शुद्ध निवेश और सूचीबद्ध कंपनियों में स्वामित्व में भी दिखता है। उदाहरण के लिए, एनएसई में पंजीकृत निवेशकों की संख्या मार्च, 2020 के मुकाबले लगभग तीन गुना बढ़कर 31 मार्च, 2024 तक 9.2 करोड़ हो गई है। इसका अर्थ यह है कि अब 20 प्रतिशत भारतीय परिवार अपनी घरेलू बचत को वित्तीय बाजारों में लगा रहे हैं। शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों की संख्या तेजी से बढ़ने पर गौर करने की आवश्यकता है। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि अति आत्मविश्वास सट्टेबाजी को बढ़ावा देती है और अधिक रिटर्न की उम्मीद भी। जो वास्तविक बाजार स्थितियों के अनुरूप नहीं हो सकती है। यह एक गंभीर चिंता का विषय है।

दो साल में जलवायु परिवर्तन के कारण खाद्य कीमतें बढ़ीं

दो साल में खराब मौसम, जलाशयों के निचले स्तर और फसल क्षति ने कृषि उत्पादन को प्रभावित किया है, जिससे खाद्य कीमतों में वृद्धि हुई है। प्रतिकूल मौसम की स्थिति ने विशेष रूप से सब्जियों और दालों के उत्पादन की संभावनाओं को प्रभावित किया है। पिछले वर्ष की अर्थव्यवस्था की स्थिति पर एकीकृत रिपोर्ट में कहा गया है, 2022-23 और 2023-24 में कृषि क्षेत्र खराब मौसम की घटनाओं, जलाशयों के निचले स्तर और क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित हुआ है जिसने कृषि उत्पादन और खाद्य कीमतों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक पर आधारित खाद्य मुद्रास्फीति 2021-22 के 3.8 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 6.6 प्रतिशत और 2023-24 में 7.5 प्रतिशत हो गई। जलवायु परिवर्तन के कारण खाद्य कीमतों में वृद्धि हो रही है - जिनमें लू, असमान मानसून, बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि, और ऐतिहासिक शुष्क परिस्थितियां शामिल हैं।

फसल बीमा में 2024 से वृद्धि देखने को मिलेगी

कृषि बीमा क्षेत्र में वर्ष 2024 से वृद्धि दर्ज होने की संभावना है, जिसमें मध्यम अवधि में औसत वास्तविक प्रीमियम वृद्धि 2.5 प्रतिशत होगी। साधारण बीमा बाजार में लगभग 12 प्रतिशत हिस्सा रखने वाले कृषि बीमा में खरीफ फसल मौसम के दौरान प्रीमियम दरों में भारी गिरावट से 2022-23 में स्थिर वृद्धि देखी गई। इस गिरावट की भरपाई सत्र के दौरान बीमित भूमि क्षेत्र और किसानों के नामांकन में वृद्धि से हुई। वर्ष 2024 से कृषि प्रीमियम में वृद्धि होने की संभावना है, जिसमें मध्यम अवधि में औसत वास्तविक प्रीमियम वृद्धि 2.5 प्रतिशत होगी, जिसे मोबाइल एप्लिकेशन और फसल नुकसान की निगरानी के लिए रिमोट सेंसिंग जैसे बीमा बुनियादी ढांचे में सुधार का समर्थन प्राप्त होगा। फसल बीमा से जुड़ी मौजूदा चिंताओं को दूर करने के लिए सरकार ने कई तकनीकी पहल शुरू की हैं। इनमें यस-टेक मैनुअल, विंड्स पोर्टल और सैटेलाइट आधारित उन्नत तकनीकों के माध्यम से फसल क्षति का आकलन करने के लिए नामांकन ऐप एआईडीई/सहायक शामिल हैं।

आर्थिक समीक्षा की मुख्य बातें

- 2024-25 में आर्थिक वृद्धि दर 6.5 से 7% रहने का अनुमान, 2023-24 में यह 8.2% रहने का अनुमान।
- अनिश्चित वैश्विक आर्थिक प्रदर्शन के बावजूद घरेलू स्तर पर वृद्धि को बढ़ावा देने वाले तत्वों ने आर्थिक वृद्धि को सहारा दिया।
- अल्पकालिक मुद्रास्फीति का पूर्वानुमान अनुकूल है, लेकिन दलहनों में कमी और परिणामस्वरूप मूल्य दबाव का सामना करना पड़ रहा है।
- मानसून के सामान्य रहने की उम्मीद और आयात कीमतों में नरमी से मुद्रास्फीति को बल मिलता है।
- यह पता लगाने के तरीके सुझाए गए हैं कि क्या भारत के मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण ढांचे को खाद्य वस्तुओं को छोड़कर मुद्रास्फीति दर को लक्षित करना चाहिए।
- भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि तथा इसका प्रभाव आरबीआई की मौद्रिक नीति के रुख को प्रभावित कर सकता है।
- भारत के वित्तीय क्षेत्र का परिदृश्य उज्ज्वल है।
- चूंकि वित्तीय क्षेत्र महत्वपूर्ण बदलाव से गुजर रहा है, इसलिए इसे वैश्विक या स्थानीय स्तर पर उत्पन्न होने वाली संभावित कमजोरियों के लिए तैयार रहना चाहिए।
- बेहतर कॉरपोरेट और बैंकों के बही-खाते से निजी निवेश को और मजबूती मिलेगी।
- भारत की नीतियां चुनौतियों से कुशलतापूर्वक निपट पाई, वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद मूल्य स्थिरता सुनिश्चित की गई।
- कर अनुपालन लाभ, व्यय संयम और डिजिटलीकरण ने भारत को सरकार के राजकोषीय प्रबंधन में बेहतर संतुलन हासिल करने में मदद की।
- भारत की वृद्धि गाथा में पूंजी बाजार प्रमुख बन रहा है; बाजार वैश्विक भू-राजनीतिक, आर्थिक झटकों से निपटने में समक्ष बना हुआ है।
- कृत्रिम मेधा (एआई) के सभी कौशल स्तर के श्रमिकों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर काफी अनिश्चितता।
- चीन से एफडीआई प्रवाह में वृद्धि से वैश्विक आपूर्ति शृंखला में भागीदारी बढ़ाने और निर्यात को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है।
- देश में 54 प्रतिशत रोग अस्वास्थ्यकर आहार के कारण होते हैं, संतुलित, विविध आहार की ओर बदलाव की जरूरत।
- देश में विदेश में बसे भारतीयों द्वारा भेजा गया धन 2024 में 3.7 प्रतिशत बढ़कर 124 अरब डॉलर हुआ। 2025 में इसके 129 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान।
- खिलौना उद्योग को निर्यात बढ़ाने, चीन से आयात कम करने में सरकार से मिली मदद।
- आय असमानता से निपटने में कर नीतियों की प्रमुख भूमिका होगी।
- भारत में बुजुर्गों की देखभाल के लिए एक समग्र नीति की आवश्यकता।
- रेल यात्री सालाना आधार पर 5.2 प्रतिशत की वृद्धि।
- आर्थिक समीक्षा में आयुष्मान भारत के विभिन्न लाभों को रेखांकित किया गया।

आरबीआई बंद करे खाद्य मुद्रास्फीति पर गौर करना

● खाने के सामान की ऊंची कीमतों को कम करने के लिए देना चाहिए कूपन

नई दिल्ली, एजेंसी

आरबीआई को नीतिगत दर तय करने में खाद्य वस्तुओं की महंगाई पर गौर करना बंद करना चाहिए और सरकार को गरीबों पर खाने के सामान की ऊंची कीमतों का असर कम करने को उन्हें कूपन देने या सीधे नकदी हस्तांतरण पर विचार करना चाहिए।

आरबीआई ने बढ़ी हुई खाद्य मुद्रास्फीति का हवाला देते हुए नीतिगत दर में कटौती से परहेज किया है। आरबीआई की नीतिगत दर के आधार पर ही बैंक आवास, व्यक्तिगत और कंपनी ऋण की ब्याज तय करते हैं। भारत ने 2016 में मुद्रास्फीति लक्ष्य निर्धारण को लेकर रूपरेखा पेश की थी। इसके तहत रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। केंद्रीय बैंक हर दो महीने पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आधार पर नीतिगत दर रेपो तय करता है। इसमें भोजन, ईंधन, विनिर्मित सामान और चुनिंदा सेवाएं शामिल हैं। खाद्य पदार्थों को छोड़कर, महंगाई का लक्ष्य तय करने पर विचार करना चाहिए। प्रायः खाद्य वस्तुओं की ऊंची कीमतें मांग के बजाय आपूर्ति की समस्या के कारण होती हैं।

मौद्रिक नीति मूल्य दबाव को नियंत्रित करने में मददगार

खुदरा मुद्रास्फीति जून में 5.08 प्रतिशत थी जबकि खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 9.36 प्रतिशत थी। आरबीआई ने फरवरी, 2023 से नीतिगत दर में बदलाव नहीं किया है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकान्त दास ने जून में कहा था कि मौजूदा समय में, खाद्य मूल्य परिदृश्य से जुड़ी अनिश्चितताओं पर कड़ाई से नजर रखने की जरूरत है। मौद्रिक नीति केवल मांग आधारित मूल्य दबाव को नियंत्रित करने में मददगार है। आपूर्ति बाधाओं के कारण होने वाली महंगाई से निपटने के लिए उसके उपयोग का प्रतिकूल असर हो सकता है।

मातृत्व दंड की चुनौती पर देखभाल अर्थव्यवस्था पर निवेश की जरूरत

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारत को बच्चों की परवरिश के समय महिला श्रम बल भागीदारी दर में गिरावट के रूप में मातृत्व दंड की चुनौती का सामना करना पड़ता है। इससे बचने के लिए देश में देखभाल से संबंधित ठोस अर्थव्यवस्था बनाने के लिए रणनीतिक सुधारों की जरूरत है।

सकल घरेलू उत्पाद के दो प्रतिशत के बराबर प्रत्यक्ष सार्वजनिक निवेश से बच्चों की देखभाल से संबंधित 1.1 करोड़ नौकरियां पैदा हो सकती हैं, जिनमें से 70% महिलाओं के हिस्से में आएंगी। देखभाल सेवाओं को सब्सिडी देने पर विचार किया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, ब्राजील और अमेरिका के सफल अंतर्राष्ट्रीय मॉडल भारत के लिए मददगार हो सकते हैं। इन देशों में देखभाल कर्मियों को आय, बच्चे की आयु व संख्या पर खरीद और कर में छूट दी जाती है।

महिला बजट 3.1 लाख करोड़

महिलाओं का बजट 2013-14 के 97,134 करोड़ से बढ़कर 2024-25 में 3.1 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है। लैंगिंग बजट में इस साल 2023-24 की तुलना में 38.7 प्रतिशत और 2013-14 की तुलना में 218.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह राशि कुल केंद्रीय बजट का 6.5 प्रतिशत है।

राष्ट्रीय

एक नजर

बस मेट्रो खंभे से टकराई, महिला की मौत, 23 घायल

नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली में डीटीसी (दिल्ली परिवहन निगम) की एक इलेक्ट्रिक बस के सोमवार सुबह मेट्रो खंभे से टकरा जाने से 45 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और 23 अन्य यात्री घायल हो गए। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने बताया कि पंजाबी बाग थाने को सुबह सात बजकर 42 मिनट पर रोहतक रोड पर शिवाजी पार्क मेट्रो स्टेशन के निकट बस दुर्घटना की सूचना मिली। मंगोलपुरी और आनंद विहार में चलने वाली डीटीसी बस मेट्रो खंभे से टकरा गई।

ऑडी ने दो ऑटोरिक्शा को मारी टक्कर, चार घायल

मुंबई। मुलुंड इलाके में सोमवार को तेज रफ्तार ऑडी ने दो खड़े ऑटोरिक्शा को टक्कर मार दी जिससे चार लोग घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि घटना सोमवार सुबह करीब आठ बजे डम्पिंग रोड पर हुई और हादसे के बाद चालक ऑडी कार वहीं पर छोड़कर फरार हो गया। वाहन को जब्त कर लिया गया है। घायलों में दो ऑटोरिक्शा चालक और उनमें सवार दो यात्री हैं जिनमें से एक यात्री की हालत गंभीर बताई जा रही है।

3 करोड़ रुपये, 3100 डॉलर के साथ एक गिरफ्तार

जालंधर। पंजाब में जालंधर आयुक्त पुलिस ने हवाला कारोबार में शामिल एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और उसके पास से करीब तीन करोड़ रुपये और 3100 अमेरिकी डॉलर बरामद किये हैं। पुलिस आयुक्त स्वप्न शर्मा ने बताया कि पुलिस को खुफिया सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस स्टेशन न्यू बारादरी जालंधर की एक टीम टी-पॉइंट बशीरपुरा जालंधर के पास जांच कर रही थी।

मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर, एक जवान घायल

जम्मू-कश्मीर : राजौरी में सेना की चौकी, वीडीजी के घर पर आतंकी हमले की कोशिश नाकाम

● एक जवान, एक नागरिक और वीडीजी का रिश्तेदार घायल

राजौरी/जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सेना के जवानों ने सैन्य चौकी और ग्राम रक्षा दल सदस्य (वीडीजी) के आवास पर आतंकी हमले की कोशिश सोमवार तड़के नाकाम की। सेना के अधिकारियों ने बताया कि घटना में संलिप्त आतंकियों की धरपकड़ के लिए सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाश अभियान चलाया और इस दौरान उनकी आतंकियों से मुठभेड़ हो गई। वीडीजी आवास पर हमले में शामिल आतंकी को मार गिराया गया। इसमें एक जवान, एक नागरिक और वीडीजी का रिश्तेदार घायल हुआ है।

व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर बताया कि राजौरी के गुंधा इलाके में आतंकियों ने वीडीसी (सदस्य) के घर पर तड़के तीन बजकर 10 मिनट पर हमला किया। नजदीक मौजूद सैन्य टुकड़ी ने जवाबी कार्रवाई की और मुठभेड़ शुरू हो गई। अभियान अब भी जारी है। अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों ने वीडीजी और पूर्व सैनिक परषोत्तम कुमार के ख्वास तहसील के गुंधा इलाके स्थित आवास पर गोलीबारी की।

राजौरी जिले के गुंधा इलाके में सोमवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुए मुठभेड़ के दौरान आगे बढ़े सेना के वाहन। एजेंसी

कुमार शौर्य चक्र से भी सम्मानित हैं। आतंकियों के ग्रेनेड फेंकने के बाद सुरक्षाकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद उन्होंने सुबह चार बजे क्षेत्र में नव स्थापित सेना चौकी पर हमला किया, जिसको सेना ने नाकाम कर दिया है। एक स्थानीय महिला ने कहा कि हम इस हमले से भयभीत हैं, क्योंकि सालों बाद इलाके में आतंकी वारदात हुई है। यह इलाका शांतिपूर्ण था। तड़के तीन बजे गोलीबारी शुरू हुई और यह जारी है। ग्रामीण ने कहा कि वीडीजी को आधुनिक हथियारों और संचार प्रौद्योगिकी से लैस करने की जरूरत है, ताकि वे जम्मू के पहाड़ी इलाकों में आतंकवादियों का मुकाबला कर सकें।

बजट में एमएसपी की कानूनी गारंटी की घोषणा होनी चाहिए : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने केंद्रीय बजट पेश किए जाने से एक दिन पहले सोमवार को कहा कि इस बजट में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के मुताबिक न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की घोषणा करने की जरूरत है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सरकार से आग्रह किया कि किसान कर्ज माफी की आवश्यकता, परिमाण का आकलन करने और कृषि ऋण माफी के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए एक स्थायी आयोग की स्थापना की जानी चहिए।

रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, केंद्र सरकार की तमाम विफलताओं में से कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की क्षमताहीनता और दुर्भावना से भरा

● कर्ज माफी, परिमाण का आकलन और कृषि ऋण माफी की निगरानी को आयोग की जरूरत: रमेश

व्यवहार सबसे अधिक हानिकारक है। उन्होंने दावा किया कि जहां संप्रग (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) ने गेहूं की एमएसपी 119 प्रतिशत और धान की एमएसपी 134 प्रतिशत बढ़ाई थी, वहीं मोदी सरकार ने इसे क्रमशः 47 प्रतिशत और 50 प्रतिशत बढ़ाया है। यह महंगाई और कृषि इनपुट की बढ़ती कीमतों के हिसाब से बिल्कुल भी पर्याप्त नहीं है।

रमेश ने कहा कि किसानों का कर्ज बहुत बढ़ गया है। एनएसएसओ के अनुसार, 2013 के बाद से बकाया ऋण में 58 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2014 के बाद से हमने एक लाख से अधिक किसानों को आत्महत्या करते देखा है। कांग्रेस नेता ने इस बात पर जोर दिया कि कृषि कल्याण के लिए केंद्र सरकार की तरफ से आगामी बजट में तीन मुख्य घोषणाएं किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने मांग की कि स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप सी2+50 प्रतिशत के फॉर्मूले के अनुरूप एमएसपी के अंतर्गत आने वाली 22 फसलों के लिए एमएसपी बढ़ाएं, एमएसपी को कानूनी दर्जा दें और इसे मजबूती से लागू करने के लिए एक प्रणाली स्थापित करें।

सेंट्रल विस्टा: कोर्ट ने वक्फ बोर्ड से कहा केंद्र कार्रवाई करे तो याचिका दायर करें

नई दिल्ली, एजेंसी

● हाईकोर्ट ने बोर्ड से 2021 में दायर अपनी याचिका वापस लेने को कहा

उच्च न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली वक्फ बोर्ड से कहा कि जब भी केंद्र 'सेंट्रल विस्टा' पुनर्विकास परियोजना के संबंध में उसकी संपत्तियों के खिलाफ कोई कार्रवाई करे तो वह अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने कहा कि परियोजना को उच्चतम न्यायालय की मंजूरी मिली हुई है और उन्होंने बोर्ड से 2021 में दायर अपनी याचिका वापस लेने को कहा।

बोर्ड ने इस याचिका में क्षेत्र में अपनी छह संपत्तियों की सुरक्षा के लिए निर्देश देने का आग्रह किया था। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ वकील ने कहा कि वक्फ बोर्ड यह नहीं कह रहा है कि सेंट्रल विस्टा परियोजना को खत्म करना होगा, बल्कि वह केवल यह आश्वासन चाह रहा है कि उसे उसकी संपत्तियों से बेदखल नहीं किया जाएगा। न्यायाधीश ने कहा कि इस याचिका को वापस ले लीजिए। हम मामले को उलझाना नहीं चाहते। जब भी वे कोई कार्रवाई करेंगे, आप आ सकते हैं। अदालत ने कहा कि यदि आवश्यक हो तो वह नई याचिका दायर कर सकता है। बोर्ड ने 2021 में क्षेत्र में अपनी छह संपत्तियों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए कोर्ट का रुख किया था।

खालिद की याचिका पर सुनवाई से अलग हुए हाईकोर्ट के न्यायाधीश

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश अमित शर्मा ने फरवरी 2020 में हुए दंगों के पीछे कथित साजिश से संबंधित यूएपीए मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई से सोमवार को खुद को अलग कर लिया। इस मामले को न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति शर्मा की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया था। सिंह ने कहा कि इसे किसी अन्य पीठ के समक्ष भेजा जाना है। इस मामले पर 24 जुलाई को सुनवाई होगी।

नकली सोने के व्यापारी के घर के नीचे सुरंग मिलने से राज्यपाल चिंतित

कोलकाता, एजेंसी

● यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय : आनंद बोस

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने दक्षिण 24 परगना जिले में नकली सोने की मूर्ति का कारोबार करने के आरोप में गिरफ्तार व्यापारी के घर के नीचे सुरंग मिलने पर रविवार को चिंता जताई और कहा कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है।

पुलिस को 15 जुलाई को कुलतली में आरोपी व्यापारी के घर के नीचे एक सुरंग मिली थी। यह सुरंग पास की उस नहर तक जाती है, जो मतला नदी में मिलती है। राजभवन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सुनियोजित ढंग से निर्मित सुरंग, जो कथित तौर पर सुंदरबन में मतला नदी में बहने वाली एक नहर तक जाती है, जिसके आगे भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा है, स्पष्ट रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा करती है। पुलिस की छापेमारी के दौरान घर के मालिक और नकली सोने के व्यापारी सद्दाम सरदार के इस सुरंग के रास्ते भागने का संदेह था। हालांकि, बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

कांवड़ यात्रा पर उप्र सरकार के निर्देश पर चर्चा के लिए विपक्ष का नोटिस खारिज

नई दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को विपक्षी सदस्यों के वे नोटिस नियमों का हवाला देते हुए खारिज कर दिए जिनमें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कांवड़ यात्रा के मार्ग पर दुकानों को उनके मालिकों और कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने के संबंध में दिए गए निर्देश को लेकर नियत कामकाज स्थगित कर चर्चा की मांग की गई थी।

विपक्षी सांसदों ने नियम 267 के तहत नोटिस दिये थे जिनमें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कांवड़ यात्रा के मार्ग पर दुकानों को उनके मालिकों और कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने के संबंध में दिए गए निर्देश को लेकर आज का नियत कामकाज स्थगित कर चर्चा की मांग की गई थी। धनखड़ ने कहा कि ये नोटिस न तो नियम 267 की आवश्यकताओं के अनुरूप हैं और न ही आसन की ओर से दिए गए निर्देशों के अनुरूप हैं... इसलिए इन्हें अस्वीकार स्वीकार किया जाता है।

संघ में सहभागिता पर रोक हटाना सराहनीय : आरएसएस

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने सरकारी कर्मचारियों के संघ की गतिविधियों में शामिल होने पर लगी रोक हटाने के केंद्र सरकार के फैसले का सोमवार को स्वागत किया। आरएसएस ने कहा कि फैसले से देश की लोकतांत्रिक प्रणाली मजबूत होगी। उसने पूर्ववर्ती सरकारों पर अपने राजनीतिक हितों के कारण सरकारी कर्मचारियों को संघ की गतिविधियों में हिस्सा लेने से प्रतिबंधित करने का आरोप भी लगाया।

प्रतिबंध हटाने संबंधी सरकारी आदेश के सार्वजनिक होने के एक दिन बाद आरएसएस

● आरएसएस ने कहा- देश की लोकतांत्रिक प्रणाली होगी मजबूत

प्रवक्ता सुनील आंबेकर ने कहा कि सरकार का ताजा फैसला उचित है और यह भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत करेगा। विपक्ष के कई नेताओं ने सरकारी कर्मचारियों पर संघ की गतिविधियों में हिस्सा लेने पर लगा प्रतिबंध हटाने के केंद्र के फैसले की आलोचना की है। आंबेकर ने कहा कि संघ 99 वर्षों से लगातार राष्ट्र के पुनर्निर्माण एवं समाज की सेवा में सक्रिय है।

प्रतिबंध हटाना मोदी की खीज का नतीजा : खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कर्मचारियों के आरएसएस की गतिविधियों में शामिल होने पर लगे प्रतिबंध को हटाने का विरोध करते हुए कहा है कि यह प्रधानमंत्री मोदी के लोकसभा में अपने दम पर बहुमत हासिल नहीं कर पाने की खीज का नतीजा है और ऐसा कर वह कर्मचारियों को विचारधारा विभाजित करना चाहते है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आरएसएस ने तिरंगे का विरोध किया था और गांधी जी की हत्या के बाद इस पर प्रतिबंध लगा था। मोदी ने इसको हटाकर न केवल विचारधारा बांटने का काम किया है, बल्कि उनकी निष्पक्षता तथा संविधान के सर्वोच्च होने के भाव को संदेहास्पद बना दिया है।

कंगना मानहानि मामले में नौ सितंबर को अदालत के सामने होगी पेश

मुबंई। फिल्म अभिनेत्री एवं भाजपा सांसद कंगना रनौत गीतकार जावेद अख्तर द्वारा दायर मानहानि मामले में नौ सितंबर को मुबंई की एक अदालत में पेश होगी। रनौत के शनिवार को अदालत में पेश नहीं होने पर अख्तर ने एक आवेदन दायर की और इस मामले में अभिनेत्री के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करने का आग्रह किया। अख्तर के अधिवक्ता जय भारद्वाज ने बताया कि रनौत अदालत में उपस्थित होने के लिए स्थायी रुप से छूट चाहती थी।

ममता बंगाल में घुसपैठ को न्यायोचित्त ठहराने का कर रहीं प्रयास : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

● पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के बयान की जमकर की आलोचना

भाजपा ने सोमवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस बयान की आलोचना की जिसमें उन्होंने कहा था कि वह बांग्लादेश में संकट में फंसे लोगों को आश्रय देने को तैयार हैं। पार्टी ने आरोप लगाया कि बनर्जी का यह बयान राज्य में घुसपैठ को न्यायोचित्त ठहराने वाला है।

भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां संवाददाताओं से कहा कि भारत की एकता और अखंडता को कमजोर करने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बनर्जी की उस कथित टिप्पणी के लिए उन पर निशाना साधा जिसमें उन्होंने कहा था कि वह चाहती हैं कि बंगाल भारत के साथ अच्छे संबंध रखे। उन्होंने सवाल किया कि उनके (ममता के) इस बयान का क्या मतलब है? उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल भारत का हिस्सा है। कोलकाता में एक रैली में बनर्जी ने कहा था कि बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा के मद्देनजर वह पड़ोसी देश से परेशान लोगों के लिए अपने राज्य के दरवाजे खुले रखेंगी और उन्हें शरण देंगी। प्रसाद ने कहा कि ऐसे मुद्दे पूरी तरह से भारत सरकार के अधिकार क्षेत्र में हैं। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि यह केंद्र सरकार ही थी जिसने 1971 के युद्ध के बाद बांग्लादेशियों को शरण देने का फैसला किया था।

ओलंपिक के बाद हॉकी को अलविदा कहेंगे गोलकीपर श्रीजेश

ओलंपिक 3 दिन शेष

पेरिस, एजेंसी

- हॉकी इंडिया ने दी लंबे सफर और देश की सेवाओं के लिए बधाई
- 328 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं पूर्व हॉकी कप्तान पीआर श्रीजेश

अनुभवी गोलकीपर और भारत के पूर्व हॉकी कप्तान पीआर श्रीजेश ने कहा कि पेरिस ओलंपिक उनका आखिरी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा। भारत के लिए 328 मैच खेलने वाले श्रीजेश का यह चौथा ओलंपिक होगा। कई राष्ट्रमंडल खेलों, एशियाई खेलों और विश्व कप में खेल चुके 36 साल के श्रीजेश ने 2021 में तोक्यो ओलंपिक में शानदार गोलकीपिंग से भारत को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। भारत ने तब इस खेल में 41 साल के पदक के सूखे को खत्म किया था।

हॉकी इंडिया ने सोमवार को श्रीजेश को उनके शानदार करियर के लिए बधाई दी। हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय टीम के लिए विन इट फॉर श्रीजेश का अभियान शुरू किया है जो खिलाड़ियों को फिर से पदक जीतने लिए प्रेरित करेगा। श्रीजेश ने हॉकी इंडिया से जारी विज्ञप्ति में कहा मैं पेरिस में अपने आखिरी टूर्नामेंट की तैयारी कर रहा हूं, मुझे अपने करियर पर बहुत गर्व है और उम्मीद के साथ आगे बढ़ रहा हूं। मेरी अब तक की यात्रा असाधारण रही है और और मैं अपने परिवार, टीम के साथियों, सभी कोच, प्रशंसकों और हॉकी इंडिया के प्यार और समर्थन के लिए हमेशा आभारी हूं। हम सभी यहां पेरिस में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं। निश्चित रूप से अपने पदक का रंग बदलना चाहते है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की, भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने उनके शानदार करियर के लिए उन्हें बधाई दी।

श्रीजेश की उपलब्धियां अनेक

श्रीजेश ने भारतीय टीम के लिए 2010 में पदार्पण किया था। वह 2014 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक और 2018 एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे हैं। वह 2018 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की संयुक्त विजेता टीम, भुवनेश्वर में 2019 एफआईएच पुरुष सीरीज फाइनल की स्वर्ण पदक विजेता टीम और बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक विजेता टीम के सदस्य रह चुके हैं। उन्होंने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2021-22 में भारत को तीसरे स्थान पर पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 2021 में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया था और वह वर्ल्ड गेम्स एथलीट ऑफ द ईयर 2021 का पुरस्कार जीतने वाले भारत के केवल दूसरे खिलाड़ी हैं। उन्होंने 2021 और 2022 में में लगातार दो बार एफआईएच साल के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार जीता। पिछले साल एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन किया जिससे भारतीय टीम स्वर्ण पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक 2024 का टिकट पक्का करने में सफल रही।

पेरिस ओलंपिक में तोक्यो जैसी गलती नहीं दोहराऊंगी : मनिका

नई दिल्ली, एजेंसी

तोक्यो ओलंपिक में भाग लेकर महत्वपूर्ण अनुभव हासिल करने वाली भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने सोमवार को कहा कि वह पेरिस ओलंपिक खेलों में एक बार में एक मैच पर ध्यान केंद्रित करेंगे और शुरुआती दौर में पदक जीतना उनके दिमाग में नहीं होगा। अपने साथियों के साथ पेरिस ओलंपिक की तैयारी में लगी बत्रा ने तोक्यो ओलंपिक के अनुभव से काफी कुछ सीखा है।

बत्रा ने अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) से कहा पिछले ओलंपिक खेलों से मुझे काफी कुछ सीखने को मिला और मैंने जो गलतियां वहां की थी उनको इस बार नहीं दोहराऊंगी। उसके बाद मेरी मानसिकता बदली है। मैं अधिक शांत हो गई हूं और मेरा खुद पर भरोसा बढ़ गया है। मैं अपने दमखम और फुर्ती पर ध्यान दे रही हूं और मेरा वास्तविक लक्ष्य पदक के लिए चुनौती पेश करना है। लेकिन मैं धीरे-धीरे आगे बढ़ूंगी। मैं उस मुकाम पर पहुंचने की कोशिश कर रही हूं जहां मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकूं। मैं मैच दर मैच आगे बढ़ूंगी और शुरू में ही पदक के बारे में नहीं सोचूंगी। मैं अपने देश के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहूंगी। भारतीय महिला टीम को पेरिस ओलंपिक में जगह दिलाने में बत्रा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह पहला अवसर है जबकि भारतीय टेबल टेनिस टीम ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया।

व्हीलचेयर क्रिकेट खिलाड़ियों ने राज्यपाल से की भेंट

देहरादून। उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि.) गुरमीत सिंह से सोमवार को उत्तराखंड व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने मुलाकात की। राज्यपाल ने टीम को दिल्ली में आयोजित 'इंडियन व्हीलचेयर क्रिकेट प्रीमियर लीग-5' प्रतियोगिता जीतने पर बधाई देते हुए खिलाड़ियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। टीम जून में हुई प्रतियोगिता के फाइनल में महाराष्ट्र को हराकर चैंपियन बनी है। गुरमीत ने कहा कि उत्तराखंड व्हीलचेयर क्रिकेट टीम ने इंडियन व्हीलचेयर प्रीमियर लीग जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है, जिस पर हम सभी प्रदेशवासियों को गर्व है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग क्रिकेट टीम की सफलता से राज्य का ही मान नहीं बढ़ा, बल्कि इससे अन्य दिव्यांगजनों को प्रेरणा भी मिलेगी। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा की अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से जो लक्ष्य हासिल किया है वह लोगों के लिए उदाहरण है। दिव्यांगजनों को खेलों की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उनका सहयोग आवश्यक है। उनके सहयोग के लिए औद्योगिक संस्थानों सहित स्वयं सेवी संस्थाओं को आगे आना होगा।

राष्ट्रपति द्रौपद्री मुर्मु से भेंट करने पहुंचीं इंडियन ओलंपिक्स संघ की प्रेसीडेंट की लीगल समिति की नव नियुक्त चेयरपर्सन सुनयना व पति अमित प्रकाश के साथ पीटी उषा।

सुनयना बनीं ओलंपिक्स लीगल समिति की चेयरपर्सन

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के पुराने जिलों में शुमार बरेली की बेटी ने हमेश ही अपने शहर का मान बढ़ाया है। खेल के क्षेत्र में भी बरेली की बेटियां पीछे नहीं हैं। खेल के मैदान से खेल समिति के बड़े पदों पर भी उन्होंने जगह बनाई है। भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष और प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल की बेटी सुनयना प्रकाश को इंडियन ओलंपिक्स संघ की प्रेसीडेंट की लीगल समिति की चेयरपर्सन नियुक्त किया गया। मुजफ्फरनगर में रहने वाली सुनयना के पति अमित प्रकाश एक उद्योगपति हैं जो बॉयो वेस्ट व एग्रीकल्चरल वेस्ट से सीएनजी बनाने का उद्यम करते हैं। सुनयना ने सोमवार को ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा के साथ पहुंचकर नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपद्री मुर्मु से भेंट की। राष्ट्रपति ने सुनयना को नई नियुक्ति के लिए बधाई दी। राष्ट्रपति अपने स्वर्गीय पति को याद करते हुए कहा वो ओलंपिक्स और अन्य खेलों के प्रसारण को बहुत शौक से देखते थे। बता दें कि ओलंपिक्स 2024 का आगज 26 जुलाई से पेरिस में होने जा रहा है। राष्ट्रपति ने प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए अधिक से अधिक पदक लाने की उम्मीद जताई।

टी-20 विश्व कप की समीक्षा के लिए समिति गठित

कोलंबो। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईसीसी) ने पिछले महीने अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में हुए टी-20 विश्व कप के आयोजन की समीक्षा के लिए सोमवार को तीन सदस्यीय समिति गठित की। समिति में न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रोजर ट्वोज और आईसीसी के अन्य दो निदेशक लॉसन नायडू तथा इमरान ख्वाजा को जगह मिली है। आईसीसी के अनुसार आईसीसी बोर्ड पुष्टि करता है कि आईसीसी टी-20 विश्व कप के आयोजन की समीक्षा होगी। तीन निदेशक रोजर ट्वोज, लॉसन नायडू और इमरान ख्वाजा के मार्गदर्शन में यह होगा और ये इसी साल बोर्ड को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। समझा जाता है कि आईसीसी को न्यूयॉर्क, फ्लोरिडा और डलास में मैचों के आयोजन पर दो करोड़ डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ है।

कार्यभार के बहाने मनमर्जी नहीं कर पाएंगे खिलाड़ी

भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गंभीर और चयन समिति के अध्यक्ष अगरकर बोले- अगर खिलाड़ी फॉर्म में है तो खेलना चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी

मुख्य कोच गौतम गंभीर की बेबाकी और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर की स्पष्टवादिता से बने तालमेल से भारत में ऐसे दौर की शुरुआत होने वाली है जहां खिलाड़ी कार्यभार प्रबंधन के बहाने श्रृंखला चुनने में मनमर्जी नहीं कर पाएंगे।

श्रीलंका दौरे से पहले गंभीर और अगरकर ने संवाददाता सम्मेलन में कुछ कड़े फैसलों के बारे में बताया तो कुछ चीजों को इशारों में समझाया जिससे यह स्पष्ट हो गया कि भारतीय क्रिकेट में काफी कुछ नया होने वाला है। गंभीर और अगरकर की उपस्थिति शारीरिक रूप से भले ही प्रभावशाली न लगे लेकिन भारतीय क्रिकेट की जानकारी रखने वाला प्रत्येक व्यक्ति जानता है कि यह दोनों पूर्व क्रिकेटर स्पष्ट और कड़े फैसले करने वालों में शामिल हैं जो आसानी से नहीं बदलते। इन दोनों का लक्ष्य अब 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए खाका तैयार करना है। उनके लिए कार्यभार प्रबंधन बड़ी चुनौती होगी लेकिन उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि इस मामले में बल्लेबाजों और गेंदबाजों के लिए अलग नियम होंगे।

श्रीलंका दौरे से पहले पत्रकारों से बात करते गौतम गंभीर व अजीत अगरकर।

गंभीर से जब कार्यभार प्रबंधन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा मैंने पहले भी कहा है कि बुमराह जैसे खिलाड़ी के लिए कार्यभार प्रबंधन महत्वपूर्ण है। अगर आप बल्लेबाज हैं और अच्छी फॉर्म में हैं तो आपको सभी मैच खेलने चाहिए। माना जा रहा था कि वनडे और टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा तथा टीम के प्रमुख बल्लेबाज विराट कोहली श्रीलंका दौरे पर नहीं जाएंगे लेकिन उनकी उपस्थिति से स्पष्ट संकेत मिलता है की टीम प्रबंधन इन दोनों सीनियर खिलाड़ियों को अधिक से अधिक मैच खेलते हुए देखना चाहता है। गंभीर ने कहा रोहित शर्मा और विराट कोहली अब केवल दो प्रारूप में खेलेंगे, मुझे उम्मीद है कि वह अधिक से अधिक मैच खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसी तरह से चयन समिति के अध्यक्ष अगरकर ने हार्दिक पंड्या को टी-20 टीम का कप्तान नहीं नियुक्त किए जाने का कारण स्पष्ट किया। आप ऐसा कप्तान चाहते हैं जो सभी मैच खेलने की अधिक संभावना रखता हो। किसी सवाल का आपको इससे अधिक स्पष्ट जवाब नहीं मिल सकता। यही नहीं अब कप्तान के चयन में नेतृत्वकौशल ही नहीं साथी खिलाड़ियों की राय भी मायने रखेगी। अगरकर ने कहा सूर्य को कप्तान क्यों बनाया गया। क्योंकि वह एक ऐसा खिलाड़ी है जो पिछले एक साल से अधिक समय से भारतीय ड्रेसिंग रूम का हिस्सा है। आपको ड्रेसिंग रूम से काफी फीडबैक मिलता है।

लंबी चर्चा और फिटनेस को देखते हुए सूर्या को बनाया टी-20 का कप्तान : अगरकर

नई दिल्ली। भारतीय पुरूष क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा कि सूर्यकुमार यादव को फिटनेस मापदंड और लंबे समय तक चली चर्चा के बाद टी-20 अंतर्राष्ट्रीय टीम का कप्तान बनाने का फैसला किया। श्रीलंका में सीमित ओवर श्रृंखला के लिए रवाना होने से पहले हुए संवाददाता सम्मेलन के दौरान अगरकर ने कहा किसी को कप्तान बनाने का फैसला आप रातों-रात नहीं ले सकते। हमने इस पर काफी विचार विमर्श किया और ड्रेसिंग रूम से भी फीडबैक लिया कि एक कप्तान के रूप में हम क्या-क्या गुण ढूंढ रहे हैं। हमारे लिए सबसे बड़ी बात यह थी कि हमारा कप्तान ऐसा होना चाहिए जो कि कभी भी मैदान में उतरने के लिए तैयार रहता हो। यह हमारी पहली शर्त थी। सूर्यकुमार के साथ आप पहले से ही जानते हैं कि फिटनेस कभी भी उतना बड़ा मसला नहीं रहा है। अगरकर ने सवालिया लहजे में कहा अगर हार्दिक अचानक से चोटिल हो जाते हैं तो हमारे पास कप्तानी के लिए कोई विकल्प नहीं बचता। रोहित के रहने से चीजें आसान थीं और हमारे पास विकल्प थे। ऐसा पहले भी हुआ है, जब हार्दिक अचानक से चोटिल हो गए हों और हमारे पास कप्तानी का कोई विकल्प ना बचा हो। इसलिए हम ऐसी स्थिति नहीं चाहते थे।

कोहली से रिश्ता टीआरपी के लिए नहीं

मुंबई। भारत के नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को घोषणा की कि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के साथ उनका बहुचर्चित रिश्ता उन दोनों के बीच है और यह टीआरपी के लिए नहीं है। गंभीर और कोहली अच्छे दोस्त नहीं रहे और यह आईपीएल में दोनों के बीच कई बार टकराव से स्पष्ट है। अब यह जोड़ी 27 जुलाई से श्रीलंका के टी-20 और एकदिवसीय दौरे से एक साथ काम करेगी। गंभीर ने कहा विराट कोहली के साथ मेरा रिश्ता हम दोनों के बीच है और यह टीआरपी के लिए नहीं है। हमने बहुत चर्चा की है और हर किसी के पास अपनी जर्सी के लिए लड़ने का अधिकार है।

फिट रहे तो 2027 का विश्वकप खेल सकते हैं रोहित-कोहली: गौतम गंभीर

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के नए कोच गौतम गंभीर ने कहा कि फिटनेस बरकरार रहने पर रोहित शर्मा और विराट कोहली वर्ष 2027 में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप में खेल सकते हैं। गंभीर ने मैं यह निश्चित रूप से कह सकता हूं कि दोनों में बहुत क्रिकेट शेष है। अभी चैंपियंस ट्रॉफी और ऑस्ट्रेलिया का बड़ा दौरा होना है और ये दोनों निश्चित रूप से वहां प्रदर्शन करने को उत्साहित होंगे। अगर उनकी फिटनेस बरकरार रहती है तो वह 2027 एकदिवसीय विश्वकप का भी हिस्सा हो सकते हैं।

स्टिमक की नए कोच को चेतावनी बोले- भारत में यात्रा आसान नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने सोमवार को अपने उत्तराधिकारी मनोलो मार्केज को चेतावनी दी कि आगे की यात्रा आसान नहीं होगी। उन्होंने हालांकि इस पद के लिए स्पेन के पूर्व खिलाड़ी का समर्थन करते हुए कहा कि उनके पास अच्छा परिणाम देने की काबिलियत है। स्टिमक 1998 में विश्व कप के सेमीफाइनल तक का सफर तय करने वाली टीम के सदस्य थे।

स्टिमक ने ट्विटर पर लिखा प्रिय मनोलो, भारत का नया मुख्य कोच नियुक्त होने पर बधाई। यह यात्रा आसान नहीं होगी, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों के साथ आपका अनुभव बताता है कि आप 'ब्लू टाइगर्स' को अगले स्तर पर ले जाने के लिए सबसे उपयुक्त हैं। शुभकामनाए। मेरे दोस्त। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति की शनिवार को 55 साल के मार्केज को कोच नियुक्त किया। एआईएफएफ ने बताया कि मार्केज 2024-25 सत्र में एफसी गोवा के मुख्य कोच के रूप में अपनी भूमिका जारी रखेंगे। वह पूर्णकालिक आधार पर राष्ट्रीय टीम का कोच बनने से पहले दोनों जिम्मेदारियों को एक साथ संभालेंगे।

ओलंपिक से चोट के चलते हटीं वोंड्रोसोवा

पेरिस। तोक्यो ओलंपिक की टेनिस रजत पदक विजेता मार्केटा वोंड्रोसोवा हाथ की चोट के कारण सोमवार को पेरिस खेलों से हट गईं।

चेक गणराज्य की 25 साल की यह खिलाड़ी पिछले साल गैरवरीय रहते हुए विंबलडन चैंपियन बनीं थीं। वह 2019 में फ्रेंच ओपन की उपविजेता रही थी। वोंड्रोसोवा को इस साल विंबलडन के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। वोंड्रोसोवा ने ओलंपिक से हटने के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि उनका ध्यान अब यूएस ओपन के लिए तैयार होने पर है, जो अगस्त के अंत में शुरू होगा।

इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट में वेस्टइंडीज को हराया

नॉटिंघम, एजेंसी

- रूट, ब्रूक और बशीर ने दिलाई इंग्लैंड को वेस्टइंडीज पर बड़ी जीत खेल इंग्लैंड विंडीज

जो रूट (122) और हैरी ब्रूक (109) के शतकों के बाद स्पिनर शोएब बशीर के 5 विकेट की मदद से इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को 241 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की।

रूट ने अपने करियर का 32वां जबकि ब्रूक ने पांचवा शतक लगाया, जिससे इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी में 425 रन बनाकर वेस्टइंडीज के सामने 385 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा। वेस्टइंडीज की टीम इसके जवाब में 148 रन बनाकर आउट हो गई। बशीर ने 41 रन देकर 5 विकेट लिए। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 416 रन बनाए थे जिसके जवाब में वेस्टइंडीज ने 457 रन बनाकर 41 रन की बढ़त हासिल की थी। बशीर ने तीन ओवर के अंदर किर्क मैकेंजी, कावेम हॉज और एलिक अथानाज को आउट करके वेस्टइंडीज को करारे झटके दिए। इंग्लैंड की तरफ से बशीर के अलावा क्रिस वोक्स और गस एटकिंसन ने दो दो जबकि मार्क वुड ने एक विकेट लिया। इंग्लैंड पहला टेस्ट मैच पारी और 114 रन से जीता था। इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में अजेय बढ़त बनाई।

श्रीलंका ने मलेशिया को रिकार्ड 144 रनों से हराया, अट्टापटू ने जड़ा शतक

दांबुला, एजेंसी

महिला एशिया कप

कप्तान चमारी अट्टापटू नाबाद (119) रनों की शतकीय पारी और उसके बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका ने सोमवार को महिला एशिया कप के सातवें मुकाबले में मलेशिया को रिकार्ड 144 रनों से हरा दिया है।

185 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी मलेशिया की टीम का कोई भी बल्लेबाज श्रीलंकाई गेंदबाजों के आगे नहीं टिक सकी। मलेशियाई की ओर एलसा हंटर ने सर्वाधिक (10) रन बनाए। हालांकि इस दौरान आइना नजवा ने जाझारूपन दिखाया, लेकिन अन्य किसी बल्लेबाज ने उनका साथ नहीं दिया। आइना नजवा (9) रन बनाकर नाबाद रही। शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंचा सका। श्रीलंकाई गेंदबाजों ने मलेशिया की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 40 रन पर समेट कर मुकाबला 144 रनों से जीत लिया।

टॉस जीतकर श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। श्रीलंका की टीम ने चमारी अट्टापटू की नाबाद (119) रनों की आतिशी पारी के दम पर मलेशिया को जीत के लिए 185 रनों का लक्ष्य दिया था। श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और दूसरे ही ओवर में विश्मी गुणरत्ने (एक) रन के रूप में पहला झटका लगा। इसके बाद कप्तान अट्टापटू ने हर्षिता समाराविक्रमा के साथ संभल कर बल्लेबाजी करे हुए दूसरे विकेट के लिये 64 रन जोड़े। चमारी अट्टापटू ने 69 गेंदों में नाबाद (119) रनों की शतकीय पारी खेली। श्रीलंका ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 184 रन का स्कोर खड़ा किया।

नेपाल को बड़े अंतर से हराकर भारत को मिलेगी सेमीफाइनल की टिकट

दाम्बुला। पहले दो मैच में आसान जीत से आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम महिला एशिया कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए के मंगलवार को यहां होने वाले अंतिम मैच में नेपाल के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से और दूसरे मैच में संयुक्त अरब अमीरात को 78 रन से हराया था। नेपाल अपने पहले मैच में अमीरात को हराने में सफल रहा था लेकिन दूसरे मैच में उसे पाकिस्तान से 9 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा था। भारत का सेमीफाइनल में जगह बनाना तय लग रहा है जबकि पाकिस्तान ने पिछले मैच में बड़ी जीत दर्ज करके अपने रन रेट में काफी सुधार किया है।

विश्व जूनियर स्क्वाश टीम चैंपियनशिप में हारीं भारतीय टीमें

नई दिल्ली। भारत के लड़कों और लड़कियों की टीम को ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय लड़कों की टीम दक्षिण कोरिया से 1-2 से जबकि लड़कियों की टीम त मलेशिया से समान अंतर से हार गईं। लड़कों के वर्ग में युवराज वाधवानी ने सेओजिन ओह को 3-2 से हराकर भारत को जीत के साथ शुरुआत दिलाई लेकिन पिछले सप्ताह व्यक्तिगत कांस्य पदक जीतने वाले शौर्य बावा को चार करीबी गेम में रजत पदक विजेता जू यंग ना से हार का सामना करना पड़ा। निर्णायक मुकाबले में कुन किम ने अरिहंत केएस को पराजित किया। लड़कियों के वर्ग में शमीना रियाज के व्हिटनी विल्सन से हारने के बाद अनाहत सिंह ने थानुसा उथ्रियन के खिलाफ कड़े मुकाबले में 3-2 से जीत दर्ज की, लेकिन आगे के मुकाबले में हार गईं।

बॉलीवुड हलचल

सिंघम के प्रदर्शन के 13 साल सिंघम अगेन की शूटिंग पूरी

मुंबई। बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार रोहित शेट्टी ने अपनी सुपरहिट फिल्म सिंघम की 13वीं सालगिरह के खास मौके पर खास पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि फिल्म सिंघम अगेन की शूटिंग पूरी हो गई है। अजय देवगन और रोहित शेट्टी बॉलीवुड की सबसे लोकप्रिय अभिनेता-निर्देशक जोड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने साथ में कई सफल फिल्में दी हैं। दोनों इन दिनों बहुप्रतीक्षित फिल्म सिंघम अगेन के लिए तैयारी कर रहे हैं। रोहित ने अपनी फिल्म सिंघम की 13वीं वर्षगांठ पर अपने और अजय देवगन के रिश्ते का जश्न मनाने के लिए एक खास वीडियो जारी किया है। रोहित शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर एक खास वीडियो पोस्ट किया।वीडियो में लिखा गया है, आज हमने सिंघम के 13 साल पूरे कर लिए हैं और किस्मत का जादू देखते हैं। आज हम अजय सर के साथ सिंघम अगेन की शूटिंग भी पूरी कर रहे हैं। बतौर डायरेक्टर यह उनकी 13वीं फिल्म है, लेकिन यह सफर 90 के दशक में शुरू हुआ था, जब मैं उनके अंडर में काम कर रहा था। 33 साल बाद भी हम मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। इस दीवाली सिनेमाघरों में मिलते हैं। पोस्ट के कैप्शन में लिखा है सिंघम के 13 साल, भाईचारे के 33 साल ‹bha›@‹/bha›अजयदेवगन #सिंघमअगेन।

जाह्नवी की फिल्म उलझ का गाना शौकन रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म उलझ का गाना शौकन रिलीज हो गया है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक सुधांशु सरिया की फिल्म उलझ के ट्रेलर पर शानदार प्रतिक्रिया मिलने के बाद, निर्माताओं ने जान्हवी कपूर, गुलशन देवैया पर फिल्माया गाना शौकन रिलीज कर दिया है। शौकन शाश्वत सचदेव द्वारा रचित और निर्मित है और इसमें जुबिन नौटियाल, नेहा कक्कड़ और शाश्वत सचदेव की आवाज हैं। कुमार ने इस गाने के बोले लिखे हैं। शौकन सोनी म्यूजिक इंडिया के यूट्यूब पेज और सभी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। जान्हवी कपूर ने कहा, मैं हमेशा से नेहा के गानों की फैंस रही हूं, और शौकन में पहली बार उनके साथ काम करना मेरी विश लिस्ट से हटकर है। यह गाना अविश्वसनीय रूप से उत्साहवर्धक है और आपको डांस फ्लोर पर जाने के लिए मजबूर कर देगा। यह हॉट, ग्लैमरस और ग्रूवी है। मुझे लगता है कि शाश्वत, जुबिन और नेहा ने एक और बेहतरीन कृति बनाई है। नेहा कक्कड़ ने कहा, जुबिन के साथ शौकन गाना एक शानदार अनुभव था। इस धमाकेदार गाने के लिए शाश्वत को बधाई। शौकन सिर्फ एक पार्टी नंबर नहीं है, यह एक वाइब है। मैं अपने फैंस द्वारा इस गाने को सुनने और बीट्स पर थिरकने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

एक नजर

यूएई में प्रदर्शन पर तीन बांग्लादेशियों को उम्रकैद

दुबई। संयुक्त अरब अमीरात की एक अदालत ने दर्जनों बांग्लादेशियों को अपने देश की सरकार के खिलाफ यहां प्रदर्शन करने पर कारावास की सजा सुनाई है। इनमें से तीन को उम्रकैद की सजा दी गई है। सरकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम की खबर के मुताबिक अबू धाबी की संघीय अपीलीय अदालत ने रविवार को 53 बांग्लादेशियों को 10-10 साल कारावास, एक बांग्लादेशी को 11 साल कारावास और तीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने इन बांग्लादेशियों को सजा पूरी होने के बाद देश से निष्कासित करने का भी आदेश दिया है।

अमेरिका में सामूहिक गोलीबारी में 3 की मौत

वाशिंगटन। अमेरिका के प्रांत मिसिसिपी में सामूहिक गोलीबारी में तीन लोग मारे गए और 16 अन्य घायल हो गए। डब्ल्यूटीवीए टीवी चैनल ने स्थानीय पुलिस के हवाले से बताया है कि वारदात इंडियनोला शहर में हुई। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई और 16 लोग घायल हो गए। मृतकों की उम्र 19 साल थी। फिलहाल, कोई संदिग्ध नहीं होने के कारण चश्मदीद गवाहों से पूछताछ की प्रक्रिया जारी है।

यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद प्रोफेसर बर्खास्त

हांगकांग। चीन के एक शीर्ष विश्वविद्यालय ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगने के बाद सोमवार को एक प्रोफेसर को बर्खास्त कर दिया। एक दिन पहले ही एक स्नातक छात्रा ने प्रोफेसर पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था और अपने आरोपों के समर्थन में कुछ ऑडियो रिकॉर्डिंग साझा की थी। इसे लेकर व्यापक स्तर पर लोगों ने रोष व्यक्त किया था। वांग डी नाम की छात्रा ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'वीबो' पर 59 मिनट लंबा एक वीडियो जारी कर कहा कि वह चीन के रेनमिन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स में डॉक्टरेट कार्यक्रम में अध्ययन कर रही हैं। वांग ने आरोप लगाया कि उनके पर्यवेक्षक ने उनका यौन शोषण किया है।

रूसी पत्रकार को सेना के दुष्प्रचार के आरोप में सजा

वाशिंगटन। अमेरिकी सरकार द्वारा वित्तपोषित 'रेडियो फ्री यूरोप/रेडियो लिबर्टी' की रूसी मूल की अमेरिकी पत्रकार अलसु कुरमाशेवा को रूस की अदालत ने गोपनीय सुनवाई करके रूसी सेना के खिलाफ दुष्प्रचार करने का दोषी करार दिया और साढ़े छह साल कारावास की सजा सुनाई। कुरमाशेवा को काजान शहर की अदालत ने दोषी करार दिया। इसी दिन रूसी शहर येकातेरिनबर्ग की अदालत ने वॉल स्ट्रीट जनरल के संवाददाता इवान गेरश्कोविच को जासूसी करने का दोषी करार देते हुए 16 वर्ष कारावास की सजा सुनाई थी। अमेरिका ने इस फैसले को राजनीति से प्रेरित करार दिया था।

झेलम के स्लीपर कोच के ब्रेक जाम, चिंगारी निकली

ग्वालियर। मध्य प्रदेश के ग्वालियर और झांसी के बीच आज दोपहर झेलम एक्सप्रेस की एक बोगी के ब्रेक जाम होने से उसमें चिंगारी निकलने लगी। यह चिंगारी आग पकड़ती उससे पहले ही ट्रेन स्टाफ ने ट्रेन को रुकवाकर अग्निशमन यंत्र से उस पर काबू पाया। जानकारी के मुताबिक ग्वालियर से झांसी की ओर जा रही झेलम एक्सप्रेस 11078 अप जैसे ही सिथौली संदलपुर के बीच पहुंची तो उसकी स्लीपर एस टू बोगी के पहिये के ब्रेक ब्लाक जाम होने से उसमें चिंगारी और धुआं निकलन लगा। इसकी जानकारी कुछ यात्रियों ने ट्रेन स्टाफ को दी, जिसके बाद तत्काल झेलम एक्सप्रेस को रोका गया।

पिछले साल भारत में 1.92 करोड़ विदेशी पर्यटक आए

नई दिल्ली, एजेंसी

- संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने दी जानकारी

पर्यटन मंत्रालय के अनुसार पिछले साल कुल 1.92 करोड़ विदेशी पर्यटक भारत आए, जो 2021 में कोरोना वायरस महामारी के समय आए 10.54 लाख विदेशी नागरिकों से काफी अधिक हैं।

संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में 2021 से 2023 तक भारत आए विदेशी यात्रियों का आंकड़ा दिया। आंकड़ों के अनुसार, 2023 में 1,92,45,817 विदेशी पर्यटक आए थे। यह संख्या 2022 में 85,87,562 और 2021 में 10,54,642 थी।

दिल्ली में भी विदेशी पर्यटकों की संख्या में इजाफा देखा गया। 2021 में 1,00,178 विदेशी नागरिकों ने राष्ट्रीय राजधानी की यात्रा की थी और 2023 में यह संख्या बढ़कर 18,28,116 हो गई। इसी तरह, गोवा में विदेशी पर्यटकों का आगमन 2021 के 22,128 से बढ़कर 2023 में 4,52,692 बार हुआ।

हिंसक प्रदर्शनों के बाद स्थिति शांत, इंटरनेट सेवाएं अब भी ठप

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में हिंसा

- सैन्यकर्मी राजधानी ढाका और अन्य क्षेत्रों में गश्त करते देखे गए

बांग्लादेश में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद सरकारी नौकरियों में आरक्षण घटाने के उच्चतम न्यायालय के फैसले से स्थिति शांत होने के बावजूद लगातार पांचवें दिन इंटरनेट सेवाएं ठप रहीं और सरकार ने सोमवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया। देश में कुछ ही दिन पहले देखते ही गोली मारने के आदेश के साथ कर्फ्यू लगा दिया गया था और सैन्यकर्मी राजधानी ढाका और अन्य क्षेत्रों में गश्त करते देखे गए।

देश में पुलिस और मुख्य रूप से छात्र प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं। प्रदर्शनकारी 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम लड़ने वाले (पूर्व) सैनिकों के रिश्तेदारों के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। कम से कम चार स्थानीय समाचार पत्रों में बताया गया है कि हिंसा में 100 से अधिक लोग मारे गए हैं। बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने रविवार के अपने फैसले में कहा कि 93 प्रतिशत सरकारी नौकरियां योग्यता आधारित प्रणाली के आधार पर आवंटित की जाएं। पांच प्रतिशत 1971 में बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में भाग लेने वालों के परिजनों तथा अन्य श्रेणियों के लिए दो प्रतिशत सीटें आरक्षित रखी जाएं।

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में सड़कों पर बाड़ लगाते सुरक्षा बल।

रविवार रात को कुछ छात्र प्रदर्शनकारियों ने सरकार से इंटरनेट सेवाएं बहाल करने का आग्रह किया। भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के समन्वयक हसनत अब्दुल्ला ने बताया कि जिस पूर्ण बंद के आह्वान को उन्होंने पिछले सप्ताह लागू करने का प्रयास किया था, उसे अब वापस ले रहे हैं। उन्होंने कहा, "लेकिन हम 'डिजिटल कार्रवाई' को रोकने और इंटरनेट सेवाएं बहाल करने के लिए 48 घंटे का समय दे रहे हैं।" अब्दुल्ला ने यह भी कहा कि वे चाहते हैं कि सरकार कर्फ्यू खत्म करे और सुनिश्चित करे कि देश दो दिनों के भीतर सामान्य स्थिति में वापस आ जाए।

कोलकाता-ढाका मैत्री एक्सप्रेस सेवा स्थगित

कोलकाता। कोलकाता को बांग्लादेश की राजधानी ढाका से जोड़ने वाली 'मैत्री एक्सप्रेस' की सेवाओं को परिचालन संबंधी कारणों से मंगलवार तक स्थगित किया गया है। यह निर्णय बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर हो रहे हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बीच आया है। इन हिंसक प्रदर्शन में अब तक 100 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन की सेवाएं शनिवार से ही बंद कर दी गई हैं। इसके अतिरिक्त कोलकाता-खुलना-कोलकाता बंधन एक्सप्रेस भी रविवार को रद कर दी गई।

अब बाइडन की जगह हैरिस का चुनाव अभियान चलाएगी रैपिड रिस्पॉन्स टीम

'एक्स' पर बाइडन के प्रचार अभियान दल के खाते का नाम कमला एचक्यू किया

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के चुनाव मैदान से हटने और डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के नाम का अनुमोदन करने के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बाइडन के प्रचार अभियान दल के खाते का नाम बदलकर 'कमला एचक्यू' कर दिया गया है। इसे कमला हैरिस के राष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवार के तौर पर समर्थन करने के लिए बड़ा कदम माना जा रहा है।

प्रचार अभियान दल अपने संदेशों को प्रसारित करने और प्रतिद्वंद्वियों के हमलों का जवाब देने के लिए इस खाते का इस्तेमाल करता है। 'सीएनएन' ने बताया कि बाइडन-हैरिस अभियान के लिए 'एक्स' पर सोशल मीडिया त्वरित प्रतिक्रिया खाते 'बाइडन एचक्यू' का नाम बदलकर आधिकारिक रूप से 'कमला एचक्यू' कर दिया गया है। बाइडन के फैसले के बाद डेमोक्रेटिक कन्वेंशन नियम समिति बुधवार को नामांकन की रूपरेखा पर चर्चा करेगी।

बाइडन द्वारा अपनी उम्मीदवारी वापस लेने के बाद एक महिला व्हाइट हाउस के बाहर उनका आभार जताते हुए।

59 वर्षीय कमला हैरिस बड़े अमेरिकी राजनीतिक दल की पहली अश्वेत महिला और उपराष्ट्रपति हैं। वहीं बाइडन का समर्थन मिलने के बाद कमला हैरिस ने कहा कि वह सम्मानित महसूस कर रही हैं। अब वह डेमोक्रेटिक पार्टी का नामांकन मिलने के बाद जीतने के लिए काम करेंगीं।

बाइडन के 5 नवंबर को व्हाइट से हाउस बाहर होने के फैसले के बाद डेमोक्रेटिक कन्वेंशन रूल्स कमेटी बुधवार को नामांकन को लेकर चर्चा करेगी। कमेटी के सह उपाध्यक्ष और गर्वनर टिम वॉल्ज और डेमोक्रेटिक पार्टी के लिआ ड्रौटी ने कहा कि नए उम्मीदवार के चयन की जिम्मेदारी कमेटी है। यह पारदर्शी, साफ और व्यवस्थित होगा। इस विचार को प्रस्तुत करने की प्रक्रिया व्यापक और निष्पक्ष होगी।

ट्रंप को लेकर मस्क से भिड़े भारतवंशी अरबपति

खोसला ने पूर्व राष्ट्रपति को बताया- झूठा और धोखेबाज

न्यूयॉर्क। अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उम्मीदवारी को लेकर अरबपति टेक कारोबारी एलन मस्क और भारतीय-अमेरिकी उद्यम पूंजीपति विनोद खोसला के बीच जुबानी जंग छिड़ गई। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में खोसला ने ट्रंप को एक ऐसा रिपब्लिकन नेता करार दिया, जिसमें कोई कोई नैतिकता नहीं है, जो झूठ बोलता है, धोखा देता है, महिलाओं के साथ दुष्कर्म, अपमान करता है और उनके जैसे प्रवासियों से नफरत करता है। खोसला ने कहा कि उनके लिए ट्रंप जैसे व्यक्ति का समर्थन करना बहुत मुश्किल है। खोसला की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए मस्क ने कहा कि ट्रंप आपसे नफरत नहीं करते हैं। अलबत्ता, वह आपको पसंद करते हैं। उनसे मिलिए और अपने बारे में उनके विचार जानिए।

ओबामा ने बाइडेन की तारीफ की, हैरिस पर चुप्पी साधी

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने राष्ट्रपति पद की दौड़ से पीछे हटने के राष्ट्रपति जो बाइडन के फैसले की रविवार को प्रशंसा की। हालांकि राष्ट्रपति चुनावों के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार के रूप में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के नाम का तत्काल समर्थन करने से परहेज किया। पूर्व राष्ट्रपति ओबामा ने एक बयान में कहा कि आने वाले दिनों में हम अज्ञात रास्तों से गुजरेंगे, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी पार्टी के नेता एक ऐसी प्रक्रिया बनाने में सक्षम होंगे, जिससे एक उत्कृष्ट उम्मीदवार उभरकर सामने आएगा।

नेपालः भूस्खलन के कारण नदी में डूबी बसें, 25 शव बरामद

काठमांडू। नेपाल में गत 12 जुलाई को भूस्खलन के कारण कुछ बसें नदी में बह गई थी और उसके बाद से अब तक 25 यात्रियों के शव बरामद किए गए हैं, जबकि 37 अन्य लापता हैं। एक स्थानीय अधिकारी ने बताया कि बसों में यात्रा करने वाले लोगों की संख्या पहले 65 बताई गई थी, लेकिन सत्यापन के बाद इसे संशोधित कर 62 कर दिया गया। चितवन के मुख्य जिला अधिकारी इंद्रदेव यादव ने कहा, "तीन यात्री तैरकर नदी से बाहर निकलने में सफल रहे, जबकि 25 के शव बरामद किए गए हैं।" उन्होंने बताया कि अन्य लोगों और दो बसों का अभी भी पता नहीं चल पाया है।

इमरान की पार्टी के सूचना सचिव रऊफ गिरफ्तार

इस्लामाबाद, एजेंसी

- हसन रऊफ के खिलाफ अभी आरोप स्पष्ट नहीं

पाकिस्तान पुलिस ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सूचना सचिव रऊफ हसन को पार्टी के केंद्रीय सचिवालय पर सोमवार को छापेमारी के बाद गिरफ्तार कर लिया।

शुरुआत में यह चर्चा थी कि पीटीआई के चेयरमैन गौहर अली खान को भी गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, पार्टी प्रवक्ता जुल्फी बुखारी ने खान की गिरफ्तारी की खबर को खारिज कर दिया, जबकि हसन की गिरफ्तारी की पुष्टि की। यह स्पष्ट नहीं है कि हसन के खिलाफ क्या आरोप हैं। हसन पर कुछ सप्ताह पहले अज्ञात लोगों ने हमला किया था, जिससे उनके चेहरे पर चोटें आई थीं।

पार्टी ने एक्स पर एक पोस्ट में हसन की गिरफ्तारी की निंदा की और इस्लामाबाद पुलिस की आलोचना की। पार्टी ने कहा कि यह शर्मनाक है कि इस्लामाबाद पुलिस इस देश के हर कानून का पूरी तरह से मजाक बना रही है और उसकी अवहेलना कर रही है। पीटीआई नेता खुर्रम शेर जमां ने दावा किया कि पुलिसकर्मी पार्टी के कार्यालय से दस्तावेज और उपकरण जब्त कर रहे हैं।

कुछ लोग नहीं चाहते कश्मीर में शांतिः अब्दुल्ला

श्रीनगर, एजेंसी

- नेकां अध्यक्ष ने भारत-पाक के 'कुछ' लोगों पर लगाए आरोप

जम्मू-कश्मीर के जम्मू संभाग में आतंकवादी हमलों में वृद्धि के बीच नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारत और पाकिस्तान में कुछ लोग हैं, जो जम्मू-कश्मीर में शांति नहीं चाहते हैं। फारूक ने सोमवार को श्रीनगर में मीडिया से कहा, "मैं समझता हूं कि जम्मू-कश्मीर में हिंसा जारी रहने से उनकी खिचड़ी पकती है।"

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा "यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि दोनों देशों में ऐसे लोग हैं जो जम्मू-कश्मीर में शांति नहीं देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा, "लोग शांति से रहना चाहते हैं और इसे कायम रखने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। स्थिति बिगड़ने पर जम्मू संभाग की पर्वतीय श्रृंखला में स्थिति से निपटने के लिए 7000 से अधिक सैनिकों को बुलाया गया है।" उन्होंने कहा कि हम कितना भी चिल्लाएं, कुछ नहीं होगा।

ट्रंप पर हमले को खुफिया सेवा प्रमुख ने सबसे बड़ी चूक माना

वाशिंगटन, एजेंसी

- कई सांसदों ने खुफिया प्रमुख चीटल से इस्तीफा देने या राष्ट्रपति द्वारा उन्हें बर्खास्त करने की मांग की

अमेरिका की खुफिया सेवा की निदेशक किंबरली चीटल ने कहा है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या का प्रयास किया जाना दशकों में एजेंसी की सबसे बड़ी चूक है।

चीटल ने सोमवार को संसद में अपनी पेशी के दौरान सांसदों को बताया, "13 जुलाई को हमसे चूक हुई।" उन्होंने कहा कि वह इस महीने की शुरुआत में पेनसिल्वेनिया में ट्रंप पर हुए हमले में एजेंसी से हुई चूक की पूरी जिम्मेदारी लेती हैं। रैली के दौरान 20 वर्षीय युवक ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप की हत्या का प्रयास करते हुए उनपर गोली चलाई थी। इस मामले में सुरक्षा चूक को लेकर चीटल के इस्तीफे की मांग की जा रही है।

थॉमस मैथ्यू क्रुक्स नामक युवक ने पास की इमारत की छत पर चढ़कर गोली चलाई, जो ट्रंप के कान में लगी, जबकि और दो अन्य उपस्थित लोग गोलीबारी में घायल हो गए थे। सांसद इस बात से हैरान हैं कि बंदूकधारी ट्रंप के इतने करीब कैसे पहुंच गया। गृह मंत्री एलेजांद्रो मेयरकास ने घटना को चूक बताया है, जबकि कई सांसदों ने चीटल से इस्तीफा देने या राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा उन्हें बर्खास्त करने की मांग की है। खुफिया सेवा ने कहा है कि चीटल इस्तीफा नहीं देना चाहतीं। अब तक उन्हें डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं बाइडन और मेयरकास का समर्थन हासिल है।

बोलीविया में सड़क हादसे में 22 लोगों की मौत

ला पॉज। बोलीविया के पटाकामाया शहर और उत्तरी चिली के टैम्बो क्वेमाडो शहर के बीच एक राजमार्ग पर बस और ट्रक की टक्कर में 22 लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। यह राजमार्ग बोलीविया और चिली को जोड़ता है। अल जजीरा ने पुलिस के हवाले से बताया कि 14 मृतकों की पहचान कर ली गई है।

दुर्घटना में मारे गए लोगों में चिली का एक नागरिक भी शामिल है। बस चिली की ओर जा रही थी। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि एक कार को ओवरटेक करने की कोशिश में ट्रक गलत लेन में प्रवेश कर गया था। इसके बाद ट्रक एक बस से टकरा गया। बोलीविया में हर साल सड़क दुर्घटना में लगभग 1,400 मौतें होती हैं। इसकी वजह वहां की लचर ट्रांसपोर्ट व्यवस्था भी है।

हरियाणाः कड़ी सुरक्षा के बीच नूंह में ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा संपन्न

नूंह (हरियाणा), एजेंसी

पिछले साल हिंसा से प्रभावित हुई ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा सोमवार सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यहां शुरू हुई। यात्रा नल्हड़ महादेव मंदिर से शुरू हुई, जहां से श्रद्धालु फिरोजपुर झिरका स्थित झिर मंदिर पहुंचे। यात्रा का मार्ग करीब 80 किलोमीटर लंबा है।

यात्रा शुरू होने से पहले बड़ी संख्या में महिलाएं पूर्वाह्न करीब 11 बजे यहां भूतेश्वर मंदिर से नल्हड़ महादेव मंदिर पहुंचीं। तिरंगा चौक पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इससे पहले सुबह, यात्रा में भाग लेने वाले कई भक्त नल्हड़ मंदिर के लिए रवाना होने से पहले गुरुग्राम के सेक्टर 10 में राधा कृष्ण मंदिर में एकत्र हुए। हरियाणा सरकार ने यात्रा के मद्देनजर नूंह जिले में सुरक्षा बढ़ा दी गई और उसने मोबाइल इंटरनेट एवं एक साथ कई लोगों को एसएमएस भेजने की सेवाओं को 24 घंटे के लिए निलंबित करने का रविवार को आदेश दिया।

ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा की शुरुआत से पहले नूंह के नल्हड़ महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़। ● एजेंसी

पिछले साल 31 जुलाई को नूंह में विश्व हिंदू परिषद की शोभा यात्रा पर भीड़ द्वारा हमला किए जाने के बाद हुई झड़पों में दो होमगार्ड और गुरुग्राम की एक मस्जिद के एक मौलवी समेत छह लोगों की मौत हो गई थी। अधिकारियों के अनुसार, इस बार यात्रा के दौरान पुख्ता सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिले में पुलिस और अर्धसैनिक बलों के 2,000 से अधिक कर्मियों को तैनात किया गया है।

अमरनाथ यात्राः जम्मू से 3,281 तीर्थयात्रियों का 25वां जत्था रवाना

जम्मू। जम्मू स्थित भगवती नगर आधार शिविर से 3,281 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर में दर्शन के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रविवार तड़के रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 111 वाहनों में सवार 3,281 तीर्थयात्रियों के 25वें जत्थे ने तड़के 2 बज कर 55 मिनट पर भगवती नगर आधार शिविर से आगे की यात्रा शुरू की। सीआरपीएफ के जवानों ने जत्थे को सुरक्षा मुहैया कराई।

अधिकारियों के मुताबिक, जत्थे में शामिल 1,979 तीर्थयात्री अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे मार्ग से अमरनाथ गुफा मंदिर जाने के लिए पहलगाम पहुंचेंगे, जबकि बाकी 1,302 तीर्थयात्रियों ने गांदेरबल जिले में 14 किलोमीटर के अपेक्षाकृत छोटे, लेकिन कठिन बालटाल मार्ग को यात्रा के लिए चुना है।

इजराइल ने गाजा के एक हिस्से को खाली करने का दिया आदेश

गाजा पट्टी, एजेंसी

- हमास के खिलाफ एक घातक अभियान शुरू करने की योजना बना रही सेना

इजराइली सेना ने सोमवार को गाजा पट्टी में उस हिस्से को खाली करने का आदेश दिया, जिसे उसने मानवीय क्षेत्र घोषित किया था। सेना ने कहा कि वह हमास के आतंकवादियों के खिलाफ एक अभियान शुरू करने की योजना बना रही है, जो इस क्षेत्र में छिपे हुए हैं और इसका इस्तेमाल इजराइल की ओर रॉकेट छोड़ने के लिए किया है। इस इलाके में मुवासी मानवीय क्षेत्र का पूर्वी हिस्सा शामिल है, जो दक्षिणी गाजा पट्टी पर स्थित है।

इस महीने की शुरुआत में, इजराइल ने कहा था कि उसका अनुमान है कि कम से कम 18 लाख फलस्तीनी अब मानवीय क्षेत्र में हैं। उसने भूमध्य सागर के साथ लगते लगभग 14 किलोमीटर (8.6 मील) की दूरी के हिस्से को मानवीय क्षेत्र घोषित किया था। संयुक्त राष्ट्र तथा मानवीय समूहों का कहना है कि इस क्षेत्र का ज्यादातर इलाका अब अस्थायी शिविरों से घिरा हुआ है, जहां साफ-सफाई तथा चिकित्सा सुविधाओं का अभाव है।

यह घोषणा गाजा में संघर्ष विराम की मांग को लेकर हो रही नाजुक वार्ता के दौरान की गई है। अमेरिका और इजराइली अधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि संघर्ष विराम को लेकर एक समझौता होने के करीब है।

आईएएस पूजा खेडकर की मां को न्यायिक हिरासत में भेजा

पुणे। पुणे जिले की एक अदालत ने भूमि विवाद को लेकर कथित तौर पर कुछ लोगों को बंदूक दिखाकर धमकाने के आरोप में गिरफ्तार परिवीक्षाधीन आईएएस पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

सोमवार को पुलिस हिरासत खत्म होने के बाद मनोरमा को प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पिछले साल पुणे की मुलशी तहसील के धडवाली गांव में एक भूमि विवाद को लेकर मनोरमा द्वारा कुछ लोगों को कथित तौर पर बंदूक का भय दिखाकर धमकाने का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने उनकी और उनके पति दिलीप खेडकर की तलाश शुरू कर दी थी।

पहली बार ... रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी ने तस्वीरों को किया जारी

न्यूट्रॉन तारे के जेट की तस्वीर कैमरे में कैद, अंग्रेजी के 'एस' जैसी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचारः वैज्ञानिकों को पहली बार न्यूट्रॉन तारे के जेट की तस्वीर कैमरे में कैद करने में सफलता मिली है। यह जेट बगीचे में स्प्रे करने वाले फुहारे (स्प्रिंकलर) की तरह है। रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी ने तस्वीरों को जारी किया है।



तारों की महिमा अपरंपार है। हमारा मध्यम आकार का तारा यानी सूर्य हमारे पूरे सौर मंडल का संचालन करता है, तो समझ सकते हैं कि बड़े विशाल तारों की दुनिया कैसी होती होगी और ब्रह्मांड में किस तरह से अपना वर्चस्व रखते होंगे, जिनके बारे में हम एक तिनका जितनी ही जानकारी हासिल कर सके हैं। इन्हें पूर्णरूप से समझने के लिए न जाने अभी और कितना समय लगेगा। खगोलीय दुनिया से जुड़े लोगों का कहना है कि हम जितनी भी जानकारी ग्रह नक्षत्रों की जुटाते हैं, उससे कई गुना अधिक जिज्ञासा बढ़ जाती है।

बता दें कि आधुनिक खगोल विज्ञान का अतीत चार सौ साल पुराना है। इस अंतराल में हमारी जानकारी क्षणिकमात्र है। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि ब्रह्मांड को जानने के लिए अभी कितना लंबा समय और लगेगा।

बहरहाल, चार सदी के बाद न्यूट्रॉन तारे के जेट की पहली तस्वीर देखने को मिली है। बेहद अजीब, किसी गार्डन में पानी का छिड़काव करने वाले फुहारे की तरह है। इस न्यूट्रॉन तारे का आकार अंग्रेजी शब्द 'एस' के समान है। यह जेट सर्किनस एक्स-1 बाइनरी स्टार सिस्टम का हिस्सा है। फुहारे की तरह स्प्रे करने के पीछे कारण तारे के चारों ओर गर्म गैस के कंपन करना है। जिस कारण वह दिशा बदलता है।

रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी ने विगत 16 जुलाई को यह मूल लेख प्रकाशित किया है। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के खगोलविदों की टीम ने दक्षिण अफ्रीका स्थित रेडियो दूरबीन से यह कामयाबी हासिल की। खोजकर्ता खगोलविदों का कहना है कि उन्होंने पहले ब्लैक होल के चारों ओर जेट के साथ पूर्वता तो देखी थी, लेकिन न्यूट्रॉन सितारों के साथ नहीं देखा था।

यह न्यूट्रॉन तारा बाइनरी सिस्टम सर्सिनस एक्स-1 में स्थित है, जो पृथ्वी से 30,000 प्रकाश वर्ष से अधिक दूर है। इसका निर्माण एक विशाल महादानव तारे के मूल से हुआ था, जो स्टोनहेंज के निर्माण के समय ही नष्ट हो गया था। यह इतना घना है कि इसके एक चम्मच पदार्थ का वजन माउंट एवरेस्ट के बराबर है।

न्यूट्रॉन तारा व ब्लैक होल में अंतर

नैनीताल : न्यूट्रॉन तारे व ब्लैक होल ब्रह्माण्ड के राक्षस के समान हैं। ये तब बनते हैं, जब ब्रह्मांड के सबसे बड़े तारे अपने ही गुरुत्वाकर्षण के कारण खत्म हो जाते हैं। ब्लैक होल काफी अधिक विशाल होते हैं। केवल उनके गुरुत्वाकर्षण प्रभावों के माध्यम से ही उनका पता लगा सकते हैं। न्यूट्रॉन तारों को उनकी सघनता के बावजूद सीधे देख सकते हैं। न्यूट्रॉन तारे ब्रह्मांड में सबसे चरम वस्तुओं में से कुछ हैं और इनका आंतरिक भाग लगभग पूरी तरह से न्यूट्रॉन से बना होता है।